
# यूनियन धारा
# Union Dhara

जिल्द. 44, सं. 3 Vol.XXXXIII No.3, मुंबई जुलाई – सितंबर, 2018




गृहपत्रिका • HOUSE MAGAZINE OF
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
Union Bank of India

# अनुक्रमणिका
# Contents


महाप्रबंधक (मा. सं.)
**ब्रजेश्वर शर्मा**
General Manager (HR)
**Brajeshwar Sharma**

संपादक
**डॉ. सुलभा कोरे**
Editor
**Dr. Sulabha Kore**

संपादकीय सलाहकार
**अविनाश कुमार सिंह**
**के. पी. आचार्य**
**नितेश रंजन**
**राजेश कुमार**

Editorial Advisors
**Avinash Kumar Singh**
**K. P. Acharya**
**Nitesh Ranjan**
**Rajesh Kumar**

Printed and published by **Dr. Sulabha Kore** on behalf of Union Bank of India and printed at **JAYANT PRINTERY LLP** 352-54, Murlidhar Temple Compound, Near Thakurdwar Post Office, J.S.S. Road, Mumbai-400002. and published at Union Bank Bhavan, 239, Vidhan Bhavan Marg, Nariman Point, Mumbai-400021.



Editor - Dr. Sulabha Kore
E-mail : sulabhakore@unionbankofindia.com

Our Address : Union Dhara,
11th Floor, Union Bank Bhavan,
239, Vidhan Bhavan Marg,
Nariman Point, Mumbai - 400 021.

E-mail : uniondhara@unionbankofindia.com
Mob. No. 9820468919
Tel.: 22896595 / 22896545 / 22896590



यूनियन धारा
जुलाई – सितंबर 2018
UNION DHARA
July - September, 2018
प्रकाशन तिथि : 14.11. 2018



- परिदृश्य 3
- सुस्वागतम्–अलविदा 4
- संपादकीय 5
- महाप्रबंधक की बात 6
- काव्यधारा 7
- साहित्य जगत से... 8–9
- MP at a glance 10–11
- मध्य प्रदेश में यूनियन बैंक 12–13
- म.प्र.एक ऐतिहासिक पिटारा 14–15
- इंदौर/जबलपुर 16–17
- रीवा/ग्वालियर 18–19
- Art & crafts in the heart of India 20–21
- मध्य प्रदेश के उद्योग 22
- अफीम की खेती 23
- Social status of MP/ मह् 24–25
- म.प्र. के क्रांतिकारी 26–27
- Religious hue of M.P. 28–29
- म.प्र. के महत्वपूर्ण संग्रहालय 30–31
- मां नर्मदा/ओरछा 32–33
- म.प्र. का दिल देखो/खजुराहो 34–35
- बरमान/चंबल के बीहड/ पवाया 36–37
- कविता से साक्षात्कार... 38–39
- इंदौर की पारंपरिक साडियाँ 40–41
- म.प्र. मूल जनजातियाँ/बाघ 42–43
- बांधवगढ 44–45
- मध्य प्रदेश का संगीत 46–47
- मोहन–द–व्हाइट टाइगर 48
- ग्वालियर का सिंधिया घराना 49
- इंदौर के व्यंजन 50–51
- राष्ट्रीय उद्यान : कान्हा 52
- Ralamandala wildlife 53
- शौर्य स्मारक 54
- अग्रणी बैंक 55
- बधाई/हमें गर्व हैं/ sportingly Yours 56
- शिखर की ओर/शुभमस्तु... 57
- Face in UBI crowd 58–59
- Legally speaking 60–61
- दिव्यांग विद्यालय/ सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय 62–63
- Ordnance factory/यूनिकॉर्प/ प्रभात मूर्ति 64–65
- म. प्र. विद्युत मंडल 66
- अमृतलाल वेगड/अलंकार ज्वेलर्स 67
- पुरस्कार एवं सम्मान 68
- समाचार दर्शन 69–77
- Retired but not tired 78-79
- MD/ED Club/Champions 80
- हिंदी दिवस उत्सव, 2018 81
- OTS Negotiator 82–83
- सोलर पॉवर प्लांट/सिंगरौली 84
- ग्वालियर का किला 85
- हेल्थ टीप्स/चरक का कोना 86
- आपकी पाती/Contest No.147 87
- Back Cover 88



इस पत्रिका में व्यक्त विचारों से प्रबंधन का सहमत होना अनिवार्य नहीं है.



Designed and Printed at **JAYANT PRINTERY L.L.P.**, Mumbai-400002.

# परिदृश्य
# PERSPECTIVE



प्रिय यूनियनाइट्स,

शताब्दी वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ!

मुझे यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि हमारी गृह-पत्रिका 'यूनियन धारा' का यह अंक बेहद नवोन्मेषी विषय को लेकर प्रकाशित हो रहा है. हमारी यूनियन धारा टीम ने क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के दूसरे सबसे बड़े राज्य, मध्यप्रदेश को सभी दृष्टिकोणों से देखने का सराहनीय प्रयास किया है. कृषि एवं खनिज संपदा से समृद्ध यह राज्य, 75 मिलियन निवासियों के साथ जनसंख्या की दृष्टि से पांचवा ज्य है. कुल क्षेत्रफल का 30% भाग वनों से आच्छादित होने के कारण यह प्रदेश प्राकृतिक दृष्टि से भी अत्यधिक समृद्ध है. यहाँ कई ऐतिहासिक धरोहर हैं, जो इसे आदर्श पर्यटन स्थल बनाते हैं. इसीलिए मध्यप्रदेश राज्य को 'अतुल्य भारत का दिल' कहा गया है.

प्रदेश से उच्चतम जमाराशियों के चलते, मध्यप्रदेश को पारंपरिक रूप से बैंकिंग उद्योग के एक संसाधन केंद्र के रूप में जाना जाता है. हालाकि बड़ी तीव्र गति से औद्योगीकरण को स्वीकार करने के कारण अब उसकी यह छवि बदल रही है. 29 मई, 1962 को जबलपुर (कैंटोनमेंट, मुख्य शाखा) में अपनी पहली शाखा खोलने के साथ ही मध्यप्रदेश के लोगों के साथ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के बड़े मधुर संबंध रहे हैं. तब से लेकर आज तक विकसित होते हुए, हमारे पाँच क्षेत्रीय कार्यालयों (भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और रीवा) के प्रशासनिक दायरे में 288 शाखाओं के साथ 602 एटीएम हैं. जिसमें मध्यप्रदेश राज्य का सितंबर 2018 की समाप्ति पर बैंक का मिश्रित कारोबार रु. 39755 करोड़ तथा जमा एवं अग्रिम क्रमशः रु. 25109 करोड़ एवं रु. 14644 करोड़ है. मुझे बेहद खुशी है कि आप हमारी गृहपत्रिका के माध्यम से इतने अद्भुत राज्य की यात्रा करने जा रहे हैं.

'यूनियन धारा' के क्षेत्रीय विशेषांकों को हमेशा ही सभी वर्ग के पाठकों एवं कर्मचारियों का भारी प्रतिसाद मिला है. जैसा कि आप जानते हैं, मध्यप्रदेश अपने ऐतिहासिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक खज़ानों के साथ भारत का एक चमत्कारी और अतुल्य राज्य है. अपने इस विशेषांक के साथ यूनियन धारा ने मध्यप्रदेश के लगभग सभी पहलुओं को शामिल करने का भरपूर प्रयास किया है और मुझे विश्वास है कि यह अंक आपको बेहद पसंद आएगा.

हम अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं. राष्ट्र की सेवा में प्रारंभिक सौ वर्षों को याद करते हुए, हमारे बैंक ने कई नए प्रस्तावों की शृंखला पेश करने की योजना बनाई है. मैं प्रत्येक यूनियनाइट से अनुरोध करूंगा कि वे इस अवसर का उपयोग लोगों से जुड़ने, लोगों के बीच अपनी उपस्थिति का दायरा बढ़ाने एवं बैंक की ब्रांड इमेज का विस्तार करने में करें. आइये, अपने इस शताब्दी वर्ष में हम अपने व्यवसाय और आर्थिक वृद्धि की गति को और तेज करें.

शुभकामनाओं के साथ!

(राजकिरन रै जी.)

Dear Unionites,

Centenary Year Greetings to all!

I am happy to share with you that our in-house magazine 'Union Dhara' has come up with a very innovative topic for this edition. Our Union Dhara team has put-in lot of efforts to bring the 3600 view of India's second largest state by area, Madhya Pradesh. The state, being among the richest in mineral deposits and agriculture, is the fifth largest in terms of population with over 75 million residents. The state is also naturally blessed with over 30% forest area. There are several historical treasures, which make it an ideal tourist destination. The state of M.P. is rightly given a title of "The heart of Incredible INDIA".

Madhya Pradesh has been traditionally known as resource centre for banking industry with high deposits mobilization from the state. This reputation, however, is changing for better, as the state embraces industrialization at a fast pace. Union Bank of India has a valued relationship with people of M.P. since 1962 when the Bank opened its first branch at Jabalpur (Cantonment, Main Branch) on May 29th. We have since grown to have a network of 288 branches and 602 ATMs presently administered with 5 Regional Offices (Bhopal, Indore, Jabalpur, Gwalior and Rewa). The Bank had a business mix of Rs 39755 crore as end September, 2018 in the state of Madhya Pradesh; w/w deposit and credit outstanding was Rs 25109 crore and Rs 14644 crore respectively. I am happy that we are covering such a wonderful state through our house journal.

Tropical issues of Union Dhara always acquired high praise from all readers and employees. As you are aware, MP is a miraculous, incredible state of India having its own historical, geographical, cultural and traditional treasures. Union Dhara tried its best to cover all aspects of MP through this special issue and I am sure you will love this.

We have stepped into our Centenary Year. Our Bank has planned a series of initiatives to commemorate our journey through first 100 years of service to the Nation. I urge each and every Unionite to use this opportunity to connect with people, maximize the effect of our outreach, and enhance our brand perception. Let us build on this momentum to improve our business & financials in our Centenary Year.

With best regards,

(Rajkiran Rai G.)





## सुस्वागतम्

**Shri Gopal Singh Gusain** has assumed charge as Executive Director of our Bank on 20.09.2018. Shri Gopal Singh Gusain, aged 56 years, is a Science graduate from Garhwal University and is an Associate Member of Institute of Cost & Management Accountants of India and Indian Institute of Bankers. He also holds Diploma in Treasury, Investment and Risk Management.

As a career banker with the Punjab National Bank (PNB), Shri Gusain has exposure of 24 years of working in field as well as administrative Offices. He has worked in Credit and Risk Management function extensively. He has held various positions such as Chief Executive of Hongkong Operations, Group Chief Risk Officer, Group Compliance Officer and General Manager Recovery, General Manager Corporate Credit.

He was a core member of the team which developed Risk Models & Systems of PNB and also developed concept of Large Corporate Credit structure. He was involved in developing Centralized Loan Processing System and was over looking Enhanced Access & Service Excellence (EASE) implementation in PNB for credit related actions.

He has active interest in trekking.

---

## अलविदा





**Shri VINOD KATHURIA,** Executive Director, retired from the services of our Bank on 31.07.2018 on attaining the age of superannuation. A grand function was organized on the day to bid a fond farewell to Shri Kathuria. In his parting message, Shri Kathuria expressed, "I find a sense of pride, satisfaction and joy of being able to positively contribute to lives of numerous customers, colleagues, friends and family. I feel blessed to have served in all facets of banking. I am especially indebted to Unionites for accepting me in the Union Bank family from day one with a distinctive warmth and love, which I will treasure in depth of my heart. I found great camaraderie in my colleagues in the Board, who together make a formidable team that promises to take our Bank to greater heights. उत्साह जैसा बल नहीं. निराशा जैसा कोई रोग नहीं. Union Bank is a story of hope and determination amidst adversity. While many others wilted under challenge from new generation private sector banks, we adapted, and thrived well, growing from being 10th largest to be 5th largest nationalised bank by assets. My experience as a banker has convinced me that there is no dearth of business anywhere but speed is the essence. A banker must see business even while he walks on the street. Union Plus is another product of our Bank with immense potential since traders are backbone of the economy." Taking a cue from his life philosophy 'Work Hard, Party Harder', he reiterated, "there need not be trade-off in work and life; if you give your undivided attention to work while you are in office, you can enjoy quality time with your friends and family at home. We must organize our work in a way that it brings meaning to our life and not take it away from us. I wish you all very happy and fulfilling life."

**Union Dhara wishes him a very happy and active retirement!**




दोस्तों

हाल ही में हमारे मध्यप्रदेश राज्य को उत्तराखंड राज्य के साथ 'साहसी पर्यटन हेतु उत्कृष्ट राज्य' पुरस्कार से सम्मानित किया गया. सच कहा जाय तो यह राज्य अतुल्य भारत का हृदय है और यदि मुझे पूछा जाय तो यदि इस राज्य से आपको और रत्नों को प्राप्त करना है या अधिक जानकारी लेनी है तो आपको और गहराई में उतरने की जरूरत है. जैसे ही आप इस राज्य की गहराई में उतरते हैं, कई नए गंतव्यों की संख्या बढ़ती है. अपने असंख्य स्मारकों, करीने से तराशे गए मंदिरों, स्तूपों, किलों और महलों के साथ यह राज्य सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों का घर बन चुका है. यह राज्य तीन यूनेस्को विश्व धरोहरों अर्थात सांची, भीमबेटका और खजुराहो के साथ-साथ, विशाल पर्वत श्रृंखलाओं, नदियों और घने जंगलों से भरपूर है, यहाँ भारत के किसी भी कोने से आसानी से पहुंचा जा सकता है.

इस महत्वपूर्ण राज्य को प्रस्तुत करते हुए यूनियन धारा को बेहद खुशी हो रही है क्योंकि यह राज्य अपने बैंक के कारोबार में भी महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय भूमिका निभाता है. हर एक दृष्टि से सम्पन्न यह राज्य आप सभी को निश्चित रूप से आकृष्ट करेगा.

दोस्तों, मैं जानती हूँ कि हम बैंकर, बैंकर के रूप में अपनी उस भूमिका को पहले समर्पित होते हैं और बाद में अन्य ज़िम्मेदारियों को पूरा करने के पश्चात, जब भी, जैसा भी थोड़ा सा समय मिलता है, हम अपने शौक के बारे में सोचते हैं और मुझे खुशी है कि हमारे योगदानकर्ताओं के रूप में आप सब ने इस अंक को विशिष्ट बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया है.

श्री योगेंद्र सिंह, क्षेत्र महाप्रबंधक भोपाल जिन्होंने सभी संबन्धित योगदानकर्ताओं को प्रेरित करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उनके नेतृत्व में काम करने वाली मध्यप्रदेश टीम के प्रति मैं अपने आभार प्रकट करती हूँ. मुझे इस बात की खुशी है कि मेरे संवाददाता- सुश्री उपासना सिरसैया, सुश्री निधि सोनी, सर्वश्री आनंद कुमार, ऋषि शंकर चौधरी, अखिलेश कुमार सिंह एवं अर्पित जैन ने सक्रिय रूप से इस अंक हेतु योगदान दिया है.

अब यह विशेषांक, आपके हाथ में है और मुझे इस अंक के बारे में आपकी प्रतिक्रिया और राय का इंतजार रहेगा.

शताब्दी वर्ष के उत्सव की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ!

आपकी,

डॉ. सुलभा कोरे

Dear friends,

Our Madhya Pradesh state has recently won the award for the 'Best State for Adventure Tourism' alongwith Uttarakhand. This State is really the heart of incredible India and believe me this is where you have to dive deep to get more jewels. As you go deeper and into details the various destinations increase in number. This state is home to cultural and spiritual heritage with innumerable monuments, intricately carved temples, stupas, forts and palaces. The state is having three UNESCO World Heritages i.e. Sanchi, Bhimbethaka and Khajurao and also this state is having mighty mountain ranges, rivers and verdant forests and is easily approachable from any nook & corner of India.

Union Dhara is happy to project this important state as it also plays very significant and important role in Bank's business. Rich in every aspect this state will definetly attract all of you.

Friends, I am aware that we Bankers are first dedicated to our role as a Banker and then fulfilling our other responsibilities and as and when we find some spare time, we prsue our hobbies etc. and being our contributors you have done a great job to make this issue of Union Dhara very special with your contribution.

I am thankful to our Madhya Pradesh Team under the leadership of Mr Yogendra Singh, Field General Manager who has played a very vital role to persuade all concerned to contribute and thus cover all possible aspects of Madhya Pradesh. I am happy that my correspondents Ms. Upasana Sirsaiya, Ms Nidhi Soni, Mr. Anand Kumar singh, Mr. Rushishankar Chaudhari, Mr. akhilesh Kumar and Mr. Arpit Jain played their roles actively to bring out this issue extreamly well.

Now that the issue is in your hand, I am waiting for your reactions and opinion regarding this issue.

Happy Centenary Celebration.

Yours truly,

Dr. Sulabha Kore



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आशीर्वाद से प्रदत्त हमारा प्यारा बैंक स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश कर रहा है, इस गौरवशाली उपलब्धि के अवसर पर, मैं भोपाल अंचल की ओर से प्रिय यूनियनाइट्स एवं प्रबुद्ध पाठकों का अभिनंदन करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ. शीर्ष प्रबंधन एवं यूनियन धारा के संपादक मण्डल के प्रति मध्यप्रदेश के यूनियनाइट्स की ओर से विशेष आभार व्यक्त करते हुए मुझे अति प्रसन्नता हो रही है कि आपके द्वारा बैंक के शताब्दी वर्ष में 'मध्यप्रदेश विशेषांक' प्रकाशित करने के लिए सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गई. मध्यप्रदेश भारत गणराज्य के मध्य में स्थित होने के साथ-साथ अनेक असाधारण विविधताओं, सांस्कृतिक, नैसर्गिक, जनजातीय, वन्य जीव, लोकसंगीत, शौर्य गाथा आदि से परिपूर्ण है.

प्रदेश में पदस्थ हर यूनियनाइट साथी जोशीला एवं कार्य सम्पादन के उच्च मानक प्राप्त करने हेतु कटिबद्ध है, परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2017-18 में भोपाल अंचल को 'ज़ोन ऑफ द ईयर' के सम्मान से नवाजा गया. मैं इस अनूठी टीम का उत्साह वर्धन करते हुए अपना आभार व्यक्त करता हूँ. साथ ही चालू वित्तीय वर्ष एवं आने वाले समय में भी उल्लेखनीय कार्य निष्पादन हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ भी देता हूँ.

मुझे विश्वास है कि यूनियन धारा का 'मध्यप्रदेश विशेषांक' अद्वितीय होगा तथा अंक में समाहित विभिन्न रचनाएँ आपको रोमांचित तो करेंगी ही साथ ही पढ़ने का आनंद भी देगी. तो आइए, आनंद उठाइए, मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक, साहित्यिक, शौर्य गाथाओं, वन्य जीव, इतिहास, मान्यताएँ, धरोहर, दर्शनीय स्थल, खेल जगत, सामाजिक, औद्योगिक विकास से संबंधित विभिन्न प्रस्तुतियों का! इस विशेषांक के सभी प्रस्तुतकर्ताओं एवं रचनाकारों की प्रस्तुत रचनाओं, घटनाओं एवं प्रस्तुतियों हेतु हार्दिक आभार एवं शुभकामनाएँ.

एक बार पुन: स्वर्ण जयंती वर्ष एवं आगामी पर्वों, त्यौहारों एवं चालू वित्तीय वर्ष में उल्लेखनीय उपलब्धि की प्राप्ति हेतु ढ़ेरों शुभकामनाएं.

अंत में प्रख्यात साहित्यकार एवं विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के पूर्व कुलपति साहित्य अकेडमी, पद्मश्री, पद्म भूषण जैसे गौरवशाली पुरस्कारों से सम्मानित आदरणीय डॉ. शिवमंगल सिंह 'सुमन' की प्रेरणादायी कविता जो कि स्वर्ण जयंती वर्ष में हमें प्रेरित करती रहेगी, आपको समर्पित करते हुए मैं हर्षित हूँ.

**गति प्रबल पैरों में भरी<br>
फिर क्यों रहूँ दर-दर खड़ा<br>
जब आज मेरे सामने<br>
है रास्ता इतना पड़ा<br>
जब तक न मंजिल पा सकूँ,<br>
तब तक न मुझे विराम है,<br>
चलना हमारा काम है।**

**कुछ कह लिया, कुछ सुन लिया<br>
कुछ बोझ अपना बंट गया<br>
अच्छा हुआ, तुम मिल गई<br>
कुछ रास्ता ही कट गया<br>
क्या राह में परिचय कहूँ,<br>
राही हमारा नाम है,<br>
चलना हमारा काम है।**

**जीवन अपूर्ण लिए हुए<br>
पाता कभी खोता कभी<br>
आशा निराशा से घिरा,<br>
हँसता कभी, रोता कभी<br>
गति-मति न हो अवरुद्ध,<br>
इसका ध्यान आठो याम है,<br>
चलना हमारा काम है।**

**इस विषद विश्व-प्रहार में<br>
किसको नहीं बहना पड़ा<br>
सुख-दुख हमारी ही तरह,<br>
किसको नहीं सहना पड़ा<br>
फिर व्यर्थ क्यों कहता फिरूँ,<br>
मुझ पर विधाता वाम है,<br>
चलना हमारा काम है ।**

**मैं पूर्णता की खोज में<br>
दर-दर भटकता ही रहा<br>
प्रत्येक पग पर कुछ न कुछ<br>
रोड़ा अटकता ही रहा<br>
निराशा क्यों मुझे?<br>
जीवन इसी का नाम है,<br>
चलना हमारा काम है।**

**साथ में चलते रहे<br>
कुछ बीच ही से फिर गए<br>
गति न जीवन की रुकी<br>
जो गिर गए सो गिर गए<br>
रहे हर दम,<br>
उसी की सफलता अभिराम है,<br>
चलना हमारा काम है।**

**फकत यह जानता<br>
जो मिट गया वह जी गया<br>
मूंदकर पलकें सहज<br>
दो घूंट हँसकर पी गया<br>
सुधा- मिश्रित गरल,<br>
वह साकिया का जाम है,<br>
चलना हमारा काम है ।**

हार्दिक शुभेच्छा एवं सादर,<br>
आपका

(योगेंद्र सिंह)







# सुकून से भरा है ये गाँव

जब से गाँव से शहर हुआ हूँ
थोड़ा खत्म, थोड़ा ढ़ेर हुआ हूँ
जुड़ा कहीं तो कहीं बेमेल हुआ हूँ
ढ़ला कहीं तो कहीं मन का शेर हुआ हूँ
नकली उन ख़ुशबुओं के बीच
आज भी मिट्टी की महक ही भाती है
सोचूँ जो जिंदगी की किफ़ायतें
तो आखें भर आती हैं.
शहर रुकता थमता सोचता नहीं कभी
इसलिए कामयाब है ऐसा सब कहते हैं
पर गांवों से ही तो सारे शहर सांसे लेते हैं
जो शहर हो गए हो पूरे तुम तो सुनो
सुंदर तो लगोगे आईने में बहुत
पर खोखला सा ज़मीर होगा
शहर में न होगी जमीन तुम्हारी
न आसमान तुम्हारा होगा
उजड़े से कुछ मंजर होंगे
हाथों में खंजर होंगे
भीड़ होगी इतनी कि खुद भी खो जाओगे
शोर के सन्नाटों के बीच
खुद को भी न सुन पाओगे
जब भर जाये दिल इस चकाचौंध से
तो चले आना गाँव
जहाँ छोड़ा था साथ तुमने उसका
वहीं राह तकता मिलेगा गाँव
धीमा जरूर है ये गाँव
पर सुकून से भरा है ये गाँव.



सुरभि अग्रवाल
क्षे.का., भोपाल

# खाता अकेले मेरे नाम ही से

तेजस्वी प्रौढ़ महिला,
दीप स्तंभ की तरह,
बैठी थीं, मेरे सामने,
एक ग्राहक की तरह।

नामांकन के लिए पूछा,
रोज़मर्रा की तरह,
उत्तर सुन अचंभित,
मूक श्रोता की तरह।

मेरे सिवा,नाम किसी का,
न हो,किसी तरह,
सिवा नाबालिक पोते के,
मैं,हूँ,अपरिचित की तरह।

कोशिश न छोड़ी मैंने,
ज़िद्दी बालक की तरह,
पोते का अभिभावक में नाम,
किसी आशंका की तरह।

नहीं,नहीं,नहीं,नहीं,
नहीं किसी भी तरह,
खाता मेरे नाम ही से हो,
और कोई नहीं,किसी तरह।

देख कर,दृढ़ अविश्वास,
किसी घृणा की तरह,
सहम गया,मन मेरा,
किसी शावक की तरह।

क्या कुछ न घटा होगा,
जो धारणा,हुई इस तरह,
कि विश्वास नहीं,किसी पर,
अज्ञात भय की तरह।

ऐसी कितनी ही बेचारियां,
सिले होंठ, जीभ की तरह,
छिपाये बैठी हैं,दर्द की खानें,
सुप्त ज्वालामुखी की तरह।

एक सर्द आह निकली,
कोहरे में भाप की तरह,
सिर्फ मुझे ही दिखी,
किसी ग्लानि की तरह।

ये किस समाज में हैं हम,
अभिशाप की तरह,
कि अर्धांगिनियां,
एकाकी योद्धा की तरह।

समाज पर तो क्या हो ही,
विश्वास,अपरिचित की तरह,
कोई रिश्ता,परिचय भी नहीं,
छूत के रोग की तरह।

लिजलिजा सा हो गया मन,
अगेय पद की तरह,
प्रायश्चित में झुक गया सर,
किसी शर्मसार की तरह।



राहुल गुप्ता
भोपाल मुख्य शाखा

# Senility

Of late my neurons have withered,
Delitescent, There is something amiss
Deep in the grey matter.
No more adroit, no more fine,
I keep on foraging for bliss
In my opaque stack of ordeals.

Albeit I blame
The unsolicited free radicals
Infatuated with 'culpable homicide'
Allegedly pivoting my cells,
I discern, never should I, for
It's my due, I err, alas! I am human.

Distorted, my mind map goes deviant,
Perfidious, it part ways with semantics,
And the biological clock keeps
Ticking down within
With my resiliency on the wane
Deriding convalescence.

Hold on! I gesticulate to etymology,
For I know it's no more affable,
As I deeply condemn my incapacity
To neutralize the oxidative stress
With my stolid antioxidants,
And take pride of being self possessed.

With no one to turn to
I am an over engineered robot.
Yet I whine to drugs in vain,
It's a replica of my artificial intelligence,
A manmade defunct soul,
Engineered into an enteric coating,
And conceivably dies in the gut of homo sapien.

It occurs to me that
The storm never abates,
It'll subside and die down only in the grave.
Oh ages, how dare you addle my brain!
I yearn to play theatrics ever more
In the extravagant spectacle of life.



Drisya Saseendran
R.O., Trivandrum

## लोक चेतना के महानायक

# शिव मंगल सिंह 'सुमन'



*जीवन में कितना सूनापन, पथ निर्जन है एकाकी है ।*
*उर में मिटने का आयोजन, सामने प्रलय की झांकी है ।*
*यौवन में मधुर उमंगे हैं कुछ बचपन है नादानी है।*
*मेरे रसहीन कपोलों पर कुछ-कुछ पीड़ा का पानी है ।*

इन उद्गारों से स्वयं का साहित्य जगत में परिचय देने वाले एक महान कवि, काव्य चेतना के सांस्कृतिक पुरुष, श्री शिव मंगल सिंह 'सुमन' का महाकाल की नगरी उज्जैन में 27 नवम्बर 2002 को देहावसन हुआ.

जन्मभूमि चुनना इंसान के वश में नहीं, किन्तु कर्मभूमि क्या होगी, इसका चुनाव ईश्वर ने व्यक्ति के हाथों ही सौंप रखा है. इस उक्ति की ज़िंदा मिसाल थे, हमारे लोक चेतना के महानायक, आधुनिक कविता के सूत्रधार, स्व. श्री शिवमंगल सिंह 'सुमन'. उत्तरप्रदेश के उन्नाव जिले में 05 अगस्त 1915 को जन्में परन्तु अपना सम्पूर्ण काव्यमय जीवन म. प्र. के ग्वालियर शहर एवं देवों की नगरी उज्जैन में व्यतीत किया. वे उज्जैन में बजती मन्दिरों की घंटियों में ऐसे रम गए कि मध्यप्रदेश के ही पूत माने जाने लगे. जहाँ भी मध्य प्रदेश के साहित्य की चर्चा होती है, उनका नाम सर्वोपरि है.

तत्कालीन प्रधानमंत्री कवि हृदय, श्री अटल बिहारी बाजपेयी ने उनकी मृत्यु पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि 'सुमन' जी न केवल हिंदी काव्य जगत के इतिहास में सशक्त हस्ताक्षर हैं अपितु तत्कालीन समय की सामूहिक चेतना के संरक्षक भी हैं.'' अटल जी ने स्वयं एक कवि होते हुए किसी अन्य कवि की कविताओं का गान किया तो वे केवल शिव मंगल सिंह 'सुमन' ही थे.

श्री शिवमंगल सिंह 'सुमन' जी एक ऐसे समय के वाचक हैं, जब समाज एवं साहित्य नित नए रूपों में प्रकट हो रहा था, पराधीनता से मुक्ति पाने के लिए कहीं क्रांतिकारी विचारधारा थी, तो कहीं लोग गाँधीवादिता के दीवाने थे. साम्यवाद की लहर जोरों पर थी जो कि चीन एवं रूस की सीमाओं का अतिक्रमण कर भारत में पैर पसार रही थी. साहित्य जगत में छायावाद का बोलबाला था तो साथ ही प्रगतिवादी कविता अपने नए आयाम भी लिख रही थी. ऐसे में उनके शब्द भारत की दशा पर उनके मन की पीड़ा कुछ इस तरह बयान करते हैं,

*जो दूध-दूध कह तड़प गए, दाने-दाने को तरस मरे*
*लाठियां गोलियां जो खायी, वे घाव भी तब तक बने रहे*
*उन सबका बदला लेने को अब, बाहें फड़क रही मेरी*
*लो आज बज उठी रणभेरी ।*

किसी भी कवि का अपने उन्मुक्त भाव में रहकर, जनाक्रोश के आवेग, संवेग में बहने से स्वयं को रोककर, अपने भाव और विचार जनचेतना के वातावरण में प्रकट करना आसान नहीं होता. परंतु श्री सुमन जी ऐसे कवियों की श्रेणी में मूर्धन्य स्थान पर विराजित हैं, जो इन सबसे परे रहकर निष्पक्ष रूप से तत्कालीन परिस्थितियों का वर्णन अपनी कविताओं के माध्यम से करते हैं, तभी तो उन्हें जन-चेतना का कवि कहा जाता है. एक ऐसा कवि जो जनता की वाणी में जनता की अनुभूतियों को जन-जन के लिए ग्राह्य भाषा में मुखर करता है. सुमनजी की हर कविता किसी भी दलगत प्रतिबद्धता से मुक्त है. कविता में यथार्थ की अनुभूति के कारण ही अहिन्दी अंचलों में भी उनकी कविता के प्रशंसक सर्वत्र देखे जा सकते हैं.

सुमनजी साहित्य के मर्म के सच्चे पारखी थे, तो साथ ही कवि के अनुरूप ही मस्ती और फक्कड़पन के स्वामी भी ! परन्तु उनके इस कवि अनुरूप स्वभाव के साथ-साथ स्वभाव की नम्रता, मधुरता, सीमाओं में रहने वाली ऐहिक आकांक्षा, उनके जीवन की मर्यादित आचार संहिता, अन्तर्मुखी व्यक्तित्व के स्वामी होकर किसी भी महफिल में मौन धारण कर न बैठने की उनकी प्रकृति, किसी भी अन्य कवि के लिए अनुकरणीय एवं जन मानस के लिए प्रशंसनीय है.

आपने समाज या साहित्य के किसी भी वाद को महत्व न देकर मानवता के विकास के लिए अनिवार्य तत्वों को अपनी कविता के भावों में स्थान दिया. हिंदी काव्य में परिवर्तन के साथ-साथ सुमनजी की कविताएं भी परिवर्तित होती रहीं परन्तु यह परिवर्तन उनके भावों का नहीं, उनके शिल्प का था.

मात्र 23 वर्ष की उम्र में सन 1939 में उनका पहला काव्य संग्रह 'हिल्लोल' प्रकाशित हुआ, जिसमें उन्होंने युवावस्था के मानसिक वातावरण को अपने चातुर्दिक व्याप्त प्राकृतिक परिवेश से जोड़कर प्रस्तुत किया.

उनके सन 1942 में प्रकाशित दूसरे काव्य संग्रह 'जीवन के गान' में काल्पनिक व्योम की भावनाओं एवं प्रणय सम्बन्धी अभिव्यक्तियों का जीवन की वास्तविकताओं के साथ संघर्ष को उजागर किया गया है.

उनके कुछ अन्य काव्य संग्रह 'युग के गान' (1945), 'प्रलय सर्जन' (1950), 'विन्ध्य हिमालय' (1960) प्रकाशित हुए जो कि उस समय के जन मानस के बीच सुमनजी की लोकप्रियता के नए आयाम लिखने में सहायक हुए. सूरज के प्रकाश के समान दैदीप्यमान उनका सातवां काव्य संग्रह 'मिट्टी की बारात' उनकी कालजयी रचना बन गया. सन 1972 में उन्होंने अपने इसी काव्य संग्रह के साथ नयी कविता के क्षेत्र में पदार्पण किया.

उनके स्वयं के शब्दों में ''अभी तो कविता के आयाम ही बदले हैं, अब कवि के आयाम भी बदलेंगे. सौरमंडल की विजय के साथ-साथ सर्जक को नयी बारहखड़ी भी तो सीखनी होगी.''

**निर्मम कुम्हार की थापी से,**
**कितने रूपों में कुटी पिटी**
**हर बार बिखेर गयी किन्तु,**
**मिट्‌टी फिर भी नहीं मिटी**

1961 से 1970 तक की उनकी अधिकांश रचनाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि प्रशासन में मुस्तैदी से अपना कर्तव्य निर्वाह करते हुए भी वे साहित्य के प्रति कर्मनिष्ठ बने रहे.

**मैं और किसी से नहीं स्वयं से वंचित हूँ**
**तुम कहाँ सम्हालोगे मेरी बिखरती थाती।**

सन 1980 में प्रकाशित सातवें काव्य संग्रह 'वाणी की व्यथा' में उन्होंने मुक्त छंद का प्रयोग कर अपनी उन्मुक्त शैली का परिचय दिया. उनका अंतिम काव्य संग्रह सन 1991 में 'कटे अंगूठों की वन्दवारें' प्रकाशित हुआ. 'जिन्दगी और मौत के दस्तावेज' को अपने जीवन के अनुभवों से संजाया है तो 'मिट्टी की बारात' में आपके दार्शनिक चिन्तन की झलक हमें प्राप्त होती है.

सुमनजी कवि ह्दय के होते हुए भी तत्कालीन युग से कदम से कदम मिलाकर चलने वाले लोगों में से थे. उनका सामाजिक एवं आर्थिक चिन्तन उन्हीं के शब्दों में कुछ इस प्रकार झलकता है. ''हमारी आर्थिक परिस्थितियों का प्रभाव पहले हमारी भाव चेतना पर पड़ता है और भाव चेतना का सामजिक चेतना से उतना ही अविछिन्न सम्बन्ध है, जितना व्यक्ति और समाज का! और फिर उसी सामाजिक चेतना की क्रिया और प्रतिक्रिया हमारे सारे वातावरण तथा राजनैतिक जीवन को प्रभावित करती है. यहाँ तक कि वह हमारी मूलभूत आर्थिक परिस्थितियों को भी परिवर्तित कर देती है.'' उनका यह वक्तव्य दर्शाता है कि कवितामय जीवन होने के उपरान्त भी उनका अपने आंतरिक भावों पर संसार के साथ ताल से ताल मिलाने का पूर्ण नियन्त्रण था.

उनकी कविताएँ अक्सर साम्यवादी विचारों से ओतप्रोत नजर आती हैं परन्तु उनकी राजनैतिक चेतना में राष्ट्रभक्ति ही उच्च स्थान पाती है. उनकी कविताओं में शोषित वर्ग के लिए सहानुभूति एवं शोषक वर्ग के लिए आक्रोश साफ़ झलकता है. उनका मानना है ''वर्तमान युग में जो असंतोष एवं क्षोभ की भावना पनप रही है, उसका मूल कारण है धन का असमान वितरण.'' वे शोषित वर्ग के लिए क्रान्ति का आगाज करते हुए अपनी कविता में लिखते हैं कि:

**'चूस कर जिसको निचोड़ा,**
**रक्त भी जिसका न छोड़ा वह लिए हसियां हथौड़ा,**
**कर चुका है शेष फेन की कील ढ़ीली आज**
**सुन रहे हो, क्रान्ति की आवाज'।**

सुमनजी का काव्य, कल्पना लोक में विचरण नहीं करना चाहता, वह यथार्थ को परिलक्षित करते हुए साम्यवादी विचारधाराओं से ओतप्रोत गांधीजी के रामराज्य को कल्पनाओं से बाहर ला हकीकत की दुनिया से रुबरु कराना चाहता है. मानवतावाद उनका प्रिय विषय है.

मानवतावाद की कैसी भी व्याख्या की जाए सुमनजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व दोनों में वह जीवंत हो उठती है.

उनकी कविताओं ने आम आदमी के जीवन, करूण क्रंदन को प्यार और दुलार से सहलाया है. साहित्य एवं संस्कृति का संगम पूर्ण क्रान्ति के साथ सुमन जी की कविताओं में मुखरित होता है.

सुमनजी ने अपना जीवन अध्यापक के रूप में आरंभ किया, अध्यापन के साथ गीति काव्य पर अनुसंधान कर डी. लिट. की उपाधि ली. डॉ. सुमन का कर्म क्षेत्र मूलत: मध्य प्रदेश ही रहा! वे ग्वालियर के विक्टोरिया कालेज में हिंदी के व्याख्याता रहे. फिर माधव महाविद्यालय, उज्जैन के प्राचार्य एवं बाद में कुलपति बने. इस पद पर 1968 से 1978 तक विराजमान रहे. तत्पश्चात अपनी मृत्यु तक वे कालिदास अकादमी, उज्जैन के कार्यकारी अध्यक्ष बने रहे.

अध्यापन के अतिरिक्त भी वे विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं से जुड़े रहे, जिनमें प्रमुखता से वे उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ के उप निदेशक रहे. भारतीय दूतावास काठमांडू के सान्निध्य में 1956 से 1961 तक वे वहाँ के साहित्य से संबद्ध रहे एवं इसके साथ ही वह 1977-78 के दौरान भारतीय विश्वविद्यालयीन संघ के अध्यक्ष रहे.

उनके साहित्य की मूल उपलब्धि है कि वे साहित्य को बोझ नहीं बनाते. यथार्थ का चित्रण करते हुए भी वे बड़ी सहजता से उसे प्रस्तुत करते हैं.

उनकी सामाजिक चेतना शिखर पर होते हुए भी वे स्वयं को नगण्य मानकर चलते हैं. वे कहते हैं कि मैं विद्वान नहीं बन पाया, विद्वत्ता की देहरी भर छू पाया हूँ. प्राध्यापक के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यों के दबाव ने मुझे विद्वान बनने से रोक दिया.

सामाजिक चेतना के कवि, एक पराधीन समाज में जन्में और स्वतन्त्रता के लिए संघर्ष का हिस्सा बन पाने से वंचित रह जाए ऐसा भला कैसे होता? गांधीवादी विचारधारा से ओतप्रोत कवि ह्दय, चन्द्रशेखर आजाद के भी सहयोगी बने. एक बार वे चन्द्र शेखर आजाद के कहने पर एक रिवाल्वर दिल्ली ले आये थे, जिसके लिए उनके खिलाफ वारंट भी जारी हुआ था.

उन्हें उनके साहित्यिक कार्य क्षेत्र में योगदान के लिए साहित्य अकादमी अवार्ड, सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार तथा 1974 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया. सन 1999 में भारत सरकार ने उनके साहित्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान को देखते हुए उन्हें 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया. सन 1993 में शिखर सम्मान एवं भारत भारती अवार्ड से भी इस यथार्थवादी कवि की कविताओं का सम्मान किया गया.

यथार्थवाद को साहित्य और समाज से जोड़ते हुए साहित्य के नये आयाम रचने को लेकर उन्होंने कहा कि ''यथार्थवाद अपने ही ढंग से समझा जा सकता है. उसकी कोई सार्वभौमिक या सार्वकालिक परिभाषा नहीं रची जा सकती. गरीबी बेकारी दूर न होगी तो साहित्य के आयामों का संवेदन कैसे व्यापक बन पायेगा? नए आकाश को आलिंगन करने की विह्वलता न होगी तो यथार्थ अपने हाथ-पैर कैसे पसारेगा? यह ज्वलंत सत्य है कि आज कवि कल्पना से बाजी मार ले गया है. इसीलिए अब साहित्य कल्पवृक्ष के नीचे बैठकर नहीं लिखा जा सकता.''

मध्य प्रदेश का यह लाल अब हमारे बीच नहीं है, परन्तु उनकी रचनाएं, जीवन की कठिन परिस्थितयों में आशाओं का दीपक बनकर जगमगाती हैं. जब भी टूटकर बिखरने को हो, तो सुमनजी की कोई भी कविता ऐसी प्रतीत होती है मानो एक माँ ने अपने आंचल में हमें समेट लिया हो या पिता अपने हाथों से थाम हमें निराशा से आशा के उजालों की ओर लेकर जा रहा हो. अंधेरे में रास्ता दिखाने की अद्भुत क्षमतावाला काव्य निर्माणकर्ता, उनके जैसा कवि विरला ही होता है. uuu



**प्रज्ञा अग्रवाल**
एम पी नगर शाखा, भोपाल



# MADHYA PRADESH AT A GLANCE

The geographical position of a country or a state goes a long way in impacting the course of historical events and also its economic development. It also influences the outlook of its citizens and their behaviour. Madhya Pradesh occupying geographically the central position in the country is veritably the heart of India.

Madhya Pradesh lies between latitude of 2106'and 26054'N and longitude 740 and 82047'E. The State is bounded by the Upper Gangetic plains in the north, the Godavari valley in the south, the plains of Gujarat in the west, and plateau of Bundelkhand & Chhattisgarh in the east. The State is traversed by the Vindhya, Satpura and Maikal hill ranges running from east to west. The highest point is at Dhupgarh (1350 meter) near Pachmarhi in Hoshangabad district. Most of the State has an elevation of between 305 to 610 m above MSL. In general, the State stretches across a geographically elevated position. Based on its topography, the state can be divided into the following natural regions:-

- **The Plateau of Malwa :** Western Region of Madhya Pradesh.
- **The Plateau of Central India :** Lower basin of Chambal river.
- **The Plateau of Bundelkhand :** It lies to the east of the Central India Plateau and in northeast surrounded by the Rewa – Panna plateau.
- **The Plateau of Rewa and Panna :** This is also known as Vindhyan plateau.
- **The Narmada-Sone Valley :** It is drained by the Narmada and Sone rivers.
- **The Satpura and Maikal Region :** The region is drained by Tawa, Johila, Denwa, Wainganga and Vardhan rivers.
- **The Eastern Plateau :** It is called Baghelkhand Plateau in Sidhi district.

Madhya Pradesh is inhabited by 46 tribes, the largest number of tribes in India. The following Main tribes of M.P. are Bhil Tribe – Largest Tribe of M.P., Gond Tribe – Second Largest Tribe of M.P. (India's Largest), Baiga Tribe- Third largest Tribe of M.P., Kol Tribe- Main Tribe of Austric Race, Saharia Tribe- Declared Special Backward Tribe of M.P., Korku Tribe – Branch of Munda or Kolerian Race, Bharia Tribe – Extremely Backward tribe and Agaria Tribe – Most Primitive Tribe of M.P. thus considered special backward Tribe.

Of the total workforce, 69.8% workers were dependent on agriculture {cultivators (31.18%) and agricultural labourers (38.62%)}. Skills of marginal workers need to be improved in the State to generate sustainable employment opportunities.MP has higher percentage of rural population dependent on agriculture (85.6%) as compared to 72.3% in rural India, with female cultivators and female agricultural labourers higher at 38% and 52.7%.

The State is home to several premier national institutes like AIIMS, IIT, IIM, NIFT, NID, NLIU, IIITM and CIPET. Also, it is home to 45 Universities including Central, State and Private universities. Abundant Technical and Skilled Manpower is available in the state to support the industries.

Tourism in Madhya Pradesh has been an attraction of India because of its location in the centre of the country. It has been home to the cultural heritage of Hinduism, Buddhism, Jainism etc. Innumerable monuments, exquisitely carved temples, stupas, forts & palaces are dotted all over the state. Madhya Pradesh has won Best Tourism State National award for 3 consecutive years i.e. 2017, 2016 and 2015.

Madhya Pradesh is also rich in culture and tourism. Tourism sites like Khajuraho, Bhimbaithika and Sanchi have been recognized as world heritage centers. Kanha, Bandhavgarh, Pench, Panna and Shivpuri are famous tiger reserves and have various other animals, also. Pachmarhi, Amarkantak and Tamia are some other major tourism destinations of the State. Tourism department has also taken initiative to promote tourism using various islands in the state like Hanuwantiya, Madhya Dweep and Sailani islands.

### National Parks - The Nature

Madhya Pradesh is home to several National Parks viz. Bandhavgarh, Kanha, Satpura, Sanjay, Madhav, Van Vihar national parks including Mandla Plant Fossils National Park, Panna National Park, Pench National Park and National Chambal Sanctuary.

There are 10 national parks and 25 wildlife sanctuaries in Madhya Pradesh. Apart from tiger, the national parks in Madhya Pradesh have animals like Leopard, Gaur, Chital, Sambar, Nilgai, Chinkara, Barking Deer, Barasingha, Samber Deer, Wild Boar, Monkey, Peacock, etc.

### The Natural Preserves

There are also a number of nature preserves, including Pachmarhi, Amarkantak, Bagh Caves, Bhedaghat, Bori Wildlife Sanctuary, Kuno-Palpur Wildlife Sanctuary, Narwar, Chambal and Narsinghgarh.

### THE HISTORICAL & RELIGIOUS PLACES

### UJJAIN

One of Hinduism's seven sacred cities, Ujjain boasts a wealth of cultural heritage, largely in the form of temples. Situated on the banks of the Shipra River, the city dates back to 600 BC and was once the residence of Ashoka. It

was also the political and commercial hub of central India and the capital of the ancient Avanti Kingdom. Ujjain's spiritual charm is undeniable. The famous poet, Kalidas, described it as 'The town fallen from Heaven to bring Heaven to Earth'. The many temples give you glimpses of a glorious past.

**AMARKANTAK**

Situated at an altitude of 1000 m, Amarkantak is a well frequented Hindu pilgrimages enter that is popularly known as 'Teerthraj' - 'the king of pilgrimages'. The Amarkantak region has a rich natural heritage. It is the meeting point of the Vindhya and the Satpura Ranges, with the Maikal Hills being the fulcrum. Three rivers - the holy Narmada, the Sone and the Johila - emerge here. The forests surrounding Amarkantak have a rich variety of plants with medicinal properties, which make it extremely significant from an ecological point of view.

**OMKARESHWAR**

It can only be termed as a blessing, by Lords and mother nature, that Omkareshwar, the sacred island, is shaped like Om - the holiest symbol of Hinduism. Not surprising then that this serene town is also one of the 12 Jyotirlinga shrines in India. Pilgrims in unimaginable numbers visit the shrine every year, seeking the blessings of Lord Shiva.

Omkareshwar is adorned with lofty hills, between which the river Narmada forms a serene pool. Above this pool runs a cantilever type bridge which further enhances the scenic beauty of this island.

**KHAJURAHO**

Khajuraho is one of the most popular tourist spots in Madhya Pradesh. It is famous for its ancient temples that depict some of the finest art in the world.

Built between 950-1050 AD by the Chandela Dynasty, these temples depict various forms like meditation, spiritual teachings, kinship, wrestling, royalty and most significantly, erotic art. The temples consist of stunning displays of fine sculptures and exceptional architectural skill, making them one of the UNESCO World Heritage Sites in India.

Based on their geographical location, the temples are categorised into three groups: Eastern, Western and Southern. Beautiful, intricate and expressive, the sculptures of the Khajuraho temples will leave you in awe and wonder.

**SANCHI**

The town of Sanchi is synonymous with Buddhist Stupas - hemispherical structures typically containing relics of the Buddha or his followers. The Stupas of Sanchi were constructed on the orders of Emperor Ashoka to preserve and spread the Buddhist philosophy. Sanchi has been protecting these beautiful and sacred architectural wonders, just the way these wonders have been safeguarding ancient history and art of the Mauryan period.

The numerous stupas, temples, monasteries and an Ashokan pillar have been the focus of interest and awe for global audiences as well. In fact, UNESCO has given the status of 'World Heritage Site' to the Mahastupa.

**PANCHMARHI**

Situated at 1100 m, Pachmarhi, popularly known as 'Satpura ki Rani' (Queen of Satpura), sits beautifully, embellished by nature and history, amidst the Satpura range. Legend says the Pandava brothers visited Pachmarhi during their exile.This beautiful region in the hills was discovered by Captain James Forsyth in 1857. This most popular hill station of Madhya Pradesh is a treasure with ancient caves of the Buddhist era residing in harmony with serene waterfalls.

The state is leader in textile manufacturing, automobiles, food processing, engineering and agriculture equipment manufacturing. The peaceful manpower of the State is an added advantage for industrial development. All the above mentioned factors pave the way for Madhya Pradesh to become a developed state.

Madhya Pradesh government has worked diligently over the past decade to develop the state as an industrial hub and promote it as a potential investment destination.

The state government has made an investment of more than $15.4 billion in support infrastructure in the last five years. Over the last decade Madhya Pradesh has witnessed a radical transformation in terms of economic and social development.

- Pithampur (Indore)-Madhya Pradesh has India's first green-field SEZ in Pithampur which covers total area of 1,114 hectares and is located 35 km from the city of Indore. A total of 50 industrial units have been established in Pithampur. Total investment made in Pithampur SEZ is approximately Rs 41,900 million, export business done till last year from the SEZ was approximately Rs 123,000 million and total employment generated is around 16,000.
- Apart from Pithampur SEZ state has 4 IT SEZ, one Government's Crystal IT Park in Indore and three private operated SEZs - Infosys, TCS and Impetus, all in Indore. One more multi-purpose SEZ is proposed in Chhindwara.

Infrastructure Development

Madhya Pradesh government has worked diligently to make investments for improvement of industrial infrastructure in the state. This has resulted in development of industrial corridors such as Bhopal-Indore, Bhopal-Bina, Jabalpur-Katni-Satni-Singrauli, Morena-Gwalior- Shivpuri-Guna and various sector specific parks in the state. Some of the major infrastructure development projects under taken by government are Japanese Industrial Township, Pithampur, SEFEAN Industrial Township, Pithampur, Plastic Park in Tamot and Gwalior, Industrial Areas in Kiratpur, Mohasa, Shivpuri and Sitapur, Vikram Udyogpuri, Ujjain and Smart Industrial Park, Padora, Shivpuri. u u u



**R K Jaglan**
FGMO Bhopal



# मध्य प्रदेश में यूनियन बैंक

भारत के मध्य में स्थित भारत का दिल कहलाने वाला 'मध्य प्रदेश' वनसम्पदा के साथ-साथ प्राकृतिक सुन्दरता को अपने में समाहित किए हुए कुल 3,08,252 वर्ग किलोमीटर में फैला है. देश के प्राचीनतम प्रदेशों में से एक मध्य प्रदेश का जन्म 01 नवम्बर 1956 को, भारत की स्वतंत्रता के उपरांत हुआ. वर्ष 2012 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश की कुल आबादी लगभग सात करोड़ तैंतीस लाख से अधिक है और वर्ष 2011 के अनुसार शैक्षिक स्तर 69.32% है तथा पिछले एक दशक के दौरान शैक्षिक स्तर में 6.9% की वृद्दि दर्ज हुई है.

मध्य प्रदेश शालीनता, व्यवहार कुशलता एवं मिलनसार प्रवृत्ति की अद्वितीय मिसाल है. भारत के स्वच्छतम शहरों में इन्दौर प्रथम स्थान पर जबकि दूसरे स्थान पर भोपाल देश विदेश में मध्य प्रदेश का परचम फहराने के साथ ही नाम रोशन कर रहे है. मध्य प्रदेश, देश के पाँच प्रमुख राज्यों अर्थात उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात एवं छतीसगढ़ की सीमाओं से जुड़ा हुआ है. छत्तीसगढ़ राज्य को अपने अंश से 01 नवम्बर 2000 से अस्तित्व में लाने का गौरव भी मध्य प्रदेश को ही है. 51 जिलों को अपने आगोश में समेटे मध्य प्रदेश, ऐतिहासिक व धार्मिक विरासत के मामले में किसी भी अन्य प्रदेश की तुलना में आगे है, जिसकी गवाही ग्वालियर, राजगढ़, टीकमगढ़, शिवपुरी, मुरैना, उज्जैन, छतरपुर, बेतूल, इन्दौर, छिन्दवाडा इत्यादि ज़िले देते हैं. उज्जैन जिले का मंदिर महांकालेश्वर एवं शिप्रा नदी, धार जनपद स्थित ओंकारेश्वर मंदिर व मांडव किला, देवास स्थित राजकीय प्रिंटिंग प्रेस, मध्य प्रदेश की पहचान के लिए अपना विशेष स्थान रखते हैं. सांस्कृतिक धरोहर के रूप में गायन, गीत, संगीत और अभिनय के क्षेत्र में खंडवा को शोहरत की बुलंदियों पर पहचान दिलाने वाले बंधुओं अर्थात अशोक कुमार, किशोर कुमार व अनूप कुमार के साथ सुरों की सम्राज्ञी सुश्री लता मंगेशकर, आशा भोसले, उषा मंगेशकर व हृदयनाथ मंगेशकर का परिवार इन्दौर से ही है. स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने भारत में ही नहीं, भारत के बाहर भी अपने स्वर एवं कला का परचम फहराकर संगीत का स्वर्णिम अध्याय लिखने के साथ अपना एवं मध्य प्रदेश के खंडवा व इन्दौर का नाम इतिहास में अमर कर दिया है. अभिनय के क्षेत्र में अपनी कला की धाक स्थापित करने वाली मशहूर अभिनेत्री जया भादुरी उर्फ जया बच्चन, फिल्म 'शोले' के प्रसिद्ध हास्य कलाकार जगदीप (सूरमा भोपाली), क्रिकेट के महानतम कप्तानों में शुमार नवाब मंसूर अली खान पटौदी, अर्थशास्त्र में अपनी धाक रखने वाले एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व गवर्नर श्री रघुराम राजन तथा भारत का सर्वश्रेष्ठ संविधान लिखने का गौरव प्राप्त करने वाले 'भारत रत्न' डॉ. भीमराव अंबेड़कर जैसी विश्व प्रसिद्ध महान विभूतियाँ मध्य प्रदेश की पवित्र धरा से हैं और मध्य प्रदेश को इन पर सदैव गर्व एवं नाज़ रहेगा. इनके अतिरिक्त और भी बहुत से विश्व प्रख्यात नाम हैं जो मध्य प्रदेश के गौरव को बढ़ाते हैं और मध्य प्रदेश को जिन पर अभिमान है. यदि उन सभी को यहाँ पर लिखा जाय तो जगह व समय निश्चित ही कम पड़ जांएगे.

मध्य प्रदेश के कुल क्षेत्रफल का लगभग 30.89% भाग आदिवासी क्षेत्र के रूप में है जबकि 76,429 वर्ग किलो मीटर लगभग 24.79% भू-भाग वन सम्पदा के रूप में है. कान्हा नेशनल पार्क, बांधवगढ़, सतपुड़ा, माधव नेशनल पार्क, संजय नेशनल पार्क, वन विहार नेशनल पार्क, पेंच नेशनल पार्क आदि कुछ मध्य प्रदेश के प्रमुख वन क्षेत्र हैं जहाँ सभी प्रकार के जीव/जन्तु एवं पशु पाये जाते हैं. वनक्षेत्र के मामले में मध्य प्रदेश का स्थान भारत में प्रथम है. मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध नर्मदा, शिप्रा, बेतवा, चंबल जैसी प्रमुख नदियों सहित अन्य छोटी बड़ी कुल 41 नदियाँ प्रवाहित होती हैं जो कि पीने योग्य एवं खेती के जल प्रयोग में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करती हैं. मध्य प्रदेश, औद्योगिक केन्द्र जिनके मुख्यालय भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, रीवा एवं सागर जिलों में स्थित हैं जो 7 भागों में विभाजित है. मध्य प्रदेश मुख्यतः कृषि आधारित प्रदेश है और प्रदेश की अर्थ व्यवस्था का मुख्य स्रोत कृषि आय है तथा प्रदेश के 74.73% व्यक्तियों की आय कृषि सृजित आय है. मध्य प्रदेश के कुल भू-भाग का 49% क्षेत्रफल कृषि हेतु उपज के लिए प्रयोग किया जाता है. यहाँ की भूमि पथरीली व कृषि योग्य मिश्रित भूमि है तथा खरीफ, रबी एवं जायद फसलों/मौसम की उपज की जाने वाली मुख्य फसलें गेंहूँ, धान, मक्का, चना, गन्ना, सरसों, अरहर, मूंग, उड़द, सोयाबीन, ज्वार, मूँगफली, कॉटन आदि हैं. मध्य प्रदेश को वर्ष 1984 में यूनियन कार्बाइड कम्पनी में हुई गैस रिसाव के कारण एक भयानक त्रासदी का शिकार होना पड़ा था जिसका सामना यहाँ के निवासियों द्वारा कड़ी इच्छा शक्ति के साथ किया गया.

मध्य प्रदेश के चौमुखी एवं सतत विकास में बैंकों द्वारा निरंतर अग्रणी एवं प्रभावी योगदान के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जा रही है. प्रदेश के विकास की ज़िम्मेदारी का मुख्य दायित्व प्रदेश के 7 अग्रणी बैंकों क्रमश: यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, इलाहाबाद बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया व बैंक ऑफ बड़ौदा पर है. समन्वयक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, म.प्र. का उत्तरदायित्व सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा सफलता पूर्वक निर्वहन किया जा रहा है, इन अग्रणी बैंकों के अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य समस्त बैंक, निजी एवं को-ऑपरेटिव बैंक सहित कुल 49 बैंक, प्रदेश में अपनी 7279 शाखाओं, 9554 एटीएम व 10347 बैंक मित्र के साथ कार्यरत हैं. 7279 शाखाओं में से 2681 ग्रामीण, 2307 अर्ध-शहरी व 2291 शाखाएँ शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं. जिनकी सकल जमाराशियाँ ₹3,65,43,228

व सकल अग्रिम ₹27,292,392 है एवं प्रदेश का ऋण-जमानुपात 74.69% है जो कि रिज़र्व बैंक के निर्धारित मानक स्तर से कहीं अधिक है. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम में ₹17,508,310, कृषि क्षेत्र ₹99,39,329, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग क्षेत्र अग्रिम के अंतर्गत ₹52,51,824 वित्त पोषण किया गया है. इन वित्तीय संस्थाओं के अतिरिक्त गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों एनबीएफसी, माइक्रो वित्त संस्थान, पेमेंट बैंक व पोस्ट ऑफिस भी सक्रियता पूर्वक कार्य कर रहे हैं तथा प्रदेश के विकास और स्वरोजगार उत्पन्न करने में सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं.

मध्य प्रदेश में यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया अपनी सक्रिय सहभागिता और उपस्थिति के साथ प्रदेश के विकास में अग्रणी भूमिका के साथ महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहा है और अंचल प्रमुख श्री योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सतत अग्रसर व तत्पर है. प्रदेश में हमारे बैंक की 91 ग्रामीण, 82 अर्ध-शहरी, 53 शहरी व 62 मेट्रो शाखाओं के साथ कुल 288 शाखाएँ व 669 एटीएम तथा 533 बैंक मित्र, 04 सेवा शाखा, 05 करेंसी चेस्ट, 04 यूएलपी, 02 मिड-कॉर्पोरेट, 02 यूनियन समृद्धि केन्द्र, 05 क्षेत्रीय कार्यालय क्रमश: भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, इन्दौर व रीवा का मजबूत नेटवर्क सेवारत है तथा मध्य प्रदेश के 3 जनपदों क्रमश: रीवा, सीधी एवं सिंगरौली में यूनियन बैंक अग्रणी बैंक की भूमिका में कार्य कर रहा है तथा इन जिलों को विकसित करने, आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने, स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने सहित सामाजिक उत्थान एवं विकास में सजगता से सेवारत है. यूनियन बैंक को आबंटित उपरोक्त सभी अग्रणी जनपदों में बैंक द्वारा स्थापित ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान आर-सेटी, वित्तीय साक्षरता केन्द्र एफएलसीसी, उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन कर रहे हैं और इस कार्य को मध्य प्रदेश में यूनियन बैंक के कार्यरत 2473 यूनिनाइट्स द्वारा अपने पूरे जोश-खरोश एवं ऊर्जा के साथ संपादित किया जा रहा है.

यूनियन बैंक द्वारा मध्य प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान के साथ न केवल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम, कृषि क्षेत्र, एमएसएमई क्षेत्र के अंतर्गत उल्लेखनीय वित्त पोषण किया जा रहा है बल्कि वित्तीय समावेशन के अंतर्गत भी प्रभावी व सराहनीय कार्य करने के साथ-साथ ग्राम स्वराज अभियान 1 एवं 2 में आबंटित किए गए लक्ष्यों की पूर्ति, उपलब्धि यथासमय की गई है. मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में दिनांक 25 अक्टूबर 1964 को यूनियन बैंक की प्रथम शाखा भोपाल (मुख्य) एवं क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर को प्रथम क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित होने का गौरव प्राप्त है. अंचलीय कार्यालय को मध्य प्रदेश में 1980 में स्थापित किया गया और वर्तमान में अरेरा हिल्स, भोपाल स्थित नवीन परिसर में दिनांक 14 मार्च 2006 से एक ही परिसर/स्थान पर क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, अंचलीय लेखा परीक्षा कार्यालय, अंचलीय सतर्कता विभाग, अरेरा हिल्स शाखा, सेवा शाखा, करेंसी चेस्ट, यूएलपी, आधार सेवा केन्द्र एवं स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्र, भोपाल खूबसूरत वातावरण में स्थित है, नवीन भवन/परिसर का उद्घाटन तत्कालीन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री के. चेरियन वर्गीस, कार्यकारी निदेशक, श्री के. रत्नाकर हेगड़े एवं अंचल प्रमुख, भोपाल श्री के. आर. विजयेन्द्र की गौरवमयी उपस्थिति में किया गया.



मध्य प्रदेश को सवारने और सफल बनाने में मध्य प्रदेश में पदस्थ अंचल प्रमुख श्री बी.पी. अग्रवाल, ए.सी. सुले, एच.के. धाम, एम.एम. अमलसादवाला, एस.पी. रॉय, आर. वेंकटरमणी, बी.वी. मूर्ति, एम. मीनाक्षी सुंदरम, एस.एन. सिंह, वी.के. ढींगरा, के. आर. विजयेन्द्र, बी. वराप्रसाद, एस. रामन, आर.एस. पांडे, जी.एस. पडालकर व एस.के. मोहपात्रा द्वारा महत्वपूर्ण व सराहनीय योगदान दिया गया है.

वर्तमान अंचल प्रमुख व क्षेत्र महाप्रबंधक श्री योगेन्द्र सिंह की दि. 09 मई 2017 को हुई पदस्थी के बाद भोपाल अंचल के कारोबार अपने नये आयाम स्थापित करते हुये नित नई ऊंचाइयों की ओर सतत अग्रसर है एवं नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है. इस कार्य में उप-अंचल प्रमुख श्री आर.के. जगलान द्वारा पूरा सहयोग प्रदान किया जा रहा है. अंचल के अधीन कार्यरत प्रत्येक स्टाफ सदस्य अपनी पूर्ण लगन एवं निष्ठा के साथ कार्य हेतु दृढ़-संकल्प हैं.


मध्य प्रदेश में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का कारोबारी अंशदान तथा मध्य प्रदेश में कार्यरत यूनियन बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों की कार्य प्रगति की एक झलक आंकड़ों के माध्यम से प्रस्तुत की जा रही है:

Business Position of Bhopal Zone And Business Share of Regional office Working in MP State



(RS.IN CRS) AS OF MARCH 2018


| | Zonal / Regional Head | Shri Yogendra Singh FGM | | Shri Gurtej Singh RH | | Shri Sovan Sen Gupta RH | | Shri Rajesh Kumar RH | | Shri Arun Kumar RH | | Shri Mahendra K Srivastava | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sr. No. | Particulars | Zone | MP state | BHOPAL | | GWALIOR | | INDORE | | JABALPUR | | REWA | |
| | | | | Total Busi-ness | Share in % | Total Business | Share in % | Total Business | Share in % | Total Business | Share in % | Total Business | Share in % |
| 1 | Total | 29616 | 23318.53 | 4847.75 | 16.37 | 2605.15 | 8.80 | 3789.7 | 12.80 | 4901.06 | 16.55 | 7174.87 | 24.23 |
| 2 | Total Advances | 18165 | 13194.12 | 4295.23 | 23.65 | 1238.95 | 6.82 | 3104.9 | 17.09 | 3320.94 | 18.28 | 1234.10 | 6.79 |
| 3 | Profit | 751.06 | 573.22 | 128.94 | 17.17 | 57.44 | 7.65 | 87.78 | 11.69 | 121.21 | 16.14 | 177.85 | 23.68 |
| 4 | NPA | 1101 | 953.49 | 103.13 | 9.37 | 103.16 | 9.37 | 549.8 | 49.94 | 107.15 | 9.73 | 90.25 | 8.20 |
| 5 | Total No of Branches | 351 | 287 | 52 | 14.81 | 42 | 11.97 | 65 | 18.52 | 53 | 15.10 | 75.00 | 21.37 |

u u u



**मोतीलाल वर्मा**
एफ.जी.एम.ओ, भोपाल

# मध्य प्रदेश

## एक ऐतिहासिक पिटारा

मध्य प्रदेश अजब है, सबसे गजब! कई बार हमने इस तरह की बात सुनी होगी परन्तु हमने बस इसे सुनकर ही छोड़ दिया. देखा जाए तो चाहे सामाजिक भिन्नता हो या आर्थिक परिदृश्य, चाहे संस्कृति हो या ऐतिहासिक विरासत, यह कहना गलत नहीं होगा कि 'हिन्दुस्तान का दिल' सच में 'हिन्दुस्तान की जान' है. हमारा यहाँ केन्द्र बिन्दु इतिहास है और हम इस पिटारे को खोलेंगे और जानेंगे कि मध्यप्रदेश कितना गजब है.

चाहे जो भी कारण रहा हो, जैसे भौगोलिक अवस्थिति या परिपक्व राजनैतिक नेतृत्व, आर्थिक सम्पन्नता या सांस्कृतिक भिन्नता या और भी कोई. इतिहास में मध्य प्रदेश का एक अनूठा स्थान रहा है. इसकी ऐतिहासिक विरासतें कोई चार-पाँच सौ नहीं बल्कि कई हजारों साल पुरानी है. पाषाणकाल से लेकर आज के समकालीन युग तक कई तरह की धरोहरें हमारे पास मौजूद हैं जो पराक्रम, बलिदान, शौर्य, परिपक्वता एवं श्रेष्ठता की निशानियां हैं. तो चलिए, इन्हीं अनूठी नायाब धरोहरों की यात्रा में हम मध्य प्रदेश को टटोलते हैं.

मध्य प्रदेश भारत का दूसरा बड़ा प्रदेश है. अगर इसके अतीत में झांका जाए तो चम्बल संभाग एवं ग्वालियर की अनोखी दास्ता हैं, पश्चिम में जाते-जाते कई ऐतिहासिक रियासतें और उनसे जुड़ी यादों को बयां करती बड़ी-बड़ी इमारतें, मध्य में भोपाल राज्य तो पूर्व में अलग छाप छोड़ते हुए, सांस्कृतिक भिन्नता दर्शाते हुए जनजातीय राजघराने हैं जो अब दूर कहीं खो गए से लगते हैं.

हम इसकी शुरूआत करते हैं, तानसेन नगरी या गोपांचल से जिसे आज ग्वालियर कहा जाता है. एक यशस्वी इतिहास का शहर, यहाँ मौजूद 'पूर्व का जिब्राल्टर' ग्वालियर का किला, प्रसिद्ध गायक तानसेन का मकबरा एवं उनकी प्रसिद्ध इमली के पेड़ की पत्तियाँ, चित मंदिर मानसिंह हवेली, जैन भगवान पार्श्वनाथ की पत्थर में उत्कीर्ण गोपांचल पर्वत प्रतिमाएं हमारा मन मोह लेती हैं.

थोड़ा दूर चलें तो बुन्देलों की शान, ओरछा एवं दतिया में दिखाई पड़ती है. मुगल एवं राजपूत स्थापत्य शैली का मिश्रण हम सात मंजिला वीर सिंह महल में देखते हैं. वहीं सोनगिरी की मंदिर श्रृंखला पर आसानी से यकीन ही नहीं हो पाता. यह लघु वृंदावन पुस्तकालयों से ज्यादा कहानियाँ लिए हुए है. ऐसे ही देखें तो राजसी ओरछा, जहाँ बेतवा के तट पर लक्ष्मीनारायण मंदिर, राजा राम का मंदिर और राज महल उन पर जमीं हुई यादों की धूल को झटक कर आज भी ताजा कर रहे हैं.

खजुराहो के रमणीय जैन एवं हिन्दू मंदिर सारे विश्व में कला की उन्नति का एक नमूना है. चंदेलों द्वारा निर्मित इन मंदिरों में आध्यात्मिक शिक्षा, अपनापन, प्रभुत्व ने इसे यूनेस्को में एक प्रतिष्ठित स्थान दिलाया है. चाहे वह जगदम्बा मंदिर हो या लक्ष्मण या कंदारिया महादेव, चित्रगुप्त मंदिर, चौसठ योगिनी, ब्रम्हामंदिर, पार्श्वनाथ मंदिर हो या मतंगेश्वर सभी की अनूठी, जटिल एवं मार्मिक मूर्तिकला आपको अचंभे में डाल देगी. अपने पौराणिक गौरव एवं प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध धर्मनिष्ठ चित्रकूट कामदगिरी पहाड़, राम घाट, गुप्तगोदावरी, जानकी कुंड इत्यादि श्रद्धा और इतिहास से जोड़ता है.

सफेद शेरों का मैदान कहा जाने वाला सम्मोहक रीवा, राजसी गौरव में लिपटा गोविंदगढ़ महल और कोठर में स्थित बौद्ध स्तूप एक निराली झांकी प्रदान करता है. पास ही स्थित त्रिकूट पहाड़ी में शारदामाता का मंदिर और गोलामठ





मंदिर कलचुरी वंश की कलात्मकता को प्रदर्शित करता है. 2000 साल पुराना विलुप्त गिद्धों का घर, किला बांधवगढ़, मानव निर्मित गुफाएं एवं उनमें पत्थर कला एवं शिलालेख, 65 फुट लम्बी विष्णु भगवान की शेष शायी मूर्ति, यहाँ के ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व को दर्शाती हैं. तीर्थराज अमरकंटक में केशवनारायण मंदिर, पातालेश्वर महादेव मंदिर, श्रीयंत्र मंदिर, इत्यादि मंदिरें वास्तुकला की शान हैं.

वहीं संस्कारधानी जबलपुर पहुंचते ही हम देखते हैं कि 1000 वर्ष पुराना मदनमहल किला, 50 वर्ष पुरानी पिसनहारी की मढ़िया, प्रसिद्ध तिलवारा घाट, जहां महात्मा गांधी की अस्थियों का विसर्जन किया गया था एवं रानी दुर्गावती की याद में बना कलचुरी कला संग्रहालय विस्मयकारी शाही इतिहास को संजोए हुए हैं.

दो शहरों की एक कहानी और झीलों का शहर भोपाल अपने में ही हमें अनुरक्त कर देता है. नवाबों की बेगमों का राज हमें मोती मस्जिद, गौहरमहल, मस्जिदों का सम्राट ताजुलमस्जिद, सदर मंजिल आदि से पता चलता है. यहाँ की जरी और जरदोजी की कारीगरी तो भारत के भौगोलिक संकेतक बन चुके हैं.

भारत की सबसे पुरानी कला दीर्घा भीमबेटका में हमारा प्रवेश होता है, जहाँ 760 चट्टानों की छतरियां करीब 30 हजार वर्ष प्राचीन पुरातात्विक खजाना है. फिर वह चाहे वराह चट्टान हो या पशुवाटिका चट्टान या अन्य कोई! प्रबोधन का रास्ता साँची की ओर जाता है, जहाँ स्थित बौद्ध स्तूप, प्रधानप्याला- एक एकल पत्थर से कटा हुआ विशाल कटोरा जिसमें भोजन एकत्रित होता था. अनुयायियों की प्रतिमाएँ, उदयगिरी की गुफाएँ सांस्कृतिक प्रगति का नमूना है. रेशमी संबंधों के साथ विशाल इतिहास हमें चंदेरी से प्राप्त होता है, जहां बादलमहल, बत्तीसी बाउली, कोशक महल, शहजादी का रोजा, चंदेरी किला इत्यादि शांति से अपनी गाथा गा रहे हैं.

निष्ठा के त्यौहार उज्जैन में सांस्कृतिक धरोहरों की बहुतायत देखकर मन चकित हो उठता है. हिन्दुओं के सात पावन शहरों में से एक उज्जैन, मंदिरों के अलावा इतिहास का भी महत्वपूर्ण गढ़ रहा है. यह हर समय सम्राट अशोक का घर एवं मध्य भारत का राजनैतिक एवं वाणिज्यिक केन्द्र रहा है. विक्रम महल, हरसिद्धि मंदिर, बतिक कला, वेध शाला, गोपाल मंदिर इत्यादि प्राचीन से समकालीन इतिहास की गाथा कहते हैं.

पास ही स्थित सोलहवीं सदी से आज तक वाणिज्यिक केन्द्र, इंदौर शहर मराठाओं की शक्ति का प्रदर्शन करता है. जहाँ लालबाग महल, काँच मंदिर, राजवाड़ा, इत्यादि शहर में बिखरे हुए हैं. उत्कृष्ट कपड़े में बुना हुआ इतिहास महेश्वर में मिलता है, जहाँ चकाचौंध कर देने वाली रचनाएं और सुंदर मंदिरों की निधि आत्मा शांत कर देती है. अहिल्याबाई का किला, नर्मदा घाट, अखिलेश्वर मंदिर इत्यादि होल्कर मराठाओं की वीरगाथा सुना रहे हैं. दक्षिण भारत का द्वार श्रद्धेय ऐतिहासिक शहर बुरहानपुर अपनी सामरिक अवस्थिति के कारण इतिहास का केन्द्र बिन्दु रहा और मुगलों की बादशाहत का मध्यप्रदेश में नमूना है. अकबर द्वारा बनवायी गयी जामा मस्जिद, ताजमहल की तर्ज पर शाही किले में चित्रकारी, असीर गढ़ का किला, दरगाह-ए-हकीमी, शिकार घर, आहूखाना, कुंडी भंडारा इत्यादि हमें बचपन के इतिहास की किताबों में ले जाते हैं.

इस प्रकार हम देखते हैं कि कैसे उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक मध्यप्रदेश इतिहास की धारा में डूबा हुआ है. इसकी एक अलग ही



भाषा और अनोखी पहचान है. इसके अलावा कई ऐसी जगेहं भी हैं जो खंडहर हो चुकी हैं लेकिन एक समय झंकारों से गूँज उठती थी और अब जंगलों में छुपी हुई है, जिनकी पहचान उतनी नहीं हो पाई है. कई मूल राजकुल और उनसे जुड़ी यादें जैसे सिंगरौली स्थित माड़ा गुफाएं, विंध्य पहाड़ी में बाघ बिहार गुफाएं, गिन्नोर गढ़ का किला सिहोर, दशपुर किला मंदसौर, गोहद का किला भिंड, नरवर का किला, अजयगढ़ का किला, सिंगुरगढ़ दमोह इत्यादि भी हैं.

अंत में यही कहा जा सकता है कि अतुल्य भारत का अतुल्य मध्यप्रदेश, विरासतों से भरा हुआ है और इस पिटारे को जितना खोलते जाएँगे, उतने अजूबे बाहर आते रहेंगे. एक पर्यटन के शौकीन यात्री की हैसियत से मैं इतना ही कहूंगा कि 'हिन्दुस्तान का दिल देखो-वाह भईया'!

◆◆◆



**अंकेश पुरवार**
डगा शाखा

# हमारा शहर
# इंदौर



मध्यप्रदेश राज्य में, जनसंख्या की दृष्टि से इंदौर सबसे बड़ा शहर है. वास्तव में इंदौर मध्य प्रदेश की वाणिज्यिक राजधानी है. इसे प्रदेश का 'शिक्षा हब' भी कहा जा सकता है. यह एक ऐसा शहर है, जहाँ आई.आई.एम. (भारतीय प्रबंध संस्थान) एवं आई.आई.टी. (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान) एक साथ स्थित हैं. 730 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ यह प्रदेश का सबसे घनी आबादी वाला शहर भी है. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 1,994,397 की आबादीवाला शहर है इंदौर! भारत का सबसे पुराना शेयर बाज़ार 'मध्यप्रदेश स्टॉक एक्स्चेंज' इंदौर में ही स्थित है. यहाँ का अचल संपत्ति बाज़ार, मध्य भारत का सबसे महंगा बाज़ार है.

इंदौर शहर में 7000 से ज़्यादा छोटे-बड़े उद्योग हैं. इंदौर का एक महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र है पीथमपुर. जहाँ 400 से अधिक उद्योग हैं, जिसमें से लगभग 100 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त उद्योग हैं. यहाँ प्रमुख माल वितरण केंद्र और व्यापारिक मंडियाँ हैं. कृषि क्षेत्र में इंदौर गेहूँ, मूंगफली और सोयाबीन का प्रमुख उत्पादक है. इंदौर में नमकीन का भी एक बड़ा बाज़ार है.

सरकार की स्मार्ट सिटी मिशन में जिन 100 शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाना है, इंदौर उनमें से एक है. वर्ष 2016 एवं 2017 के स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत इंदौर लगातार प्रथम स्थान पर रहा है.

इतिहास का रुख करें तो, अठारहवीं सदी के मध्य में, इंदौर को मल्हार राव होल्कर द्वारा स्थापित किया गया था. सन 1733 में बाजीराव पेशवा ने 'इंदौर' मल्हार राव को पुरस्कार स्वरूप दिया था. उन्होंने इंदौर की प्राप्ति सहित होल्कर राजवंश की नींव रखी और इंदौर को अपनी राजधानी बनाई. मल्हार राव होल्कर की मृत्यु के उपरांत, महारानी अहिल्या बाई का शासनकाल (1756-1795 ई.) सबसे समृद्ध और सफल माना जाता है. 1818 से इंदौर ब्रिटिश शासन के अधीन आ गया.

आज़ादी के बाद, 1948 में मध्य भारत का गठन हुआ और इंदौर को राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाया गया. 1 नवम्बर 1956 में मध्य प्रदेश के गठन के साथ ही मध्य प्रदेश की राजधानी भले ही भोपाल बनायी गयी किन्तु मध्य प्रदेश की वाणिज्यिक राजधानी आज भी इंदौर ही है. इंदौर की जलवायु की बात करें तो यहाँ मुख्य रूप से 3 अलग-अलग मौसम है-गर्मी, वर्षा और शीत ऋतु. यहाँ काली मिट्टी की बहुतायत है. जनसंख्या के लिहाज से इंदौर जिले में 80% आबादी हिंदुओं की है. शेष धर्म के लोगों में मुसलमान, जैन, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध और अन्य धर्मों के लोग यहाँ रहते हैं. इंदौर की साक्षरता दर 87.38% है. हिन्दी इंदौर की आधिकारिक भाषा है.

इंदौर और उसके आस-पास बहुत सारे प्रमुख दर्शनीय स्थल जैसे-राजबाड़ा, शिवविलास पैलेस, लालबाग, मल्हार आश्रम, मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति, गोपाल मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, बांकेबिहारी मंदिर, जनरल लाइब्रेरी, आड़ा बाजार, बिजासन माता मन्दिर, अन्नपूर्णा देवी मन्दिर, यशवंत निवास, जमींदार बाड़ा, हरसिद्धी मंदिर, पंढ़रीनाथ, टाउन हॉल, शिवाजी राव स्कूल, अहिल्याश्रम, एसपी ऑफिस, छत्रीबाग, ओल्ड मेडिकल कॉलेज, आर्ट स्कूल, होल्कर कॉलेज, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, एम.वाय अस्पताल, माणिक बाग, सुखनिवास, फूटीकोठी, दुर्गादेवी मंदिर, इमामबाडा, गणेश मंडल, बक्षीबाग, खजराना मंदिर, कांच मंदिर, श्री ऋद्धि सिद्धि चिन्तामन गणेश मंदिर, कुम्हार मोहल्ला, जूना इंदौर आदि इन्दौर की प्रमुख धरोहरें हैं.

इंदौर में 10 मई 2013 से 'आई बस' के माध्यम से रैपिड ट्रांजिट प्रणाली की शुरुआत की गयी, जिसके माध्यम से वातानुकूलित बसों की सेवाएं आम जनता को उपलब्ध करायी जा रही हैं. 'आई बस' के माध्यम से, इंदौर के कई दर्शनीय स्थलों की सैर की जा सकती है. अटल बिहारी वाजपेयी क्षेत्रीय पार्क भी इन्हीं में से एक है. इसके साथ ही कमला नेहरू संग्रहालय और इंदौर का चिड़िया घर भी देखने लायक जगहों में से एक है. वहीं सिनेमा के दीवानों के लिए भी यहाँ कई सिनेमा घर मौजूद है.


शिक्षा के क्षेत्र में इंदौर सबसे प्रसिद्ध शहरों में से एक है. आई.आई.एम. और आई.आई.टी. के साथ ही सोशल वर्क इंदौर स्कूल (ISSW) सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में एक स्कूल है जो दोनों शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में कार्य करता है. यह संस्थान, वर्ष 1951 से पेशेवर सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है. इसके साथ ही, देवी अहिल्या विश्वविद्यालयय, जो डी ए वी वी (पूर्व में 'इंदौर विश्वविद्यालय' के रूप में जाना जाता था) के रूप में कई ऑपरेटिंग कॉलेजों के साथ इंदौर में एक विश्वविद्यालय के रूप में स्थित है. यह शहर के भीतर तक्षशिला परिसर (भंवरकुआं चौराहे के पास) में एक और रवींद्रनाथ टैगोर रोड,

इंदौर में स्थित है. विश्वविद्यालय सहित कई भाग यहाँ क्रियाशील हैं जैसे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस), संगणक विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी का विद्यालय (SCSIT), कानून के स्कूल (एसओएल), इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी), शैक्षिक मल्टीमीडिया रिसर्च सेंटर (EMRC), व्यावसायिक अध्ययन के इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट (आईआईपीएस), फार्मेसी स्कूल, ऊर्जा और पर्यावरण अध्ययन के स्कूल-एम टेक के लिए प्राइमर स्कूलों में से एक (ऊर्जा प्रबंधन), पत्रकारिता के स्कूल, इत्यादि. इंदौर में महात्मा गांधी स्मारक चिकित्सा महाविद्यालय स्थित है.

इंदौर के आस-पास की प्रसिद्ध जगहों में महेश्वर है, जो महेश्वर महादेव के मंदिर और हाथ करघा उद्योग के लिए जाना जाता है. मांडू अपने ऐतिहासिक महलों के लिए जाना जाता है. पातालपानी, सीतला माता, टिनचा में सुंदर झरने स्थित हैं.

खेल कूद में भी इंदौर किसी बड़े शहर से पीछे नहीं है. क्रिकेट शहर का सबसे लोकप्रिय खेल है. इंदौर मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (MPC) और क्रिकेट के लिए होल्कर क्रिकेट स्टेडियम प्रसिद्ध है. इंदौर शहर में, विभिन्न खेलों को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न क्लब एवं स्टेडियम स्थित हैं.

इंदौर की बात खान-पान के बगैर ख़त्म हो ही नहीं सकती. वास्तव में इंदौर चटोरों का शहर है. इंदौर का पोहा-जलेबी, कचौरी, समोसे, पेटीस, मालपुए इत्यादि पूरे देश में प्रसिद्ध हैं. यहाँ की प्रसिद्ध दुकानों में छप्पन दुकान, गुरु कृपा, नेमा की गज़क और कुल्फी, जोशी के दही बड़े, रवि अल्पाहार के व्यंजन, ऐसे अनगिनत व्यंजनों की दुकानें यहाँ मौजूद हैं. नमकीन तो शहर की रग-रग में बसा है. इंदौर का नमकीन पूरे भारत में प्रसिद्ध है. वास्तव में इंदौर अपने आप में एक संपूर्ण शहर है, अतिशयोक्ति की बात नहीं कि इसे मिनी बॉम्बे कहा जाता है. तो ऐसा है, मेरा शहर इंदौर. uuu



**राजेश कुमार**
क्षे.का. इंदौर



# संस्कार धारी जबलपुर

जबलपुर भारत के मध्यप्रदेश राज्य में स्थित एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक शहर 367 वर्ग कि.मी. में फैला है. जबलपुर को 'संस्कार धारी' भी कहा जाता है. यह संज्ञा आचार्य विनोबा भावे द्वारा दी गयी थी. यहाँ हर धर्म और जाति के लोग रहते हैं. जैसे हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, जैन, बंगाली, पारसी इत्यादि. जबलपुर शहर की विशेषता की बात करें तो इसे 'हार्ट ऑफ इंडिया' भी कहा जाता है. कर्क रेखा जबलपुर शहर से होकर गुजरती है. यहाँ हर धर्म, जाति के लोग अपनी भाषाएँ बोलते हैं पर जबलपुर की मुख्य भाषा हिन्दी है. इसके अलावा बुन्देलखंडी और जबलपुरिया भी बोली जाती है.


जबलपुर का शाब्दिक अर्थ चट्टानों का शहर है. जबलपुर-जबाई (चट्टान) + पुर (शहर). 'बाई' अरैबिक तथा 'पुर' संस्कृत शब्द है. जबलपुर का प्राचीन नाम 'जबलीपुरम' हुआ करता था. क्योकि इसका संबंध महर्षि जबाली से है जो जबलपुर में निवास करते थे. जबलपुर की एक पहाड़ी पर मदन महल किला स्थित है जो 1100 ईसवी में राजा मदन सिंह द्वारा बनवाया गया पुराना गौंड किला है. इसे तालों (तालाब) का शहर भी कहा जाता है. यहाँ स्थित रानीताल, भवरताल, हनुमान ताल, हाथीताल, मढ़ीताल इत्यादि गौड़ राजाओं द्वारा निर्मित किए गए हैं. यहां कई प्राचीन मंदिर भी हैं, जिनमें से एक भेड़ाघाट में स्थित चौसठ योगिनी मंदिर है जहां प्राचीन चट्टानों से बनाई गई कलाकृतियाँ हैं. इस शहर से होकर पवित्र नर्मदा नदी गुजरती है. यहाँ माँ नर्मदा के तट पर दो प्रसिद्ध घाट हैं, ग्वारीघाट एवं भेड़ाघाट! ग्वारीघाट में प्रतिदिन शाम 7.30 बजे माँ नर्मदा की महा आरती का आयोजन किया जाता है तथा भेडाघाट अपने अलौकिक सुंदर संगमरमर के कारण प्रसिद्ध है. भेड़ाघाट के ही समीप धुंआधार स्थित है.

जबलपुर शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी आगे है. जबलपुर में 5 विश्वविद्यालय हैं-रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, म. प्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय! मध्यप्रदेश के कई गाँव, छोटे शहरों से छात्र जबलपुर आकर शिक्षा ग्रहण करते हैं तथा जीवन में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करते हैं.

जबलपुर संभाग में पांच कार्यालयों का मुख्यालय स्थित है. मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल कार्यालय, मध्यप्रदेश हाई कोर्ट, पश्चिम मध्य रेल का मुख्य कार्यालय, भारतीय थल सेना के 5 राज्यों का मुख्य कार्यालय, TFRI (Tropical forest Research Institute). जबलपुर को 'डिफेंस आर्मामेंट मैन्यूफेक्चरिंग हब' मतलब सेना के हथियार बनाने का केंद्र भी कहा जाता है. यहाँ भारतीय थल सेना के 3 कारख़ाने जी सी एफ़ (गन कैरिज फेक्ट्री), पीइकल फैक्ट्री तथा आंर्डिनेंस फैक्ट्री स्थित है.

जबलपुर शहर में रानी दुर्गावती का किला, भेड़ाघाट, बारगी डैम, त्रिपुर सुंदरी मंदिर, शिव मंदिर जो कचनार सिटी में स्थित हैं. डुमना नेचर पार्क, गुप्तेश्वर मंदिर आदि प्रसिद्ध स्थल है.

जबलपुर ने भारत को अनेक कलाकार दिये हैं. साहित्य क्षेत्र में गोविंद दास, भवानी प्रसाद मिश्रा, सुभद्रा कुमारी चौहान एवं हरिशंकर परसाई जैसे प्रसिद्ध साहित्यकार जबलपुर के इतिहास के पन्नों पर सुशोभित हैं. जबलपुर एक ऐसा सुंदर और प्रसिद्ध शहर है जो लोगों को उनकी संस्कृति से जोड़ता है और आपस में भाईचारा सिखाता है. uuu



**दीपाली लोधी**
राँझी खमरिया शाखा,
जबलपुर



# रीवा क्षेत्र

वर्तमान वैश्विक मानचित्र में जब कभी भी सफेद शेर का जिक्र होता है तो सभी वन्य जीव से संबंध रखने वाले प्रकृति प्रेमियों का ध्यान भारत वर्ष के मध्य प्रांत के जिस सीमावर्ती जिले की ओर जाता है, उसे लोग 'रीवा' के नाम से संबोधित करते हैं. क्योंकि वर्ष 1951 में रीवा रियासत के अंतिम महाराजा श्री मार्तंड सिंह ने शिकार के दौरान स्थानीय गोविंदगढ़ के जंगलों में धवल केसरी शावक देखा और उसका शिकार करने के बजाए उसे गोद लिया और सफेद शेर के रूप में इसके वंशज को संपूर्ण विश्व में प्रसारित किया.

वर्तमान में रीवा क्षेत्र के अंतर्गत रीवा, सीधी, सिंगरौली, सतना, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया तथा पन्ना जिले आते हैं, जो कि विंध्य पर्वत श्रेणी से सीमाबद्ध हैं. प्रकृति ने जंगल, पहाड़, मैदान, खनिज-संपदा, वन्यजीव, नदियां, झरने आदि सभी उन्मुक्त हृदय से दिया है. जोकि स्थानीय लोगों के जीवन यापन के साधन हैं.

रीवा प्राचीन काल से ही व्यापारिक रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उत्तर भारत के महत्वपूर्ण अंगों जैसे कौशांबी, प्रयाग, वाराणसी, पाटलिपुत्र, मगध, इंद्रप्रस्थ आदि को पश्चिमी और दक्षिण भारत को जोड़ने का माध्यम रहा. बघेल शासकों से पूर्व यह क्षेत्र चंदेल कलचुरी एवं प्रतिहार शासकों के अधीन था.

### भौगोलिक विस्तार

रीवा क्षेत्र की उत्तर दिशा में निकटतम राज्य उत्तर प्रदेश की सीमा को स्पर्श करते हुए सतना एवं रीवा जिले हैं, दक्षिण में शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर जिले हैं जो कि निकटवर्ती महाकौशल प्रांत के डिंडोरी, जबलपुर एवं कटनी जिले से लगे हैं. पूर्व की ओर सीधी और सिंगरौली (24 मई, 2018) जिले हैं, जबकि पश्चिम में पन्ना जिला (हीरों की खदानें) है जो कि सागर एवं छतरपुर जिले को स्पर्श करता है.

### अर्थव्यवस्था

रीवा क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में प्रमुख रूप से कृषि, पशुपालन, वनोपज के साथ-साथ खनिज आधारित उद्योग, पर्यटन तथा लघु एवं कुटीर उद्योग हैं. यहां की प्रमुख फसलों में धान, सोयाबीन, मक्का, ज्वार आदि खरीफ में तथा गेहूं, चना, सरसों, आदि रबी में हैं. क्षेत्र में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थाएं कृषि तकनीकी के प्रचार-प्रसार में संलग्न हैं.

अनेक प्रकार के खनिज लवण जैसे कि चूना पत्थर से सिलिका पत्थर, सोप स्टोन (टाक), कोयला, हीरा तथा औद्योगिक तत्व जैसे फास्फेट एसबेसटस, केल्साइट इत्यादि बहुतायत में हैं, जिसके चलते यहां सीमेंट उद्योग में कई कॉर्पोरेट जैसे प्रिज्म सीमेंट, बिरला सीमेंट, अल्ट्राटेक, जेपी सीमेंट और रिलायंस सीमेंट फैक्ट्री हैं.

कोयले की प्रचुरता के कारण एनसीएल, एस्सार, जे पी के आदि भी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहे हैं.

भारतवर्ष का सबसे बड़ा सोलर पावर प्लांट, बाण सागर, टोंस जल परियोजना के हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट तथा सिंगरौली जिले में अनेक थर्मल पावर प्लांट हैं.

लघु एवं कुटीर उद्योगों में चित्रांकन, शिलालेख, शिल्प कला के साथ सुपारी के खिलौने, मूर्तियां उल्लेखनीय हैं.

### संस्कृति

रीवा के रहन-सहन, वेशभूषा में प्रकृति तथा समृद्ध इतिहास की झलक मिलती है जो इसे अन्य पड़ोसियों से भिन्न बनाते हैं. बसंत पंचमी और शिवरात्रि के त्योहार में रीवा में महामृत्युंजय मंदिर में मेला लगता है जो कि क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक मेला है.

इस क्षेत्र में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामीण विश्वविद्यालय, श्री रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय शिक्षा क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं.

### बोली एवं भाषा

यहां की प्रमुख बोली बघेली एवं बुन्देली है.

तुलसी संग्रहालय, रामवन सतना, वर्ष 1978 में स्थापित राममोहन संग्रहालय भारत के पुरातत्व अवशेषों के संकलन में तीसरा स्थान रखता है. गुप्तकालीन प्रतिमाओं का अनूठा संकलन और प्रदर्शन यहां हुआ है. यहां लगभग 250 लिखित ग्रंथों के भंडार, जिसमें 67 सचित्र हस्त लिखित ग्रंथ भी हैं. इसके अतिरिक्त देशी-विदेशी एवं देश के विद्वानों और महापुरुषों विचारकों के हस्ताक्षर का अनूठा संग्रह भी यहां है.

वर्ष 1988 में स्थापित पन्ना संग्रहालय में गुप्त, चंदेल एवं कलचुरी काल की पाषाण प्रतिमाएं प्रदर्शित हैं. यहां पर चांदी और तांबे के सिक्कों का संकलन बहुत है.

विंध्य पर्वतमाला के मध्य में नैसर्गिक सौंदर्य के लिए रमणीक पर्यटन स्थल चित्रकूट है, जिसमें प्रमुख है कामदगिरि पर्वत तथा उसके परिक्रमण पथ में स्थित मंदिर, सती अनुसुइया, लक्ष्मण पहाड़ी, हनुमान धारा तथा गुप्त गोदावरी आदि.

तानसेन: अकबर के नवरत्नों में से एक संगीतज्ञ.

बीरबल: अकबर के नवरत्नों में से एक ! इनका जन्म सीधी जिले में हुआ. रीवा रियासत के राजा रामचंद्र ने अकबर को भेंट स्वरूप इन्हें प्रदान किया था.

सर्वाधिक बाघों के घनत्व वाला बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान और बांधवगढ़ का किला यहीं है.

अनूपपुर जिले के अमरकंटक से मध्य प्रदेश की जीवन दायिनी नर्मदा नदी का उद्गम होता है.

रीवा रियासत के महाराजा गुलाब सिंह ने सर्वप्रथम हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया था. इन्हें आधुनिक शासन पद्धति के प्रणेता के रूप में भी जाना जाता है.

मध्य प्रदेश का इकलौता जिला रीवा है जहां सिलिका सैंड प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है तथा मध्य प्रदेश का एकमात्र सैनिक स्कूल भी रीवा में ही स्थित है. uuu



**देवेंद्र शुक्ल**
क्षे.का., रीवा

# ऐतिहासिक शहर ग्वालियर



ग्वालियर एक ऐतिहासिक शहर है जिसने कई दास्ताने अपने आगोश में समेट रखी हैं. ग्वालियर शहर को अनगिनत शिल्प और सहस्त्रों वर्ष पुराना इतिहास याद है. पूर्व में इस स्थान को गोपाचल पर्वत, गोपगिरि, गोपाद्रि या गोमांत नामों से जाना जाता था. इतिहासकार फरिश्ता का कथन है कि इसकी स्थापना मालवा के राजा माल चंद्र ने की थी. किंवदंतियों और दंत कथाओं के अनुसार ग्वालियर की स्थापना का श्रेय कछवाह नृपति राजा सूरज सेन को दिया गया है. लोगों की मान्यता है कि नृपति सूरज सेन आखेट के लिए इधर आया तो भटक गया. सिद्ध ग्वालिपा ने पानी मांगने पर सूरज सेन को पानी पिलाया और कृतज्ञ राजा ने संत ग्वालिपा के आदेश पर वहां किले का निर्माण कराया और सूरज कुंड नाम से सरोवर का विस्तार किया. अधिकांश इतिहासकार ग्वालियर की स्थापना को संत ग्वालिपा से जोड़ते हैं. ग्वालियर ने प्राचीन और मध्य युग में अनेक राजवंशों और सल्तनतों का उत्थान-पतन देखा है. 12 वीं सदी के अंत से शुरू होती है, ग्वालियर के आक्रांत होने की दुर्भाग्य गाथा. मानसिंह 1486-1517 के काल में ग्वालियर दुर्ग ने विस्तृत रूप पाया. मोती झील समेत अनेक सरोवरों, झीलों का निर्माण हुआ और संगीत में ग्वालियर की ख्याति इतनी फैल गई कि 'आईन-ए-अकबरी' में वर्णित बादशाह अकबर के दरबार के छत्तीसगुणी गायकों में से संगीत सम्राट तानसेन सहित 16 गायक ग्वालियर घराने के थे. जब तक राजा मान सिंह जीवित रहे ग्वालियर का किला अजेय रहा. 26 सितंबर 1528 को शहंशाह बाबर ग्वालियर आया और 1542 में शेर शाह सुरी यहां आने को बाध्य हुआ. मुगल काल में ग्वालियर इस्लामी शिक्षा का प्रतिष्ठित केंद्र बनकर उभरा तथा ग्वालियर में सूफी संप्रदाय भी खूब फला-फूला. ग्वालियर सूफी संत मोहम्मद गौस का ठिकाना रहा, जहां गायक तानसेन ने संगीत की शिक्षा पाई थी.

18वीं सदी में ग्वालियर के नसीब ने करवट बदली और मराठों का उत्कर्ष हुआ. महादजी सिंधिया के काल में ग्वालियर बहुत समृद्धशाली हुआ. 12 फरवरी 1794 को महादजी का देहांत, मराठा साम्राज्य के लिए दुर्भाग्य और ईस्ट इंडिया कंपनी के लिए सौभाग्य लेकर आया. महादजी सिंधिया का नाम ग्वालियर के इतिहास में अमर रहेगा. 1857 में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने ग्वालियर के इतिहास में अद्भुत पराक्रम का परिचय दिया और यहां वीरगति पाई. रानी लक्ष्मीबाई की समाधि ग्वालियर में स्थित है.

ग्वालियर में आधुनिक शिक्षा का सूत्रपात 1840 ईसवी से हुआ 1897 में सिंधिया सरकार ने तालीम के लिए अलग सिंधिया स्कूल की नींव रखी. ग्वालियर में शिक्षा और जन सुविधाओं के प्रसार का श्रेय महाराज माधवराव सिंधिया को जाता है. वे आधुनिक सोच के दूरदर्शी राजपुरुष थे. महाराज सिंधिया ने पुरातत्व विभाग की स्थापना सन 1913 में की. उनके उत्तराधिकारियों, जीवाजीराव सिंधिया और माधवराव सिंधिया ने उनके द्वारा रोशन इस परंपरा को और आगे बढ़ाया. जीवाजी राव ने महारानी गजरा राजे सिंधिया की स्मृति में मेडिकल कॉलेज की नींव रखी, जिसका उद्घाटन 1948 में सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया. सिंधिया घराने की जागरूकता की वजह से ही ग्वालियर में स्कूल-कॉलेज, नगर पालिका रेलवे स्ट्रीट लाइट तथा नगरों में मूलभूत सुविधाओं को लाया गया. 1851 में जयाजीराव सिंधिया के काल में रियासत की ओर से साप्ताहिक अखबार 'ग्वालियर' का प्रकाशन किया गया, जो आज 'मध्य प्रदेश संदेश' में परिवर्तित होकर नियमित प्रकाशित हो रहा है.

ग्वालियर का संस्कृत, अपभ्रंश और खड़ी बोली के साहित्य में मुख्य योगदान रहा है. यहां जैन साहित्य की समृद्ध परंपरा भी रही है. आधुनिक उर्दू के विकास में फैयाज ग्वालियरी का योगदान अहम है. मुज्तर खैराबादी, जानिसार अख्तर, जावेद अख्तर, निदा फाजली, वकार सिद्दीकी से लेकर उषा खन्ना का ग्वालियर की माटी से रिश्ता है. यह रिश्ता अटल बिहारी वाजपेई और शिवमंगल सिंह 'सुमन' को भी अपनी परिधि में समेटता है. ग्वालियर में ऐसा बहुत कुछ है जो उसकी गंगा जमुनी तहजीब व सेकुलर मिजाज का परिचय देता है. कहते हैं, छत्रपति शिवाजी महाराज औरंगजेब की कैद से निकल कर भागे थे तो यहां दरगाह ख्वाजा खानून की विशाल गुफा में कुछ देर छिपे थे. यहां पद्मा विद्यालय से शाही ताजिया उठता था. फूलबाग की वास्तु वस्तुतः समावेशी संस्कृति की परिचायक है, जिसमें थियोसोफिकल लॉज, मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे का मेल है. ग्वालियर का दुर्भाग्य है कि उसके पास जल स्रोत नहीं हैं. यही वजह है कि उसके मिजाज में तरलता नहीं है. सिंधिया राजघराने के वर्तमान कर्णधार ज्योतिरादित्य सिंधिया का होना ग्वालियर वासियों को गौरव की बात से भर देता है.

ग्वालियर के मोदक बहुत प्रसिद्ध हैं. बहादुरा के लड्डू अटल जी को बेहद पसंद थे. यहां की बेड़ई और गज़क भी मशहूर हैं. ग्वालियर का महाराज बाड़ा अपनी ऐतिहासिक इमारतों के लिए विख्यात है. यहां विक्टोरिया मार्केट (ब्रिटिश), स्टेट बैंक भवन (ग्रीक), टाऊन हॉल (फ्रेंच एवं इटली) की कलाकारी है, जो आपको लश्कर के अंदर देखने को मिलती है.

दिल्ली-भोपाल मुख्य मार्ग पर उपस्थित होने के बावजूद ग्वालियर शहर का जितना विकास होना चाहिए था उतना नहीं हुआ है. भले ही ग्वालियर आजादी पूर्व मध्यप्रदेश की राजधानी के तौर पर जाना जाता था. परंतु आजादी के उपरांत से अब तक आधुनिकता के विकास में ग्वालियर पिछड़ गया है. फिर भी यह शहर इतिहास, शिक्षा, संगीत के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाए हुए है और आधुनिकता एवं तकनीक की ओर अग्रसर है. uuu




**सोवन सेनगुप्ता**
क्षे. का., ग्वालियर

# ART & CRAFTS IN THE HEART OF INDIA







### Bamboo And Cane : Utility Meets Art

From the rural plateaus of Madhya Pradesh emerges the exquisite Bamboo and Cane art work. The tribal communities of Gond, Baiga and Korku render such deft artisans that transform the abundantly available Bamboo and Cane (mainly in regions of Shahdol, Balaghat, Mandla and Seoni.) into functional artefacts such as Agricultural implements, Fishing Traps, Baskets and many more such viable work.

### Carpets : Art That Will Sweep You Off Your Feet

Ever since the Mughals bequeathed their carpet making skills to the artisans of Gwalior, these carpets have become the voice of the rural craftsmen. The immaculate weaves and the bright colours take you into the astounding world of beautiful patterns and intricate designs that no art lover would dare to miss. This beautiful blend can be found in Gwalior, Shahdol and Mandla.

### Durries : Pamper Your Floors

The flat carpets woven with thick Cotton are cardinal accessories to a Central Indian household. These hail from the rural homes of Sironj, Jhabua, Rajgarh and Jabalpur manufactured by the nimble hands of the rural women. Available in an array of different motifs from Floral to Human these Durries appeal to the pragmatic appearance of a household.

### Folk Paintings : Heritage Oozing From The Fingertips

The Infamous Folk Paintings of Madhya Pradesh portray the Pre Historic times with all of its social and cultural idiosyncrasies. One finds a myriad of techniques moving from one region to the other. For example the Chiteras of Bundelkhand etch their artwork through their bare fingers whereas Mandana are exquisite wall and floor paintings prevalent in the Malwa, Nimar and Tanwargarh regions, and the Bhilala tribals paint Myths in their infamous Pithora paintings.

### Metal Craft : Beacon Of Prosperity And Skill

The Unique Metal craft of Madhya Pradesh leaves a mark on every onlooker's conscience. The skilled craftsmen seem to have put life in the deftly created artwork. Creative designs are curved into metals and shaped into figurines, ornamental boxes and decorative statuettes.

Bundelkhand Region, Tikamgarh Districts, Rajgarh and Sarguja are major center for metal work in Madhya Pradesh.

### Ornament Craft : A Bond With Nature

If you have laid eyes on a tribal girl then you are familiar with the immense joy and the spirit of merriment it kindles in a person even if you aren't the one who has been adorned with those gorgeous beaded necklaces, huge ear droplets, blingy nose rings along with heavy metallic bangles in arms and feet. The ornaments are intricately designed and made out of sheer love for different textures and colours.

You can find these ornaments : a combination of ingenious artwork and natural raw material such as straw and wax in the regions of Tikamgarh, Sheopur-Kalan, Jhabua, and Malwa and Nimar.

### Paper Mache : From Scrap To Ingenuity

The Infamous Paper Mache craft form manifests itself from the cities of Ujjain, Gwalior, Bhopal and Ratlam of Madhya Pradesh. The Simple yet Fascinating art form dates back to the ancient times and brings to life dissimilar kinds of very well crafted birds with the artisans using natural colours and Mache to create immaculate replicas of living birds.

### Terracotta : Shades Of Baked Earth

Away from the muddling of the modern civilization, the potteries modelled by the craftsmen of Bastar are striking and favoured by the stark contrast of simplicity and a realisation of the deep values of life by the rural folk. The splendid Terracotta works mark the very initial attempts of artisanship by the human civilization. These articles vary in colours and figures available in Pink, Brown, Red to Light and Dark Grey and the figures shaped into animals

like elephants, birds, serpents and horses. Bundelkhand and Rajgarh are the famed regions for manufacturing of these ceramic crafts.

### Textile Weaving And Printing : Culture Woven Into Threads

Madhya Pradesh has been a reigning manufacturer of Textile weaving ever since Seventh Century BC to Second Century BC. The rich culture of the state flows in its delicate yet royal variety of weaves like the celebrated Chanderi, Maheshwari and the Kosa Silk. The Chanderi is prominently woven in the Guna district, consists of intricately woven borders and fine motifs, The Maheshwari saris are woven in Maheshwar which lies on the banks of Narmada River and the beautiful weaves are mainly characterised by its simplicity weaved on Cotton and Silk fabrics. Tussar silk also known as Kosa silk are woven by the Devangan Community of Madhya Pradesh. The major weaving centres lie in Rajgarh and Champa districts of Madhya Pradesh.

If we talk about printing, Batik is a process in which the fabric is painted with molten wax and then dyed in cold dyes. You can also find dress material, bed sheets, lungis and duppattas in Madhya Pradesh apart from saris. There are numerous designs and colours available in Batik and they are famous for their contrast colour schemes. Bhairavgarh became the hub of Batik printing in Madhya Pradesh, when craftsmen from Gujarat and Rajasthan migrated here during the reign of the Mughals, around 400 years ago. Batik is done on a large scale in Indore and Bherongarh.

Another fascinating print is the traditional Hand Block Print or Bagh Print which derives its name from the place where it is manufactured, Bagh, Madhya Pradesh. Bagh uses natural colours and generally has attractive geometric and floral compositions and motifs.

### Zari Work : Grandeur Of The Heart Of India

The capital city of Madhya Pradesh is not only famous for its rich legacy of Arts and Craft but also for its intricate craftsmanship of the Zari Work. The artisanship has been prevalent for over Three Hundred Years and inherits the same exquisite charm and grandeur of the glorious days of the emperors who proved to be the patrons of Art and Architecture in the region.

Apart from Bhopal the art is widely practised in Gwalior and Indore.

### Tie And Die : Ingrained Hues Of Tradition

The art of tying and dyeing of fabric is known as Bandhani or Bandhej in Madhya Pradesh. This delicate technique represents the earliest forms of designing and patterning. Parts of the fabric are tied with thread or twined into minute knots and then dipped into dye. The popular motifs include the dotted pattern that is created by chains of grain on the body of the fabric with detailed designs on the borders. Birds, flowers, several shapes are popular motifs.

Mandsaur produces excellent Bandhej. Tarapur and Umedpura are the main centres whereas Bhairongarh near Ujjain is a smaller centre. Skilled craftsmen of Indore and Ujjain are also producing exquisite samples of Tie and dye. Pillya, a woman's upper garment is made in the Bandhani style and is a specialty of Jawad.

### Stone Carving : Testimony Of Masonic Brilliance

One of the oldest forms of art and crafts of Madhya Pradesh, meticulously done Stone carving can be prominently seen almost all throughout the state. Spectacular monuments in Gwalior and Orchha, erotic stone sculptures of Khajuraho and Vidisha's rock-cut temples, every region of this state has got its distinct and unique style. The old structures prove the prevalence of stone carvings during the historical times. The region of Bastar creates memorial stone pillars as well as statues of gods and goddesses of the tribal communities. Jaal work is the specialty of Gwalior whereas; Jabalpur and Tikamgarh specialize in decorative pieces of work like human statues and animals.

### Stuffed Toys : Dexterity Packed In Skin

The stuffed toys in Madhya Pradesh are skilfully crafted with much expertise and perfection. This art form is usually practiced in a hereditary way. These well crafted, leather made- wild horses, camels, tigers etc. can be easily found in the large emporiums in the state. You can find this form of art majorly prevalent in the commercial capital of the state, Indore.

### Jute Work : Tantalizing Fibres

The natural colour and course texture of Jute maintains its unique identity and charm .From decorative items like baskets, table mats, hanging lamps and flower vases to functional items such as hammocks, swings, purses and footwear; Jute solves all the purposes. As it is the second cheapest textile fibre, it is widely used for packaging agricultural and industrial products. Major jute work is prevalent in places like Bhopal, Gwalior, Indore and Raipur.

### Wood Craft : Glory Sculpted In Timber

The beautiful works of woodcraft can predominantly be noticed in various parts of the wood art in architecture. It is a traditional art form of the state. It truly exhibits a person's ingenuity and efficiency when you see them transforming a simple log of wood into an extraordinary object of art. The intricately embellished wooden ceilings, doors and the meticulously carved motifs and patterns are worth noticing.

This scrupulous craftsmanship indicates the rich traditional culture and heritage of the Heart of the nation! u u u

**Ashishkumar Patel**
FGMO, Bhopal





# मध्य प्रदेश के उद्योग

मध्यप्रदेश, भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है, जो प्राकृतिक संसाधनों, स्वास्थ्यकर वातावरण और उपजाऊ कृषि वातावरण स्थितियों से संपन्न है.

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में काफी बदलाव आया है. बाजार की ताकतों ने औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश प्रवाह को निर्देशित करना शुरू कर दिया है. आर्थिक विकास के लिए औद्योगिक विकास में निवेश बढ़ाना, मध्यप्रदेश के लिए प्रमुख केंद्रित क्षेत्रों में से एक है.

मध्य प्रदेश राज्य राजस्थान और उत्तर प्रदेश के साथ मिलकर 'चंबल' राज्य की उत्तरी सीमा बनाता है. इसकी घाटी की भूमि ऊबड़ - खाबड़ है. मध्य प्रदेश की मिट्टी को दो भागों में बाँटा जा सकता है-

**1. काली मिट्टी-** यह मालवा के पठार के दक्षिणी भाग, नर्मदा घाटी और सतपुड़ा के कुछ भागों में मिलती है. इसमें चिकनी मिट्टी का कुछ अंश रहता है, भारी वर्षा या बाढ़ के पानी से सिंचाई से काली मिट्टी जलावरुद्ध हो जाती है.

**2. लाल-पीली मिट्टी-** इसमें कुछ मात्रा बालू की रहती है. यह शेष मध्य प्रदेश में पाई जाती है.

कृषि राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है. राज्य की 74.73 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और खेती पर ही निर्भर है. राज्य की लगभग 51 प्रतिशत ज़मीन खेती योग्य है. गेहूँ, चावल, दलहन जैसी प्रमुख फ़सलों का उत्पादन भी अच्छा होता है. 20 ज़िलों में 'राष्ट्रीय बागवानी मिशन' क्रियान्वित किया गया है. बाग़वानी और खाद्य प्रसंस्करण विभाग नाम से अलग विभाग का गठन किया गया है.

**कृषि योग्य भूमि** चंबल, मालवा का पठार और रेवा के पठार में मिलती हैं. नदी द्वारा बहाकर लाई गई जलोढ़ मिट्टी से ढ़की नर्मदा घाटी उपजाऊ इलाक़ा है. मध्य प्रदेश की कृषि की विशेषता कृषि की परम्परागत पद्धति का उपयोग है. कृषि योग्य भूमि का केवल 15 प्रतिशत भाग ही सिंचित है, राज्य की कृषि वर्षा पर निर्भर है और बहुधा कृषकों को सूखे व लाल-पीली मिट्टी के कारण नमी की कम मात्रा का सामना करना पड़ता है. मध्य प्रदेश में होने वाली सिंचाई मुख्यतः नहरों, कुओं, गाँवों के तालाबों और झीलों से होती है.

**प्रमुख फ़सलें** चावल, गेहूँ, ज्वार, दलहन (चना, सेम और मसूर जैसी फलियाँ) और मूँगफली हैं. अधिक वर्षा वाले क्षेत्र में मुख्यतः चावल उगाया जाता है. पश्चिमी मध्य प्रदेश में गेहूँ और ज्वार अधिक होता है. अन्य फ़सलों में अलसी, तिल, गन्ना और पहाड़ी क्षेत्रों में उगाया जाने वाला ज्वार-बाजरा प्रमुख है. राज्य अफ़ीम, मंदसौर ज़िले में और मारिजुआना, दक्षिणी-पश्चिमी खांडवा ज़िले में, का उत्पादक राज्य है. मध्य प्रदेश में पशु पालन और कुक्कुट पालन भी महत्त्वपूर्ण हैं.

मध्यप्रदेश में उद्योग काफी हद तक प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर है. यहां चूना पत्थर, कोयला, तिलहन, दालें, बॉक्साइट, लौह अयस्क, हीरा, तांबा अयस्क, मैंगनीज अयस्क, रॉक फॉस्फेट, सिलिका, सोया, कपास और अन्य प्राकृतिक संपदा प्रचुर मात्रा में है. राज्य में कपड़ा, सीमेंट, इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल और ऑटो कम्पोनेंट, फार्मा और ऑप्टिकल फाइबर जैसे क्षेत्रों के लिए एक मजबूत औद्योगिक नींव बनी हुई है. राज्य में निवेश को आकर्षित करने के लिए मध्यप्रदेश संसाधनों से समृद्ध राज्य है. प्रगतिशील नीतियों और सक्रिय उपायों के माध्यम से सरकार लगातार कारोबारी माहौल में सुधार कर रही है. मध्यप्रदेश के संसाधनों और निवेश के अवसरों के बारे में निवेशकों में जागरूकता पैदा करने के लिए राज्य सरकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की संगोष्ठी का आयोजन करती है. अपने संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग और निवेशकों के लिए एक सुविधाजनक वातावरण बनाने पर ध्यान देते हुए, मध्यप्रदेश बहुत जल्द ही औद्योगिक समुदाय के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्य बनने की उम्मीद रखता है.

मध्य प्रदेश ने इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, मोटर वाहनों, सूचना प्रौद्योगिकी आदि उच्च तकनीकी उद्योगों के क्षेत्र में प्रवेश कर लिया है. दूरसंचार प्रणालियों के लिए यह राज्य ऑप्टिकल फाइबर का उत्पादक कर रहा है. इंदौर के पास पीतमपुर में बडी संख्या में मोटर वाहन उद्योग स्थापित हुए हैं. पीतमपुर में जल्द ही एक मालवाहक विमान परिसर स्थापित किया जा रहा है. भारत सरकार ने धार ज़िले के पीतमपुर में एक राष्ट्रीय ऑटोमोटिव परीक्षण, अनुसंधान तथा विकास परियोजना को मंजूरी दे दी है. राज्य में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख उद्योग है - भोपाल में 'भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि.', होशंगाबाद में 'सिक्योरिटी पेपर मिल', देवास में नोट छापने का प्रेस, नेपानगर में अख़बारी काग़ज़ की मिल और नीमच की अल्काटलॉयड फैक्ट्री.

गत वर्ष राज्य में सीमेंट का उत्पादन 12.49 लाख मैट्रिक टन हुआ.

भारत सरकार, इंदौर में विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित कर रही है. समग्र आर्थिक विकास नीति लागू कर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है. राज्य ने निवेश को आकर्षित करने के लिए आकर्षक छूट देने के लिए औद्योगिक प्रोत्साहन नीति की घोषणा की है. अब तक उद्योग लगाने की इच्छा जाहिर करने वाले 5200 करोड रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं.

सागर ज़िले के बीना में काफ़ी समय से लंबित 10,300 करोड़ रुपये की लागत वाली ओमान बीना तेलशोधक परियोजना तैयार है.

राज्य सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक नई सूचना प्रौद्योगिकी नीति लागू की है.

मध्य प्रदेश में निम्न स्तर का कोयला प्रचुर मात्रा में होता है, जो बिजली उत्पादन के अनुकूल है. पन बिजली उत्पादन की भी यहाँ अपार क्षमता है. यहाँ राज्य में वर्ष 2005-2006 में विद्युत उत्पादन की कुल स्थापित क्षमता 7934.85 मेगावाट थी. यहाँ 902.5 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता के आठ पनबिजली केंद्र है. राज्य के 51,806 में से 50,475 गांवों में बिजली पहुंच चुकी है.

◆◆◆

**मनीष कुमार मिश्रा**
एफ.जी.एम.ओ.भोपाल



# अफीम की खेती

साधारणत: हम जिसे 'काला सोना' कह इंगित करते हैं, वह भूगर्भ से मिलनेवाला कोयला पत्थर है. किन्तु जब हम उपज की बात करते हैं तो काला सोना से अभिप्राय अफीम से किया जाता है. अफीम का उपयोग दवा और नशा दोनों के लिए किया जाता है.

देश में परंपरागत रूप से अफीम की खेती मालवा-मेवाड़ बेल्ट में की जाती है. यह बेल्ट दक्षिणी राजस्थान के चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, कोटा और झालावाड़ जिलों तथा पश्चिमी मध्यप्रदेश के नीमच एवं मंदसौर जिलों में फैला हुआ है. हालांकि अब इसे उत्तरप्रदेश तथा झारखंड में भी उगाया जाने लगा है, परंतु उत्पादन तथा गुणवत्ता की दृष्टि से पश्चिमी मध्य प्रदेश में उत्पादित अफीम को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है.



भारत में अफीम का उत्पादन अत्यधिक नियंत्रित है. इस औषधीय उपज के उत्पादन के लिए नारकोटिक्स विभाग से लाइसेन्स लेने वाले लगभग तीस हजार किसान अपनी उपज की पूर्वनिर्धारित तय मात्रा सरकार को बेचते हैं, जिसे नीमच (मध्य प्रदेश) और गाज़ीपुर (उत्तर प्रदेश) में अवस्थित सरकारी अफीम एवं अल्कोलाइड कारखानों (Government Opium and lkaloid Factories) में प्रसंस्करण के लिये भेजा जाता है. इसका इस्तेमाल नशे की लत छुड़ाने वाली (एंटी ड्रग एडिक्शन) दवाओं, सर्दी-खाँसी और दर्द निवारक दवाओं में होता है.

दरअसल अफीम में 12% तक मॉर्फिन (morphine) पाया जाता है और इसी मॉर्फिन से हेरोइन (heroin) नाम का ड्रग बनता है, जिसे नशे में व्यापक तौर पर इस्तेमाल किया जाता है. इस हेरोइन को सबसे पहले 1898 में जर्मनी की बायर फार्मास्यूटिकल कंपनी ने बनाया था और टीबी रोग की दवा और मॉर्फिन की लत छुड़ाने वाले दवाई के रूप में बेचा था. मॉर्फिन के अलावा यह कोडेन (codeine) और बैन (baine) जैसे अल्कोलाइड (alkaloids) का भी स्रोत है. जाहिर सी बात है कि अफीम की तय सरकारी मात्रा से अधिक उपज की तस्करी ड्रग्स बनाने के लिए होती है, जिसके कारण ही अफीम को काला सोना कहा जाने लगा है. जहाँ अफीम तस्करों से निपटना स्थानीय प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती रही है, आजकल नक्सली जैसे संगठित अपराधियों की नजर भी इससे होने वाली काली कमाई पर पड़ने लगी है.

अफीम का पौधा मतलब पोस्ता अर्थात पॉपी (Poppy) मूलत: भूमध्य सागरीय देशज पौधा है. इसका वैज्ञानिक नाम पैपेवर सोमनिफेरम है. मुख्य रूप से भारत, चीन, एशिया माइनर, तुर्किस्तान आदि देशों में खेती किए जाने वाले इस पौधे को भारत में ठंड के शुरुआत अर्थात अक्तूबर-नवंबर में लगाया जाता है. बीज बोने के दो महीने बाद खेतों में पॉपी के खूबसूरत फूलों की चादर बिछ जाती है. फिर ये फूल फल या डोडे का आकार ग्रहण कर लेते हैं, जिनमें चीरा लगाने से निकले दूध (latex) को सुखाकर अफीम तैयार किया जाता है. दूध निकलने के बाद डोडे में बीज बनते हैं जिसे पोस्ता, पोस्तोदाना या खसखस के रूप में जाना जाता है. यह परंपरागत मसाले और स्वास्थ्यवर्धक के रूप में काम आता है. बीज निकालने के बाद बचे डोडे के छिलके को चूरा बना कर बेचा जाता है जो हल्के नशे के काम आता है. इसका नशा करने वाले लोग इस डोडा चूरा को पानी में भिगो कर रखते हैं और उसे छान कर पीते हैं.

अफीम केवल नशा या दवा नहीं है. इसने अपनी उपस्थिति मेवाड़-मालवा की साझी सांस्कृतिक-सामाजिक परिवेश पर भी दर्ज कराई है. इस पूरे अंचल में मेहमानों के आने पर उन्हें सम्मान का प्रतीक अफीम घुला जल 'कसुंबा' पीने के लिए दिया जाता रहा है. पुराने जमाने में यात्रा बड़ी ही कष्टप्रद और थकाऊ होती थी. कसुंबा में मिले अफीम से यात्रा की थकान व शरीर का दर्द दोनों दूर हो जाता था. ठंड के दिनों में अफीम के पौधे के कोमल पत्तों को भाजी के रूप में स्थानीय बाजार में बेचा जाता है, जिसे लोग बड़े चाव से खाते हैं.

न केवल अफीम बल्कि पोस्ता और डोडा चूरा का भी भिन्न प्रकार से प्रयोग होता है. खसखस का मसाले के रूप में प्रयोग तो होता ही है, इसका हलुवा भी बनाया जाता है. इसे बड़ा स्वास्थ्यवर्धक व मेधा बढ़ाने वाला माना जाता है. खसखस को शीतलता प्रदान करने वाला भी माना जाता है और इसीलिए इसे गर्मी में पिए जाने वाले देशी 'ठंडाई' में अनिवार्य रूप से डाला जाता है. इससे बनने वाली स्वादिष्ट डोडा बर्फी या पोस्ता मिठाई बहुत प्रचलित है. खासकर नीमच के 'पोस्तो मिठाई' ने अपना एक ब्रांड इमेज बना लिया है और इसकी दूर-दूर तक मांग रहती है. इतना ही नहीं, चित्तौड़गढ़-नीमच-इंदौर हाईवे पर चलने वाले अधिकांश ट्रक चालक अपनी थकान मिटाने और स्फूर्ति पाने के लिए डोडा चूरावाली चाय पीना पसंद करते हैं.

◆◆◆




**प्रतिभू बनर्जी**
उज्जैन क्लस्टर,
इंदौर



# SOCIAL STATUS of MADHYA PRADESH

The state of Madhya Pradesh located in the central part of the country is mostly inhabited by different tribal communities. Apart from them, the state's population mainly comprises of people belonging to the religions of Hindu, Muslims, Jains and Parsis. Among them, Hindus form the majority.

Some of the most popular tribal groups residing in the state are Baigas, Bhilals, Bhils, Gonds, Halba, Kamaras, Kols, Korkens, Murias, Oraons and Sahariya. Among these tribes, Bhils are said to be a group of hunters and warriors. Most of the Oraons have converted to the religion of Christianity. Though they used to be seminomads in the earlier ages, but now almost everyone has settled down with their chosen occupation. In order to earn livelihood, they involve themselves in varied activities. Agriculture is the main occupation of the Panikas and the Khaiwas. The amalgamation of the varied tradition of the different groups has made the culture of the state vibrant and multi-dimensional. Be it music and dance or art and craft the state has it all.

This state is said to have the highest flavours of culture and tradition. The culture there, mainly, is a harmonious blend of Buddhists, Christians, Hindus, Jains, Muslims and Sikhs along with the varied tribal groups. Influenced by tribal culture, the different socio-cultural activities portray the lifestyle as well as the rich tradition of the place.

The yearly calendar of the state of Madhya Pradesh is featured with innumerable fairs and festivals. These events portray the vibrant culture and enthusiasm of the people of the state. The state celebrates festivals originating from mythology, festivals to mark a particular season, festivals held in memory of a local God or a native hero. Some of these festivals even take the art and culture of the tribes up to the national market. During festive seasons, most of the populations of the Madhya Pradesh dress in colourful native attire along with paradigmatic ornaments. Music and the folk songs have contributed a lot towards the distinctive culture of the state. The most famous music of the people is the Relo folk song of Maria and Muria tribes and it is usually sung at the time of departing of the dear ones and these are popularly known as Leha song, very common in the Jagdalpur region of Madhya Pradesh. Dhankul songs and chait Parah are also popular in the state. Flute and harmonium are used extensively by the musicians. Dance plays a prominent role among the tribal population like Lota and Phag. At the time of wedding a special dance known as Gaur is performed by the people. The people are also known for their stilt dance. Another notable feature adding to the culture of the people is their art work which is of unique charm and also proves how hardworking the craftsmen are.

The customs and traditions of the people of Madhya Pradesh vary to a great extent from the people of other states. Ghotul is a custom followed by the young boys and girls of the Muria tribe. This custom is mainly followed by the unmarried boys and girls where they all gather in a particular place after sunset. This place has a group of huts where various activities like teaching of moral values, good conduct and discipline takes place. This custom of Ghotul has helped the people of Muria tribe to be shaped into morally good person However, most commonly the people of Madhya Pradesh follow the traditional customs similar to that of the Hindu rituals. Every year there is a fair cum festival known as Bhagoria in which people are allowed to chose their spouse. After, choosing their spouse and if both the boy and girl are willing to get married then they elope from the house and when they come back, they are accepted as husband and wife.

Dhoti forms the traditional costume of the men folk and the headgear or the turban popularly known as Safa is a distinct feature of the men. Safa or the head cloth is generally prevalent in the eastern region and the Pega or the turban is preferred by the people living in the western parts of the state. In addition, the men's attire is also constituted by a white or black jacket called Bandi or Mirzai usually worn by men living in Budelkhand and Malwa. The myriad colours of this traditional costume gives the men a radiant and dignified appearance. Tribal men are usually seen in a langot when they are at

work but during any public appearance or on occasions they are seen with short-sized Dhotis. Lehenga and Choli along with an additional strip of cloth called Orni or Lugra which is worn around the head and shoulders forms the most common attire of the women. But Sarees also are common among the ladies due to modernization. They also adorn themselves with traditional ornaments.

Wheat, Jowar and maize form the most staple food of the people of Madhya Pradesh. Vegetables and protein rich lentils like arhar Dal is a must in their daily meal. Wheat cakes popularly known as bafla is a traditional food of the people where they dip it in ghee and eat with peppery lentil broth. The people of Madhya Pradesh have sweet tooth which is very clearly reflected in their food habits. Popular sweet delicacies are Jalebi, Kusli and cashew burfi. A meal is not full for them without desserts and traditional mithais. Heavy meals are also accompanied by fruits like Mangoes, Watermelons, Custard, Apples, Bananas, Papayas and Guavas. The people living in the wetter south and east prefer Rice and Fish. The people of Bhopal are generally known for their spicy dishes made of meat and fish like Rogan Josh, Korma, Keema, Biryani Pilaf and Kababs.

Agriculture and cattle farming are the main occupations of the people of Madhya Pradesh. The major source of income for the people comes from the rearing of livestock. Apart from the main agriculture practices livestock farming is also a subsidiary occupation. Some of the other commercial crops grown are cotton, sugarcane and some oil seeds like sesame. The people of Madhya Pradesh also cultivate Jowar (Sorghum), Rice, Wheat and some varieties of coarse millets. However, most of the Mdhaya Pradesh people lead an easy and slow paced life. ◆◆◆



**Ashutosh Pandey**
FGMO, Bhopal



# महू की 'स्मोकिंग'

इंदौर जिले की एक तहसील है महू, जिसको अँग्रेजी भाषा में MHOW – 'मिलिट्री हेडक्वाटर ऑफ वॉर' अर्थात किसी भी युद्ध के समय भारतीय सेना का मुख्यालय कहा जाता है. वर्तमान में इसे डॉ. अंबेडकर की जन्मस्थली होने के कारण वर्ष 2003 से 'डॉ. अंबेडकर नगर' के नाम से जाना जाता है. यह कस्बा इंदौर शहर के दक्षिण-पश्चिम में आगरा मुंबई रोड पर बसा है, जिसकी कुल आबादी लगभग 85,000 है तथा मुख्यत: बोली जाने वाली भाषा हिन्दी है. यूं तो यह शहर (कस्बा), मूलत: सैनिक छावनी के कारण ही देश भर में प्रसिद्ध है, जिसमें भारतीय थल सेना के सभी अधिकारियों के लिए अपने जीवनकाल में एक बार किसी न किसी कोर्स के लिए आना अनिवार्य है. भारतीय सेना के सभी उच्च पदों पर रहने वाले सार्वकालिक प्रसिद्ध कमांडरों में से फील्ड मार्शल सेम होरमुसजी फ्रामजी जमशेदजी मानेकशॉ जो कि 'सेम बहादुर' के नाम से प्रसिद्ध हैं और जो 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सेना के प्रमुख थे, द्वारा भी महू में अपना सेवाकाल व्यतीत किया गया है. यहाँ पर सेना के विभिन्न दफ्तर जैसे इन्फ़ेंट्री स्कूल, आर्मी वॉर कॉलेज, एम सी टी ई आदि संस्थान हैं.

इस कस्बे की एक अन्य खासियत यह है कि स्मोकिंग कारीगरी, केनवास पेंटिंग के लिए भी यह कस्बा जाना जाता है.

महू की स्मोकिंग कला, जिसमें विभिन्न रंगों के धागों तथा एक विशिष्ट किस्म की सुई के माध्यम से कपड़े के एक टुकड़े पर एक अनूठी कारीगरी से फूल पत्तियाँ उकेरी जाती हैं तथा यह कार्य पूरा होने पर इस कपड़े के टुकड़े को नाइट गाउन, नाइट सूट तथा सलवार सूट पर जोड़कर इस्तेमाल किया जाता है जिसे स्मोकिंग कहा जाता है. यह कार्य शायद ही भारत में किसी अन्य जगह पर किया जाता होगा. इस कार्य को करने वाली स्थानीय कारीगर महिलाओं तथा दुकानदारों का कहना है कि उनके द्वारा बनाए गए स्मोकिंग ड्रेस देश ही नहीं, विदेशों में भी निर्यात किए जाते हैं. इन सभी कलाकारों की यह कला लुप्त होने की कगार पर है. स्मोकिंग के कार्य को करने वाली कारीगर महिलाओं की संख्या दिन प्रतिदिन घटती जा रही है, इसका मुख्य कारण इस कार्य को करने में लगने वाला अत्यधिक समय एवं मिलने वाली मजदूरी/मेहनताना का वाजिब न होना या कम होना है.

स्मोकिंग कला के अतिरिक्त यदि आप इस शहर के सांघी स्ट्रीट का रुख करेंगे तो पाएंगे कि यहाँ पर कुछ दुकाने हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार की पेंटिंग है. जब आप इनके पास जाकर इस कलाकारी को समझेंगे तो आप पाएंगे कि यह केनवास पेंटिंग द्वारा उकेरी गई कलाकृतियाँ हैं. इनके कलाकार आपके द्वारा दी गयी, आपके या आपके परिवार, मित्र, आदि की हुबहू तस्वीर आपको बनाकर देते हैं.

खान-पान के लिए प्रसिद्ध इंदौर शहर के करीब होने के कारण महू में भी खान-पान की उत्तम व्यवस्था आपको भंवरीलाल मिठाईवाला, जयराम माली मिठाईवाले की मिठाई एवं शंकर कचोरी वाले की कचोरी, नटराज होटल, राठोर सेववाले की नमकीन को यहाँ आने वाले सभी लोग याद रखते हैं. महू शहर के आसपास प्राकृतिक सुंदरता से अभिभूत कर देने वाले कई स्थान हैं, जैसे पाताल पानी, वाचू पॉइंट के झरने, बेरछा, चोरल के तालाब, महू से खंडवा की ओर जाते मैदानों एवं पहाड़ों के बीच से गुजरते हुए प्राकृतिक सुंदरता का नजारा अपने आप में अतुलनीय है. uuu



**अजय लोहरे**
क्षे.का., इंदौर



# मध्य प्रदेश, क्रांति एवं क्रांतिकारी

अपनी उच्च समृद्ध परंपरा के साथ ही मध्य प्रदेश का इतिहास प्राचीनकाल से ही विविधता पूर्ण एवं गौरवशाली रहा है. जहाँ एक ओर वीरांगना महारानी दुर्गावती हैं तो दूसरी ओर सुशासन एवं कूटनीतिक चातुर्य का परिचय देती रानी अहिल्या बाई होल्कर ने भी शासन किया है. यदि बात उससे आगे अर्थात अंग्रेजों के विरुद्ध हुए युद्ध की हो तब भी हम पाते हैं कि मध्य प्रदेश के वीरों एवं वीरांगनाओं ने स्वतंत्रता के यज्ञ में अपनी अभूतपूर्व आहूति देकर इस क्षेत्र को दैदीप्यमान बनाकर क्रांति के आकाश में स्थापित कर दिया है.

यदि हम 1857 की क्रांति की बात करें तो पाते हैं कि इस क्रांति में सक्रिय क्रांति की लहर का दक्षिणी छोर मध्य प्रदेश ही था. मेरठ एवं दिल्ली की घटनाओं ने मध्य प्रदेश तक अपनी ज्वाला को धधका दिया और एक माह से भी कम समय में स्वतंत्रता की इस पहली मशाल की लौ मध्य प्रदेश को स्पर्श कर गयी. इस लौ ने समूचे प्रदेश को अपने तेज से प्रकाशित किया और मालवा, बुंदेलखंड, गोंडवाना, चंबल इत्यादि सभी स्थानों पर क्रांति की ज्वाला प्रज्ज्वलित हो गयी. प्रदेश में क्रांति की अलख जगाई तात्या टोपे एवं नाना साहब पेशवा के क्रांति दूतों ने! उन्होंने इन्दौर, ग्वालियर, भोपाल, सीहोर, सागर, जबलपुर, धार आदि सभी स्थानों पर भ्रमण कर अंग्रेजों द्वारा किये जा रहे अत्याचार के बारे में जन सामान्य को जागरूक किया तथा उन्हें यह संबल प्रदान किया कि क्रांति का रास्ता स्वाधीनता का सच्चा मार्ग है. इस पर चलना प्रत्येक राष्ट्र भक्त का परम कर्तव्य है.

वैसे तो क्रांतिकारियों की वीरगाथाओं को हमारी नन्ही सी कलम न तो लिख सकती है और न ही हमारी विचार क्षमता उनके त्याग एवं बलिदान के चिंतन में समर्थ है. फिर भी अपने पूर्वजों के कीर्तिगान को हम अपने हृदय में संजोए रखने के लिए यहाँ पर उनके विषय में कुछ कहने का अति सूक्ष्म प्रयास भर कर रहे हैं. आइये, जानते हैं मध्य प्रदेश के कुछ प्रमुख क्रांति स्थल एवं क्रांतिकारियों के विषय में-

**अंग्रेजों के किले में सबसे पहली सेंध**

बैरकपुर की घटना का समाचार भारतवर्ष की समस्त अंग्रेजी छावनियों में फैल चुका था, किंतु 10 मई को मेरठ में हुई क्रांतिकारी घटना ने 3 जून को मध्य प्रदेश के नीमच नगर में स्थित अंग्रेजी छावनी तक अपना प्रभाव स्थापित किया. इस दिन नीमच की अंग्रेजी सेना में कार्यरत भारतीय पैदल सैनिक एवं घुड़सवारों ने क्रांति का बिगूल फूँक दिया. साहबों से बंगले खाली करवाकर उन्हें भागने पर मजबूर किया गया. विजयी सेना दिल्ली तक जा पहुंची थी और बादशाह की सहायता करने हेतु तत्पर थी किंतु दुर्भाग्यवश सितंबर के आते-आते दिल्ली में क्रांति का दमन हो गया. इससे आगे 14 जून को ग्वालियर के निकट मुरार छावनी में भी विद्रोह हो गया. मुरार के विद्रोहियों ने मुंबई आगरा मार्ग को बंद कर दिया जिससे अंग्रेजों को सहायता प्राप्त न हो सकी. ग्वालियर नरेश बहुत भयभीत हुए तथा अपने परिवार को उन्होंने आगरा भेज दिया. महाकौशल में भी सैनिक विद्रोह की लहर व्याप्त हुई तथा 18 जून को एक सिपाही ने अंग्रेज अधिकारी पर प्राणघातक हमला किया. शेख रमजान के प्रभावी नेतृत्व में सरकारी सेना ने विद्रोह कर दिया. इस तरह अंग्रेजों के बने बनाए किले में ही सेंध लग गयी. मध्य प्रदेश से भारतीय राष्ट्रीय क्रांति की यह पहली आहुति थी. 20 जून 1857 को शिवपुरी में सैनिक विद्रोह हुआ. अंग्रेजों को जान बचाकर भागना पड़ा.

**महारानी दुर्गावती के वंशज क्रांतिकारी**

गड़ामंडला में शासन कर रही महारानी दुर्गावती के वंशज शंकर शाह तथा उनके पुत्र रघुनाथ शाह ने भी क्रांति में सम्मिलित होकर सैन्य संगठन आरंभ किया. ठेठ जंगलों से महारानी विक्टोरिया को चुनौती प्रस्तुत की गयी. अब तो अंग्रेजों ने अपनी संपूर्ण ताकत झोंककर राजा शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह को गिरफ्तार कर लिया. उन पर अभियोग चलाने का नाटक अंग्रेजों ने खूब रचा और अंत में राजद्रोही घोषित कर राजा एवं राजकुमार को तोपों के मुंह पर बांध कर उनकी हत्या कर दी गयी. इस जघन्य हत्याकांड ने स्थानीय जनता के मन में एवं अंग्रेजों की बावनवीं रेजिमेंट में उथल-पुथल मचा दी. रेजिमेंट ने विद्रोह कर दिया.

**इन्दौर का विद्रोह**

1 जुलाई को सादत खाँ एवं भागीरथ के नेतृत्व में इन्दौर की होल्कर सेना ने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह कर दिया. हाँलाकि इन्दौर के होल्कर राजा की इस विद्रोह के प्रति कोई सहमति नहीं थी. फिर भी विद्रोहियों ने अद्भुत साहस एवं शौर्य का परिचय देते हुए अंग्रेजी सेना के छक्के छुड़ा दिये. उन्हें हार का सामना करना पड़ा. अंग्रेजों का ₹13 लाख का खजाना लूट लिया गया. महू में भी इसी दिन विद्रोह हुआ. इन्दौर एवं महू में कई अंग्रेज अधिकारियों को मौत के घाट उतार दिया गया.

**अमझेरा के राजा राणा भक्तावर सिंह**

अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देने वाले क्रांतिकारियों में राणा बक्तावर सिंह जी का नाम बहुत आदर के साथ लिया जाता है. वे मध्य प्रदेश के धार जिले के अमझेरा नामक रियासत के राजा थे. लेकिन क्रांति में सम्मिलित होकर अंग्रेजों के विरुद्ध कई लड़ाईयों में उन्होंने जीत हासिल की. ऐतिहासिक सूत्र बताते हैं कि उन्होंने अंग्रेजों की दो छावनियों को ध्वस्त कर दिया था. राणा बक्तावर सिंह जी को तात्या टोपे तथा भीमा नायक का समर्थन प्राप्त था. अंत में अन्य क्रांतिकारियों की ही भाँति उन्हें भी इन्दौर के सियागंज मैदान में अवैधानिक फाँसी दे दी गयी. क्योंकि फाँसी पर लटकाये जाने पर रस्सी टूट चुकी थी तथा कानून एवं मानवीय मूल्यों के आधार पर उन्हें पुनः फाँसी नहीं दी जा सकती थी. लेकिन राणा के प्रताप से घबराई हुई अंग्रेजी सरकार ने मोटी रस्सी मंगवाकर उन्हें फिर से फाँसी दी. राणा बक्तावर सिंह का शहादत दिवस आज भी मालवा क्षेत्र में बहुत गौरव पूर्ण ढंग से मनाया जाता है.

**रानी अवंती बाई**

रामगढ़ की रानी अवंती बाई ने भी अपने राज्य को अंग्रेजों द्वारा हड़प लिये जाने के पश्चात अपनी सखी गिरधारी बाई तथा पुत्र के साथ मिलकर अंग्रेजों से भीषण संघर्ष किया. अंग्रेज सेनापति वार्डन पराजित होकर भाग गया. रानी ने अपनी रियासत पर अधिकार कर अंग्रेज तहसीलदार को मौत के घाट उतार दिया. दिसंबर 1857 तक रानी का शासन बना रहा. तत्पश्चात अंग्रेज सेनापति वार्डन पुनः संगठित सेना लेकर आ गया. अब पुनः तीन माह तक भयावह संघर्ष हुआ जिसमें रानी ने अप्रतिम साहस का परिचय दिया. अंग्रेजों ने अपनी स्थिति ठीक न पाकर रीवा के राजा से सहायता लेकर रानी को किले में घेर लिया. लंबे समय तक घिरे रहने पर रानी को किला छोड़ना पड़ा. मैदान व जंगल में सीधा संघर्ष हुआ. रानी की छोटी सी सेना ने अदम्य साहस का परिचय दिया, किंतु पराजय का सामना करना पड़ा. अपनी सहायिका से कटार को सीने में उतारकर रानी ने वीरगति प्राप्त की. उनकी सहायिका ने भी ऐसा ही किया.

**स्वतंत्र सरकार की स्थापना**

मध्य प्रदेश के मंडलेश्वर में क्रांतिकारियों ने जेल तोड़कर अंग्रेजों को भगा दिया तथा वहां पर एक स्वतंत्र सरकार की स्थापना की जो 2 वर्षों तक बनी रही. इसके पश्चात अंग्रेजों की एक विशाल सेना ने पुनः मंडलेश्वर पर कब्जा कर लिया. क्रांतिकारियों को फाँसी दिये जाने पर भीमा नायक के नेतृत्व में आदिवासियों ने संगठित होकर एक बड़ा विद्रोह किया जो आसानी से दबाया न जा सका.

**टंटिया मामा**

मध्य प्रदेश के निमाड़ क्षेत्र में टंटिया भील की कथा आज भी किसी किंवदंति की भाँति प्रचलित है. मीटर गेज की रेलवे लाइन से जब इन्दौर से खंडवा जाते हैं तो 'पाताल पानी' नामक स्थान पर ट्रेन उस महान क्रांतिकारी को नमन करने के लिए रोक दी जाती है. टंटिया मामा को 'अंग्रेजों का आतंक' या 'भारत का रॉबिन हुड' कहा जाता है. भारत के रॉबिन हुड की उपाधि तो उन्हें न्यूयार्क टाइम्स ने ही दी थी. क्रांतिकारी टंटिया भील की यहीं पर समाधि बनी हुई है. वे गरीबों के मसीहा थे तथा 1857 से 1890 तक क्रांतिकारी गतिविधियों से संबद्ध रहे. उन्हें कई बार बंदी बनाया गया, किंतु जिसके हृदय में क्रांति रूपी वज्र भार हो, क्या उसे कोई कारावास बंदी बना सकता है? धोखे से अंग्रेजों ने उन्हें बंदी बना लिया तथा जबलपुर ले जाकर उन्हें फाँसी दे दी. टंटिया मामा पर कई कविताएं व पुस्तकें लिखी गयी हैं. इतना ही नहीं 2012 में उन के जीवन पर एक फिल्म भी बन चुकी है.

**एक साथ 356 शहीद**

इन्दौर से भोपाल जाते समय रास्ते में सीहोर शहर पड़ता है. यहाँ पर सन् 1857 की क्रांति की एक साहस पूर्ण कहानी कही जाती है. यहाँ बना शहीद स्मारक अंग्रेजी क्रूरता की कलई खोलता है. सीहोर के चांदमारी नामक स्थान पर यह स्मारक स्थापित किया गया है, जहाँ पर निहत्थे 356 क्रांतिकारियों को जनवरी 1858 को एक साथ गोली मारी गयी थी. उस समय सीहोर अंग्रेजों की रेजिमेंट थी तथा जनरल ह्यूरोज ने इस बर्बर हत्याकांड को अंजाम दिया था. क्रांतिकारियों के हाथ-पैर जंजीरों से बांधे गये तथा उन्हें पेड़ों से लटकाया गया. तत्पश्चात उन सभी को गोलियों से भून दिया गया.

**वीर चंद्रशेखर आजाद**

चंद्र शेखर आजाद का बचपन मध्य प्रदेश के जनजाति बाहूल्य क्षेत्र भाबरा में बिता. अब यह नगर चंद्रशेखर आजाद के नाम से जाना जाता है. आदिवासी बालकों के साथ चंद्रशेखर आजाद ने धनुष चलाकर अचूक निशाना लगाने की कला सीखी तो काशी से संस्कृत की विद्या भी प्राप्त की. इतना ही नहीं, वे आजीवन आजाद रहकर अंग्रेजों से लोहा लेते रहे. इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में वे अंग्रेजों से लड़ते हुए अपनी ही गोली से वीरगति को प्राप्त हुए.

मध्य प्रदेश का इतिहास क्रांतिकारी गतिविधियों से भरा पड़ा है. आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी माटी में महकती क्रांति की उस सुगंध को अनुभव कर देशभक्ति एवं स्वाभिमान की ज्वाला को और तेज करें.

uuu

**अर्पित जैन**
स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्र,
भोपाल







# Religious Hue of Madhya Pradesh







Madhya Pradesh is not only famous for its abundant natural beauty with natural landscapes and waterfalls and heritage sites, but also has many religious places under its fold, to which the people not only from India but also from foreign countries visit to unravel the mysteries that are in store in its fold.

MP has many temples and religious places which have their own importance; we shall try to give the reader an overview of the same.

**Omkareshwar** in Madhya Pradesh is a sacred island of Lord Shiva, called Mandhata or Shivapuri, situated 78 km from Indore, on the banks of holy Narmada River, very popular as it is one of the 12 Jyotirlingas in the country which are considered very sacred by the Hindus.

Here Mamaleshwar Temple is the actual place where devotees can find Jyotirlinga. The eternal god, Lord Shiva is being worshiped most in Hinduism, known to be a God of destruction. The island got a shape of “OM' by the two lofty hills, divided by a valleys, 'OM' which is a sacred Hindu symbol, also known to be a sound which given the birth to this whole universe and living being.

There are many names & tags that he owns, one of them regarding him as the 'Lord of Death', the one who has the control over birth and death, which is why he is most adorable amongst Hinduism, he rules over whole universe, giving 'Moksha' to Living being. Millions of visitors around the world come here at Mahashivaratri.

**Mahakaleshwar Jyotirlinga** is a Hindu temple dedicated to Lord Shiva and one of the twelve Jyotirlingas, shrines which are said to be the most sacred abodes of Lord Shiva. It is located in the ancient city of Ujjain. The temple is situated on the side of the Rudra Sagar lake. The presiding deity, Lord Shiva in the lingam form is believed to be Swayambhu, deriving currents of power (Shakti) from within itself as against the other images and lingams that are ritually established and invested with mantra-shak.

The idol of Mahakaleshwar is known to be dakshinamukhi, which means that it is facing the south. This is a unique feature, upheld by the tantric shivnetra tradition to be found only in Mahakaleshwar among the 12 Jyotirlingas. The idol of Omkareshwar Mahadev is consecrated in the sanctum above the Mahakal shrine. The images of Ganesh, Parvati and Karttikeya are installed in the west, north and east of the sanctum sanctorum. To the south is the image of Nandi, the vehicle of Lord Shiva. The idol of Nagchandreshwar on the third storey is open for darshan only on the day of Nag Panchami. The temple has five levels, one of which is underground. The temple itself is located in a spacious courtyard surrounded by massive walls near a lake. The shikhar or the spire is adorned with sculptural finery. Brass lamps light the way to the underground sanctum. It is believed that prasada (holy offering) offered here to the deity can be re-offered unlike all other shrines.

The shrine is revered as one of the 18 Maha Shakti Peeth.

Shakti Peethas are shrines that are believed to have enshrined with the presence of Shakti due to the falling of body parts of the corpse of Sati Devi, when Lord Shiva carried it. Each of the 51 Shakti peethas have shrines for Shakti and Kalabhairava. The Upper Lip of Sati Devi is said to have fallen here and the Shakti is called as Mahakali.

**Bhasma Aarti at Mahakaleshwar**
One of the most important rituals of Mahakaleshwar is Bhasma Aarti. The temple opens in the morning at 4 AM with a special aarti – the one of its kind Bhasma Aarti – where the aarti is performed with sacred ash – Bhasma. Since ancient times, this bhasma used

to be the fresh and burning hot ash from a funeral pyre, since Lord Shiva is believed to live in and enjoy the atmosphere of a cremation ground. **However, now, the temple has changed its ways in keeping with modern times and the aarti is now performed with bhasma made with cow dung, what we call Vibhooti. Anyone who wishes to participate in the Bhasmarti has to book in advance, which can be done online also from various websites.**

**Chitrakoot Dham:** Chitrakoot is a town which lies in the historical Chitrakoot region, which is divided between the present-day Indian states of Madhya Pradesh and Uttar Pradesh. The side which is in Uttar Pradesh is called Karwi whereas on the side of MP it is is called Jankikund. People gather here on each Amavasya. Somwati Amavasyas, Deepawali, Sharad-Poornima, Makar Sankrantiand Ramanavami are special occasions for such gatherings and celebrations. It attracts crowds throughout the year including above occasions and for Free Eye Hospital Camps. Noted 'Ayurvedic' and 'Yoga' centres like 'Arogyadham' are located in Chitrakoot.

Chitrakoot's spiritual legacy stretches back to legendary ages: It was in these deep forests that Ram, Sita and his brother Lakshman spent a few months of their fourteen years of banishment; the great sage Atri, Sati Anusuya, Dattatreya, Maharshi Markandeya, Valmiki and various other sages, seers, devotees and thinkers meditated; and here the principal trinity of the Hindu pantheon, Brahma, Vishnu and Shiva, took their incarnations.

It is said that all the gods and goddesses came to Chitrakoot when Rama performed the Shraddha ceremony of his father to partake of the shuddhi.

**Ramghat**

The ghats that line the Mandakini river are called Ramghat. During the exile period Rama, Lakshmana and Sita took bath here and are believed to have appeared before the poet Tulsidas.

**Kamadgiri**

Kamadgiri, the original  hitrakuta, is a place of prime religious significance. A forested hill, it is skirted all along its base by a chain of temples and is venerated today as the holy embodiment of Rama. Lord Rama is also known as Kamadnathji which literally means fulfiller of all wishes. There is a 5 km Parikrama Path around the Kamadgiri Mountain.

**Janaki Kund**

Janaki Kund is situated upstream of the Ramghat where it is believed that Sita bathed in the crystal clear waters of Mandakini river during the years of her exile with Rama.

**Sati Anasuya ashrama**

Sati Anasuya ashrama is located further upstream, 16 km from the town, set amidst thick forests that round to the melody of birdsong all day. It was here that Atri muni, his wife Anasuya and their three sons (who were the three incarnations of Brahma, Vishnu and Mahesh), lived and are said to have meditated.

**Gupt-Godavari:**

Gupt-Godavari is situated at a distance of 18 km from town. Here is a pair of caves, one high and wide with an entrance through which one can barely pass, and the other long and narrow with a stream of water running along its base. It is believed that Rama and Lakshmana held court in latter cave, which has two natural throne-like rocks.

**Maihar** is a town with municipality in Satna district. Maihar is known for the temple of the revered mother goddess Sharda situated on Trikuta hill.

**Maa Sharda Devi Temple :** Maihar city is known for the Maa Sharda devi temple (around of 502 A.D.), situated at the top of Trikoota hill which is around 5 km from the railway station. There are 1063 steps to reach the top of the hill. Along with stairs,there is ropeway for convenience of the pilgrims developed government authorities.

Gola Math Temple : This temple is dedicated to Lord Shiva. This east facing Pancharathi temple is built in Nagara style and has been built during Kalchuri period (10th – 11th century A.D.). It is said that this temple was built in one fortnight only.

Art Ichol: Developed recently in 2014, this fantastic art work gallery is a must visit in Maihar.

The Ram Raja Temple is a temple in Orchha. It is a sacred Hindu pilgrimage and receives devotees in large numbers regularly and is also commonly known as Orchha Temple. The annual domestic tourist number is around 650,000 and the foreign tourist number is around 25,000. The daily number of visitors to the temple range from 1500 to 3000 and on certain important Hindu festivals like the Makar Sankranti, Vasant Panchami, Shivratri, Ram Navami, Kartik Purnima and Vivaha Panchami the number of devotees who throng to Orchha range in thousands. In India this is the only temple where Lord Ram is worshiped as a king and that too in a palace.

In the temple Raja Ram is accompanied by Sita (on the left), brother Laxman (on the right), Maharaj Sugreev and Narsingh Bhagwan (on the right). Durga Maa is also present in the darbaar on the right side. Hanumaan ji and Jamwant ji are praying just below Sita. The speciality of this temple is that Lord Ram has a sword in his right hand and a shield in the other.  Shri Ram is sitting in Padmasan.

**Sanchi Stupas:** Sanchi is another place in Madhya Pradesh which is about 48 kms from Bhopal which is a Budhist complex famous for its great stupas on a hilltop in Raisen district near Bhopal, originally commissioned by Samrat Ashoka in the 3rd Century BC. The tourism department of MP has developed greenery around the structure and the complex is kept clean and immaculate.

There are other famous monuments, temples, Gurdwaras and Mosques in different cities of MP which are of historical relevance and have their own charm and religious beliefs, adding the belief of "MP gazab hai." u u u

**B. S. Matharu**
FGMO, Bhopal





**Avinash Vani**
R.O. Jabalpur



# मध्य प्रदेश के महत्वपूर्ण संग्रहालय

**राष्ट्रीय दूरसंचार संग्रहालय :**





भोपाल शहर में अनूठा संग्रहालय मौजूद है जो दूरसंचार संग्रहालय के नाम से जाना जाता है. यह देश का एक मात्र दूरसंचार संग्रहालय है. इसका उद्घाटन 18 अगस्त 1995 में हुआ था, लेकिन आम जनता के लिए इसे 18 अगस्त 1996 को खोला गया. देश में जब से दूरसंचार तकनीक का उपयोग शुरू हुआ तब से लेकर अब तक उसने प्रगति के कई चरण पार किए हैं. शहर में स्थित राष्ट्रीय दूरसंचार संग्रहालय उसके उद्भव, इतिहास और विकास यात्रा को दर्शाता है. होशंगाबाद मार्ग पर डाक भवन की छठी मंजिल पर इसे बनाया गया है.

इसे स्थापित करने का उद्देश्य छात्रों को शोध कार्य में मदद के साथ विस्तृत जानकारी मुहैया कराना है. यहां पर वर्ष 1850 से वर्तमान तक निर्मित सभी टेलीफोन उपकरणों को रखा गया है और आश्चर्यजनक बात यह है कि सभी चालू स्थिति में हैं. यहां विभिन्न प्रकार के टेलीफोन उपकरणों के अलावा विभिन्न देशों द्वारा समय-समय पर प्रकाशित किए जाने वाली डाक टिकटें, सिक्के, जालियावालां बाग की ईंटें तथा प्रसिद्ध रणभूमि हल्दीघाटी का पत्थर भी प्रदर्शित किया गया है. यहां प्रवेश के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है. आज का ब्रॉडबैंड और मोबाइल युग किस प्रकार अपना रास्ता तय करता हुआ आया है, इसका अनुमान संग्रहालय में रखे उपकरणों से लगाया जा सकता है. संग्रहालय में प्रदर्शित दूरसंचार उपकरणों का संग्रहण देश व विदेश से किया गया है.

संग्रहालय में देश की पहली टेलीग्राफ लाइन की जानकारी भी रखी हुई है. यह लाइन 5 अक्टूबर 1851 को अंग्रेजों ने कोलकाता व डायमंड हार्बर के बीच डाली थी. इसकी कुल लंबाई 30 मील थी. अक्तूबर 1856 में पहला टेलीग्राफ एक्ट लागू हुआ था. संग्रहालय में सन 1837 की मार्स, 1882 की मैगनेटो  कोर्डलेस 101 जीवंत रूप में प्रदर्शित किये गये हैं. संग्रहालय में अनेक उपकरणों के अलावा अलार्म पैनल-1996, मार्को नी रिसीवर-1942, रेडियो ट्रांसमीटर-1946 के अलावा विभिन्न प्रकार के टूल्स, टेस्टर, बैटरी, लाइन सामग्री, संग्रहालय में प्रदर्शित हैं. ग्रामोफोन, शिमला की गोंगबेल,19वीं शताब्दी का पीसीओ बूथ, पेंडुलम क्लॉक 1990 आदि सहज ही दर्शकों को आकर्षित करने वाली पुरातन सामग्री है. इनमें से ग्रामोफोन 1940, पेंडुलम क्लॉक 1960, 1917 का सी वी रमन के कमरे का पंखा, यहाँ चालू हालत में प्रदर्शित हैं. दूरसंचार उपकरणों के अलावा संग्रहालय में पुरानी विजिटिंग बुक, कालामाज, रजिस्टर, पुराने सिक्के, मैडल, ट्रॉफी आदि भी सुरक्षित रखे गए हैं.

**राज्य संग्रहालय भोपाल**



राज्य संग्रहालय भोपाल का उद्घाटन 2 नवंबर 2005 को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने किया था. यह श्यामला हिल्स पर स्थित है. संग्रहालय का समय प्रात:10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक है तथा यह प्रत्येक सोमवार एवं शासकीय अवकाश के दिन बंद रहता है. राज्य संग्रहालय, भोपाल की स्थापना वर्ष 1909 में नवाब सुल्तानजहां बेगम ने की थी, पूर्व में जिसका नाम एडवर्ड संग्रहालय था. यह संग्रहालय अजायबघर के नाम से जाना जाता था जो कि वर्तमान में केंद्रीय ग्रंथालय भवन के नाम से जाना जाता है. स्वतंत्रता के पश्चात इस संग्रहालय को बाणगंगा स्थित पुराने भवन में स्थापित किया गया. अपने नए भवन में संग्रहालय 2 नवंबर 2005 को स्थानांतरित हुआ जिसका उद्घाटन तात्कालिक मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश द्वारा किया गया. इस भवन में 17 वीथिकाएँ हैं जो कि अलग-अलग विषयों पर बनी हुई हैं. थीम, प्रागैतिहासिक जीवाश्म, उत्खनित सामग्री, धातु प्रतिमा, अभिलेख, प्रतिमा, रॉयल कलेक्शन तथा टेक्सटाइल, पांडुलिपि, लघु रंग चित्रा, मुद्रा, अस्त्र-शस्त्र, बाघ गुफा मध्यकालीन दस्तावेज़ दीर्घा तथा दुर्लभ वाद्य यंत्र दीर्घा है. थीम वीथी अर्थात सार वीथी में ईसा पूर्व की द्वितीय शताब्दी से लेकर 13वीं शताब्दी तक की कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गयी हैं.

**भारत भवन**

यह मध्यप्रदेश में स्थित एक विविध कला, सांस्कृतिक केंद्र एवं संग्रहालय है. इसमें कला दीर्घा (आर्ट्स गैलरी), ललित कला संग्रह, इन्डोर/आउटडोर ऑडिटोरियम, रिहर्सल रूम, भारतीय कविताओं का पुस्तकालय आदि कई चीजें शामिल हैं. इन्हें रूपांकर, रंगमंडल, वागर्थ और अनहद जैसे नामों से जाना जाता है. श्यामला पहाड़ियों पर स्थित इस भवन को प्रसिद्ध वास्तुकार चार्ल्स कोरिया ने डिज़ाइन किया था. इस भवन के सूत्रधार चार्ल्स कोरिया का कहना है-यह कला केंद्र एक बहुत ही सुंदर स्थान पर स्थित है, पानी पर झुका हुआ एक पठार जहां से तालाब और ऐतिहासिक शहर दिखाई देता है.

भारत भवन के पाँच अंग हैं. इनमें से रूपांकर ललित कला संग्रहालय है, 'रंगमंडल' का संबंध रंगमंच से है, 'वागर्थ' कविताओं का केंद्र

है, 'अनहद' शास्त्रीय और लोक संगीत का केंद्र है जबकि 'छवि' सिनेमा से जुड़ी गतिविधियों के लिए है. भारत भवन अपनी कला से जुड़ी गतिविधियों के साथ ही अपनी स्थापत्य कला और प्राकृतिक दृश्यों के लिए भी मशहूर है. इसकी एक खासियत यह भी है कि इसे किसी भी एक स्थान से पूरा नहीं देखा जा सकता है.

**इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय**



यह पहला ओपन एयर म्यूजियम है. 200 एकड़ में फैला यह एशिया का सबसे बड़ा म्यूजियम है, यह जीवित संस्कृति को संरक्षित, संग्रहित कर रहा है. जिस जगह पर मानव संग्रहालय बना है, वहां तीन हजार साल पुराने शैल चित्र भी हैं. ऐसा माना जाता है कि तीन हजार साल पहले वहाँ स्थित गुफाओं में कुछ लोग रहते थे. 200 एकड़ क्षेत्रफल में स्थापित यह संग्रहालय दो भागों में है, एक भाग खुले आसमान के नीचे है और दूसरा एक भव्य भवन में मुक्ताकाश प्रदर्शनी में भारत की विविधता को दर्शाया गया है. इसे हिमालयी, तटीय, रेगिस्तानी व जनजातीय निवास के अनुसार वर्गीकृत कर प्रदर्शित किया गया है. मध्य भारत की जनजातियों को भी पर्याप्त स्थान मिला है. जिनके अनूठे रहन-सहन को यहाँ पर देखा जा सकता है. आदिवासियों के आवासी बर्तन, रसोई, कामकाज के उपकरण, अन्न भंडार तथा परिवेश को, हस्तशिल्पों, देवी देवताओं की मूर्तियों और स्मृति चिन्हों से यहां सजाया गया है. बस्तर-दशहरे का रथ भी यहाँ प्रदर्शित है, जो आदिवासियों और उनके राजपरिवार की परंपरा का एक भाग है.

भीतरी संग्रहालय भवन विशाल है, जिसका स्थापत्य अनूठा है. यह संग्रहालय ढालदार भूमि पर 10 हजार वर्ग मीटर के क्षेत्रफल में फैला है. इसके अंदर अनेक प्रदर्शनी कक्ष हैं. प्रथम कक्ष में मानव जीवन के विकास की कहानी को चरणबद्ध रूप से दर्शाने के लिए मॉडलों व स्केचों का सहारा लिया गया है. देश के विभिन्न भागों से जुटाये गए साक्ष्यों को भी यहाँ रखा गया है. अलग-अलग क्षेत्रों के परिधान, साज सज्जा, आभूषण, संगीत के उपकरण, पारंपरिक कला, हस्तशिल्प, शिकार, मछली पकडने के उपकरण, कृषि उपकरण, औज़ार व तकनीकी पशुपालन, कताई व बुनाई के उपकरण, मनोरंजन, उनकी कला से जुड़े नमूने से भी परिचय होता है. यह संग्रहालय 21 मार्च 1977 में नई दिल्ली के बहावलपुर हाउस में खोला गया किन्तु दिल्ली में पर्याप्त जमीन व स्थान के अभाव में इसे वर्ष 1979 में भोपाल में लाया गया.

यहाँ स्थित दूसरा संग्रहालय, राज्य आदिवासी संग्रहालय के नाम से जाना जाता है. यह भी श्यामला पहाड़ी पर स्थित है और आदिम जाति अनुसंधान केंद्र के परिसर में है. मध्यप्रदेश के आदिवासियों के जनजीवन व उनकी संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से इस संस्थान की स्थापना 1954 में छिंदवाड़ा में कर दी गयी थी किन्तु केन्द्रीय संस्थान में इसकी उपयोगिता को देखते हुए 1965 में इसे छिंदवाड़ा से भोपाल में स्थानांतरित कर दिया गया.

**मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय**



मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय, श्यामला हिल्स भोपाल में स्थित है, इसका लोकार्पण भारत के राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी ने किया था. यह संग्रहालय मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा संचालित होता है. इस संग्रहालय में मध्यप्रदेश के जनजातीय समूहों की कला, संस्कृति, परंपरा और जीवन उपयोगी शिल्प, चित्रों, मूर्तियों का प्रदर्शन किया गया है. साथ ही समय-समय पर यहां पर कई सांस्कृतिक आयोजन, कार्यशालाएँ की जाती हैं जिससे लोगों को आदिवासी समाज की मान्यताओं, कला, संस्कृति के बारे में जानकारी मिल सके.

यहाँ पर मध्यप्रदेश की प्रमुख जनजातियाँ जैसे गोंड, जिंका, भील तथा इनकी कई उप जातियाँ जैसे भिलाला पट्टी, लिया बारेला एवं राठीया के साथ-साथ कोरकू उपस्थित हैं.

यहां प्रदर्शित सभी कलाकृतियाँ आदिवासियों द्वारा बनाई गयी हैं. इस संग्रहालय का उद्देश्य जनजातीय जीवन शैली को समझना और उसे आम जनता तक पहुंचाना है.

**क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय भोपाल**



यह राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय की एक शाखा है. यह पर्यावरण शिक्षा का एक अनौपचारिक केंद्र है, जिसका मुख्य उद्देश्य बाह्य दीर्घाओं, विभिन्न आंतरिक गतिविधियों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है. यह भोपाल में पर्यावरण परिसर में स्थित है. इस संग्रहालय का उद्घाटन वर्ष 29 सितंबर 1997 को भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण एवं वन मंत्री सैफुद्दीन सोज़ द्वारा किया गया था. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने की थी. यह संग्रहालय मध्यप्रदेश की ही नहीं वरन् मध्य भारत की जैव विविधता एवं आसपास उपस्थित जटिल प्राकृतिक ताने बाने को समझने का अवसर प्रदान करता है .

uuu

**उपासना सिरसैया**
क्षे.का., भोपाल





# माँ नर्मदा

नर्मदा, यूं तो कहने को एक नदी मात्र है परंतु मध्य प्रदेश में इसके विशाल योगदान के कारण इसे माता का दर्जा भी प्राप्त हुआ है. नर्मदा नदी का उद्गम मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में विंध्याचल और सतपुड़ा पर्वत श्रेणियों के पूर्वी संधिस्थल पर स्थित अमरकंटक के नर्मदा कुंड से हुआ है. इस क्षेत्र से आगे अरब सागर में अपने संगम तक, नर्मदा उत्तर में विंध्य पट्टियों और दक्षिण में सतपुड़ा रेंज के बीच तीन संकीर्ण घाटियों में प्रवेश करती है. इस नदी के किनारे जलोढ़ मिट्टी, गांठदार चूना पत्थर और रेत की बजरी से पटे हुए हैं. इस नदी की लम्बाई लगभग 1310 किलोमीटर है. यह नदी पश्चिम की तरफ जाकर खम्बात की खाड़ी (अरब सागर) में गिरती है.

समूचे विश्व में नर्मदा दिव्य व रहस्यमयी नदी है. इसकी महिमा का वर्णन चारों वेदों की व्याख्या में श्री विष्णु के अवतार वेदव्यास जी ने स्कन्द पुराण के रेवाखंड़ में किया है. इस नदी का प्राकट्य ही, विष्णु द्वारा अवतारों में किए राक्षस-वध के प्रायश्चित के लिए अमरकण्टक के मैकल पर्वत पर कृपा सागर भगवान शंकर द्वारा 12 वर्ष की दिव्य कन्या के रूप में किया गया. महा रूपवती होने के कारण विष्णु आदि देवताओं ने इस कन्या का नामकरण नर्मदा किया. इस दिव्य कन्या नर्मदा ने उत्तर वाहिनी गंगा के तट पर काशी के पंचक्रोशी क्षेत्र में 100000 वर्षों तक तपस्या करके प्रभु शिव से ऐसे वरदान प्राप्त किये जो कि अन्य किसी नदी और तीर्थ के पास नहीं है-प्रलय में भी मेरा नाश न हो, मैं विश्व में एकमात्र पाप-नाशिनी नदी के रुप में प्रसिद्ध रहूं. मेरा हर पाषाण (नर्मदेश्वर) शिवलिंग के रूप में बिना प्राण-प्रतिष्ठा के पूजित हो. विश्व में हर शिव-मंदिर में इसी दिव्य नदी के नर्मदेश्वर शिवलिंग विराजमान हैं. श्री नर्मदेश्वर शिवलिंग बिना प्राण प्रतिष्ठा के पूजित हैं. नर्मदा के तट पर शिव-पार्वती सहित सभी देवता निवास करें.

सभी देवताओं और ऋषि मुनियों यथा गणेश, कार्तिकेय, राम, लक्ष्मण, हनुमान आदि ने नर्मदा तट पर ही तपस्या करके सिद्धियाँ प्राप्त की. दिव्य नदी नर्मदा के दक्षिण तट पर सूर्य तपस्या द्वारा आदित्येश्वर तीर्थ स्थापित है. इस तीर्थ में अकाल पड़ने पर ऋषियों द्वारा तपस्या की गयी थी. उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर दिव्य नदी नर्मदा 12 वर्ष की कन्या के रूप में प्रकट हो गई और ऋषियों ने नर्मदा की स्तुति की. तब नर्मदा ऋषियों से बोली कि 'मेरे (नर्मदा के) तट पर देहधारी सद्गुरू से दीक्षा लेकर तपस्या करने पर ही प्रभु शिव की पूर्ण कृपा प्राप्त होती है. इस आदित्येश्वर तीर्थ पर मेरा आश्रम अपने भक्तों का अनुष्ठान करता है.'

नर्मदा नदी को लेकर एक नहीं बल्कि कई लोक कथाएं प्रचलित हैं. एक कहानी के अनुसार नर्मदा नदी को रेवा के नाम से भी जाना जाता है जो राजा मैखल की पुत्री थीं. उन्होंने नर्मदा की शादी के लिए घोषणा की कि उनकी बेटी के लिए जो राजकुमार गुलबकावली के फूल लाएगा, उसके साथ नर्मदा का विवाह होगा. सोनभद्र यह फूल ले आए और उनका विवाह तय हो गया. दोनों की शादी में कुछ दिनों का समय था. नर्मदा सोनभद्र से कभी मिली नहीं थीं. उन्होंने अपनी दासी जुहिला के हाथों सोनभद्र के लिए एक संदेश भेजा. जुहिला ने नर्मदा से राजकुमारी के वस्त्र और आभूषण मांगे और उसे पहनकर वह सोनभद्र से मिलने चली गईं. सोनभद्र ने जुहिला को ही राजकुमारी समझ लिया. जुहिला की नियत भी डगमगा गई और वह सोनभद्र का प्रणय निवेदन ठुकरा नहीं पाई. काफी समय बीता, जुहिला नहीं आई, तो नर्मदा के सब्र का बांध टूट गया. वह खुद सोनभद्र से मिलने चल पड़ीं. वहां जाकर देखा तो जुहिला और सोनभद्र को एक साथ पाया. इससे नाराज होकर वह उल्टी दिशा में चल पड़ीं. उसके बाद से नर्मदा बंगाल सागर की बजाय अरब सागर में जाकर मिल गईं.

एक अन्य कहानी के अनुसार सोनभद्र नदी को नद (नदी का पुरुष रूप) कहा जाता है. दोनों के घर पास थे. अमरकंटक की पहाडि़यों में दोनों का बचपन बीता. दोनों किशोर हुए तो लगाव और बढ़ा. दोनों ने साथ जीने की कसमें खाई, लेकिन अचानक दोनों के जीवन में जुहिला आ गई. जुहिला नर्मदा की सखी थी. सोनभद्र जुहिला के प्रेम में पड़ गया. नर्मदा को यह

पता चला तो उन्होंने सोनभद्र को समझाने की कोशिश की लेकिन सोनभद्र नहीं माना. इससे नाराज होकर नर्मदा दूसरी दिशा में चल पड़ी और हमेशा कुंवारी रहने की कसम खाई. कहा जाता है कि इसीलिए सभी प्रमुख नदियां बंगाल की खाड़ी में मिलती हैं, लेकिन नर्मदा अरब सागर में मिलती है.

रामायण, महाभारत तथा अन्य परवर्ती ग्रंथों में इस नदी के विषय में अनेक उल्लेख हैं. विश्व में नर्मदा ही एक ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है और पुराणों के अनुसार जहाँ गंगा में स्नान करने से जो फल मिलता है, नर्मदा के दर्शन मात्र से ही उस फल की प्राप्ति होती है. नर्मदा नदी पूरे भारत की प्रमुख नदियों में से एक ही है जो पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है. यह नदी गंगा के समान पूजनीय है. नर्मदा सर्वत्र पुण्यमयी नदी बताई गई है तथा इसके उद्‌भव से लेकर संगम तक दस करोड़ तीर्थ हैं.

**पुण्या कनखले गंगा कुरुक्षेत्रे सरस्वती.**
**ग्रामे वा यदि वारण्ये पुण्या सर्वत्र नर्मदा ।।**
**नर्मदा संगम यावद् यावच्चामरकण्टकम्.**
**तत्रान्तरे महाराज तीर्थकोट्यो दश स्थिता: ।।**

विष्णुपुराण में कहा गया है कि यदि कोई रात या दिन में या जब किसी को अन्धकारपूर्ण स्थान में जाना हो तब प्रात:काल 'नर्मदा को नमस्कार, रात्रि में नर्मदा को नमस्कार! हे नर्मदा, तुम्हें नमस्कार; मुझे विषधर साँपों से बचाओं' इस मन्त्र का जप करके चलता है तो उसे साँपों का भय नहीं होता. कूर्म पुराण एवं मत्स्य पुराण में ऐसा कहा गया है कि जो अग्नि या जल में प्रवेश करके या उपवास करके नर्मदा के किसी तीर्थ पर या अमरकण्टक पर प्राण त्यागता है तो वह पुन: इस संसार में नहीं आता अर्थात उसे सभी योनियों से मुक्ति मिल जाती हैं. माँ के समान पूजनीय इस नदी का भारत में होना गौरव की बात है. इसलिए नर्मदा को जीवनदायिनी भी कहते हैं. u u u



**अरुणकुमार**
क्षे.का., जबलपुर

# ओरछा

कल्पनाएं, इतिहास के पन्ने, रोमांच और शांति, कहीं पर उपलब्ध है तो वह ओरछा में!

वर्तमान में ओरछा मध्यप्रदेश का एक छोटा-सा कस्बा है पर गुजरे जमाने में यह बुंदेल साम्राज्य का गढ़ हुआ करता था. बेतवा नदी के तट पर बसा हुआ यह स्थल मनोरम दृश्यों और दर्शनीय स्थानों से भरा पड़ा है. कल-कल करती बेतवा नदी इसके आकर्षण को और बढ़ाती है. ओरछा झाँसी से लगभग आधे घंटे की दूरी पर स्थित है.

**जहांगीर महल –** यह सर्वाधिक भव्य इमारत मानी जाती है क्योंकि बादशाह जहांगीर के सिर्फ एक दिन के यात्रा के लिए इसे बनाया गया था. यहाँ की छत/दीवारों पर फ्रेस्को पेंटिंग कला देखने योग्य है. चहूं ओर बेतवा नदी एवं प्राकृतिक छटा फैली हुई है. बुंदेलों और मुगल शासक की दोस्ती की यह निशानी ओरछा का मुख्य आकर्षण है. तीन मंज़िला यह महल जहाँगीर के स्वागत में राजा बीरसिंह देव ने बनवाया था. वास्तुकारी की दृष्टि से यह अपने जमाने का उत्कृष्ट उदाहरण है.

**राम प्रवीण का महल –** यूं तो यह महल तुलनात्मक रूप में काफी छोटा है परंतु बुंदेला दरबार की दासी राय प्रवीण की किवदंतियाँ इसे महत्वपूर्ण बनाती हैं. यह महल राजा इंद्रमणि की खूबसूरत गायिका प्रवीणराय की याद में बनवाया गया था. वह एक कवयित्री और संगीतज्ञ थी. मुगल सम्राट अकबर को जब उनकी सुंदरता के बारे में पता चला तो उन्हें दिल्ली लाने का आदेश दिया गया. इंद्रमणि के प्रति प्रवीण के सच्चे प्रेम को देखकर अकबर ने उन्हें वापस ओरछा भेज दिया. यह दो मंज़िला महल प्राकृतिक बगीचों और पेड़-पौधों से घिरा है.

**चतुर्भुज मंदिर –** इस मंदिर का निर्माण ओरछा की रानी ने अयोध्या से लाई भगवान राम की मूर्ति की स्थापना के लिए करवाया था. यह जंगलों से घिरा हुआ है.

**छत्रियां –** बुंदेला राजपरिवार के वीरों की स्मृति में इन छत्रियों का निर्माण किया गया है. पर्यटकों की सुविधा के लिए सभी जगहों पर गाइड की सुविधा भी उपलब्ध रहती है.



**राजा राम मंदिर –** निर्विवाद रूप से यह मंदिर ओरछा की पहचान है, यहां भगवान राम को राजा की तरह पूजा जाता है. इसका इतिहास 8वीं शताब्दी से शुरू होता है, जब गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज ने इसकी स्थापना की थी. इस जगह की पहली और सबसे रोचक कहानी एक मंदिर की है. चतुर्भुज मंदिर बनने से पहले राम की मूर्ति को कुछ समय के लिए महल में स्थापित किया गया था. लेकिन मंदिर बनने के बाद कोई भी उस मूर्ति को उसके स्थान से हिला नहीं पाया. इसे ईश्वर का चमत्कार मानते हुए महल को ही मंदिर का रूप दे दिया गया और इसका नाम रखा गया-राजा राम मंदिर. राम नवमी पर यहा हजारों श्रद्धालु इकट्ठा होते हैं.

**रिवर रैफ्टिंग –** मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा बेतवा नदी पर रिवर रैफ्टिंग की व्यवस्था है. नदी को जानने और इसके किनारे के जीव जन्तुओं को देखने का यह रोमांचक तरीका है.

**साउंड एवं लाइट शो –** मध्यप्रदेश पर्यटन द्वारा संचालित यह कार्यक्रम जैसे गुजरे जमाने को आपकी आँखों के सामने सच बना देता है. यहां ऐतिहासिक घटनाओं को मजेदार ढंग से आपको सुनाया एवं दिखाया जाता है. हिंदी एवं अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में इस शो को दिखाया जाता है. u u u



**ऋचा मजेजी**
क्षे.म.प्र.का.,भोपाल



# मध्य प्रदेश का दिल देखो...

## भिया इंदोरी की नज़र से, जीरावन मार के....



हिंदुस्तान के दिल मध्य प्रदेश के पश्चिम में बसा चटोरों का शहर इंदौर! जहाँ लोग पता पूछने पर आपको घर तक छोड़ आने को तैयार रहते हैं. बस साहब उसके लिए आपको कभी कभार एक कटिंग चाय की जुगाड़ करनी पड़ सकती है. वो क्या है कि यहाँ के लोगों का खाली पेट न दिमाग चलता है, न जुबान.

तो आइये साहब, लिए चलते हैं आपको माँ अहिल्या की पावन नगरी इंदौर, भिया इंदोरी के साथ. तो आप अब तक समझ ही गए होंगे कि यहाँ भैया नहीं 'भिया' होता है और यहाँ चोट लगती नहीं है, यहाँ तो 'चोट हो जाती है'. यहाँ बत्ती बिजली की नहीं, दिमाग की गुल होती है और लोग भाव करते नहीं, भाव खाते हैं. क्या हुआ? सर भन्ना गया.

घबराइए नहीं जनाब, पूरा शहर घूमते जाइये आप भी समझ जाएंगे, एक नंबर जगो की एक नंबर भाषा नी, लोगहोन का प्यार! लोग बाग यानि भीड़ भड़ाके के हिसाब से भी इंदौर मध्य प्रदेश का एक नंबर शहर है यानि कि सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला और यहाँ 34 लाख से भी ज्यादा चटोरे रहते हैं.

इतिहास के शौकीन लोगों को बता दें भिया कि ये जगो 16वीं सदी से दक्षिण और दिल्ली के बीच बिज़नस सेंटर के जेसे काम कर रि है और जब पेशवा बाजीराव प्रथम ने मालवा में झंडे गाड़ने के बाद मराठा साम्राज्य के मल्हार राव होल्कर को यहाँ का सूबेदार बनाया फिर उनने ही तो अपने इंदौर की इस्थापना की.

इतिहास पढ़ते-पढ़ते अगर आपका माथा भन्ना गया हो तो आपको जरूरत है एक प्लेट बेहतरीन पोहे जलेबी की.. जीरावन मार के. जिसके लिए आपको न दिमाग चलाना है न पेर. यह तो हर चोराहे पर ट्राफिक सिग्नल से भी पहले नज़र आने वाली चीज है.

तो आप इंदौर आयें तो थोड़ा समय निकालकर और भूखे पेट ही आइएगा क्यूंकि यहाँ के लोग मेजबानी और मेहमान नवाजी के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, फिर चाहे वो आपका स्वागत हो या क्रिकेट मैच. मैच से याद आया अपने सहवाग भिया, हाँ, वही टेस्ट मैच में 309 रन ठोकने वाले, उन्होंने यहीं तो ठोके हैं शतक पे, शतक. अरे अपने होल्कर स्टेडियम में शहर के बीचों बीच.

घूमने फिरने के लिए अगर आप इधर गाड़ी घुमाए हैं तो भाईसाब आप 'श्री गणेश' करिएगा मंदिरों के शहर में खजराना के श्री गणेश से! यहाँ के गणेशजी जीतने फ़ेमस हैं उतने ही फ़ेमस है यहाँ के लड्डू मोतीचूर वाले! फिर आप निकल सकते हैं बजरंग बली से मिलने रणजीत हनुमान पर और आते-आते अन्नपूर्णा माताजी के दर्शन तो बनते हैं. इसके अलावा भी आपके पास समय हो और पास में सेव परमल हो, तो निकल सकते हैं बड़ा गणपती, बिजासन माता, नाथ रोड का काँच मंदिर, इस्कॉन मंदिर में कृष्ण का सौन्दर्य देखने, लालबाग के पास वैष्णो देवी मंदिर.

नाम इंदौर है पर भिया, आप आउटडोर जरूर जाइयेगा, यहाँ आकर! घूमते घामते जरूर निकल जाइएगा खंडवा रोड पर! जहां पर बादल और खूबसूरत हरियाली हाथ फैलाए आपका इंतज़ार कर रहे हैं. तालाबों और झरनों से गिरता पानी आपको कुछ पल दुनिया भूलने पर विवश कर देगा. इसके साथ मिलने वाले कोयले की आंच पर सीके भुट्टे, नमक मिर्ची मार के! जिसका स्वाद आपको घर तक छोड़ने जाएगा. एक तरफ ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग और दूसरी तरफ बाबा महाकाल और रास्ते में हरियाली वादियाँ, पहाड़, झरने आपको डिजिटल दुनिया से रियल दुनिया में जरूर खींच लाएँगे. फोटू के लिए अपने-अपने केमरा जरूर रख लेना नि तो बाद में मत केना कि पहले बताया नि.

घूमने के चक्कर में आपको बताना ही भूल गया कि अपना इंदौर मध्य प्रदेश की औद्योगिक राजधानी है और यहाँ के प्रीथमपुर में 1500 से ज्यादा एसएमई हैं और यह 3000 एकड़ से ज्यादा में फैला है और अपना क्रिस्टल आईटी पार्क 5.5 लाख स्क्वेयर फीट में फैला है. मिनी बॉम्बे के नाम से मशहूर अपना इंदौर, वो अंग्रेजी में क्या कहते हैं न... एज्यूकेशन हब है. आईआईटी और आईआईएम एक साथ अपने यहाँ ही तो चालू हुए थे सबसे पहले ! हाँ, पूरे भारत का पहला शहर यहाँ ढ़ाईसो से ज्यादा कॉलेज हैं क्योंकि, पढ़ेगा इंडिया, तभी तो बढ़ेगा इंडिया, टी वी में सुना ही होगा न आपने!

वैसे टी वी से याद आया. टी वी में दिखने वाली अपनी ताई, हाँ, वो लोकसभा में साइलेंट-साइलेंट बोलने वाली स्पीकर सुमित्रा महाजन

अपने यहीं की तो हैं और राहत इंदोरी साब और वो फिलम वाले चुलबुल पांडे सलमान खान जी. फिर अपने राहुल द्रविड़ क्रिकेट वाले, यहीं तो पेदा हुए हैं यार!

कई नाम हैं अपने इंदोरियों के! ऐसे ही थोड़ी नि है कई तो कमाल है, यहाँ के पोहे जलेबी में!

आप डांस के शोकीन हैं? अरे! डांस क्लास जॉइन नि कराएंगे आपको. वो तो इसलिए, कि आपने मून वॉक सुन रखा होगा. वो यहाँ होता है रोड पे, ट्राफिक के बीचों-बीच, ट्रेफिक पुलिस के द्वारा. अपने हाई कोर्ट चौराहे पर इंदोरी सिंघम रणजीत सिंह के द्वारा. जिसके चर्चे फ़ॉरेन की न्यूज़ तक है, क्या यकीन नहीं होता? अरे भैया यू-ट्यूब कर लीजिये. और यू-ट्यूब कर ही रहे हैं तो आपको बता देता हूँ कि यहाँ ट्रेफिक पुलिस डांस करती और रोबोट ट्रेफिक संभाल लेते हैं. विश्वास नि होता न, हाँ, ये भारत ही है. इंदौर में है रोबोट चौराहा, ऐसे ही थोड़ी नि नम्बर वन है अपना इंदौर.

यहाँ का किस भी भोत फ़ेमस है. न जी फ्रेंच वाला नहीं, खाने वाला! जी हाँ, भुट्टे का किस. और मौसम ठंडा हो तो गराडू बनते हैं. जिरावन तेज कर के. पर आप स्पीड तेज मत रखना, नहीं तो पुलिस चालान काटे न काटे, लोग तेज चल रिया है बोलकर रास्ता जरूर काट जाएंगे. अपने पास तो इंदौर के भरपल्ले किस्से भरे हैं. कभी मौका लगा तो सुनाएँगे बावा आपको मेगज़ीन के बहाने ही! शब्दों से कलकारी करने के चक्कर मे भोत जगो घेरा गई और आपका ज्यादा समय ले लिया तो और मीटर हो जाएंगे.

तो चलें भिया आज के हिसाब से भोत पंचायत गा ली. आना फिर फुर्सत से तो अपन दोए की दोए चलेंगे पूरा इंदौर घूमने और भिया की तरफ से चाय नाश्ता फ्री.

**चलो बड़े निपटाओ आप की काम,**
**अपन तो चलते हैं... भिया राम! राम!**

u u u




**आलोक चौहान**
क्षे.का.इंदौर





# ऐतिहासिक 'खजुराहो'

खजुराहो भारत के मध्यप्रदेश के हिन्दू और जैन मंदिरों का मिला-जुला समूह है. खजुराहो भी युनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साईट में शामिल है. खजुराहो मंदिर अपनी नागरा आकृति और कलात्मक कलाकृति कामोत्तेजक मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध है, खजुराहो मंदिरों का निर्माण 950 और 1050 ई. में चंदेल साम्राज्य में हुआ था.

खजुराहो में अभी करीब 20 मंदिर हैं. यहाँ पर कंदरिया महादेव का मंदिर है जो काम शिक्षा के लिए मशहूर है. संभवतः कन्दरा के समान प्रतीत होते इसके प्रवेश द्वार के कारण इसका नाम 'कंदरिया महादेव मंदिर' पड़ा. यह खजूराहो का सबसे विशाल तथा विकसित मंदिर है. 117 फुट ऊंचा, लगभग इतना ही लंबा तथा 66 फुट चौड़ा. इस मंदिर की बाहरी दीवारों पर 646 मूर्तियाँ हैं तो अंदर भी 226 मूर्तियाँ स्थित हैं. इतनी मूर्तियाँ शायद अन्य किसी मंदिर में नहीं हैं. खजुराहो में और भी बहुत से मंदिर हैं जिनकी बाहरी दीवारों पर सुर-सुंदरी, नर-किन्नर, देवी-देवताओं व प्रेमी युगल आदि सुंदर रूपों में अंकित हैं. यहाँ पर स्थित लक्ष्मण मंदिर है, जिसका निर्माण 930 ई. में राजा यशोवर्मन द्वारा करवाया गया था. पंचायतन शैली में बने इस मंदिर के चारों कोनों पर एक उप मंदिर बना है. मुख्य मंदिर के द्वार पर रथ पर सवार सूर्य देव की सुंदर प्रतिमा है! मंदिर की बाहरी दीवारों पर सैकड़ों मूर्तियाँ जड़ी हैं. मूर्तियाँ बहुत ही सुंदर व मनमोहक हैं जो कि अद्भूत हैं. इनमें से अधिकतर मूर्तियाँ नृत्य, संगीत, देवदासी, तांत्रिक की मूर्तियाँ हैं जो बेहद सुंदर हैं. खजुराहो मंदिरों का निर्माण कुंडलीदार जटिल रचना के आकार में किया गया है. खुजराहो मंदिर के अंदर के कमरे एक दूसरे से जुड़े हुये हैं. खिडकियां ऐसी हैं कि कमरों की खिड़कियों से सूरज की रोशनी पूरे मंदिर में फैल सके और लोग भी मंदिर को देखकर आकर्षित हों.

मंदिर का नाम खजुराहो इसलिए पड़ा क्योंकि यहाँ खजूर के पेड़ों का विशाल बगीचा था. प्राचीन काल में खजुराहो में मंदिर की संख्या 85 थी लेकिन प्राकृतिक आपदाओं के कारण बहुत से मंदिर नष्ट हो चुके हैं, जिस कारण अब केवल 20 मंदिर ही बचे हैं, 20वीं सदी में खजुराहो के मंदिर को पुनः खोजा गया था.

खजुराहो मंदिर में मध्यकालीन महिलाओं के जीवन को पारंपरिक तरीके से चित्रित किया गया है. खजुराहो में देश और विदेश से काफी संख्या में लोग घूमने आते हैं एवं कला को निहारते थकते नहीं हैं. u u u







# ब्रह्मा की तपोभूमि बरमान

बरमान, करेली से 15 कि.मी की दूरी पर स्थित है. बरमान को 'ब्रह्मा की तपोभूमि' के रूप में जाना जाता है. कहते हैं कि यहाँ पर ब्रह्माजी द्वारा नर्मदा तट के सौंदर्य से अभिभूत होकर तपस्या की गयी थी एवं यज्ञ किया गया था, जिस कारण से इसे 'ब्रह्मा की भूमि' कहा जाता है. यह सुंदर व पवित्र स्थान है. यहां नर्मदा कल-कल कर बहती है. नर्मदा नदी के किनारे बना यह घाट नरसिंहपुर पर्यटन स्थलों में से एक है. बरमान ब्रह्मा की यज्ञ शाला, हाथी दरवाजा एवं बारह रूप यहां के आकर्षण हैं. मकर संक्रांति और बसंत पंचमी के अवसर पर यह स्थान, संगीत और रंगों से जीवंत हो उठता है. नर्मदा नदी के किनारे बरमान मेले के तहत विभिन्न पृष्ठ भूमियों और रीति रिवाज से जुड़े लोगों का संगम करीब एक महीने तक चलता है. इस मेले में पूरे भारत से लोगों का आना होता है, जो यहां मुख्य आकर्षण का केंद्र है.

**सूरज कुंड** – सतधारा के पास ही सूरज कुंड है. सूरज कुंड के बारे में कहा जाता है कि व्यक्ति को किसी भी प्रकार का चर्म रोग, कुष्ठ रोग हो, यहाँ पर स्नान करने से इन रोगों से मुक्ति मिलती है.

**सतधारा** – सतधारा में माँ नर्मदा का अद्भुत प्राकृतिक सौन्दर्य देखने को मिलता है. इससे आगे कुछ ही दूरी पर बने कुंड भी श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र हैं.

सतधारा के आगे बरमान के बीच अर्जुन कुंड, सूरज कुंड और भूत कुंड सहित कुल पाँच कुंड हैं. कहा जाता है कि सतधारा में एक रात पांच पांडवों ने माँ नर्मदा की धारा को बांधने का प्रयास किया था, पर वे असफल रहे. बाद में उन्होंने भी माँ नर्मदा मैया की महिमा को समझा और उनके आगे नतमस्तक हुए.

**दीपेश्वर मंदिर** – ऐसा कहा जाता है कि सूरज कुंड में स्नान कर यहाँ के जल से बरमान के स्वर्ण पर्वत पर स्थित ब्रह्मा की तपोस्थली दीपेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का अभिषेक करने से मनोकामना पूरी होती है.

**वराह रूप** – यहाँ पर राम लक्ष्मण का एक मंदिर है, जिसके सामने एक बड़े पत्थर पर अतीत और भविष्य को चित्रित किया गया है, जिसे विष्णु के अवतार के रूप में जाना जाता है. यह भी कहा जाता है कि इसके नीचे से वही व्यक्ति निकल सकता है जिसके द्वारा पाप न किए गये हों, अन्यथा व्यक्ति निकलते समय फंस जाता है.


**पिसनहारी मंदिर** – यहां सदियों पुराना मंदिर, पिसनहारी मंदिर के नाम से जाना जाता है. कहते हैं कि एक वृद्ध महिला द्वारा आटा पीस पीस कर इस मंदिर को बनाया गया था.

बरमान मेलों ने मूल्यों व परम्पराओं के सदियों का सफर पूरा किया है. यह मेला आठ सदियों का पड़ाव पार कर चुका है.

नर्मदा के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए परंपरा का गीत 'बबुलिया' सिर्फ नरसिंहपुर जिले में ही गाया जाता है. बरमान मेले में स्वास्थ्य, कृषि, वन, लोक स्वास्थ्य, यान्त्रिकी महिला एवं बाल विकास, उद्योग, रेशम, मत्स्यपालन समेत कई विभागों की प्रदर्शनियों का केंद्र है. मेले में सर्कस, झूले, मौत का कुंआ, मीना बाज़ार, आदि ने भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया है. यह मेला करीब ढ़ाई सौ हेक्टयेर क्षेत्र में लगता है. इसमें कपड़े, जेवर, फर्नीचर, बर्तन, किराना, मिठाइयाँ, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिक उत्पाद, चमड़े से बनी वस्तुएं इत्यादि मेले की शोभा बढ़ाते हैं. ◆◆◆




राकेश सोनी
क्षे.का.,जबलपुर

# चंबल के बीहड़

चंबल के बीहड़, चंबल क्षेत्र की एक विशेष प्राकृतिक और सांस्कृतिक पहचान है. चंबल की घाटियों में मिट्टी के कटाव के कारण लंबे समय से ऊंचे मिट्टी के टीलों या बीहड़ों का निर्माण हुआ है. इन बीहड़ों के कारण मिट्टी की उपजाऊ क्षमता समाप्त होती है तथा एक घाटी का जन्म होता है जो कि इस क्षेत्र में कटाव की एक विशेष व्यवस्था है.

इन बीहड़ों में आसानी से छिपा जा सकता है तथा इस विशेषता के कारण यह क्षेत्र लंबे समय तक दस्युओं की शरण स्थली रहा है. यह निर्जन क्षेत्र डाकुओं की समस्या के कारण लंबे समय तक कुख्यात रहा है.

चंबल नदी और इससे उत्पन्न बीहड़ हर साल बाढ़ और कटाव के कारण बढ़ रहे हैं परंतु अब इन बीहड़ों के फैलाव को रोकने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं. दस्यु समस्या भी अब लगभग समाप्त हो चुकी है. लेकिन यह बीहड़ आज मुरैना-भिंड क्षेत्र की एक विशेष सांस्कृतिक पहचान हैं.

आज सरकारी प्रयासों से सभी दस्यु आत्म समर्पण कर चुके हैं तथा उनका पुनर्वास भी किया जा चुका है. मृदा अनुसंधान विभाग द्वारा



मिट्टी के क्षरण को रोकने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं.

आज बीहड़ क्षेत्रों को खेती योग्य बनाया जा रहा है. सरसों की खेती चंबल संभाग की समृद्धि का आयाम बन रही है. देश में आज सरसों की सबसे ज्यादा पैदावार इसी क्षेत्र में हो रही है. शनिचरा मंदिर भी इस क्षेत्र की एक विशेष सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर है.

चंबल के बीहड़ आज भी पुराने समय के भय और समस्या की याद ताजा करते हैं. इन बीहड़ों का फैलाव अब थम रहा है. लेकिन चंबल और उसकी सहायक नदियों में ये आज भी विशेष रूप से देखे जा सकते हैं और यह इस क्षेत्र की भौगोलिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का विशिष्ट आयाम है.

चंबल की घाटी एक प्राचीनतम व्यवस्था और विरासत है. यह इस क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान भी है. इन बीहड़ों के कारण पर्यटन के विकास की इस क्षेत्र में असीम संभावनाएँ हैं. घड़ियाल संरक्षण क्षेत्र व चंबल नदी घाटी इस व्यवस्था को नव आयाम प्रदान कर रहे हैं. चंबल क्षेत्र का विकास इन बीहड़ों के उपजाऊपन और पर्यटन संभावनाओं के साथ जुड़ा हुआ है. uuu

# खोया हुआ प्राचीन नगर 'पवाया'



ग्वालियर जिले की भीतरवार तहसील में डबरा से 25 किलोमीटर दूर पवाया ग्राम स्थित है. पुरातत्वविदों, लोक मान्यताओं और पौराणिक आख्यानों के अनुसार पवाया ही प्राचीन पद्मावती नगर है. यह तीसरी शताब्दी में नागवंशी राजाओं की राजधानी थी. भवभूति की प्रसिद्ध रचना 'मालती माधव' में भी इस स्थान का उल्लेख मिलता है.



यहाँ पुरातत्व खुदाई के दौरान यक्ष मणिभद्र की प्रतिमा, नाग वंशी राजाओं की मुद्राएँ तथा भग्न मूर्ति अवशेष प्राप्त हुए हैं, जो कि ग्वालियर के गुजरी महल संग्रहालय में संरक्षित है. पवाया ग्वालियर क्षेत्र का प्राचीनतम पुरातात्विक स्थल है. यह स्थान ग्वालियर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है. पवाया में वर्तमान में ईंटों का एक भग्न मंदिर/महल के अवशेष देखे जा सकते हैं. यह स्थान आज पर्यटकों और पुरातत्वविदों के लिए एक विशेष शोध और आकर्षण का केंद्र है. इसकी भौगोलिक स्थिति सिंध और पार्वती नदियों के संगम पर स्थित है.

पवाया के समीप लोक आस्था का केंद्र धुमेश्वर मंदिर है. इस मंदिर का निर्माण नागवंशी राजाओं द्वारा कालप्रिय मंदिर के नाम से किया गया था. यह सिंध संगम स्थल पर स्थित धार्मिक महत्व का स्थल है. धुमेश्वर मंदिर का पुनर्निर्माण ओरछा के राजाओं द्वारा किया गया था तथा अंत में सिंधिया राजघराने द्वारा नवनिर्माण किया गया था. यह आज मराठा एवं मुग़ल स्थापत्य कला का नमूना है. नदियों के संगम स्थल पर उठे धुएँ के कारण यह स्थान धुमेश्वर के नाम से प्रसिद्ध हुआ. यहाँ चारों धामों की यात्रा के बाद यात्रा और दर्शन का विशेष धार्मिक महत्व है. यह स्थान चमत्कारिक और विशिष्ट माना गया है.

पद्मावती नगर का वैभव और नागवंश का वैभव आज भी पवाया के भग्न अवशेषों और खुदाई के दौरान देखे जा सकते हैं.

आज यह स्थान एक छोटे से गाँव में तब्दील हो गया है. प्राचीन वैभव की झलक और नवविन्यास व शोध इस स्थल पर आसानी से किए जा सकते हैं. uuu




**आदित्य रमण सिंह**
क्षे.का., ग्वालियर



# डॉ. रमेशचंद्र शाह

रमेशचन्द्र शाह, हिन्दी के कुछ उन गिने चुने लेखकों में से एक हैं, जिन्होंने साहित्य की लगभग हर विधा को अपनी सर्जनात्मकता की धार दी. साहित्य की एक भी ऐसी विधा नहीं जिसमें उन्होंने योगदान दिया नहीं है. यही नहीं, उन्होंने यात्रावृत्त, डायरी और पत्रलेखन भी किया है. साहित्य जगत में उनकी छवि एक ऐसे बुद्धिजीवी की है जो विविध विधाओं की व्यापक भूमिका के संदर्भ में साहित्य के प्रश्नों और अपनी सृजनशीलता को समझने, रचने का प्रयास करता है.

रमेशचन्द्र जी की रचनात्मकता पहले कविताओं के माध्यम से प्रकट हुई. अपनी जीवनानुभूतियों को समझने के लिए भीतरी और बाहरी अराजकता से जूझते हुए तथा इन सबके बीच संतुलन प्राप्त करने के लिए ही यह कवि कविता लिखता है 'क्यों लिखते हो आप कविता?' कवि का यह प्रश्न, स्वयं के लिए है. ''आजकल की कविता कानों के लिए होती है, कानों के रास्ते वह मर्म में प्रवेश करती है, जब आप जिये, भोगे का कर्म लिखना चाहते हैं, जब आप दुख का मर्म जानना चाहते हैं, आप कविता लिखते हैं,'' यह बात कहते हुए कवि की वह छोटी सी, छरहरी काया और आंखें अपने आप में मगन दिखती हैं. हमारे सामने सोफ़े पर किसी भी अभिनिवेश के बिना बैठी यह शख्सियत कविता के बारे में बात करते हुए खुद से बात करने लगती है.

'प्रेरणा का कोई भी क्षण, आता है कविता के शब्दों के साथ! भाषा के अक्षय कोश से समझे-बूझे, जिये-बूझे की अभिव्यक्ति है कविता, व्यक्तिगत मत, दिमाग जब सामूहिक शक्तियों से टकराता है, जब व्यक्तिगत संवेदनाओं की टकराहट होती है, जब सारे प्रश्न, जिनके उत्तर आसान नहीं होते हैं, उनकी गूंज, अनुगूंज उठती है, जब हम पूरी विरासत, अपने पुरखों से संवाद स्थापित करते हैं', जब शब्द, वाक्य कमाते हैं, तब भाषा भी आपके साथ-साथ कविता करती है, आपके अनुभव का मर्म समझाती है और आप कविता लिखते हैं. यही वजह है कि कविता लिखने का अलग आनंद आता है. सबसे गाढ़ा आसव कविता में प्रकट होता है. भाषा की सबसे गहरी, उत्कट अभिव्यक्ति, आवाज और गूंज है, कविता! कविता लिखने के बाद मिलनेवाली राहत तात्कालिक, क्षणिक नहीं होती है. कविता के साथ ही भाषा की गहराइयों का पता चलता है. कविता में ही हर शब्द नया हो जाता है, अन्यथा जीवन में बासीपन तो आम है.' सिर्फ कविता के बारे में रमेशचन्द्र जी का यह वक्तव्य यानि कविता के प्रति उनकी गहराई भरी चाहत का प्रतीक! 9 कविता संग्रह, 11 उपन्यास, 8 कहानी संग्रह, निबंध संग्रह, आलोचना, ललित, नाटक लेखन-साहित्य का ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जहां शाहजी ने मुसाफिरी नहीं की हो. लेकिन बावजूद इसके, कविताओं के प्रति उनकी जो सोच और अभिव्यक्ति है, वह अनूठी और गहरी है. डॉ. रमेशचन्द्र शाह के साथ हमारी बातचीत के कुछ अंश :

**प्रश्न:** कविता के बारे में इतनी गहराई से बात कर आपने एक नयी दुनिया हमारे समक्ष खोल दी है. यह बहुत गंभीर और गहन बात है लेकिन इस तक पहुँचने वाला शख्स किस माहौल से आया है, यह हम जानना चाहते हैं.

**उत्तर:** 16-17 वीं शताब्दी के उथल-पुथल वाले माहौल में हमारे पुरखे राजस्थान व














गुजरात से उत्तराखंड के अल्मोड़ा में आये. वैसे लिखने पढ़ने की कोई परंपरा हमारे घर में नहीं थी. एक दुकान थी, लोग रद्दी बेचकर जाते थे. उस रद्दी में उपन्यास, कहानियाँ मिल जाती थीं, सोये हुए संस्कारों को जगाया करती थीं. उन दिनों मंदिरों में कथा वाचक होता था, हमने उनसे कथाएं भी सुनी. मैंने 16 निबंधों की पहली किताब पढ़ी. घर में पारिवारिक हिंदु गृहस्थी का माहौल था. पिता 7वीं तक पढ़े हुए थे. गरीबी ने तो शुरू से साथ दिया था. पिताजी-दादाजी से सितार और संगीत के संस्कार मिले. मैं सुनकर राग पहचान सकता हूं. संगीत और कविता का करीबी संबंध है. नौटंकी के दल, ब्रजमंडल से ब्रज की लीलाएं मेरे बचपन का हिस्सा थे. हिमालय का सान्निध्य हरदम रहा. त्रिशूल, नंदादेवी की चोटियां खिड़की से दिखायी देती थीं. स्कूल के समय से ही 'साप्ताहिक अल्मोड़ा' में कविता छपने लगी थी. गरीबी थी, सब तरह के लोग थे, लेकिन ज़िंदादिली का माहौल था. चार भाईयों में हम सबसे बड़े थे. संयुक्त परिवार था. भरे बाज़ार में हमारा घर था. हर तरह की आवाजें वहां आती रहती थी. घरों की छतें एक दूसरे से जुड़ी हुई थी लेकिन हमें तो घोर एकांत का नशा था, निस्तब्धता का नशा था. वह नेहरू युग था. घर से सायंस में पढ़ाई के लिए बाध्य किया गया. इंटर सायन्स से जिले में प्रथम आये तब रु.60/- पुरस्कार स्वरूप मिले. इलाहाबाद में बीएससी करने के पश्चात एमएससी करना था, लेकिन आँखें खराब होने की वजह से पढ़ाई छोड़कर देहात में रु.60/- के मासिक वेतन पर स्कूल टीचर बन गये. वैसे फिजिक्स में स्पेशलायजेशन करने की इच्छा थी लेकिन स्वयं को उभार नहीं पा रहे थे. ऐसे में वृंदावन के आश्रम से अंग्रेजी साधू चले गये और जाते समय अपनी सभी किताबें बैग भरभर कर सबको दे गये. उनमें से एक बैग हमारे स्कूल को प्राप्त हुआ. मैंने 'हेलन केलर' को उसी में से एक किताब में पढ़ा, 'हेलेन केलर' ने मुझे प्रेरित किया. साहित्य से मेरी वह पहली मुलाक़ात थी.

**प्रश्न:** सायंस की पढ़ाई, टीचर और फिर साहित्य से नजदीकियां-यह सफर भी थोड़ा अलग रहा, लीक से हटकर..........?


**उत्तर:** नहीं, टीचर तो हम थे फिर स्कूल के बजाय कॉलेज में पढ़ाने लगे. 'वर्डस्वर्थ' के साथ साक्षात्कार हुआ-अंग्रेजी से एमए करना तय किया. आगरा यूनिवर्सिटी से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और गंज डुंडवारा कॉलेज में लेक्चररशिप भी मिल गयी. एक पठान से वहीं पर दोस्ती हुई और अमीर खुसरो से भी साक्षात्कार हुआ. पहले कहानियां छपी, लिखकर पैसा मिलता है, इस बात का पता तब चला जब किसी पत्रिका से कहानी छपने पर 15-20 रुपयों का मनीआर्डर मिला. 1960-61 में जब हमीदिया कॉलेज में नियुक्ति हुई तब भोपाल आना हुआ. वहां से स्थानांतरण पर सीधी में भी 7-8 साल बिताए. पटना में रहे फिर वापस एचओडी के रूप में हमीदिया आये. लेकिन गर्मी की छुट्टियों में हम हर साल अपनी विरासत पर लौटते रहे.

**प्रश्न:** आपकी पारिवारिक यात्रा के बारे में थोड़ा बताइये...

**उत्तर:** मेरी पत्नी यानि साहित्यिक वीरेंद्रकुमार जैन जी की बड़ी बेटी ज्योत्स्ना मिलन. कवि, कहानीकार तथा महिलाओं के लिए कार्य करनेवाली सशक्त महिला थी. हमारा दाम्पत्य जीवन बड़ा ही सुखमय और बेहतरीन बीता. उसके जाने के बाद अब एक अकेलापन तो आया है लेकिन मेरी दो बेटियां हैं, जो मेरा संबल बनकर उभरी हैं. सिरैमिक कलाकार के रूप में शंपा शाह बड़ा नाम है तथा मेरी दूसरी बेटी राजूल शाह फिल्म इंस्टीट्यूट, पुणे से निर्देशन का डिप्लोमा लेकर आयी है. वह कविताएं लिखती है. उसे ज्ञानपीठ का युवा लेखक पुरस्कार भी मिला है.

**प्रश्न:** आप अंग्रेजी के प्रोफेसर रहे हैं, आपने अनुवाद कार्य भी किया है. साहित्य अकादमी पुरस्कार, पद्मश्री जैसे अनेक अवार्डों/पुरस्कारों से आपको नवाजा गया है, ऐसे में आप ज़िंदगी को कैसे लेते हैं?

**उत्तर:** सच कहूं तो हमारे बचपन का परिवेश कितना भी जर्जर रहा हो, कितना भी तकलीफ़देह रहा हो, लेकिन जीवन के हर मोड़ पर कोई न कोई व्यक्ति मिलता गया जिसने हमें प्रेरित किया, हमें सराहा. साथ में हमारे लेखन ने, हमारे कठिन समय में हमें हरदम घेर लिया. फिर वह कविता हो, उपन्यास हो या कहानी. आज भी इस 'साँझ





बेला' में यह लेखन मेरा साथ देता रहता है. मैं लिखता रहता हूँ, लिखता रहूँगा.

**प्रश्न:** वर्तमान परिवेश को आप कैसे परिभाषित करेंगे.

**उत्तर:** यह मूल्य संक्रमण का युग है, सारे अस्थिरता का दौर है. बंधा बँधाया विश्वास, धारणाएं कमजोर पड़ गयी हैं. परिवर्तन आवश्यक है. क्योंकि कोई चीज यथावत नहीं है. हम भी हर दशक में नया अवतार लेते हैं, हमारा व्यक्तित्व बदलता रहता है. मानव समाज भी बदलता जाता है. हमारे समाज में पढ़ने का संस्कार वैसे कभी पुख्ता नहीं रहा लेकिन अब तो यह बिलकुल गिरता जा रहा है. शिक्षा में गिरावट, शैक्षिक मानदंडों में गिरावट का यह दौर है. मान्यताओं के बदलने का यह समय है. अंधाधुंध बढ़ती जनसंख्या और अपेक्षाएं... समाज बदल रहा है.... समाज बदल रहा है.

यह बात खुद से कहते हुए रमेशचन्द्र जी सोफ़े पर ही अपने आप में गुम हो जाते हैं. उनकी आँखों में तैरती उस दर्द की रेखा से हम वाकिफ तो हैं लेकिन वह अकेलेपन का दर्द है, समाज से साहित्य की वितृष्णा का दर्द है या फिर गिरते समाज मूल्यों का दर्द है, इस बात को समझना कठिन था. लेकिन दर्द से ही कविता जन्म लेती है, यह बात उतनी ही सत्य और सही है. विदा लेते समय रमेशचन्द्र शाह जी की इस मुद्रा ने हमें भी सोचने के लिए मजबूर किया था. uuu



**डॉ. सुलभा कोरे**
केंद्रीय कार्यालय, मुम्बई



# इंदौर क्षेत्र की पारंपरिक साड़ियाँ

‘साड़ी’ से हमारा रिश्ता अलग-अलग होता है. जैसे जब-जब साड़ी का नाम आता है, मुझे ‘माँ’ की याद आती है. उस साड़ी में ‘भिंजी’ माँ की खुशबू याद आती है. मेरे जीवन में माँ के अस्तित्व से जुड़ी है साड़ी. ‘साड़ी’ एक चीर मात्र नहीं, कभी नयी नवेली दुल्हन का घूँघट है ‘साड़ी’, तो कभी माँ की ममता का आँचल है ‘साड़ी’. नारी का सच्चा शृंगार कही जाने वाली ‘साड़ी’. नारी के सम्मान का कारण है ‘साड़ी’, तो कहीं चीर हरण का शिकार होती ‘साड़ी’. द्रौपदी को चीर हरण से बचाने स्वयं श्री कृष्ण का आशीर्वाद बनी ‘साड़ी’. मगर चीर हरण तो तब भी होते हैं, जहाँ साड़ियाँ नहीं पहनी जाती. चूंकि समस्या



वस्त्र की नहीं मानसिकता की है. बहरहाल बरसों से परंपरा का ध्वज लहराती ‘साड़ी’. साड़ी को झमेला कहने वाली हर औरत को भी दो पल के लिए रोक लेती, ‘एक सुंदर साड़ी’. साड़ी हमारी विरासत की निशानी है. ऐसी मान्यता है कि, नारी की सादगी और शालीनता का परिचालक होती है ‘साड़ी’.

प्राचीन भारतीय ग्रंथों एवं वेदों में ‘साड़ी’ शब्द का विशेष महत्व बताते हुए वर्णन किया गया है. सर्वप्रथम यजुर्वेद में साड़ी शब्द का उल्लेख मिलता है. यज्ञ, हवन एवं पूजा (भगवान की आराधना) या किसी भी विशेष त्यौहार के मौके पर भी ‘साड़ी’ पहनने का अत्यधिक महत्व बताया गया है, इसीलिए प्राचीन इतिहास में साड़ी को पत्नी के लिए विशेष एवं शुभ परिधान माना गया है.

पौराणिक काल से वर्तमान काल तक, प्रचलित यह भारतीय परिधान भिन्न-भिन्न परिवर्तन को संजोये हुए है. सर्वाधिक लम्बा यह भारतीय परिधान पौराणिक ग्रन्थ महाभारत के समय से ही स्त्री की आत्मरक्षा का प्रतीक माना गया है.

भारत में भिन्न-भिन्न भौगोलिक स्थितियों एवं विभिन्न स्थानों के अनुसार साड़ी के भी अनेक प्रकार होते हैं. यदि केवल मध्य प्रदेश की बात की जाए और मध्य प्रदेश में भी केवल इंदौर क्षेत्र की बात की जाए तो माहेश्वरी साड़ियाँ, बाघ प्रिंट की साड़ियाँ महत्वपूर्ण हैं.

**माहेश्वरी साड़ियाँ**

महेश्वर शहर, मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में स्थित है. यहाँ स्त्रियों द्वारा सर्वाधिक पहनी जाने वाली माहेश्वरी साड़ियाँ अत्यधिक प्रसिद्ध हैं. प्राचीन समय में यह साड़ियाँ केवल सूती कपड़े से ही निर्मित की जाती थीं, परन्तु समय के साथ-साथ इस कला में फैशन के अनुसार परिवर्तन आता गया. माहेश्वरी साड़ी हथकरघे पर एक-एक धागा बुनकर बनाई जाती है. अब माहेश्वरी साड़ियों में सूती साड़ियों के अतिरिक्त उच्च गुणवत्ता वाली रेशमी साड़ियाँ भी बनाई जाने लगी हैं. लगभग 250 वर्ष पुरानी माहेश्वरी साड़ियों का यह इतिहास अमर है. महेश्वर में सन 1767 में कुटीर उद्योग की स्थापना होल्कर वंश की महान शासक देवी अहिल्याबाई होल्कर ने करवाई थी. अहिल्याबाई होल्कर ने गुजरात एवं



भारत के अन्य शहरों से बुनकरों के परिवारों को यहाँ लाकर बसाया. उन्होंने बुनकरों की कला को प्रोत्साहन दिया और माहेश्वरी साड़ियों को विश्व स्तर तक पहुँचाया.

ऐसी मान्यता है कि अहिल्याबाई होल्कर के विशेष आग्रह पर बुनकरों द्वारा माहेश्वरी साड़ियों, अन्य वस्त्रों, महेश्वर क़िले की दीवारों पर डिज़ाइन बनाने की परंपरा प्रचलित हुई. माहेश्वरी साड़ियों की परंपरा को जीवित रखने के लिए तथा इस कला के विकास के लिए इंदौर राज्य के अंतिम शासक महाराजा यशवंतराव होल्कर के इकलौते पुत्र युवराज रिचर्ड ने ‘रेवा सोसाइटी’ नामक एक संस्था का निर्माण किया जो आज भी महेश्वर क़िले में ही महेश्वरी साड़ियों का निर्माण करती हैं.

साड़ी में प्रयुक्त सामग्री एवं उसकी गुणवत्ता के आधार पर माहेश्वरी साड़ियों को वर्गीकृत किया जा सकता है. इसी आधार पर इनकी कीमत भी निर्धारित होती है. जितना अधिक रेशम उतनी अधिक कीमत. जैसे नीम रेशमी में 50 प्रतिशत रेशम तथा 50 प्रतिशत अच्छा सूत होता है, जबकि कुछ माहेश्वरी साड़ियाँ शुद्ध रेशम से भी बनायी जाती हैं. कतान साड़ी में 100 प्रतिशत शुद्ध रेशम, कड़क कपड़ा प्रयुक्त होता है. साड़ी में चौड़ाई में पट्टियां होने पर 75 प्रतिशत रेशम





एवं 25 प्रतिशत अच्छा सूत प्रयोग में लाया जाता है. टिश्यू साड़ी रेशम, सूत एवं जरी से बनी होती है. मर्सिडाइस्ड चेक्स साड़ी में 50 प्रतिशत रेशम, 50 प्रतिशत अच्छा सूत प्रयोग में आता है.

**बाघ प्रिंट की साड़ियाँ एवं ड्रेस मटिरियल**


इंदौर क्षेत्र के धार जिले में स्थित स्थान है 'बाघ' जो कि बाघ नदी के तट पर स्थित है. यहाँ की सूती और रेश्मी साड़ियों और फेब्रिक पर प्राकृतिक रंगों से बने जामीतीय और बेल-बूटों की आकृतियों से कलाकारी की जाती है, जिसे बाघ प्रिंट कहा जाता है. बाघ प्रिंट्स को सामान भौगोलिक संकेत (पंजीकरण एवं संरक्षण) अधिनियम (जीआई एक्ट) 1999 के अंतर्गत, मध्य प्रदेश के बाघ प्रिंट्स के नाम से पैटेंट डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक द्वारा वर्ष 2008 में पैटेंट किया गया है.

1962 में मुस्लिम खत्री संप्रदाय मनावर से बाघ स्थानंगमन के दौरान, कपड़ों पर कलाकारी की यह कला अपने साथ लाए थे. ब्लॉक प्रिंटिंग की यह कला जो वे अपने साथ लाये, स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार उसमें परिवर्तन किया गया. इस कला में, सूती अथवा रेशम का कपड़ा काम में लाया जाता है, जिस पर प्राकृतिक पदार्थों जैसे लोहे की जंक, फिटकड़ी, अलिज़ारिन, अन्य प्राकृतिक वनस्पतियों से बनाए रंगों से भिन्न-भिन्न आकृतियों की छपाई की जाती है. फिर इसे बहते पानी में कई बार धोया जाता है, और धूप में सुखाया जाता है. धुले हुए कपड़े को विचलीय कहा जाता है, जिसे भट्टी में गर्म पानी में, अलिज़रिन और धावड़ी के फूलों के साथ लगभग 4 घंटों तक उबाला जाता है. फिर इसी शृंखला में, कई और प्राकृतिक पदार्थों जैसे नमक, संचूरा, अरंडी के तेल में भिगोकर, इसे इसके वास्तविक स्वरूप में लाया जाता है.



धार जिले के बाघ में बसे इस्माइल खत्री इस क्षेत्र के बड़े और प्रतिष्ठित कारीगर हैं, जिन्होंने इस क्षेत्र के 80 प्रतिशत आदिवासियों को ब्लॉक प्रिंटिंग हेतु प्रशिक्षित कर, इस कारोबार से जोड़ा है. बाघ और माहेश्वरी साड़ियाँ वास्तव में इंदौर क्षेत्र की समृद्ध कलाकारी और मध्य प्रदेश के हथकरघा उद्योग की शान हैं. ये वहीं खूबसूरत, रंग बिरंगी साड़ियाँ हैं, जिन्हें न केवल भारतीय कपड़ा बाज़ार बल्कि विदेशी कपड़ा बाज़ार में निर्यात कर, बड़े व्यापारी करोड़ों का मुनाफा कमाते हैं, किन्तु इन खूबसूरत साड़ियों की कारीगरी में निहित है कई कलाकारों, कारीगरों की अथक मेहनत और समर्पण, जो स्वयं सहूलियतों से परे, बेरंग जीवन जीने को बाध्य हैं. इनमें से अधिकांश को अपनी मेहनत का वाजिब मेहनताना नहीं दिया जाता है, और निरंतर प्रयासों के बावजूद ये कारीगर गरीबी, बीमारी, अमानवीय परिस्थितियों में काम करने और सहूलियत विहीन जीवन जीने को विवश हैं. धार जिले में बाघ में अपने प्रवास के दौरान मैंने पाया कि अधिकांश कारीगर टी.बी. रोग से पीड़ित हैं. रंग-बिरंगी साड़ियों के खूबसूरत संसार को रचने वाले इन सृजनकर्ताओं का अपना संसार अंधकारमय और तकलीफदेय है. इन कलाकारों को अपनी मेहनत और समर्पण का वास्तविक पारितोषिक दिया जाना हमारी ज़िम्मेदारी है. इन कारीगरों और कलाकारों का संरक्षण ही वास्तव में इस पारंपरिक कला का संरक्षण है.

◆◆◆



**निधि सोनी**
क्षे.का., इंदौर




# मध्य प्रदेश की मूल जनजातियाँ





मध्य प्रदेश, देश का सर्वाधिक जनजाति जनसंख्या वाला राज्य है. मध्य प्रदेश में लगभग 47 जनजातियाँ निवास करती हैं. 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या 1,53,16,784 है, जो कुल जनसंख्या की 21.1% है. सहरिया, बैगा व भारिया मध्य प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजातियाँ हैं. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 366(25) के अनुसार जनजाति से तात्पर्य उन जनजातीय समुदाय या जनजातीय समुदायों के अंशों या समूहों से है जो संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अनुसूचित जनजातियों के रूप में माने गए हैं. भारत की संसद किसी जनजातीय समुदाय या अंश को अनुसूचित जातियों की सूची से निकाल सकती है या उसमें जोड़ सकती है.

मध्य प्रदेश की जनजातियां प्रोटो ऑस्ट्रेलायड प्रजाति का प्रतिनिधित्व करती हैं. मध्य प्रदेश के तीन बड़े जनजाति समूह भील, गौंड एवं बैगा हैं.

**भील** जनजाति अलीराजपुर, धार, रतलाम जिलों में निवास करती हैं. इनकी उप जनजातियाँ भिलाला, बरेला, पटलिया हैं. इनके प्रमुख देवता राजा पंथ तथा भगोरिया हैं. साथ ही भगोरिया हाट इनका प्रमुख उत्सव है जो होली के समय मनाया जाता है. यह जनजाति मुख्य रूप से मध्य प्रदेश के झाबुआ क्षेत्र में पायी जाती है. इनका मकान 'कू' व बस्तियां 'फाल्या' कहलाती हैं.

**गौंड** जनजाति का निवास क्षेत्र नर्मदा नदी के दोनों ओर सतपुड़ा व विंध्याचल पर्वत श्रेणियों के मध्य है. इनके प्रमुख जिले बालाघाट, मंडला, जबलपुर और सिवनी हैं. गौंड जनजाति की उप जातियाँ आगरिया, परधान, नगारची तथा ओसा कुमार हैं. इस जनजाति के प्रमुख देवता दुल्हादेव व दूध लौटावा प्रचलित विवाह प्रथा है.

**बैगा** जनजाति मंडला, सीधी, शहडोल, अनूपपुर, तथा छिंदवाड़ा जिलों में निवास करती है. इस जनजाति के प्रमुख देवता बूढ़ा देव व वृक्ष साज हैं. यह जनजाति स्थानांतरित कृषि करती है, जिसे बेवार कहते हैं क्योंकि इस जाति की मान्यता है कि हल चलाने से पृथ्वी को नुकसान होता है.

**कोरकू** जनजाति मध्य प्रदेश के होशंगाबाद, हरदा, बैतूल, खंडवा तथा छिंदवाड़ा जिलों में निवास करती है. इस जनजाति की उपजातियाँ नहाला, बवारी, बोडोया हैं. यह हिन्दू देवी देवताओं की पूजा करते हैं. इस जनजाति में हठ विवाह प्रथा प्रचलित है.

**कोल** जनजाति मध्य प्रदेश के रीवा, जबलपुर, संभाग में निवास करती है. इस जनजाति में ज्यादा राजनीतिक जागरूकता पाई जाती है. इनकी पंचायत 'गोहीय' कहलाती है. इस जाति की उप जाति रोहिया एवं रौठेल हैं.

**पारधी** जनजाति मध्य प्रदेश के सीहोर, रायसेन में निवास करती है. यह जनजाति आखेट द्वारा अपना जीवन यापन करती है. इसलिए इस जनजाति को आखेटक पारधी कहा जाता है.

**पनिका** जनजाति मध्य प्रदेश के सीधी, शहडोल में निवास करती है. यह जनजाति कबीर पंथी कहलाती है.

चंबल क्षेत्र की **सहरिया** जनजाति मध्य प्रदेश की एक पिछड़ी जनजाति है. सहरिया शब्द की उत्पत्ति स + हरिया से हुई है, जिसका अर्थ है 'शेर के साथ' पारसी भाषा में सहर का अर्थ है 'जंगल' चूंकि ये लोग जंगलों में निवास करते हैं, अतः इन्हें 'सहरिया' कहा जाता है.

सहरिया जनजाति के लोग प्रदेश के उत्तर–पश्चिम क्षेत्र विशेषकर गुना, ग्वालियर, मुरैना, शिवपुरी, विदिशा, रायसेन व बुन्देलखण्ड में निवास करते हैं. लेकिन इसका अधिकतम संचरण ग्वालियर संभाग में है. इस जनजाति के लोगों का कद मध्यम व त्वचा का रंग सांवला होता है. मदिरापान अत्यधिक करने के कारण शारीरिक रूप से दुर्बल हो रहे हैं. सहरिया पुरुष धोती, रंगीन कमीज़ एवं साफा बांधते हैं जबकि महिलाएं घाघरा, चोली, सलुगा, लहंगा, लुगड़ा, आदि पहनती हैं. स्त्री व पुरुष दोनों आभूषण प्रिय होते हैं. स्त्रियाँ अपने शरीर पर टैटू गुदवाती हैं.

सहरिया समतल मैदानों में समूह बनाकर रहते हैं, जिसे सहरना कहते हैं, जिसमें कई लोगों के मकान होते हैं. इन मकानों के मध्य बंगला होता है, जिसका सामुदायिक भवन के रूप में उपयोग किया जाता है. सहरिया के प्रत्येक परिवार का मुखिया होता है, जिसे 'पटेल' कहा जाता है, जो वंशानुगत होता है. यह 'पितृसत्ताक' जनजाति होती है तथा परिवार का बुजुर्ग व्यक्ति मुखिया होता है.

सहरिया जनजाति का धर्म पर अटूट विश्वास होता है तथा जादू, टोना, टोटका पर विश्वास करते हैं. यह जनजाति हिन्दू धर्म से प्रभावित है तथा हिन्दू देवी-देवताओं की पूजा करती है. हिन्दू पर्व व त्योहार यथा दशहरा, दिवाली, होली, रक्षाबंधन एवं नवरात्री को बड़े उत्सव के साथ मनाती है.

इस जनजाति की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार कृषि, मजदूरी एवं वनों का संग्रह है. न्यूनतम आवश्यकता के साथ जीवन-यापन करने वाली यह जनजाति पशुपालन, कंदमूल व फल एकत्रित कर तथा मत्स्य आखेटन कर थोड़े बहुत संसाधन जुटा पाती है.

सहरिया जनजाति में विवाह के नियम अत्यंत कठोर होते हैं. ये लोग समगोत्री विवाह नहीं करते हैं. इनमें तलाक एवं विधवा विवाह को मान्यता है. हिन्दू धर्म से प्रभावित होने के कारण हिन्दू मान्यता के अनुसार विवाह करते हैं. इनकी कला व संस्कृति की अपनी विशेषताएँ हैं. इनके गीत, कथाएँ, पहेलियां व कहावतें लोक संस्कृति की परिचायक हैं. अतः वनों की कटाई, गरीबी, अशिक्षा, आदि के कारण यह जनजाति मध्य प्रदेश की अति पिछड़ी जनजातियों में से एक है.

**भारिया** जनजाति मध्यप्रदेश के पातालकोट क्षेत्र में निवास करती है जहां छिंदवाड़ा प्रमुख है. सन 1981 की जनगणना में पातालकोट के भारिया जंगलियों के जंगली नाम से संबोधित किया गया था. भारिया शब्द का वास्तविक अर्थ 'अज्ञात' होता है.

जनजाति ऐसे मानव समूह हैं जो विकास के सोपान में सबसे निचले पायदान पर हैं. इस कारण इन जनजातियों के उत्थान के लिए केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा अनेक कार्यक्रम व योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि इन्हें विकास की मुख्य धारा में लाया जा सके जिससे आधुनिकता के साथ-साथ इनकी लोक व संस्कृति को सुरक्षित रखा जा सके. साथ ही इन्हें संवैधानिक संरक्षण भी प्राप्त है. u u u



मानसिंह राठौड
क्षे.का., ग्वालियर

# बाघ

'बाघ' मध्यप्रदेश के धार जिले में स्थित एक छोटा सा कस्बा है. आदिवासी इलाक़े में स्थित होने के बावजूद बाघ पूरे प्रदेश में काफी प्रसिद्ध है. इसके दो कारण हैं-पहला यह कि बाघ से कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, बाघ की गुंफाएं. ये गुंफाएं इतिहासकारों के अनुसार चौथीं से छठवीं सदी की हैं. यह गुंफाएँ बौद्ध गुंफाएं हैं जिसे बौद्ध भिक्षुकों द्वारा बनाया गया था. गुंफाएँ काफी पुरानी हैं तथा वहाँ पास ही एक बहते पानी का स्त्रोत है यानि कि एक छोटी-सी नदी, जहाँ बारिश के मौसम में पानी रहता है. यहाँ एक काफी बड़ा स्तूप भी है. इन काफी पुरानी गुंफाओं की देखभाल की जिम्मेदारी पुरातत्व विभाग द्वारा उठायी जा रही है क्योंकि ये राष्ट्रीय धरोहर हैं. जिसके कारण यह काफी अच्छी स्थिति में मौजूद हैं.

बाघ की छपाई के लिए बाघ प्रसिद्ध है. यह बाघ प्रिन्ट के नाम से प्रसिद्ध है तथा देश-विदेश



में चादरों, साड़ी तथा अन्य कपड़ों पर छपे हुए रूप में उपलब्ध है. बाघ प्रिन्ट को वनस्पतियों के रंगों से तैयार किया जाता है. जिससे सफ़ेद रंग के कपड़ों पर सुंदर आकृतियाँ बनायी जाती हैं. बाघ प्रिन्ट बनाने का कार्य करने वाले कुछ कलाकार, विश्वभर में प्रसिद्ध हैं, जिसमें श्री मोहम्मद युसुफ खत्री तथा मोहम्मद बिलाल खत्री जाने माने नाम हैं.

बाघ का नाम बाघ पड़ने का भी एक कारण है, यहाँ की गुंफाओं के बारे में कहा जाता है कि बाघ यहाँ रहा करते थे. इसलिए इस कस्बे का नाम, बाघ पड़ा जोकि अब मध्यप्रदेश का एक महत्वपूर्ण अंग बन गया है. जिस तरह बाघ जंगल का राजा है, उसी तरह बाघ भी अपनी कला का राजा है. साथ ही यह भी बता दें कि यहाँ बाघ से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित टांडा कस्बे में, यूनियन बैंक की टांडा शाखा ही एक मात्र बैंक शाखा है, जो 30 वर्षों से लगातार आस-पास के आदिवासी इलाक़ों में बैंकिंग सुविधाओं का लाभ पहुँचा रही है.
.

u u u



अंकीत गुप्ता
क्षे.का.इंदौर





# बांधवगढ़

## राष्ट्रीय उद्यान

मध्य प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यानों में बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान की अपनी एक अलग पहचान है. मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में 105 किमी के क्षेत्रफल में स्थित इस उद्यान को वर्ष 1968 में राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा प्राप्त हुआ. इस उद्यान का बफर क्षेत्र उमरिया एवं कटनी के जंगलों में फैला हुआ है, जो कुल 820 किमी क्षेत्रफल का है. यह मध्य प्रदेश का एक ऐसा राष्ट्रीय उद्यान है जो 32 पहाड़ियों से घिरा हुआ है. जैसा कि नाम से ही पता चलता है, 'बाघों का गढ़, वो है बांधवगढ़!' कहा जाता है कि भगवान राम ने लंका से लौटकर लक्ष्मण के लिए यहाँ एक किला बनाया था. इस उद्यान में एक मुख्य पहाड़ है जो बांधवगढ़ कहलाता है, जो इस अभ्यारण्य को वस्तुत: चार भागों में विभाजित करता है और इसी पहाड़ पर स्थित यह रहस्यमयी किला है, जिसका निर्माण करीब दो हजार सालों पहले किया गया था. 811 मीटर ऊंचे इस पहाड़ के आसपास छोटी छोटी पहाड़ियां हैं, चरणगंगा यहाँ की प्रमुख नदी है जो अभ्यारण्य से होकर गुजरती है.

इस राष्ट्रीय उद्यान में पशुओं की 22 और पक्षियों की 250 प्रजातियाँ पायी जाती हैं. इस क्षेत्र में पहला बाघ महाराज मार्तंड सिंह ने 1951 में पकड़ा था. 'मोहन' नाम के इस सफ़ेद बाघ को अब महाराजा ऑफ रीवा के महल में सजाया गया है. यहीं की एक बाघिन 'सीता' के सबसे ज्यादा बार फोटो खींचे गए और उसका एक अलग रिकॉर्ड भी है. जबकि 'चार्जर' नामक एक बाघ को टूरिस्ट गाड़ियों के समीप जाकर हरकतें करने की वजह से 1990 के दौर में बहुत प्रसिद्धि मिली थी. आज पार्क में मौजूद सभी बाघ बाघिन, सीता एवं चार्जर के वंशज के रूप में ही जाने जाते हैं.

मध्य प्रदेश में कभी घूमने का मौका मिले तो बांधवगढ़ की सैर जरूर कीजिएगा, यहाँ आकर आपको प्रकृति का एक अलग अंदाज देखने को मिलेगा, जो निश्चित रूप से आपको जीवन भर याद रहेगा.





वैभव विशाल
नो. क्षे. का., भोपाल



# मध्यप्रदेश का संगीत

धरती के समस्त जीवधारियों से 'मनुष्य' इसलिए ही भिन्न है, क्योंकि उसकी भूख और प्यास का संबंध सिर्फ 'पेट' तक न होकर, उससे बहुत ऊपर है. 'सत्य, शिव और सुंदर' की उसकी इसी यात्रा ने 'कला और संगीत' को जन्म दिया. कहते हैं संगीत, मनुष्य और प्रकृति के रहस्यमयी सम्बन्धों की अभिव्यक्ति का मौलिक आधार है. ऐसा नहीं है कि नदियों की कल-कल, झरनों का छल-छल, बूंदों की टप-टप, पत्तियों की सरसराहट, बादलों की गड़गड़ाहट आदि पहले नहीं थे, लेकिन इसे सुनने-बुनने की समझ बहुत बाद में आयी. संगीत को समझने में हिंदुस्तान का दिल कहे जाने वाले 'मध्यप्रदेश' की भी यात्रा बड़ी रोचक रही है.

सृष्टि के प्रारम्भ से ही संगीत मौजूद रहा है. यहाँ तक माना जाता है कि यह 'सृष्टि' भी 'ध्वनि' और 'प्रतिध्वनि' का ही परिणाम है. फिर भी यदि इसकी शिक्षा की बात करें तो भरतमुनी का 'नाट्यशास्त्र' ही वह पहला ग्रंथ है जिसमें संगीत का विषद विवेचन किया गया है. मान्यता है कि सबसे पहले आदिगुरु 'ब्रम्हा' ने 'सरस्वती' को संगीत की शिक्षा दी, फिर 'सरस्वती' से 'नारद' को और 'नारद' से 'भरत' ने शिक्षा ग्रहण की. संगीत शब्द का अर्थ कई प्रकार से लिया जाता है, लेकिन सबसे प्रचलित रूप में, संगीत का अर्थ है- इसके तीनों अंगों गायन, वादन और नृत्य का संगम. कुछ लोग यह भी मानते हैं कि सम्यक प्रकार से सुर, ताल, लय के साथ प्रस्तुत किया गया गीत संगीत है. परंतु कालिदास नृत्य की अनुपस्थिति को स्वीकार नहीं करते, उन्होंने गायन, वादन और नृत्य कलाओं के समूह को ही 'संगीत' माना है. हालांकि तीनों कलाओं का अपना स्वतंत्र अस्तित्व है. भारतीय संगीत को मुख्यतः दो रूपों में बांटकर देखा जाता है- हिंदुस्तानी संगीत और कर्नाटकी संगीत. मोटे तौर पर कहा जाय तो उत्तर भारतीय संगीत और दक्षिण भारतीय संगीत. संगीत को समझने में हिंदुस्तान का दिल कहे जाने वाले 'मध्यप्रदेश' की भी यात्रा बड़ी रोचक रही है.

घराना, गुरु तथा शिष्य के संयोग से बनता है. यह गुरु परंपरा शास्त्र तथा कला दोनों के लिए आवश्यक मानी गई है. शास्त्र अथवा कला के सूक्ष्म अंगों का ग्रहण तब तक संभव नहीं जब तक योग्य गुरु से शिक्षा न ली जाए. विद्या वही सफल होती है जो सही रूप से सीखी जाती है. विद्या या कला की सफलता में जितना योगदान शिष्यों का होता है उतना ही योगदान आचार्य का भी. कुछ विशेष परिस्थितियों में ही किसी घराने का जन्म होता है और उस समय वह अपने भविष्य की कल्पना नहीं कर पाता. कभी-कभी अनजाने में ही गायक-वादक अपने-अपने घरानों का निर्माण करते हैं और अपने जीवनकाल में उन्हें कोई संकेत नहीं मिलता कि आगे चलकर उनके घरानों को इतनी ख्याति मिलेगी. ग्वालियर और इंदौर घरानों का जन्म भी कुछ ऐसा ही है.

मध्यप्रदेश का संगीत बेहद अनूठा है. यहाँ भारतीय शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ, ग्रामीण लोक संगीत और जनजातीय धार्मिक संगीत का अद्भुत मिश्रण है. परंपरानुसार मध्यप्रदेश का शास्त्रीय संगीत जहां समृद्ध राजाओं के दरबार में विकसित हुआ, वहीं लोक संगीत का उद्भव और विकास मध्यप्रदेश के जंगलों और गांवों में हुआ है. वैसे तो मध्यप्रदेश के प्रत्येक कण की अपनी ध्वनि है, परंतु इसके 'ग्वालियर' और 'इंदौर' घराने, विशिष्ट उल्लेख की मांग करते हैं. ग्वालियर घराना अपनी 'शास्त्रीय शैली' में विशिष्ट पहचान रखता है, जहां बैजू बावरा और तानसेन के प्रतिद्वंदिता की गूंज आज भी वहाँ सुनने वालों को सुनाई देती है.

मध्यप्रदेश के राजा मानसिंह न सिर्फ एक श्रेष्ठ संगीतप्रेमी थे, जिन्होंने स्वयं गुजरी तोड़ी, गुजरी मल्हार तथा मंगल गुजरी जैसे राग विकसित किए थे बल्कि वे बैजू बावरा और तानसेन से लेकर, बक्सू, महमूद और लोहांग आदि की प्रतिद्वंदिता के रसिक भी रहे हैं. कहते हैं राजा



मानसिंह ने ही अपने दरबार में 'संगीत संघ' की स्थापना कर ध्रुपद पद्धति को पुनर्जीवित किया था.

भारतीय शास्त्रीय संगीत में 'इंदौर' घराने का अपना विशिष्ट योगदान है. उस्ताद आमिर खाँ ने इस घराने की स्थापना की थी. उस्ताद आमिर खाँ को अब्दुल वाहिद खान, अमन अली खान, रजब अली खान और अब्दुल करीम खान का निचोड़ माना जाता है. उस्ताद आमिर खाँ ने इन चारों की शैली का समन्वय करते हुए, इंदौर घराने को विकसित किया. इंदौर घराने का विलंबित ताल, तान और मेरुखण्ड संरचना, क्रमशः अब्दुल वाहिद खान, रजब अली खान एवं अमन अली खान की याद दिलाते हैं. उस्ताद आमिर खाँ के शिष्यों में प्रमुख हैं-पंडित अमरनाथ, शंकरलाल मिश्रा, कंकना बैनर्जी, पूर्वी मुखर्जी आदि. धीमी ताल

के रागों का विकास, धुनों पर विशेष ज़ोर, कण स्वरों का उपयोग, एक ही तान में कई लयों का उपयोग, एक ही तान में कई तालों का मिश्रण आदि इंदौर घराने की कुछ प्रमुख विशेषताएँ हैं.

इंदौर घराने के प्रमुख हस्ताक्षर हैं-आमिर खाँ, पंडित अमरनाथ, श्रीकांत बाकरे, गोकुल्तोसवी महाराज, अजित सिंह पेंटल, महेंद्र टोके, सिंह बंधु, कंकना बैनर्जी, मुनीर खान, रामनारायण, सुल्तान खान, शांति शर्मा, बलदेवराज वर्मा, रामनीक सिंह एवं अजित कुमार दास आदि.

बात करें 'ग्वालियर' घराने की तो ग्वालियर प्राचीन काल से संगीत का केंद्र रहा है. यह सूफी संत मोहम्मद गौस का ठिकाना रहा है, जहां गायक तानसेन ने संगीत की शिक्षा पाई थी. ग्वालियर को तानसेन की नगरी के नाम से भी जाना जाता है. भारतीय संगीत की परंपरा में ग्वालियर घराने का स्थान अद्वितीय है. ग्वालियर का घराना ध्रुपद, धमार, ख्याल, टप्पा, ठुमरी,



दादरा, गजल, तराना, त्रिवाट, चतुरंग शैलियों के लिए ख्यात है. ग्वालियर घराने ने लोक धुनों, क्लासिकी रूपों और पारंपरिक विभिन्नताओं के मेल से संगीत का अनूठा कोश प्रस्तुत किया है.

हद्दू खां, हस्सू खां और नत्थू खां की गायन शैली को हम ग्वालियर घराने की गायकी कहते हैं. इसको परिमार्जित और निर्माण करने में उन्हें परम्परा और घराने के सिद्धांतों का ही सहारा लेना पड़ा. लखनऊ के गुलाम रसूल के परम्परागत संगीत का अनुसरण करके नत्थन पीरबख्श ने ग्वालियर संगीत परम्परा को स्थापित किया. अच्छे शिष्य ही गुरू परम्परा को वास्तविक रूप में सुरक्षित रखने में समर्थ होते हैं और ऐसे शिष्य को तैयार करने की अच्छे आचार्य से अपेक्षा होती है. विद्यादान करने वाले गुरू और प्रतिभाशाली शिष्य के होने पर ही 'संप्रदाय' या 'घराने' का जन्म होता है.

ग्वालियर की ख्याल गायकी सर्वश्रेष्ठ मानने के दो विशेष कारण हैं. प्रथम कारण इसकी मुख्य विशेषताएं और द्वितीय इसकी वृहद और शानदार शिष्य परम्परा. इन दो कारणों के अतिरिक्त एक और महत्वपूर्ण कारण है. वह है घराना और गायकी का सम्बन्ध. परम्परा, घराना और गायकी ये तीन सीढ़ियां और तीन विश्राम-स्थान हैं, जिन्हें पार कर के ही हम संगीत के पर्वत शिखर पर पहुंचते हैं.

ग्वालियर घराने की परम्परागत गायकी को हद्दू खां, हस्सू खां, नत्थू खां ने पूर्णतः आत्मसात किया था. हस्सू खां का गला मधुर एवं पतला था ही, बहुत ऊंचे स्वर में फिरने वाला था. हद्दू खां का गला न विशेष बड़ा, न पतला था. उनका गला गंभीर था. नत्थू खां का गला ढ़ाले स्वर में गूंजने वाला, वजनदार था. अपनी -अपनी आवाज के अनुसार ही हरेक ने बड़े महम्मद खां की गायकी के एक एक अंग को साध्य किया था.

हद्दू खां, हस्सू खां, नत्थू खां की शिष्य परम्परा भी बहुत बड़ी थी. इन तीनों में से हस्सू खां ने ग्वालियर में अपनी शिष्य परम्परा को बढ़ाया जिनमें बाबा दीक्षित, वासुदेव बुआ जोशी, देवती बुआ परांजपे, गुले इमाम खां आदि. इनमें वासुदेव बुआ जोशी ने ग्वालियर परम्परा को अपने शिष्य बालकृष्ण बुआ इचलकरंजीकर द्वारा महाराष्ट्र में प्रचारित किया. प्रसिद्ध संगीतज्ञ पं. विष्णू दिगम्बर पलुस्कर आपके ही शिष्य थे. उन्होंने ग्वालियर परम्परा को महाराष्ट्र में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण भारतवर्ष में प्रसारित किया, जो आज भी विद्यमान है. ग्वालियर घराने की संगीत परम्परा में उस्ताद निसार हुसैन खां साहब ने ग्वालियर परम्परा को ग्वालियर में ही शिष्य परम्परा द्वारा जीवित रखा है.

संगीत जगत में सदैव यह प्रश्न उठता है कि ख्याल गायन की परम्परा में ग्वालियर घराना ही सर्वश्रेष्ठ क्यों है? इसका कारण है उसकी कुछ विशेषताएं, जो इसे संगीत परंपरा में अद्वितीय बनाती हैं.

1. ग्वालियर ख्याल गायन शैली की सर्वप्रथम विशेषता है ध्रुवपद गायन शैली की मौलिकता के आधार पर ख्याल की बंदिश प्रस्तुत करना.

2. दूसरी विशेषता है ख्याल की बंदिश के अनुसार ही खुली आवाज में आकार में आलाप की प्रस्तुति.

3. ग्वालियर घराने की गायकी लय से एकरूपता बनाए रखती है. ताल एवं अतीत, अनागत क्रियाएं ग्वालियर घराने की विशेषता है.

4. राग विस्तार करते समय तिरोभाव-आविर्भाव दर्शाने को ग्वालियर घराने में निषेध माना है. ग्वालियर घराने में राग शुद्धता पर अधिक जोर दिया जाता है.

5. ग्वालियर घराने की परम्परा में अधिकतर गायक प्रचलित राग ही गाते हैं.

6. ग्वालियर घराने की गायकी अत्यंत सरल और स्पष्टता लिए हुए है और इसलिए समझने में आसान है.

संयम, शोभा, मर्यादा, भारी भरकमपन, ये भी ग्वालियर ख्याल गायकी की विशेषताएं हैं. श्रोता इसकी लाग-डाट, इसके तेवर और इसके आत्म-सम्मान के कलात्मक प्रदर्शन से बहुत प्रभावित होते हैं. यही कारण है कि आज भी ग्वालियर की ख्याल गायकी उसके गुणों के कारण एक सर्वश्रेष्ठ, गंभीर, शानदार ख्याल गायकी मानी जाती है जिसके लिए हम मरहूम हद्दू खां, हस्सू खां, तथा नत्थू खां के सदैव ऋणी रहेंगे.

ग्वालियर का संस्कृत, अपभ्रंश, और खड़ी बोली के साहित्य में मुख्य योगदान रहा है. यहां जैन साहित्य की समृद्ध परंपरा रही है. आधुनिक उर्दू के विकास में फैयाज ग्वालियरी का योगदान अहम है. मुज्तर खैराबादी, जानिसार अख्तर, जावेद अख्तर, निदा फाजली, वकार सिद्दीकी से लेकर उषा खन्ना का ग्वालियर की माटी से रिश्ता है. यह रिश्ता अटल बिहारी वाजपेई और शिवमंगल सिंह सुमन को भी अपनी परिधि में समेटता है. ग्वालियर में ऐसा बहुत कुछ है जो उसकी गंगा जमुनी तहजीब व सेकुलर मिजाज का परिचय देता है. वैसे तो यह सम्पूर्ण सृष्टि ही शिव और शक्ति के संगम का अनहद नाद है, परंतु भारत और विशेषकर इसका दिल कहे जाने वाले 'मध्यप्रदेश' में संगीत की यह स्वर लहरी अपने विशिष्ट रूप में ही प्रतिध्वनित होती है.

uuu




**मनोज कुमार**
यूनियन धारा



**आनंद कुमार**
क्षे.का. ग्वालियर

# मोहन : द व्हाइट टाइगर



बघेलखंड, बघेल साम्राज्य, बघेली भाषा और मोहन, ये सभी अपने आप में अनूठे हैं, और इन सभी अनूठे, अद्वितीय, अनुपम और विलक्षणता के भंडार आपको रीवा में प्राप्त हो सकते हैं. सफ़ेद शेरों की धरती रीवा, जिसे विश्व के सभी सफ़ेद शेरों का उद्गम स्थल माना जाता है एवं 'मोहन' ऐसा नाम, जिसके माध्यम से आज हमें शेरों की सुंदरतम प्रजाति अर्थात सफ़ेद शेरों को देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है. मोहन-द ग्रेट व्हाइट रॉयल बंगाल टाइगर, से आप सभी का साक्षात्कार कराने से पहले आपको सफ़ेद शेरों के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान करना चाहूँगा.

मोहन से भी कई वर्ष पहले विश्व एवं भारत में सफ़ेद शेरों को देखा गया है एवं उनका शिकार भी किया गया है. 'अकबरनामा' में ग्वालियर के आस-पास 2 सफ़ेद शेरों को 1561 में देखे जाने का जिक्र है, इसके अलावा असम, उत्तरप्रदेश, बिहार, उड़ीसा, झारखंड, मध्य-प्रदेश के कई स्थानों पर सफ़ेद शेरों को देखा गया एवं उनका शिकार किया गया था. पूर्व में शेरों का शिकार आम बात थी एवं शिकार के उपरांत उनका रिकॉर्ड रखने हेतु इसे लॉग बूक में दर्ज किया जाता था, इस कारण से हमें इनके शिकार की जानकारी प्राप्त हो पाई है. इसी क्रम में 1920 से 1930 के बीच सिर्फ बिहार में ही 15 से अधिक सफ़ेद शेरों का शिकार किया गया था. दिसंबर 1915 में अर्थात मोहन के पकड़े जाने से 36 साल पूर्व रीवा रियासत के महाराजा श्री गुलाब सिंह जी द्वारा एक सफ़ेद शेर को पकड़ा गया था जो लगभग 2 वर्ष की आयु का था. इसे महाराजा ने 5 वर्षों तक अपने महल में कैद कर रखा एवं इसके उपरांत उसकी खाल को किंग जॉर्ज को भारत की वफ़ादारी के सबूत के तौर पर भेजा गया था.

मई 1951 में रीवा के महाराज श्री मार्तंड सिंह जी जंगलों में शिकार कर रहे थे, जिस दौरान उन्हें सूचना मिली की एक शेरनी अपने 4 बच्चों के साथ देखी गई है जिसमें से 1 सफ़ेद रंग का है. अगले दिन से उसे पकड़ने के लिए एक सघन खोज अभियान चलाया गया, जिसमें ड्रम, ट्रंपेट आदि बजाने से लेकर शॉर्ट फायर तक किए गए थे. इस खोज के दौरान महाराज श्री मार्तंड सिंहजी ने अपने अतिथियों के साथ उस शेरनी एवं उसके दो बच्चों का शिकार किया परंतु सफ़ेद रंग का बच्चा उन्हें प्राप्त नहीं हुआ. उनके पंजों के निशान का पीछा करते हुए वे उस स्थान पर पहुँचे जहाँ शेरनी द्वारा बच्चों के भोजन के लिए एक शिकार किया गया था एवं अपनी भूख मिटाने के लिए वह सफ़ेद छोटा बच्चा उस जगह पर मौजूद संकरी गुफा में घुसा हुआ था. महाराजा द्वारा उसे पकड़ने के लिए लकड़ी के एक पिंजरे का निर्माण कर उसमें पीने हेतु पानी का प्रबंध किया गया एवं उसे उस संकरी गुंफा के दरवाजे पर रख दिया गया. वह सफ़ेद रंग का छोटा बच्चा जब पानी पीने हेतु उस पिंजरे में आया तो उसे पकड़ लिया गया. उसे पकड़ने के बाद महाराज उसे अपने 150 कमरों के महल में ले आए एवं उसे एक बड़े से हॉल में रखा गया जहाँ से तीन दिनों के बाद वह भाग निकला. उसे पुनः पकड़ने हेतु अभियान चलाया गया जिसके दौरान उसके साथ कई हिंसक झड़प हुई और वह पकड़ा गया जिसके उपरांत उसे पुनः उस हॉल की मरम्मत कराकर ताउम्र रखा गया.

इस शेर का नाम महाराज द्वारा 'मोहन' रखा गया, जिसे वर्तमान में विश्व में जितने भी सफ़ेद शेर हैं उनका जनक माना जाता है. उसकी सुंदरता और सफ़ेद रंग के शेरों को पाने के लिए महाराजा द्वारा मोहन को अपने गोविंदगढ़ स्थित महल में एक शेरनी, जिसका नाम बेगम था के साथ मोहन को मेट कराया, जिससे चार शावक हुए परंतु वे सभी भूरे रंग के थे. पुनः उन्होनें इन चारों में से एक शेरनी अर्थात मोहन की पुत्री राधा से मोहन का मेट कराया जिससे चार सफ़ेद रंग के शावक प्राप्त हुए जिनका नाम क्रमशः राजा, रानी, मोहिनी और सुकेशी रखा गया. राजा और रानी को दिल्ली चिड़ियाघर जबकि मोहिनी को एक अमीर जर्मन-अमेरिकन को दे दिया गया था और सुकेशी को गोविंदगढ़ के महल में ही मोहन के साथ छोड़ दिया गया ताकि और भी सफ़ेद रंग के शेर प्राप्त हो सकें. इस प्रकार से दुनियाभर के चिड़ियाघरों एवं अभिरक्षा में रखे गए सभी सफ़ेद शेर मोहन के ही ब्रीड हैं.

सफ़ेद शेरों को दुनिया भर में उसकी सुंदरता एवं दुर्लभता के कारण उन्हें कैद में ही रखा जाता है. शेरों की प्रजाति में केवल 0.01% सफ़ेद रंग के हैं. नेशनल जिओग्राफिक चैनल द्वारा भी 1970 में ग्रेट ज़ू ऑफ द वर्ल्ड की शृंखला में 'लेजेंड ऑफ मोहन' नाम से मोहन की कहानी का प्रसारण किया गया था. 1970 में ही मोहन द्वारा 20 वर्ष की अवस्था में आखरी सांस ली गई एवं उसका हिन्दू रीति रिवाज के तहत अंतिम संस्कार किया गया. मोहन के सम्मान में मध्यप्रदेश शासन द्वारा रीवा के पास ही मुकुंदपुर चिड़ियाघर एवं व्हाइट टाइगर सफारी का निर्माण कराया गया है, जहाँ कई सफ़ेद शेर अपने ननिहाल में खेल-कूद रहे हैं. मोहन अंतिम सफ़ेद शेर था जो कि जंगलों में जन्मा इसलिए वह वास्तव में एक लेजेंड था. ◆◆◆



**महेंद्र श्रीवास्तव**
क्षे.का. रीवा



# ग्वालियर का सिंधिया घराना

सिंधिया परिवार एक ऐसा राजघराना है, जिसने मुग़लों के शासन से लेकर 1857 का बगावत काल भी देखा है. 1947 के बाद बेशक हिंदुस्तान में राजशाही को ख़त्म करके लोकतंत्र को लागू कर दिया गया, पर इसके बावजूद आज भी कई राजपरिवार अपना अस्तित्व बनाये हुए हैं, जिनमें से कुछ राजनीति में सक्रिय हो गए, तो कुछ समाज सेवा में लग गए. ऐसे ही राजपरिवारों में से एक है ग्वालियर का सिंधिया परिवार. जिसकी राजनैतिक पैठ राजस्थान से लेकर मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र तक फैली हुई है. सिंधिया परिवार के इतिहास की जड़ें मुग़लकाल से जुड़ी हुई हैं.

इतिहास की मानें, तो खुद मुग़ल भी सिंधिया परिवार के ऋणी रहे हैं. 1857 के बाद जब बहादुरशाह ज़फर की मौत के बाद मुग़ल कमजोर होने लगे, तो औरंगज़ेब के परपोते शाह आलमगीर द्वितीय के गुलाम कदीरबख्श रोहिल्ला ने बादशाह से बगावत कर दी और दिल्ली के लाल किले पर कब्जा कर लिया.

मगर कदीरबख्श यहीं नहीं रुका. शाही ख़ज़ाना लूटने के बाद उसने बादशाह की आंखें फोड़ दीं और महिलाओं को बंदी बना कर उनके साथ बलात्कार किया. कदीरबख्श के ज़ुल्मों का खेल लगातार 3 महीने, तब तक चला, जब तक कि ये ख़बर ग्वालियर के महादजी सिंधिया तक नहीं पहुंची.

इस दुखद समाचार को सुन कर महादजी सिंधिया ने सेना सहित दिल्ली की तरफ कूच की और कदीरबख्श को बंदी बनाकर बादशाह को छुड़ा लिया. कदीरबख्श को बादशाह के हवाले कर के महादजी सिंधिया लौट गए. इसके बाद बादशाह ने कदीरबख्श को कैद करके तीन महीने तक उसके शरीर का हर अंग काट कर पेटी में बंद करने की सजा सुनाई. जबकि कदीरबख्श के परिवार वालों ने भाग कर मराठों की शरण ली.

महादजी सिंधिया की ये मदद एक कूटनीतिक चाल की तरह भी काम कर गई और मुग़ल राजस्थान के राजपूतों को छोड़ कर महाराष्ट्र के मराठों की तरफ़ अपना ध्यान लगाने लगे.

1857 से पहले भी जब सिंधिया राजघराने पर अंग्रेजों ने अपना अधिकार कर लिया, तब भी इस परिवार ने हार नहीं मानी. 1843 आते-आते सिंधिया ने 3 बार अंग्रेजों के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की, हालांकि उन्हें असली कामयाबी 1843 में महाराष्ट्र के सहयोगियों की मदद से मिली.

1857 में जयाजीराव सिंधिया अपने साम्राज्य को बचाने के लिए अंग्रेजों की मदद करने के लिए विवश थे. यहां जयाजीराव सिंधिया कहीं से भी ग़लत मालूम नहीं होते, क्योंकि उस समय देश के लगभग सभी घराने हिंदुस्तान को नहीं, बल्कि अपने-अपने साम्राज्य को बचाने के लिए लड़ रहे थे. इसके लिए ब्रिटिश सरकार ने जयाजीराव सिंधिया को जॉर्ज की उपाधि दी, जो इंग्लैंड के राजा का नाम था.



1947 में भारत के आज़ाद होने के बाद सिंधिया परिवार के सदस्यों ने अपनी-अपनी इच्छा और नैतिकता के आधार पर अलग-अलग पार्टियों को चुना और उनका हिस्सा बन गए. इसके बावजूद वो अपनी कूटनीति से अपना राजपरिवार बचाने में कामयाब रहे.

वर्तमान में ज्योतिरादित्य सिंधिया, सिंधिया परिवार के मुख्य वंशज के रूप में ग्वालियर जिले में स्थापित हैं.

◆◆◆



**हिमांशु पाटकर**
क्षे.का., ग्वालियर







# मुँह में पानी ले आएँगे इंदौर के व्यंजन







भारत का हृदय स्थल है, मध्य प्रदेश और मध्य प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी है इंदौर, जो आज सारे देश में, स्वच्छता में प्रसिद्धि हासिल कर चुकी है. इंदौर, पहले से पूरे देश में अपने खान-पान और स्वाद के लिए जाना जाता है. भोजन तो मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है. अमूमन हमारे देश में हर प्रदेश के भोजन की अपनी ही संस्कृति और विशेषता है. भारतीय अपनी भोजन प्रियता के कारण अलग नजर आ जाते हैं. इंदौरी लोगों का स्वाद प्रेम अनूठा ही है, चटपटे/मीठे स्वादिष्ट भोजन के लिए कितनी भी दूरी तय कर सकते हैं. इस शहर में व्यापारी भी वहीं टिक पाते हैं जिन्होंने, लोगों की नब्ज को पहचान कर अपने उत्पाद में उस स्वाद का समावेश कर लिया है. साथ ही, जो स्वाद एक की दुकान का है वो स्वाद दूसरी दुकान में नहीं मिलेगा. या यूँ कहें कि, स्वाद की महारथ हासिल कर, अपनी विशिष्ट पहचान बना कर लोगों के दिलों में राज कर रहे हैं.

इंदौर ही एक ऐसा शहर है, जहाँ हर पहर में आपकी क्षुधा तृप्ति की जा सकती है. चाहे दिन का कोई पहर हो या रात का. आमतौर पर लोग दिन के प्रथम पहर का आरंभ पोहा जलेबी के साथ करते हैं, बहुत सस्ता, सहज उपलब्ध नाश्ता है पोहा जलेबी! इसकी गूँज अमिताभ बच्चनजी ने अपने सर्वाधिक लोकप्रिय शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में गुंजायमान कर दी है. हालांकि पोहा-जलेबी पूरे शहर में आपको मिल जाएगी, पर इसमें भी कुछ स्थानों/दुकानों का नाम चलता है जैसे प्रशांत/रवि अल्पाहार/जैन मिठाई भंडार (जेएमबी) आदि. उसी तरह झन्नाटेदार (तीखे) खाने के शौकीन लोगों में उसल-पोहा बहुत लोकप्रिय है. कई लोगों ने जलेबी में महारथ हासिल कर रखी है, जैसे सराफा की मावे की मोटी जलेबी/जैन मिठाई भंडार की केसर की जलेबी.

यूँ तो गरम समोसे, कचौरी पूरे दिन, पूरे शहर में उपलब्ध रहते हैं पर इसमें भी हर स्थान के समोसे, कचौरी का अपना स्वाद है. भला वहीं आलू, वहीं मूंग की दाल पर राजबड़ा के कोने वाले के समोसे का स्वाद पिछले 70 सालों से नहीं बदला है. 'विजय चाट हाउस' की मटर की कचौरी, आलू पेटिस का अपना स्वाद है. कचौरी मूंग की दाल की, मटर की, भुट्टे की एवं आलू की-जैसे चाहे मिल जाएगी पर अलग-अलग दुकान का अलग स्वाद है. लाल बाल्टी की कचौरी, रवि अल्पाहार की कचौरी, कोठरी मार्केट की कचौरी-हर कचौरी का अपना अलग स्वाद है.

शाम की चाट चौपाटी के लिए कोर्ट के पास की गली/टावर चौराहा/विष्णुपुरी रोड और छप्पन दुकान सबसे मुख्य हैं. जॉनी हॉट डाग, विजय चाट हाउस, जैन मिठाई भंडार और अनेक छोटी बड़ी दुकाने हैं. अगर आपको पावभाजी खाना पसंद है तो धेनु मार्केट की अग्रवाल स्वीट्स के सामने की पावभाजी को जरूर याद रखिए. चिमन बाग के फाफड़े कड़ी का अपना ही स्वाद है.

रात को आठ बजे के बाद लगने वाले सराफा बाजार की तो शोभा ही निराली होती है. जो भी इंदौर आता है एक बार सराफे के स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लेने का लोभ संवरण नहीं कर पाता, ठंड के दिनों में मिलने वाले गरमा-गरम























'गराडु' का चटपटा स्वाद ठंड को दूर भगा देता है. सराफा बाजार जहाँ दिन में जोशी के दही वड़े/भुट्टे का किस और नागोरी की 'शिकंजी' का आकर्षण होता है. यूँ भी अगर आपने इंदौर आकर इन दोनों का आनंद नहीं लिया तो फिर आपका इंदौर जाना सार्थक नहीं हुआ. लस्सी और शिकंजी वैसे तो सभी जगह मिलती हैं पर नागोरी की शिकंजी एक बार पीने के बाद उसके स्वाद को आप कभी नहीं भूल सकते.

इन सबसे बढ़कर इंदौर जाना जाता है, अपनी सौ से भी अधिक तरह के नमकीन के लिए, सदी सेव, रतलामी सेव, लौंग की सेव, लहसुन की सेव से लेकर झन्नाट सेव तक खट्टे मीठे मिक्स्चर से लेकर चटपटे इंदौरी मिक्स्चर तक अनगिनत स्वाद के अनगिनत मिक्स्चर, अन्य भिन्न-भिन्न प्रकार के नमकीन में से आप अपने स्वाद के अनुसार चख कर चुनाव कर सकते हैं. प्रकाश/रतन/अग्रवाल/अपना स्वीट्स/महेंद्र/जैन मिठाई भंडार/हॉट चिप्स/नकोड़ा/मिश्री बड़े नामचीन नमकीन वालों की अनेक दुकानें हैं, जो गरमा-गरम नमकीन की कढ़ाई दुकान के बाहर लगा कर आपको ताजा नमकीन खाने के लिए बाध्य कर देते हैं. आप ताजा सेव की खुशबू से बच कर निकल ही नहीं सकते. यही नहीं, कोठरी मार्केट के 'सीके भुट्टे', 'फ्रूट चाट' का अपना मजा है. साबुदाना खिचड़ी/साबुदाने के बड़े खाने के लिए किसी व्रत या उपवास की जरूरत नहीं है. टावर चौराहा, सिंधी कॉलोनी के दाल पकवान, ए बी रोड के मूंग के भजिए भी काफी प्रसिद्ध हैं.

नमकीन की ही तरह मिठाई खाने में आप कैसे पीछे रह सकते हैं? गीता भवन के रसगुल्ले, मरोठिया के गरम सिके मावे के पेड़े, राजबाड़ा चौराहा के केशरिया पेड़े, शीतल और नेमा की गज़क, साँठा बाजार की फेनी/मक्खन बड़े/घेवर, अग्रवाल स्वीट्स की मिठाइयाँ और राजस्थानी लड्डू, मलाई घेवर, अन्नपूर्णा के अंगूरदाने, मधुरम स्वीट्स, मिश्री की मिठाइयाँ, भुट्टे के लड्डू, सराफा के मालपूए, पृथ्वीलोक और राजहंस के दाल बाफले की थाली. केक एंड क्राफ्ट, सिमी, सेलेब्रिटि, फ़ैंटेसी के केक त्यौहारों का स्वाद बढ़ाने में सबसे ऊपर हैं.

इंदौर अपने वेज ही नहीं बल्कि नानवेज खाने के लिए भी जाना जाता है. वहीं आइसक्रीम/लस्सी/ज्यूस/बर्फ का गोला/आइसक्रीम सोडा और सबसे महत्वपूर्ण पान! खाना खाने के बाद पान खाने के शौकीन दो चार दस किलोमीटर का चक्कर लगा लेने में कोई परेशानी अनुभव नहीं करते. इंदौर में मल्हारगंज क्षेत्र में सागर ज्यूस सेंटर अपने विभिन्न ज्यूस ही नहीं वरन पशु प्रेम के लिए भी प्रसिद्ध है.

इंदौर में एक प्रथा आम हो गई है. रविवार की शाम अधिकतर लोग रात का खाना बाहर ही खाते हैं और सभी होटलों, रेस्टोरेंटों में वेटिंग चलती है. चाहे फिर शहर के बाहर के ढ़ाबे हों या शहर के बीच बसी होटलें, सभी के खाने की अलग-अलग पहचान है. इंदौर एक ऐसा शहर है जो आपको खाने का आनंद लेना सीखा देता है. खाना सिर्फ पेट भरने के लिए नहीं खाया जाता बल्कि यह स्वाद की उस दुनिया में ले जाता है जहाँ से लौटना नामुमकिन ही नहीं मुश्किल भी है.

u u u



**रश्मि बाला गुप्ता**
क्षे.का., इंदौर











# मध्य प्रदेश का पहला राष्ट्रीय उद्यान

# कान्हा

यह भारत का एक प्रमुख राष्ट्रीय उद्यान है. मध्य प्रदेश अपने राष्ट्रीय पार्कों और जंगलों के लिए प्रसिद्ध है. यहां की प्राकृतिक सुन्दरता और कान्हा, पर्यटकों के बीच हमेशा ही आकर्षण का केन्द्र रही है. कान्हा शब्द कनहार से बना है जिसका स्थानीय भाषा में अर्थ चिकनी मिट्टी है. यहां पाई जाने वाली मिट्टी के नाम से ही इस स्थान का नाम कान्हा पड़ा. इसके अलावा एक स्थानीय मान्यता यह रही है कि जंगल के समीप गांव में एक सिद्ध पुरुष रहते थे. जिनका नाम कान्वा था. कहा जाता है कि उन्हीं के नाम पर कान्हा नाम पड़ा.

कान्हा जीव जन्तुओं के संरक्षण के लिए विख्यात है. यह अलग-अलग प्रजातियों के पशुओं का घर है. रूडयार्ड किपलिंग की प्रसिद्ध किताब और धारावाहिक जंगल बुक की भी प्रेरणा इसी स्थान से ली गई थी. पुस्तक में वर्णित यह स्थान मोगली, बगीरा, शेरखान आदि पात्रों का निवास स्थल है. यह क्षेत्र घोड़े के पैरों के आकार का है और यह हरित क्षेत्र सतपुड़ा की पहाड़ियों से घिरा हुआ है. 1879-1910 ईसवी तक यह क्षेत्र अंग्रजों के शिकार का स्थल था. पशु पक्षियों को संरक्षित किया गया है. लगभग विलुप्त हो चुकी बारहसिंहा की प्रजातियां यहां के वातावरण में देखने को मिल जाती हैं.

कान्हा एशिया के सबसे सुरम्य और खूबसूरत वन्यजीव रिजर्वों में से एक है. टाइगरों का यह देश परभक्षी और शिकार दोनों के लिए आदर्श जगह है. यहां की सबसे बड़ी विशेषता खुले घास का मैदान है, जहां काला हिरन, बारहसिंहा, सांभर और चीतल को एक साथ देखा जा सकता है. बांस और टीक के वृक्ष इसकी सुन्दरता को और बढ़ा देते हैं.

### इतिहास के पहलू

यह उद्यान मंडला और बालाघाट दोनों जिलों के बीच में आता है. इस उद्यान को 1879 में आरक्षित वन तथा 1933 में वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया गया और यह 1973 में इसे राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया. मैकल की पहाड़ी में स्थित कान्हा राष्ट्रीय उद्यान लगभग 940 वर्ग कि.मी. में फैला हुआ है. अगर यहाँ कापुरा इलाका जोड़ा जाए तो इसका कुल क्षेत्र 1945 कि.मी. हो जाता है. कान्हा क्षेत्र बैगा और गोंड आदिवासियों का निवास रहा है.

कान्हा के जंगलों का स्थानीय लोक गाथा में कई जगह, मुख्यतः शिकार एवं शिकारियों की कहानियों में उल्लेख आता है. लपसी कब्र नामक स्थान में लपसी नामक शिकारी का स्मारक है जिसके लिए कहा जाता है कि वह बहुत महान शिकारी था.

कान्हा नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व जंगलों के राजा-बाघ के लिए प्रसिद्ध है. पर्यटन के लिए अभयारण्य 15 अक्तूबर से खुल जाता है तथा 30 जून के करीब मानसून के आगमन के साथ बंद होता हैं. लोग बाघ और जंगल के अन्य जीव जंतुओं को देखने व प्रकृति का आनन्द लेने के लिए यहाँ आते हैं और इसके लिए सबसे अच्छा तरीका है जिप्सी सफारी. एक जिप्सी में 6 लोगों को भ्रमण की अनुमति दी जाती जिससे वे प्रकृति का आनंद ले सके और उनके प्राकृतिक घर में जंगली जानवरों को देख सकते हैं.

सफारी भ्रमण 2 भागों में सुबह और दोपहर को दैनिक आयोजित की जाती है, बुधवार को शाम के समय अभयारण्य पर्यटन के लिए बंद रहता है. सफारी का आनंद उठाने के लिए प्रवेश परमिट बुक किया जाना आवश्यक है. प्रवेश परमिट अपने टूर ऑपरेटर या आवास प्रदाता के माध्यम से या सीधे MPONLINE की वेबसाइट से बुक किया जा सकता है. जंगल और जानवरों को समझने में मदद हेतु प्रवेश द्वार पर वन विभाग द्वारा एक गाइड दिया जाता है. यहां सफारी चार जोन में होती है कान्हा, किसली, सरही तथा मुक्की.

जीप सफारी सुबह और दोपहर को प्रदान की जाती है. जीप मध्य प्रदेश पर्यटन विकास कार्यालय से किराए पर ली जा सकती है. कैम्प में रूकने वालों को अपना वाहन और गाइड ले जाने की अनुमति है.

बाघों को नजदीक से देखने के लिए पर्यटकों को हाथी की सवारी की सुविधा दी गई है. इसके लिए सीट की बुकिंग करनी होती है. इनकी सेवाएं सुबह के समय प्राप्त की जा सकती हैं.

**बारहसिंगा** कान्हा का प्रतिनिधित्व करती है और यहां बहुत प्रसिद्ध है. कठिन ज़मीनी



परिस्थितियों में रहने वाला यह अद्वितीय जानवर टीक और बांसों से घिरे हुए विशाल घास के मैदानों के बीच बसे हुए हैं. बीस साल पहले से बारहसिंगा विलुप्त होने की कगार पर थे. लेकिन कुछ उपायों को अपनाकर उन्हें बचा लिया गया. दिसम्बर माह के अंत से जनवरी के मध्य तक बारहसिंगों का प्रजनन काल रहता है. इस अवधि में इन्हें बेहतर और नज़दीक से देखा जा सकता है. बारहसिंगा पाए जाने वाला यह भारत का एकमात्र स्थान है.


**कान्हा संग्रहालय** में कान्हा का प्राकृतिक इतिहास संचित है. यह संग्रहालय यहां के शानदार टाइगर रिजर्व का दृश्य प्रस्तुत करता है. इसके अलावा यह संग्रहालय कान्हा की रूपरेखा, क्षेत्र का वर्णन और यहां के वन्यजीवों में पाई जाने वाली विविधताओं के विषय में जानकारी प्रदान करता है.


कान्हा में ऐसे अनेक जीव जन्तु मिल जाएंगे जो दुर्लभ हैं. पार्क के पूर्व कोने में पाया जाने वाला भेड़िया, चिन्कारा, भारतीय पेंगोलिन, समतल मैदानों में रहने वाला भारतीय ऊदबिलाव और भारत में पाई जाने वाली लघु बिल्ली जैसी दुर्लभ पशुओं की प्रजातियों को यहां देखा जा सकता है.


**बामनी दादर,** यह पार्क का सबसे खूबसूरत स्थान है. यहां का मनमोहक सूर्यास्त पर्यटकों को बरबस अपनी ओर खींच लेता है. घने और चारों तरफ फैले कान्हा के जंगल का विहंगम नजारा यहां से देखा जा सकता है. इस स्थान के चारों ओर हिरण, गौर, सांभर और चौसिंहा को देखा जा सकता है. u u u




**रीति**
क्षे.का.,जबलपुर









# Ralamandal
## Wildlife Sanctuary

If we search for the must visit place in India, then Indore holds its position on apogee. It is a must visit weekend gate way from Bhopal, not just to visit its historical places but because of its natural significance. Even though Indore is famous for its royal places and other ancient buildings, it is still a weekend destination for the nature lovers and photographers to frame the beauty of its lakes and natural surroundings, spread in the form of forests, green vegetation and rich wildlife. Wildlife traditionally means undomesticated animals species but now a day wildlife includes all the plants, fungi and organisms that grow or live in a wild place.

Ralamandal wildlife sanctuary is located in the heart of Madhya Pradesh, Indore. Established in 1981 to conserve the natural beauty arena, this sanctuary is a home of 100 species of plants and animals which comprise of several endangered and rare species. It is one of the oldest sanctuaries in Madhya Pradesh built by Holker estate. Ralamandal wildlife sanctuary is situated 20 km from Indore city with a spread over 5 square kilometers and acts as a green lung to Indore. A total of 76 species of beautiful birds have been recorded in Ralamandal wildlife sanctuary. These species comes from 39 different families. From these species, it is found that 64 species are resident and 12 species can be seen in winter only as they are winter visitors. Under endangered category, Egyptian vulture places themselves strongly while alexandrine parakeet can be found to be in near threatened category in Ralamandal.

The forest system is well balanced as Passeriformes can be found to be a dominant species while 9 species of Raptors were recorded at the sanctuary. Apart from these bird species, and patched with grasslands covered with rich forests, it is home to animals such as leopard, blue bull, barking deer, sambar and Jarak. Teak, eucalyptus, Sajan and bamboo are the main trees found here in Ralamandal. A hunting hut is found and believed to be built by the holder's state in the year 1905 which has now been transformed into an the information centre. One of the main attractions in this wildlife sanctuary is the chitals. Chital also known as spotted Deer or axis deer are the main attraction in this forest family of Ralamandal. Chital lives in grasslands and forest in this sanctuary and stands 90 to 95 inches at the shoulder. Its spotted coat is reddish brown from the upper and white in the below. The male chital has branches usually three-tined antlers up to 100 cm long. The perfect timing to visit the sanctuary is during winter because it is during winter that the weather becomes, pleasant and the natural view will increase the heart beat as if we are in heaven.

Indore is filled with rich historic culture but in no ways Indore is less established on its own conservation of flora and fauna. Tourists get the opportunity to see the country's wildlife in its national parks and Ralamandal in Indore is a live example of the diversity of its wild life and much of its fauna. ◆◆◆



Vikram Gupta
R.O., Indore

# शौर्य स्मारक




**जो भरा नहीं हो भावों से, जिसमें बहती रस धार नहीं**
**वह हृदय नहीं है पत्थर है जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं**

मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित यह पंक्ति इस लेख को एकदम उचित रूप से बयान करती है. ऐसे ही गौरव एवं गर्व की अनुभूति कराता, शौर्य स्मारक एवं स्वतंत्रता सेनानियों को शत शत नमन करता वातावरण आपको एक अलग ही दुनिया में ले जाता है. किस्से, कहानियों में आपने शौर्य गाथाएँ बहुत सुनी होंगी पर कभी शौर्य गाथा को जीवंत महसूस करने का मौका नहीं मिला होगा, भोपाल में स्थित शौर्य स्मारक आपको यह मौका प्रदान करता है.

दिनांक 14 अक्तूम्बर 2016 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने हाथों से भोपाल में स्थित युद्ध स्मारक–शौर्य स्मारक का उद्घाटन कर देश को समर्पित दिया. भोपाल के मध्य में अरेरा हिल्स स्थित शौर्य स्मारक, भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया है. 12 एकड़ में फैले इस स्मारक में जनता के लिए पार्क एवं अमर शहीदों की युद्ध एवं शौर्य गाथाओं को समर्पित स्मारक भी बनाए गए हैं.

शौर्य स्मारक के निर्माण हेतु आर्किटेक्ट के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी. इसमे देश के जाने माने आर्किटेक्ट्स में से विभिन्न चरणों के बाद उच्चस्तरीय ज्यूरी ने सर्वश्रेष्ठ आर्किटेक्ट को शौर्य स्मारक के प्रोजेक्ट के लिए चुना था. यह शूर वीरों की याद में कोई मेमोरियल नहीं बल्कि मंदिर बनाया गया है. शौर्य स्मारक ऐसा मंदिर है, जहां लोग सिर्फ फूल चढ़ाने नहीं आएं, बल्कि फ़ौजियों के बलिदान को याद करें और महसूस करें. शौर्य स्मारक को डिज़ाइन करने वाली आर्किटेक्ट फर्म 'यूसीजे आर्किटैक्चर एंड एनवायरमेंट' की मुखिया शोना जैन के यह शब्द हैं. शौर्य स्मारक की खासियत यह रही है कि वह देश के दिल में बनाया गया है. शोना कहती हैं. ''हम नहीं चाहते थे कि कोई यहां सिर्फ फूल रखने के लिए आए. हम चाहते थे कि हर कोई जब यहां आए तो उसके मन में सेना के प्रति श्रद्धा पैदा हो.'' फौजी के जीवन, युद्ध, मृत्यु और उसके बाद की आशाओं पर ध्यान केन्द्रित कर इसका डिज़ाइन तैयार किया गया है.

शौर्य स्मारक को बनाए जाने का कारण कुछेक साल पहले की बात है... ठीक आठ साल पहले 10 जुलाई 2008. मौका था भारतीय सेना के कर्नल मुशरान की जयंति पर संगोष्ठी. वैन्यू था, दिल्ली का इंडिया हेबिटेट सेंटर. वहां तत्कालीन चीफ आर्मी स्टाफ जनरल दीपक कपूर मौजूद थे. मुद्दा था, भारतीय सेना के प्रति युवा आकर्षित क्यों नहीं होते? सवाल के जवाब में जनरल दीपक कपूर बोले, आप लोग ही बताइये कि सेना को आम आदमी और युवाओं के बीच आकर्षण का मुद्दा बनाए रखने के लिए किया ही क्या गया है? जाँबाज सैनिकों की शौर्य गाथाएँ शहादत के वक्त तो याद रहती हैं, उसके बाद कितने लोग याद रखते हैं? क्यों नहीं सेना और सैनिकों की गाथा को आम आदमी के बीच में सहेजा जाता है? क्यों नहीं उनकी शहादत को अमर करने का प्रयास होता है? आर्मी चीफ के तमाम सवालों के जवाब में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐलान किया कि मध्यप्रदेश में जाबांज सैनिकों की याद में शौर्य स्मारक बनाया जाएगा. वह ऐलान अब भोपाल में वास्तविकता के रूप में तैयार हो चुका है जिसे आप लोग शौर्य स्मारक के रूप में देख रहे हैं.

यह शहीद की राष्ट्र सेवा से प्रेरित जीवन यात्रा का रूपायन है. इसमें जीवन–मृत्यु, युद्ध–शांति, मोक्ष–उत्सर्ग जैसे कठिन अनुभवों को सरल और सहज तरीके से प्रदर्शित करने के लिए आकार, रंग–रूप, सामग्री, तकनीक का रोचक ताना–बाना बुना गया है.

**अमूर्त रूपकार अभवन –** शौर्य स्मारक वास्तुकला की दृष्टि से भवन नहीं, बल्कि अभवन है. दीवार, छत, रंग–रूप और आकार होते हुए भी यह भवन नहीं है, बल्कि इसे अमूर्त रूपाकार 'अभवन' कहना ज्यादा ठीक रहेगा. अरेरा हिल्स की भौगोलिक विशेषताओं, उतार–चढ़ाव, चट्टानों के बीच जीवन का उत्सव मनाते वृक्षों का प्रतीकों के रूप में शौर्य स्मारक के रूपांकन में बखूबी उपयोग किया गया है.

### स्मारक के विभिन्न चरण

**प्रवेश प्रांगण –** स्मारक में प्रवेश करते ही मिट्टी के रंग की घास लगी सीढ़ियों से बना चौकोर खुला आँगन मन को एक सुखद और पवित्र वातावरण का अनुभव देगा. यह पृथ्वी पर मानव जाति के वास के प्रतीक के रूप में स्थापित है .

**युद्ध का रंगमंच –** चौकोर आँगन वाले प्रवेश प्रांगण के अनुभव के बाद पर्यटक एक अन्य आँगन में पहुँचते हैं. इसे वृक्ष का आकार देकर युद्ध की विभीषिका से आहत धरती को दर्शाया गया है. असमतल धरातल और काले रंग के परिवेश से यह दुःख की अनुभूति कराता है.

मृत्यु–मृत्यु की भयावहता को दर्शाने के लिए एक वर्गाकार छोटे कक्ष का निर्माण किया गया है, जो पूरी तरह अंधकारमय और काला है. इसमें से एक बारीक छेद के माध्यम से प्रकाश की किरण प्रवेश करेगी. दिन के समय प्राकृतिक प्रकाश और रात में फाइबर ऑप्टिक्स लाइट से उत्सर्जित प्रकाश की बारीक रेखा, मृत्यु के बाद देह त्याग करती आत्मा की परिचायक होगी

**मरणोपरांत जीवन –** शरीर नश्वर है और आत्मा अजर–अमर है. जीवन के अलौकिक और शाश्वत सत्य की अनुभूति को जीवंत बनाने के लिए स्मारक परिसर में 2 से 3 मीटर ऊंची धातु की छड़ों को सेना की टुकड़ियों की तरह सुव्यवस्थित रूप से स्थापित किया गया है. इन छड़ों के ऊपरी सिरों पर फाइबर ऑप्टिक्स लाइट के प्रकाश पुंज रात के अंधेरे में जगमगा उठते हैं. धातु और छड़ के आधार पर बिछी पानी की चादर शांति तथा पवित्रता का प्रतीक है.

**एंपी थिएटर –** शौर्य स्मारक में ओपन एरिया में एम्पीथियेटर का निर्माण किया गया है. इसमें 1000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है, यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है.

**संग्रहालय –** शौर्य स्मारक में एक संग्रहालय का भी निर्माण किया गया है. यहां सेना और सैनिकों से संबन्धित पेंटिंग्स और ऑब्जेक्ट्स के जरिये ब्यूटिफिकेशन का जिम्मा संस्कृति विभाग को सौंपा गया है.

शौर्य स्मारक राष्ट्र की सेवा में जीवन बलिदान करने वाले शहीदों की स्मृति में विनम्र श्रद्धांजलि है. यह सभी को निरंतर प्रेरणा देगा और अमर शहीदों की स्मृति को सदैव जीवंत बनाए रखेगा.

u u u




**गुरुतेज सिंह**
क्षे.का., भोपाल




# अग्रणी बैंक कर्तव्यों का निर्वहन

1969 में गाडगिल कमेटी की संस्तुति पर हर जिले में एक लीड बैंक की अवधारणा को मूर्त रूप देने के लिए नरीमन कमेटी द्वारा बतलाई गई औपचारिकता के अनुसार लीड बैंक योजना को लागू किया गया.

मध्य प्रदेश के अंतर्गत-रीवा, सीधी व सिंगरौली में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अग्रणी बैंक के रूप में कार्यरत है.

लीड बैंक, जिला स्तर पर ऋण योजना बनाने, विशिष्ट कार्यक्रम में दूसरे बैंक का सहयोग लेने तथा निश्चित कार्यक्रमों के लिए ऋण जुटाने में सभी वित्तीय संस्थानों में समन्वय करने का प्रयास करता है.

यद्यपि सभी लीड बैंक से संबन्धित जिलों से जिले की समस्याओं का समाधान करने की अपेक्षा रहती है. किन्तु कुछ अन्य विषय भी लीड बैंक से हमेशा जागरुकता व निगरानी की अपेक्षा रखते हैं.

**प्राथमिकता क्षेत्र व समाज कल्याण :** विंध्य क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है, कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं.

**समाज कल्याण:** देश के किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, उनके कल्याण में अनेक योजनाएं समय समय पर लागू होती रहती हैं, जिसमें सात बिन्दुओं की रणनीति बनाई गयी है. सरकार का लक्ष्य वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करना है.

**सरकारी ऋण योजनाओं का कार्यान्वयन :** प्रदेश में लागू विभिन्न सरकारी ऋण योजनाओं में मुख्यतः आर्थिक कल्याण योजना, मुख्य मंत्री स्वरोजगार योजना, युवा उद्यमी रोजगार योजना एवं कृषक उद्यमी रोजगार योजना संचालित हो रही हैं. जिले में लीड बैंक विभिन्न वित्तीय संस्थाओं के साथ समन्वय कर इसके सफल आयोजन हेतु प्रयासरत है.

**स्वयं सहायता समूह :** रीवा में 11,800, सीधी में 1875 व सिंगरौली में कुल 3270 एसएचजी संचालित हैं. महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत समाज में बदलाव व आत्मनिर्भरता का एक नया आयाम स्थापित हो रहा है. आजीविका और आर्थिक आत्मनिर्भरता के तहत लीड बैंक ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए समाज में नारी शक्ति की आत्मनिर्भरता हेतु विशेष प्रयास किए.

इस दिशा में समाज के वांछित तबकों के लिए स्वरोजगार से जुड़े अवसर तैयार किए जा रहे हैं. इस नियोजन के तहत आत्मनिर्भरता से जुड़े प्रशिक्षण, सलाह, निर्देशन पर फोकस किया जा रहा है.

**उद्यमिता विकास :** नव भारत निर्माण के लिए देश में सामाजिक रूप से पिछड़े और हाशिये पर मौजूद लोगों के बीच उद्यमिता संबंधी क्षमताओं को बढ़ावा देकर सामाजिक व आर्थिक मोर्चों पर बहुआयामी प्रगति हासिल की जा सकती है. सकारात्मक कारगर हथियार के तौर पर उद्यमिता विकास का प्रयोग किया जा सकता है.

**वित्तीय समावेशन :** समानतावादी समाज की स्थापना सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने वित्तीय समावेशन को मुख्य प्राथमिकता बनाया है क्योंकि भारत की आधी जनसंख्या आर्थिक स्तर पर कमज़ोर है. वित्तीय समावेशन वह प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत सस्ती दरों व उदारतापूर्ण शर्तों पर समायोजित व पर्याप्त ऋण सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है. वित्तीय समावेशन के प्रथम चरण में सभी को बैंक में खाते खुलवाकर बैंकिंग की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया गया.

ग्रामीण अंचल में रोजगार पूरक कार्यक्रम द्वारा भी लोगों को अपनी आय बढ़ाने तथा परिवार के सभी लोगों को आजीविका मिशन से जोड़ने के लिए ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं, वित्तीय वर्ष 2017-18 में रीवा में 181 कार्यक्रमों के जरिए 4923 को, सीधी में 128 कार्यक्रमों द्वारा 3604 को तथा सिंगरौली में 124 कार्यक्रमों द्वारा 3530 को प्रशिक्षित किया गया.

वित्तीय साक्षरता केंद्र द्वारा भी अग्रणी जिला प्रबन्धक के सहयोग से प्रत्येक जिले में वित्तीय साक्षरता के विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, जो लोगों को जानकारी प्रदान कर अपने कार्यों को निष्पादित करने में मददगार साबित हो रहे हैं.

इसके अतिरिक्त अग्रणी जिला बैंक, सतर्कता, स्वच्छता जागरूकता जैसे अन्य कार्यक्रम भी समय-समय पर आयोजित करते रहते हैं. उच्च शिक्षा से प्रस्तावित सामाजिक बदलाव के मद्देनजर अग्रणी बैंक विभिन्न कैंप द्वारा शिक्षा ऋण उपलब्ध करवाने हेतु विभिन्न वित्तीय संस्थानों के साथ सामंजस्य स्थापित करता है, जिससे सभी को समान व उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलती है.

**'पेंशन आपके द्वार' योजना :** बैंकों में कार्यरत बीसी के माध्यम से पेंशन भोगी, बुजुर्ग व असहाय लोगों को उनके घर पर पेंशन उपलब्ध करवाने की योजना एसएलबीसी के नेतृत्व में लागू की गयी है, जिसका, जिले स्तर पर संचालन अग्रणी बैंक कर रहा है. रीवा के कुल 300 में से 79, सीधी के 142 में से 57 तथा सिंगरौली के 154 में से 53 यूनियन बैंक के बीसी हैं.

भारत सरकार द्वारा शत प्रतिशत वित्तीय समावेशन का लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से दूर गए लोगों को पुनः योजना से जोड़ने के लिए 'ग्राम स्वरोजगार योजना' अग्रणी बैंक के माध्यम से प्रारम्भ की गयी.

भारत के प्रधानमंत्री द्वारा 15 अगस्त 2014 को घोषित 'जन धन योजना' का उद्देश्य बैंकिंग पेंशन और बीमा योजना के जरिये कमज़ोर वर्गों का वित्तीय समावेशन करने के उद्देश्य से कृषि के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष ऋण द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान कर गावों के चौतरफा विकास के लिए 'प्रधान मंत्री आदर्श गाँव योजना' के अंतर्गत रीवा के 4, सीधी के 1 तथा सिंगरौली के 3 चयनित गावों के विकास हेतु विशेष प्रयास किए गए हैं.

समय-समय पर भारत सरकार, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, नाबार्ड की देखरेख में संचालित लीड बैंक विभिन्न कृषि व प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की ऋण योजनाओं के माध्यम से किसानों को कृषि सिंचाई सेवा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड व अन्य कृषि ऋण के माध्यम से आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, विभिन्न उद्यमिता विकास कार्यक्रमों द्वारा अतिरिक्त रोजगार व आजीविका के अवसर उत्पन्न करा रहा है. साथ ही, वित्तीय समावेशन द्वारा बैंकिंग, पेंशन व बीमा के जरिये समाज के कमजोर, पिछड़े वर्गों का वित्तीय समावेशन कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास के नए आयाम पहुंचाने को प्रतिबद्ध है.

◆◆◆



**रश्मेन्द्र कुमार सक्सेना**
क्षे.का.रीवा

## बधाई



**कुमारी मनस्वी,** सुपुत्री श्री उदय अग्रहरकर, सहायक प्रबंधक, बोईसर शाखा, महाराष्ट्र ने मुंबई बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में 90.80% अंक अर्जित किए.



**कुमारी आंचल,** सुपुत्री श्रीमती मुस्कान गेरा, एसडब्ल्यूओ-बी, कोन शाखा, महाराष्ट्र ने मुंबई बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में 97.8% अंक अर्जित किए.



**कुमारी अनुष्का,** सुपुत्री श्रीमती सुजाता राव, शाखा प्रबंधक, ग्वारीघाट शाखा, जबलपुर ने 12वीं कक्षा की परीक्षा में 93.40% अंक अर्जित किए.



**कुमार ओम सोनी,** सुपुत्र श्री मुकुल वर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक, एलिस ब्रिज शाखा, अहमदाबाद ने सीबीएसई बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में 94% अंक अर्जित किए.



**कुमार प्रियांशु रंजन,** सुपुत्र श्री कमलेश कुमार मिश्रा, मुख्य प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय, गोरखपुर ने सीबीएसई बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में कंप्यूटर एप्लीकेशन में 100% अंकों की परीक्षा में 94% अंक अर्जित किए.



**कुमारी सानिका,** सुपुत्री सुश्री मेघना सतीश पाटील, सीटीओ, क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई (दक्षिण) ने मुंबई बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में 81.20% अंक अर्जित किए.



**कुमारी एम. चंदना,** सुपुत्री श्री एम. राजू, शाखा प्रबंधक, अनंतपुर शाखा, आंध्रप्रदेश ने बोर्ड ऑफ इंटरमिडिएट एज्यूकेशन, आंध्र प्रदेश की इंटरमिडिएट पब्लिक परीक्षा (विज्ञान) में 97.4% अंक अर्जित किए.

### Sportingly Yours



**Smt. Kamala Balasubramanian,** Asst. Manager, Forex Dept., M.S. Marg Branch, Mumbai has secured win prize in the 'Carrom Competition' held in Mumbai by 'Deaf Carrom Association', Mumbai. As a token of appreciation, she bagged a cash prize of ₹3750

## हमें गर्व हैं



Mr Anish George, Sr. Manager, CAG (Customer Aquisition Group), Central Office for receiving award from Mr A G Das, ED, PFRDA for Brand Ambassador APY Campaign - (BEST BRANCH HEAD) among all Public / Pvt Sector Banks Pan India, observed by PFRDA from 22.05.2017 to 15.07.2017 during his tenure as Branch Manager, Thrikkakara branch, RO Ernakulam.



हमारे क्षेत्रीय कार्यालय, पटना की सगुना मोड़ शाखा के एस.डब्ल्यू.ओ (ए) श्री रमेश सिंह ने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए ग्राहक द्वारा भूलवश अधिक जमा की हुई ₹50,000/- की राशि ग्राहकों को लौटा दी.



30.06.2018 को बैंकिंग लोकपाल कार्यालय, देहरादून की वार्षिक समाप्ति पर हमारे बैंक से संबंधित शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शिकायतों की संख्या 'शून्य' करने के फलस्वरूप नोडल अधिकारी श्री विक्रम सिंह चौहान को श्री एच.एस. खितौलिया, भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंकिंग लोकपाल, उत्तराखंड एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश द्वारा प्रशंसा पत्र जारी किया गया.

## शिखर की ओर...

### उच्च कार्यपालक वेतनमान VII में पदोन्नति पर हार्दिक बधाई !!



श्री जगमोहन सिंह



श्री प्रवीण शर्मा


### उच्च कार्यपालक वेतनमान VI में पदोन्नति पर हार्दिक बधाई !!



श्री अश्विनी कुमार परीडा



श्री गोप बंधु त्रिपाठी




श्री मनोज कुमार



श्री अनिल कुमार सिंह चौहन



श्री नवनीत कुमार



श्री के. एस. अनंत

*हम आपके नेतृत्व में बैंक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं.*

## शुभमस्तु



श्री रविकुमार गुप्ता
महाप्रबंधक



श्री आई. पी. यादव
उप महाप्रबंधक



श्री जे. एन. शेठ
उप महाप्रबंधक

*हम आपके सुखद एवं सक्रिय सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हैं.*

# MR. VINOD KUMAR MATHUR
## Basketing his Goals





Friends, we all get mesmarised by the speed and swiftnees in the moves of those giant basketball heroes of US Team. Very sure, they come and conquer the ground as basketball emperors!! While we daydream about this game, one of our colleagues is bitten by this basketball bug. He is **Mr. VINOD KUMAR MATHUR**, Senior Manager from R.O., Jabalpur. This science graduate with MBA qualification, joined our Bank in 2006 as a Probationary Officer. His latent talent of this game was discovered by his school coach at the age of 13 years and then on steadily nurturing his skills, he not only participated in the tourneys at inter-school, college, university, district, zonal, state level and finally national championship (both junior & senior) but also felt his presence there by earning accolades for himself and his team. He was adjudged the Best Player at the age of 13 only and also represented his state MP in 1992-93. He also bagged titles 'Best Scorer', 'Captain of MP Basketball Team'. His ardent love for the game doesn't keep him away from the basketball arena and now he has just changed his role from a player to coach, imparting the knowledge to his disciples. Currently, he is the state referee and aspires to become a one of international repute. He also desires to pursue 'Sports Management Course' in near future. He strongly believes in 'Discipline is very import to achieve success' and humbly claims' Support and motivation made me a good player'. He is determined to achieve his goals. He dedicates all his success to his family, coach and school-his all time inspirations. Here, in this short dialogue with Mrs. Supriya Nadkarni, this passionate basketball player reveals his journey in basketball arena from an amateur to established player to coach & referee to our readers.

**• Brief us about this game its origin and spread over the world, particularly with reference to India.**

Basketball is a team sport - two teams of five active players each trying to score points against one another by throwing a ball through a 10 feet high hoop (the 'basket') under organised rules. It is played both indoors and outdoors. It involves a lot of shooting, dribbling, passing, rebounding, defence and much more. It teaches you about being a good team player and can be a great social sport. It builds endurance, improves balance and coordination, develops concentration and self-discipline and builds up muscle. Above all, it is a great way to stay fit.

The game of basketball, as it is known today, was created by Dr. James Naismith, an instructor in the YMCA Training College (now Springfield College) at Springfield, Massachusetts in December 1891, to condition young athletes during cold months. It consisted of peach baskets and a soccer style ball. The early games were rough and crude and hence in 1892 he published 13 rules for the new game. The American National Basketball Association (NBA), established in 1946, grew to a multibillion-dollar enterprise by the end of the century, and basketball became an integral part of American culture. Then U.S. soldiers brought basketball to Europe during World War I, and it soon became a worldwide sport. The highest international Governing body is FIBA (Federation of international Basketball association).

In India, the game of basketball started its journey in 1930 when it was played for the first time. The first Indian National Championsip for men was conducted in 1934 in New Delhi. The Basketball Federation of India (BFI) controls the game in India. India joined FIBA in 1936 and is currently ranked 62nd. Indian Basketball team participated in Asian games 25 times, While in 1980, India made its debut in this event at the Olympics, it bagged 3 gold and 1 silver medal in South Asian Games.

**• How did your Basketball regime begin?**

My father was an ex-serviceman. During his service period, we lived at various places and one amongst it was Jabalpur in M.P. There I got admission in St. Gabriel's Higher Secondary School in 9th class. I used to visit school every evening just to see various sports played over there. One day keenly observing my passion towards basketball, school's basketball coach Shri Kuldeep Singh Brar ('Vishwamitra awardee and an international coach) enquired about my height and date of birth and invited me to play basketball. That was the golden day of my life!

**• Who is your 'guru'? What role does a coach play in developing one's game? What difference had you felt while training under international coach?**

Mr. Kuldeep Singh Brar, the International Coach, Vishwamitra Awardee (the highest coach award of Madhya Pradesh Govt) is my 'Guru'. He is the first coach in India who bagged the gold medal in International basketball event i.e. Children of Asia Games. Coach is very important in developing the skills, technique, discipline, moral boosting. I am lucky to be trained always under international coach. Major difference






is that international coach will teach you the required international standard of games and this will take you to the highest level.

**• Tell us your daily regime.**

My daily regime in the morning of about 2-3 hrs includes running, conditioning, gym and stretching while stretching and playing basketball for about 2 hrs in the evening regularly.

**• Basketball demands the best reflexes and physical fitness of a player. Your opinion?**

Yes, this game demands the best reflexes and fitness. It can be achieved through discipline, prompt and rigorous practice, strong fundamentals of sports, learning specific responsibility & your role in the game, staying healthy, obeying your coach's instructions. Never be a blamer but remain supportive and sporting. Your diet along with yoga, exercises, meditation, discipline and dedication mould you into a good player.

**• How does your friends/family members/colleagues help you in your basketball endeavours?**

Without family's support, it was not possible for me to play. I think games require a lot of motivation and support. My family always supported me by sufficing my financial needs in sports and also inculcated in me the habit to strike a balance between sports and study as well as timely treatment of injuries.

**• Have you participated at the international level?**

Yes, I had an opportunity to play in the international game organised by Punjab Basketball Federation in 2001 at Kotpaura, though it was an invitation tournament, not an official tournament.

**• At the international level, mainly American players dominate. Why?**

Sports are important part of American culture and is associated with education. All the high schools and universities organize sports or we can say that these schools and colleges are sports professional factories that continuously produce players of international repute. And another thing is that the market of professional sports in USA is approx. $70 billion and all major sports teams are operated by franchisees. One can choose sports as a good career in USA therefore they are dominating. The sports awareness, their food, physique and coaching have placed them at the top.

**• In your opinion where do our players lag behind - in skill/ stamina/ technique/ training? Any remedies.**

I feel our players lag behind in technique, skill and in strength. The better remedy for improvement includes teaching of fundamentals at the age of 8-10 years at school level itself, imparting training under international standard coaches. Money has to be pumped in the game and various basketball league matches should be organised on the basis of IPL.

**• During a tourney, how is the environment-does it help in raising the standard of the game?**

Environment here is always sporting, healthy. Though during the match there is rivalry, but after the match, both teams mix up. Definitely there is sharing of tips in the interest of the game.

**• Is this game accident prone?**

Yes, injuries are part and parcel of the game and ankle injury, knee problems, tendo achilles, etc are common. Be aware that basketball is a fast-action game with lots of running, jumping, pivoting and twisting, so injuries and accidents can happen easily. Basketball puts a lot of stress on the legs, especially the knees and ankles, and puts pressure on tight shoulders. Always warm up and stretch your joints and muscles before you hit the court. Make it a point to stretch and cool down after a game as well. It is important to have plenty of fluids on hand so that you can rehydrate your body at regular intervals.

**• Are you basically an aggressive or a defensive player? What are your favourite shots?**

I am a aggressive player. I used to take pivot and jump shots & rebounds too.

**• Your idols in the field?**

The stalwarts - Mr. Dannis Rodman, the American professional basketball player who was nicknamed "The Worm", is famous for his fierce defensive and rebounding abilities; Mr. Michael Jordan famous for his initials MJ is too an American former professional basketball player and regarded as the NBA's greatest all-time player and Mr. Hanumaan Singh, a noted former basketball player from India & the Arjuna Awardee are my idols.

**• What has Basketball taught you that carries over into the other areas of your life?**

Discipline, quick decision, team sprit are my lifelines of the game that are equally important and useful in day-to-day life.

**• How one can become a basketball referee?**

He has to start from ground level, then he has to successfully pass in the written and physical exams at all the levels to become a refree. These exams are conducted at State level, National Level and International level.

**'Union Dhara' wishes him all the Best in his future basketball endeavours. More success to his teams !!** ◆◆◆



Supriya Nadkarni
Union Dhara, C.O.



# LITIGATION

## A bane or a boon for Recovery of stressed assets

The financial sector has been one of the key drivers in india's efforts to achieve success in rapidly developing its economy. While the banking industry in india is progressively complying with the international prudential norms and accounting practices, there are certain areas in which the banking and financial sector do not have a level playing field as compared to other participants in the financial markets in the world.

In today's banking scenario the high share of npas in the credit portfolio of public sector banks has become a matter of grave concern. Because npas do not yield any return and on the contrary, they result in the bank incurring costs and huge provisions eating into the bank's earnings/ profits. "Due to non –recovery of dues the banks also run out of the financial resources to further carry on the financial activity and to meet the need and requirements of its other depositors and clients". Our bank's primary emphasis is on maximization of recovery by adopting various legal measures.

In today's scenario banks are equipped with number of weapons to initiate immediate action against stressed assets.

Debts recovery tribunal

With a view to give impetus to the industrial development of the country, the central and state governments encouraged the banks and other fis to formulate liberal policies for grant of loans and other financial facilities to those who wanted to set up new industrial units or expand the existing units. Many hundred thousand took advantage of easy financing by the banks and other fis but a large number of them did not repay the amount of loan, etc. Not only this, they instituted frivolous cases and succeeded in persuading the civil courts to pass orders of injunction against the steps taken by banks and financial institutions to recovery their dues. Due to lack of adequate infrastructure and non- availability of manpower, the regular courts could not accomplish the task of expeditiously adjudicating the cases instituted by banks and other fis for recovery of their dues. As a result, several hundred crores of public money got blocked in unproductive ventures. .1 In order to redeem the situation, the government of india established debts recovery tribunals and debts recovery appellate tribunals under the aegis of the recovery of debts due to banks and financial institutions act, 1993 in accordance with the recommendations of the narsimhan committee and tiwari committee.

The term "debt" has been described in the recovery of debts due to banks and financial institutions act, 1993 as "any liability (inclusive of interest) which is claimed as due from any person by a bank or financial institution or by a consortium of banks or financial institutions during the course of any business activity undertaken by the bank or financial institution or the consortium under any law for the time being in force, in cash or otherwise, whether secured or unsecured, or assigned, or whether payable under a decree or order of any civil court or any arbitration award or otherwise or under a mortgage and subsisting on, and legally recoverable on, the date of the application."

Procedures to be followed under the act are simple and easy to execute. To start with, the concerned bank or fi files an application to the tribunal within the appropriate jurisdiction . The application should be accompanied by necessary evidentiary documents and by the prescribed application fee. On receipt of the application, the tribunal shall issue summons requiring the defendant/s to show cause within 30 days of the service of the summons. The tribunal has a special power to pass interim orders either by way of injunction or stay, debarring the defendant from the sale or transfer or disposal of assets. The tribunal after giving the applicant an opportunity of being heard, passes such orders on the basis of the merits of the case as it deems fit and issues a recovery certificate which is passed on to the recovery officer for recovery of the debt due as specified therein. The recovery officer shall send a notice in writing requiring the defendant/s or his/their related parties to pay the amount within the specified period. If the defendant fails to make the payment, the recovery officer shall then seize the property and arrange for sale. He can even arrest the defendant if the circumstances so warrant. The recovery officer also has the power to direct the debtor to declare on affidavit the particulars of his assets. Any party aggrieved with the order of the debt recovery tribunal may make an appeal within 45 days from the date of the order to the appellate tribunal which will then pass an order, confirming, modifying or canceling the order, appealed against. There is a requirement of deposit of 75% of the debt as specified in the recovery certificate prior to admission of the appeal. However, this provision can be waived or reduced at the discretion of the appellate tribunal.

It is pertinent to note that section 1(4) of the rddbfi act, 1993 provide that this act shall not be applicable in cases where the debt recoverable is less than rs. 10.00 Lakhs. In such cases where the recoverable debt is less than rs. 10.00 Lakhs such matters are referred to civil courts of appropriate jurisdiction.

Jurisdiction of civil courts barred

Section 18 of the rddbfi act, 1993 mentions that "no court or other authority shall have, or be entitled to exercise, any jurisdiction, powers or authority (except the supreme court and a high court exercising jurisdiction under articles 226 and 227 of the constitution) in relation to the matters specified in section 17. "

Therefore, all matters where debt recoverable is less than rs. 10.00 Lakhs shall be referred to the civil courts of appropriate jurisdiction. Jurisdiction of the courts shall be decided in accordance with the subject matter being situated, the defendants or any one of the defendant voluntarily residing at the time of commencement of suit or carrying on business or personally working for gain or the place of the cause of action arising.

Sarfaesi act, 2002

The narasimhan committee i and ii and the andhyarujina committee constituted by

the central government for the purpose of examining banking sector reforms had suggested the need for changes in the legal system in view of the slow pace of recovery of defaulting loans and mounting levels of non performing assets of the banks and fis. These committees, inter alia, suggested enactment of a new legislation for securitization and empowering banks and fis to take possession of the securities and to sell them without the intervention of the court. Acting on these suggestions, the securitization and reconstruction of financial assets and enforcement of security interest ordinance, 2002 was promulgated on 21st june 2002 to regulate securitization and reconstruction of financial assets and enforcement of security interest and for matters connected therewith or incidental thereto. The provisions of the ordinance enabled banks and fis to realize long term assets, manage problem of liquidity, asset liability mismatches and improve recovery by exercising powers to take possession of securities, sell them and reduce non performing assets by adopting measures for recovery or reconstruction. The act came into force on 17th december, 2002.

The preamble of the securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of security interest act, 2002 describes it as "an act to regulate securitization and reconstruction of financial assets and enforcement of security interest and for matters connected therewith or incidental thereto." The act encompasses three processes for the banks and fis to recover non-performing assets which are as follows:

(I) securitisation

Securitisation of assets involves a lending institution termed as 'originator', whose loans and receivables will be converted into securities and a trust or special purpose vehicles (spv), through which the former will liquidate its assets. The originator picks up a pool of assets which are similar in nature from the balance sheet and passes them on to the spv through a pass through transaction. It is then converted into marketable securities for investment. The resultant cash flow will enable the originator to create further assets and periodical cash flows from the underlying collaterals by the way of repayment of loans and interest payments will enable the spv pay off its obligations of principal and interest to its debtors.

(Ii) asset reconstruction

The sarfaesi act has given birth to the asset reconstruction companies in india. These companies, as the name suggests, reconstruct the assets either by proper management of the business of the borrower, or by taking over the business of the borrower or by selling a part or whole of the business or by rescheduling of payment of debts payable by the borrower.

(Iii) enforcement of securities

The sarfaesi act has laid down a procedure for enforcement of securities, either movable or immovable, charged to the bank. Section 13 of the sarfaesi act, 2002 along with the security interest (enforcement) rules, 2002 lays down the procedure for issuing notices to the borrowers, taking possession of the assets and disposing off the same for recovering the bank's dues without the intervention of the court. However, section 17 of the act also gives a scope to all parties aggrieved with the action of the bank under section 13(4) of the act to approach and file a securitization appeal before the debts recovery tribunal within 45 days of such measures being taken by the bank.

The constitutional validity of the sarfaesi act has been challenged more than once before the high courts and the supreme court. However, the supreme court in mardia chemicals ltd. & Ors v/s union of india, (2004) 4 scc 311upheld the constitutional validity of the said act and elaborated the provisions of the enactment in detail which cleared ambiguities arising out of the act.

Further, the hon'ble supreme court, in m/s. Transcore v/s union of india & anr. [Appeal (civil) 3228 of 2006] dealt with a question as to whether withdrawal of the original application filed by the bank under section 19 of the rddbfi act, 1993 is a pre-condition to the bank initiating its action under the sarfaesi act and observed that the rddbf act and the sarfaesi act are not in dispute with each other and action under both the acts can be taken simultaneously.

Lok adalat/ loknyayalaya

The constitution of india inserted through the 42nd amendment in 1976 requires the state to secure that the operation of the legal system promotes justice, on a basis of equal opportunity, and shall, in particular, provide free legal aid, by suitable legislation or schemes or in any other way, to ensure that opportunities for securing justice are not denied to any citizen by reason of economic or other disabilities. The entire mechanism of lok adalats designed and evolved with the object of promoting justice. They not only give an opportunity to the parties to resolve disputes but such resolution is at the lowest possible cost, achieved amicably with consent of parties concerned.

Lok adalat is one of the alternative dispute resolution mechanisms in india introduced in the year 1982 which has, subsequently, been given legal authoritativeness and sanctity by the legal services authorities act, 1987. The lok adalat is a forum where pre litigation as well as post litigation cases are settled amicably before a committee of three or more senior persons including retired senior civil servants, defense personnel and judicial officers. Lately, lok adalat is being seen as a very progressive and helpful mechanism wherein large number of cases get settled thereby reducing the burden on courts.

Upon a matter being referred to lok adalat, notices are issued to summon borrowers to negotiate with banks or financial institutions for arriving at a compromise. If the compromise is arrived at, the parties to the litigation sign a statement in p2nce of lokadalats which is expected to be filed in the court to obtain a consent decree (binding on both parties) and which can be executed like any other decree of a civil court. Nowadays, debts recovery tribunals also organize lokadalats in order to explore mediating between the litigating parties so as to help settle the bank's dues.


National company law tribunal (nclt)

Nclt is a quasi-judicial body which was established under the companies act 2013 and constituted on 1st june 2016 by the government of india on the basis of the recommendations of the justice eradi committee on law relating to insolvency and winding up of companies.

The most significant development relevant to today's banking scenario is the power conferred upon the nclt to adjudicate matters under the insolvency and bankruptcy code, 2016. The nclt has been recognized as an adjudicating authority for corporate debtors by the said code. Played a very pivotal role in insolvency .

Therefore, contrary to general perception, there are diverse options for today's bankers to initiate action against defaulters before a legal forum in order to ensure recovery. In the yesteryears remedial measures by filing suits against defaulters was considered to be a very cumbersome process yielding no result. However, the situation has improved since the introduction of various alternate mechanisms and legal forum specifically for the purpose of debt recovery. Litigation management is a crucial part of recovery of stressed assets and if done meticulously shall contribute towards reduction of npas in banks. It should be the constant endeavour of every banker in the current situation of crisis to take every possible action against defaulters under the aegis of law which shall help create pressure on the defaulters and also be a deterrent for defaulters in the future.

◆◆◆



**Tanuka Banerjee**
RO, Siliguri

# जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट

जगतगुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय की स्थापना समाज के अपवंचित वर्ग दिव्यांगजन की उच्च शिक्षा एवं पुनर्वास के लिए आधुनिक भारत में वर्तमान समय के युगऋषि जगतगुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी की संकल्पना एवं अभिव्यक्ति से की गई है. इसकी स्थापना 26 जुलाई, 2001 को उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री राजनाथ सिंह जी के कर कमलों से की गई एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इस विश्वविद्यालय को अनुदान प्रदान किया.

दिव्यांगजनों की उच्च शिक्षा को समर्पित विश्व के एकमात्र संस्थान से कुलपति प्रो. योगेश चन्द्र दुबे जी के साक्षात्कार के कुछ अंश:

प्र. इस विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी?

उत्तर.: विश्वविद्यालय में वर्तमान में 7 संकाय एवं 16 विभाग हैं जिनके अंतर्गत बीए, एमए, बी एड, एम एड, बीसीए, एमसीए, बीबीए, एमबीए, एमएसडबल्यू, बीएफ़ए, एमएफ़ए, पीजीडीसीए, डीसीए, योग में पीजी डिप्लोमा, एमए-योग, बी म्यूजिक, एम म्यूजिक आदि परम्परागत तथा रोजगारपरक पाठ्यक्रम दिव्यांगजनों हेतु उपलब्ध हैं.

प्र. दिव्यांगजनों की उच्च शिक्षा में आप कहाँ तक योगदान दे पा रहे हैं?

उत्तर.: विश्वविद्यालय का योगदान केवल दिव्यांगजनों की उच्च शिक्षा व कौशल विकास तक ही सीमित नहीं बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित करके उनके पुनर्वास एवं विकास में भी है, जिसके प्रभावी कार्यान्वयन हेतु विश्वविद्यालय में पुनर्वास एवं विकास केंद्र, रोजगार परामर्श केंद्र भी स्थापित हैं जो वर्ष 2006-07 से विश्वविद्यालय परिसर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में शिविर लगाकर दिव्यांगजनों की पहचान, चिकित्सा, शिक्षा तथा स्वरोजगार की दिशा में उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान कर रहे हैं. माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कौशल विकास मिशन के स्वप्न को विश्वविद्यालय में स्थापित विभिन्न केंद्रों द्वारा बेकरी, सिलाई, साक्षरता, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, प्रिंटिंग प्रेस, फोटोग्राफी तथा ब्रेल प्रेस के प्रशिक्षण देकर साकार किया जा रहा है. विश्वविद्यालय में प्रदान की जाने वाली शिक्षा को वैश्विक चुनौतियों एवं मानकों के अनुसार प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है. साथ ही भारत सरकार के डिजिटल इंडिया के प्रतिमानों को अंगीकृत करते हुए विश्वविद्यालय के प्रत्येक शैक्षणिक भवन में अत्याधुनिक कम्प्यूटरों से युक्त स्मार्ट क्लास तथा कम्प्यूटर प्रयोगशाला स्थापित की गयी है. संपूर्ण परिसर वाई-फाई इंटरनेट सुविधा से युक्त है. यह अत्यंत गौरव की बात है कि इस विश्वविद्यालय से पीएचडी उपाधि प्राप्त कर चुके अध्येता, हजारों स्नातक एवं परास्नातक, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न संस्थाओं में कार्यरत हैं और सुखद आश्चर्य यह कि यहाँ से अध्ययन किया हुआ एक भी दिव्यांग विद्यार्थी बेरोजगार नहीं है.

प्र. विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी?

उत्तर.: विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सहयोग से सभी अल्पसंख्यक एवं पिछड़े वर्ग के दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु विश्वविद्यालय में कोचिंग संचालित है जिसमें यूजीसी, नेट, जेआरएफ़ तथा प्रतियोगी परीक्षाओं एवं कमजोर विद्यार्थियों हेतु रेमेडियल कक्षाएँ



संचालित होती हैं. विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की 3 इकाइयाँ कार्यरत हैं जो चित्रकूट क्षेत्र के अति पिछड़े गावों में शिविर के माध्यम से जनसामान्य को अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं. विश्वविद्यालय को माननीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा स्वच्छता के नवरत्नों में नामित किए जाने के उपरांत विश्वविद्यालय में एक स्वच्छता प्रकोष्ठ का गठन भी किया गया है जिसके द्वारा न सिर्फ विश्वविद्यालय परिसर बल्कि आस-पास के गावों को गोद लेकर स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है.

प्र. विश्वविद्यालय में उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी.

उत्तर.: विगत वर्षों में विश्वविद्यालय के आधारभूत संसाधनों में उल्लेखनीय विकास किया गया है जिसमें दिव्यांग विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बाधारहित परिसर का निर्माण विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है. केंद्रीय पुस्तकालय भवन, अष्टावक्र सभागार, गीता देवी महिला केंद्र, डे-केयर सेंटर, ब्रेल प्रेस, प्रकाशन विभाग का निर्माण हाल ही के वर्षों में किया गया है.


इसके साथ ही अतिथि गृह तथा कुलपति आवास का निर्माण किया गया है. जिसका माननीय राष्ट्रपति, भारत सरकार द्वारा दिनांक 8 जनवरी 2018 को लोकार्पण किया जा चुका है. दिव्यांग विद्यार्थियों के क्रियात्मक ज्ञान को बढ़ावा देने हेतु अल्प दृष्टि केंद्र, वीणावादिनी दृश्य-श्रव्य स्टूडियो, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा संसाधन केंद्र, पुरातत्व संग्रहालय, पाठ्यक्रम विकास संसाधन केंद्र, ऑडियो स्पीच पैथोलोजी लैब, कला तथा शिल्प संग्रहालय, योग केंद्र तथा जिम्नेजियम हॉल की स्थापना की गई है. संपूर्ण विश्वविद्यालय परिसर सीसीटीवी से युक्त है.

प्र. विश्वविद्यालय के विकास में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का क्या योगदान है?

उत्तर.: विश्वविद्यालय के प्रारंभ से ही यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का आर्थिक योगदान रहा है. प्रारंभ में जब विश्वविद्यालय में पुस्तकालय की स्थापना की जा रही थी तो यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने पांच अलमारियाँ तथा पुस्तकों हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान कर केंद्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन करवाया था. विश्वविद्यालय के उत्तर प्रदेश में अवस्थित होने के बावजूद विश्वविद्यालय के समस्त खाते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया जानकीकुंड, चित्रकूट, मध्यप्रदेश शाखा में हैं. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने विश्वविद्यालय परिसर में दिव्यांगों के अनुरूप एटीएम स्थापित किया है. विगत वर्ष यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने विश्वविद्यालय परिसर में लगभग ₹36.00 लाख के खर्च से एक ओवर हेड पानी की टंकी का निर्माण करवाया है जो अब तक का सबसे बड़ा आर्थिक सहयोग है.

*जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, जानकीकुंड शाखा के प्रति भविष्य में भी निरंतर सहयोगात्मक भाव रखेगा इस वचनबद्धता के साथ पत्रिका के प्रकाशन की बेला में अनेकशः मंगलकामना प्रेषित करता हूँ.* ◆◆◆

# सद्‌गुरु नेत्र चिकित्सालय



परम पूज्य गुरुदेव श्री रणछोड़दास महाराज द्वारा प्रणीत मानव सेवा के पावन लक्ष्यों को चरितार्थ करता हुआ श्री सद्‌गुरु सेवा संघ ट्रस्ट विगत 51 वर्षों से चित्रकूट स्थित नेत्र चिकित्सालय के माध्यम से भूखे को अन्न, वस्त्रहीन को वस्त्र एवं दृष्टिहीन को दृष्टि देने के उद्देश्य की पूर्ति में निरंतर लगा है. पूज्य गुरुदेव द्वारा रोगियों को नेत्र ज्योति प्रदान करने के लिए वर्ष 1950 में प्रथम नेत्रयज्ञ प्रमोदवन चित्रकूट में आयोजित किया गया था, जिसमें 950 सफल ऑपरेशन, सड़क, बिजली जैसी मूलभूत सुविधा के अभाव में सम्पन्न किये गये थे. जिसके क्रम में आज तक 101 नेत्रयज्ञों का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा चुका है. ट्रस्ट की स्थापना पूज्य गुरुदेव जी द्वारा 1968 में की गई थी.


चित्रकूट स्थित यह चिकित्सालय अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सकीय सुविधा से युक्त है तथा विश्व के सबसे बड़े 25 मॉड्यूलर ओप्थाल्मीक ऑपरेशन थिएटर से सुसज्जित है. प्रति वर्ष लगभग 1.40 लाख नेत्र सर्जरी यहाँ सम्पन्न की जाती हैं, जिनमें से 85% सर्जरी निःशुल्क तथा रियायती दरों पर होती हैं. वर्तमान के नेत्र यज्ञों के माध्यम से 17 लाख से अधिक लोगों को नवीन दृष्टि प्रदान की जा चुकी है एवं मानव सेवा का यह पुनीत कार्य निरंतर प्रगतिशील है. चिकित्सालय में मोतियाबिंद, समलवायु, करणीय, आक्युलोपलसती, नेत्रबंक, बालनेत्र आदि की समस्त चिकित्सकीय सुविधाएँ उपलब्ध हैं. चिकित्सालय के साथ-साथ मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के लगभग 12 जिलों में 42 प्राथमिक नेत्र जाँच केंद्र भी स्थापित हैं एवं वर्ष भर में 3200 से अधिक नेत्र शिविरों के माध्यम से जन सामान्य को नेत्र चिकित्सा उपलब्ध कराई जा रही है. इस चिकित्सालय ने अभिनव पहल करते हुए देश में प्रथम बार 5 जिलों को मोतियाबिंद बैकलॉग रहित जिला बनाया है.

ट्रस्ट द्वारा संचालित इस चिकित्सालय में जनरल हैल्थ, सर्जरी, गायनिक, होम्योपैथी, नेचुरोपैथी, डेन्टल, पैथोलॉजी, रक्तकोष एवं सिटि स्कैन जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं. स्वास्थ्य संबंधित सुविधाओं के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी ट्रस्ट के विभिन्न प्रकल्पों के अंतर्गत हिन्दी माध्यम, अंग्रेजी माध्यम, संस्कृत माध्यम, नर्सिंग, पैरामेडिकल, कम्प्यूटर साइन्स और संगीत के शिक्षण कार्यक्रम में लगभग 3700 छात्र-छात्राएँ वर्तमान में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं. ट्रस्ट के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण व प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत स्वयं सेवी समूह बनाकर उन्हें प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार का अवसर प्रदान किया जाता है. ट्रस्ट के अंतर्गत गौ-सेवा प्रकल्प भी संचालित है, जिसमें 1150 गायों का चारा पानी एवं चिकित्सा की व्यवस्था भी उपलब्ध है.

श्री सद्‌गुरु सेवा संघ ट्रस्ट अपने विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से समाज के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना साकार करने की दिशा में सार्थक पहल कर रहा है. ट्रस्ट के इन कार्यों में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने भी विगत 38 वर्षों से अधिक समय से अमूल्य सहयोग दिया है. विभिन्न अवसरों पर ट्रस्ट एवं खाताधारक कार्यकर्ताओं के लिए बैंक ने अनेक लाभकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुँचाया है. बैंक द्वारा रोगियों के आवागमन हेतु एम्ब्युलेन्स प्रदान कर नेत्र सेवा के इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है. ◆◆◆



**श्री अरुण ठाकुर,**
जानकीकुंड शाखा




Khamaria is a census town in Jabalpur. As of 2001 India census, Khamaria had a population of 14,557. Males constitute 53% of the population and females 47%. Khamaria has an average literacy rate of 82%, higher than the national average of 69.5%: male literacy is 87%, and female literacy is 76%. In Khamaria, 8% of the population is under six years of age.

The town is mainly a campus of the local ordnance factory 'Ordnance Factory Khamaria' that was established in 1942 under Ordnance Factories Board (OFB).

Ordnance Factories Board (OFB) (आयुध निर्माणी बोर्ड) consisting of the Indian Ordnance Factories (भारतीय आयुध निर्माणियाँ), is an industrial organisation, functioning under the Department of Defence Production of Ministry of Defence, Government of India. It is engaged in research, development, production, testing, marketing and logistics of a comprehensive product range in the areas of air, land and sea systems. OFB comprises forty-one Ordnance Factories, nine Training Institutes, three Regional Marketing Centres and four Regional Controllerates of Safety, which are spread all across the country.

OFB is the world's largest government-operated production organisation, and the oldest organisation run by the Government of India. It has a total workforce of about 164,000. It is often called the 'Fourth Arm of Defence', and the 'Force Behind the Armed Forces' of India. It is amongst the top 50 defence equipment manufacturers in the world. Its total sales were at $3 billion (₹19982.71 crores) in 2015-16. Every year, 18 March is celebrated as the Ordnance Factories' Day in India.

'Ordnance Factory Khamaria' has a very strategic importance as the nearest Indian land/coastal border from this place is more than 650 kms from any direction. It was established under the mission 'Production of State of The Art Battle Field Equipment', to the Indian armed forces.

Ordnance Factory Khamaria is premier ammunition, manufacturing organisation under the Ministry of Defence. It is an ISO 9001-2000 certified unit, with laboratory accredited to NABL. It is a manufacturer of ammunition component, hardware - fuze, shell, primer and cartridge case for medium and high caliber ammunitions. It is also a unit for explosive filling and assembly of medium and high caliber ammunitions including small arms ammunitions.

Ordnance Factory Khamaria is continuously equipping our armed forces with modern 'Defence and Battle Field Equipment'.

Ordnance Factory, Khamaria, suffered a major setback when a fire broke out on Saturday, 25 March 2017, totally destroying factories No. 316 and 318, and injuring more than 20 people. As stated by Jabalpur collector Mahesh Chandra Chaudhary to PTI on phone, the first explosion took place at 6:24 pm, followed by massive fires and explosions, the worst incident since the past five years. The incident took place during the workers shift change, when the 125 mm anti-tank bombs were being dispatched. ◆◆◆



**Avinash Barwal**
RO Jabalpur

# यूनिकोर्प और यूनियन बैंक का सफलता भरा पुराना नाता

बीस साल पहले वर्ष 1998 में, हमने एक सूक्ष्म औद्योगिकी इकाई के रूप में यूनिसान साईन सिस्टम्स (निगमन के पहले का नाम) का यूनियन बैंक में अपना पहला खाता खोला था.

यह वो दौर था जब हमारे पास कोई भी कोलेटरल सिक्यूरिटी नहीं थी. बस था तो काम करने का जुनून और ईमानदारी. आज 250 से भी अधिक कर्मचारियों की यूनिट में तब केवल 5 कर्मचारी हुआ करते थे, जिसमें से दो वर्तमान कंपनी के संचालक हैं. रोड सेफ़्टी उत्पादों के लिए उस समय तक प्रदेश में कोई भी प्रो एक्टिव इकाई नहीं थी. यूनियन बैंक के सहयोग से, बिना कोलेटरल सिक्यूरिटी के, पाँच लाख की अर्थ सहायता ने संजीवनी का काम किया और देखते ही देखते, यूनिकोर्प देश की सबसे बड़ी रोड सेफ़्टी सोल्यूशंस कंपनी बन गयी.

यूनियन बैंक के साथ हमेशा एक ही परिवार का होने की अनुभूति होती रही है. शायद यही एक कारण है कि आज सभी प्रलोभनों के बाद भी किसी अन्य बैंक से जुड़ने की इच्छा नहीं होती. बैंक ने हमेशा सही समय पर यथासंभव तरलता प्रदान की है. आज हम देश-विदेश के किसी भी बड़े प्रोजेक्ट को लेने में पीछे नहीं हटते, इसी विश्वास ने हमें निरंतर आगे बढ़ने के लिए हिम्मत दी है.



हालही में यूनिकोर्प द्वारा, यूनियन बैंक के सहयोग से भोपाल शहर में स्मार्ट नेविगेशन प्रोजेक्ट/क्रियान्वयन किया है. अपनी तरह के अनूठे, अकेले इस प्रोजेक्ट से कंपनी को 300 करोड़ से ज्यादा अनुमानित आय होने वाली है.

कंपनी का आउटडोर विज्ञापन ब्रांड फ़र्स्टलूक अपनी श्रेणी का सबसे प्रीमियम ब्रांड बन चुका है. भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में फ़र्स्टलूक की बेहद प्राइम आउटडोर विज्ञापन साइट है, जो अगले दस वर्षों में 500 करोड़ से भी ज्यादा रेवेन्यू जनरेट करेगी.

यूनिकोर्प की मंडीदीप स्थित मूल इकाई को वर्तमान में विगत वर्षों की तुलना में चार गुना ऑर्डर प्राप्त हो चुके हैं. देश के लगभग सभी भागों में यूनिकोर्प द्वारा रिकॉर्ड समय में सबसे प्रतिष्ठित रोड सेफ़्टी प्रोजेक्ट सम्पन्न किए गए हैं.

विकास की इस अनवरत गाथा में हमारी और बैंक की एक ही नाम राशि का होना भी विचित्र संयोग है. बैंक का यू और यूनिकोर्प के यू को अंग्रेजी में कह सकते हैं. 'यू एंड आई, मेड फॉर ईच अदर'. ◆◆◆




**विकास धवन**
क्षे.का.भोपाल

# प्रभात मूर्ति कला केंद्र ग्वालियर







प्रभात मूर्ति कला केंद्र, मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में है. इस केंद्र की स्थापना सन 1995 में ग्वालियर, मध्य प्रदेश में श्री प्रभात राय द्वारा की गई. प्रभात राय के स्वामित्व एवं मार्गदर्शन में, कंपनी ने मूर्ति कला के क्षेत्र में ग्वालियर जिला एवं मध्य प्रदेश का नाम सम्पूर्ण भारत एवं विश्व में रोशन किया है. श्री प्रभात राय को ललित कला के क्षेत्र में 20 साल का लंबा अनुभव है. इसके अतिरिक्त, उनके रचनात्मक दृष्टिकोण और आधुनिक नीतियों ने मूर्ति कला के क्षेत्र में सफल विकास के लिए मार्ग प्रशस्त किया है.

मूर्तियों के निर्माण के लिए सभी आवश्यक उपकरण और मशीनें प्रभात मूर्ति कला केंद्र में उपलब्ध हैं. प्रभात राय अपने कला केंद्र में आधुनिक और पारंपरिक कला का उपयोग करते हैं. इसके अलावा, कला केंद्र शोध टीम, क्लाइंट की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर समस्त ऑर्डरों को पूरा करता है.

इन क्रिएटिव मूर्तियों के निर्माण के लिए कारीगरों, डिजाइनरों, गुणवत्ता लेखा परीक्षकों, शोधकर्ताओं, पर्यवेक्षकों आदि की अत्यधिक अनुभवी टीम कार्य करती है. प्रभात मूर्ति कला केंद्र में गुणवत्ता और रचनात्मकता पर कभी समझौता नहीं किया जाता है.

प्रभात मूर्ति कला केंद्र पूरे देश में गुणवत्ता मूलक काम और सेवाओं के लिए जाना जाता है. भारत में प्रभात मूर्ति कला केंद्र फाइबर मूर्ति और धातु मूर्तियों की सबसे आकर्षक शृंखला के निर्माण में विशेषज्ञता रखता है. इस कला केंद्र में केवल सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले वास्तुशिल्प, कांस्य और राल फाइबर के उपयोग से टिकाऊ मूर्तियां बनायी जाती हैं, जो स्थापित करने में आसान होती हैं.

प्रभात मूर्ति कला केंद्र, कला को विशुद्ध अर्थों में आत्मसात करके कलात्मक मूर्तियों की अपनी सीमा में अच्छी तरह से दर्शाता है. इस कला केंद्र की मूर्तियां मुख्य रूप से पवित्र स्थानों, शहर के मुख्य चौराहों, सरकारी कार्यालयों, लॉन, मकान, आदि में स्थापित हैं. कला केंद्र की टीम की रचनात्मक दृष्टि, इन मूर्तियों में अद्वितीय डिजाइन लाने में मदद करती है. ये मूर्तियां अंतिम प्रेषण से पहले विभिन्न मापदंडों पर जांची जाती हैं. मूर्तियों की गुणवत्ता पर कभी कोई समझौता नहीं किया जाता है. एक सशक्त टीम ग्राहकों के थोक आदेश से निपटने और समय पर पूरा करने को सुनिश्चित करती है.

प्रभात मूर्ति कला केंद्र, मूर्ति कला के भावी पथ प्रदर्शक के रूप में ग्वालियर और मध्य प्रदेश को गौरवान्वित कर रहा है. श्री प्रभात राय ने इस मूर्ति कला केंद्र के माध्यम से भारत की प्राचीन मूर्ति कला को जीवित बनाये रखने का सफल प्रयास किया है. uuu



**कमलेश सिंह**
क्षे.का., ग्वालियर



# मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मण्डल, जबलपुर एवं यूनियन बैंक का साथ

भारत की स्वतंत्रता के पश्चात, स्वतंत्रता पूर्व छोटी रियासतों को पुनर्गठित कर संघीय राज्यों की स्थापना की गई. सन 1950 में पूर्व ब्रिटिश केन्द्रीय प्रांत और बरार के राजसी राज्य व छत्तीसगढ़ को मिलाकर मध्य प्रांत का निर्माण हुआ तथा नागपुर को राजधानी बनाया गया. तत्पश्चात 1 नवम्बर 1956 को मध्यप्रदेश राज्य का पुनर्गठन किया गया, जिसमें भोपाल रियासत, मालवा, निमाड़, बुंदेलखंड, बघेलखंड, महाकौशल एवं छत्तीसगढ़ के भू-भागों को शामिल किया गया.

नये मध्यप्रदेश के गठन के पश्चात राज्य के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं बेहतर रुप से उपलब्ध कराने के लिए निगम, मंडलों एवं संस्थानों का गठन किया गया. जिसके तहत 1 नबम्बर 1956 को ही मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल का गठन किया गया, जिसके तहत तीन क्षेत्रों में उनका विभाजन किया गया.

1. मध्य प्रदेश पावर जेनेरटिंग कंपनी लिमिटेड– उत्पादन क्षेत्र जिसके अंतर्गत विद्युत उत्पादन का कार्य, देख-रेख कार्ययोजना बनाना, सुनिश्चित किया गया. वर्तमान में कंपनी के मुख्य निदेशक, श्री अनूप कुमार नन्दा हैं.

2. मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन (पारेषण) कंपनी लिमिटेड, जिसके अंतर्गत पूरे प्रदेश में उच्च विद्युत लाइनों की कार्य योजना बनाना, उनका निर्माण करना तथा विद्यमान क्षमताओं का विस्तार करना शामिल है. वर्तमान में कंपनी के मुख्य निदेशक, श्री प्रभाकर बेंडे हैं.

3. वितरण–इसके अंतर्गत विद्युत उत्पादन इकाई से प्राप्त बिजली को प्रदेश के उपभोक्ताओं तक पहुंचाना, उनसे बिल वसूलना तथा प्रदेश की विद्युत व्यवस्था सुचारु बनाए रखने का काम तथा प्राकृतिक आपदाओं यथा आंधी, अतिवृष्टी, बाढ़ तथा आपदा के पश्चात विद्युत व्यवस्था पुनः बहाल करना आदि शामिल है.

तत्पश्चात राज्यों का पुनर्गठन किया गया, जिसमें वर्ष 2001 में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्यों को पुनर्गठित किया गया. MPEB को भी पुनर्गठित कर मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल (MPSEB) एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल (CSEB) का गठन किया गया, जिसमें पूर्ववर्ती MPEB की परिसंपत्तियों तथा कार्यरत कर्मचारियों को वैकल्पिक चयन के आधार पर स्थानांतरित किया गया.

पुनः राज्य में पावर सेक्टर में रिफार्म के उद्देश्य से PWC को अध्ययन कर एक विस्तृत DPR सौंपने को कहा गया. जिसकी अनुशंसा के आधार पर MPSEB को पुनर्गठित कर पाँच कंपनियों में विभाजित किया गया. वितरण क्षेत्र में तीन (मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड एवं मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड), उत्पादन क्षेत्र में एक (मध्य प्रदेश पावर जेनेरटिंग कंपनी लिमिटेड) तथा इस क्षेत्र में एक (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड) का गठन किया गया.

इन सभी कंपनियों के मार्गदर्शन हेतु पूर्ववर्ती MPSEB के कुछ कर्मचारियों को लेकर एक अन्य कंपनी पॉवर ट्रेडिंग कम्पनी का गठन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश में उपभोक्ताओं हेतु विभिन्न क्षेत्रों से भारी मात्रा में विद्युत कम कर वित्त कंपनियों को उपलब्ध कराना है. कालांतर में मध्यप्रदेश पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड (MPTR-DCO), मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (MPPMCL) में परिवर्तित कर दिया गया है. वर्तमान मे कंपनी के मुख्य निदेशक, श्री संजय कुमार शुक्ला हैं.

इनमें से उत्पादन, पारेषण एवं मैनेजमेंट कंपनियों के मुख्य कार्यालय, शक्ति भवन रामपुर, जबलपुर में िस्थित हैं और इन सभी कंपनियों का अधिकांश कारोबार यूनियन बैंक की शक्ति भवन एवं मदन महल शाखा के माध्यम से किया जाता है. इसके अलावा कंपनियों के बहुत से खाते हमारी मध्यप्रदेश की विभिन्न शाखाओं में हैं. कंपनी के कर्मचारियों के वेतन, पेंशन एवं जमा खाते भी यूनियन बैंक के पास हैं. आशा है कि आगे आने वाले वर्षों में हमें इन कंपनी से बहुत व्यवसाय मिलेगा और इससे कंपनियों एवं बैंक के व्यवसाय में वृद्धि होगी. इस वित्त वर्ष के अंत में इन कंपनियों का निम्नलिखित कारोबार हमारे बैंक के पास है. ◆◆◆

(रु. करोड़ में)

| विवरण | मध्यप्रदेश पावर जेनेरटिंग कंपनी लिमिटेड | मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड | मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड |
|---|---|---|---|
| कुल जमा | 727.00 | 509.00 | -- |
| अग्रिम | 1293.00 | 1703.00 | 500.00 |
| कासा | 50.00 | 71.00 | -- |
| खुदरा ऋण | 1.31 | 1.00 | -- |
| पेंशन खाते | 5004 (16.58) | 3017 (9.60) | 2009 (6.14) |



**पंकज जैन**
क्षे.का., जबलपुर

# नर्मदा पुत्र अमृतलाल वेगड़



### अमृतलाल वेगड़ को कई पुरस्कारों एवं सम्मान से नवाजा गया है

- 1994 –95 में मध्यप्रदेश का शिखर सम्मान – मध्यप्रदेश
- 2001–2002 में शरद जोशी सम्मान
- मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी और गुजरात साहित्य अकादमी सम्मान
- महापंडित राहुल सांकृत्यायन पुरस्कार
- हिन्दी सेवी संस्थान आगरा का हिन्दी सेवा सम्मान
- विभिन्न कार्यों के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार

वेगड़ जी का जन्म मध्यप्रदेश की संस्कारधानी कहे जाने वाले जबलपुर में 3 अक्टूबर 1928 को हुआ था. 1948 से 1953 तक कोलकता के प्रख्यात शान्ति निकेतन से कला की पढ़ाई करने वाले वेगड़ जी ने नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से लेकर भडुच में नर्मदा से सागर में समाहित होने तक की नर्मदा के किनारे 4000 किमी . से ज्यादा की पदयात्रा की. इन यात्राओं के अद्भुत अनुभवों को अपने चार महत्त्वपूर्ण पुस्तकों में सँजोया– 'सौंदर्य की नदी नर्मदा', 'अमृतस्य नर्मदा', 'तीरे-तीरे नर्मदा', चौथी 'नर्मदा तुम कितनी सुंदर हो' वर्ष 2015 में प्रकाशित हुई. इनके अलावा सैकड़ों चित्र, स्केच और कोलाज बनाए हैं. इन किताबों के गुजराती, मराठी, अंग्रेज़ी अनुवाद भी उपलब्ध हैं. मूल गुजराती में लिखे नर्मदा यात्रा वृत्तांत पर उन्हें 2004 का साहित्य अकादमी पुरस्कार भी मिल चुका है.

यह बताना जरूरी है कि वेगड़ जी ने 50 वर्ष की उम्र में 1977 में पहली बार नर्मदा परिक्रमा की थी और तब से लेकर 82 वर्ष की उम्र तक यात्राओं को जारी रखा.नर्मदा उनके कार्यों में प्रतिबिंबित होती रही है. कथावाचक जैसी रोचक शैली में नर्मदा परिक्रमा के अनुभव वास्तव में साहित्य और पर्यावरण हितैषी समाज की धरोहर हैं. वेगड़ जी के गुरु ने उन्हें कहा था–'जीवन में सफल मत होना, यह बेहद आसान है. तुम अपने जीवन को सार्थक बनाना.' गुरु की इस कथन को वेगड़ जी ने अपने जीवन का मूल रूप माना और उन्होंने अपने गुरु को सार्थक जीवन की ही गुरु दक्षिणा प्रदान की है. वे बार-बार कहते रहे हैं – ''नर्मदा को समझने-समझाने की मैंने ईमानदार कोशिश की है और मेरी कामना है कि सर्वस्व दूसरों पर लुटाती ऐसी ही कोई नदी हमारे सीनों में बह सके, तो नष्ट होती हमारी सभ्यता और संस्कृति शायद बच सके.''

वेगड़ जी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि प्रकृति और सौन्दर्य से प्रेम करने की प्रकृति उन्हें उनके पिता से मिली थी. अपने चित्र बनाने के लिए वे नर्मदा तट के आसपास जाते रहते थे. चित्र और स्केच के लिए बेहतर दृश्य की खोज में वे पहले आसपास फिर दूर-दराज के गांव-देहात तक पहुंचे. इस तरह उन्हें नर्मदा किनारे का सौंदर्य दिखाई दिया. नर्मदा परिक्रमा करते लोग मिले तो परिक्रमा को लेकर जिज्ञासा जागी. ऐसे ही दृश्यों से यह संकल्प दृढ़ हुआ कि नर्मदा की परिक्रमा की जाए. वे अपनी प्रथम पुस्तक 'सौंन्दर्य की नदी नर्मदा' में लिखते हैं-''कभी-कभी मैं अपने आप से पूछता हूं, यह जोखिम भरी यात्रा मैंने क्यों की? और हर बार मेरा उत्तर होता है अगर मैं यह यात्रा न करता तो मेरा जीवन व्यर्थ जाता. जो जिस काम के लिये बना हो , उसे वह काम करना ही चाहिये. और मैं नर्मदा पदयात्रा के लिये बना हूं. किन्तु, जब तक इस सत्य का पता मुझे चलता, मैं 50 के करीब पहुंच चुका था. प्रथम पदयात्रा मैंने 1977 में की और अंतिम 1987 में.''

अमृतलाल वेगड़ जी कहते थे, अगर मैं नर्मदा यात्रा न करता तो मेरा जीवन व्यर्थ जाता

वेगड़ जी के इस कथन और कृत्य में ही तो पूरा अनुभव सार छिपा हुआ है. हमारी चिंता सिर्फ नदियों को पूजने की न होनी चाहिए, बल्कि हम यह फिक्र करें कि नदियां कैसे सदा पाक रहें. वेगड़ जी ने बहुत पीड़ा के साथ कहा था-''हम हत्यारे हैं, अपनी नदियों के हत्यारे. क्या हाल बना दिया है हमने नदियों का? नर्मदा तट के छोटे-से-छोटे तृण और छोटे-से-छोटे कण न जाने कितने परिव्राजकों, ऋषि-मुनियों और साधु-संतों की पदधूलि से पावन हुए होंगे. यहां के वनों में अनगिनत ऋषियों के आश्रम रहे होंगे. वहां उन्होंने धर्म पर विचार किया होगा, जीवनमूल्यों की खोज की होगी और संस्कृति का उजाला फैलाया होगा. हमारी संस्कृति आरण्यक संस्कृति रही. लेकिन अब? हमने उन पावन वनों को काट डाला है और पशु-पक्षियों को खदेड़ दिया है या मार डाला है. धरती के साथ यह कैसा विश्वासघात है.''

नर्मदात्रयी की तीसरी पुस्तक 'तीरे-तीरे' नर्मदा के पीछे वेगड़ दम्पत्ति का फोटो है. इस चित्र के नीचे है-''अगर सौ या दो सौ साल बाद किसी को एक दंपती नर्मदा परिक्रमा करता दिखाई दे, पति के हाथ में झाड़ू हो और पत्नी के हाथ में टोकरी और खुरपी; पति घाटों की सफाई करता हो और पत्नी कचरे को ले जाकर दूर फेंकती हो और दोनों वृक्षारोपण भी करते हों, तो समझ लीजिए कि हमीं हैं-''कान्ता और मैं (वेगड़ जी).'' कोई वादक बजाने से पहले देर तक अपने साज का सुर मिलाता है, उसी प्रकार इस जन्म में तो हम नर्मदा परिक्रमा का सुर ही मिलाते रहे. परिक्रमा तो अगले जन्म से करेंगे.''


◆◆◆



**ऋषी शंकर चौधरी**
क्षे.का.जबलपुर


## अलंकार ज्वेलर्स

मध्यप्रदेश की पहली शाखा जबलपुर केन्ट के हम प्रारम्भिक सदस्य रहे हैं. 2012 में बैंक ने 50वीं वर्षगांठ पर हमारा अभिनन्दन किया था. बैंक अफसर व सभी सहयोगियों से हमारे सम्बंध मधुर रहे हैं. बैंक व हमारी फर्म 'अलंकार' ने एक दूसरे को हमेशा ही पूर्ण सहयोग दिया है 'यूनियन बैंक' कर्तव्यनिष्ठ बैंक है. अपने ग्राहकों की सुविधा का पूरा ध्यान रखता है. वरिष्ठ नागरिकों को सभी सुविधा व सम्मान दिया जाता है. 'अच्छे लोग, अच्छा बैंक' के नारे को मूर्तरुप दिया गया है.



मुरारी लाल अग्रवाल

# पुरस्कार और सम्मान AWARDS & GALLORE




On 20.07.2018 our Bank awarded "Best Bank for Promotional Scheme Award - Runner up in Large Category" instituted by Chamber of Indian Micro, Small and Medium Enterprise (CIMSME), New Delhi. The Award was received at the hands of Hon'ble Minister of State for MSME, Shri Giriraj Singh, by Shri R.K.Verma, our Executive Director & Shri.P.S.Rajan, GM (MSME). Our Bank has been recognized for its various promotional schemes launched for the growth of MSME in India.

Our Bank won the National Award for Excellence in Training & Development under two categories viz. 'Overall Award for Best Results Based Training' & 'Most Innovative use of Training & Development as an HR Initiative for OD' announced by TIMES Ascent. The Award was received by Shri Brajeshwar Sharma, GM (HR) & Shri Kalyan Kumar, Principal, Staff College, Bengaluru, Union Bank of India, at the hands of Chief Guest, Shri Arindam Chaudhary, Noted Author, at a glittering function held at Hotel Taj Lands End, Mumbai.







Bank has received two Awards as Best Performing Bank in Two APY Campaigns viz "Quest For Crown" and "Formation Day Campaign". Shri V.V. Tembhurne, RH Nasik; Shri Mahendra Shrivastav, RH, Rewa and 8 Branch Managers were also rewarded for their consistent performance in 'Winning Wednesday Campaign' for the Month of June and July 2018. Reward and Recognition Program was organized by PFRDA on 5th October 2018 at New Delhi.

भारत सरकार द्वारा आयोजित 'Winning Wednesday Campaign' के तहत उत्कृष्ठ प्रदर्शन हेतु नासिक क्षेत्र एवं क्षेत्राधीन 4 शाखाओं का चयन किया गया. इस सफलता हेतु नासिक क्षेत्र प्रमुख, श्री विनायक टेंभुर्णे को भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव श्री राजीव कुमार द्वारा सम्मानित किया गया.







Our Bank's Training System was awarded by World HRD Congress in, "Asian Training & Development Leadership" under two categories: (1) Best Leadership Development Program for Top Management and (2) Best Leadership Development Program for Middle Management. The Award was received by Shri Jithender Maniram, CEO & Shri Prasanta Kumar Sahoo, DACEO, Union Bank of India, Dubai Branch, from Dr. A H M Faraaz, CEO, Lanka Sathosa, Chief Guest at a glittering function held at The Boulevard Hotel, Dubai.





प्रतिष्ठित साहित्यिक-सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था 'आशीर्वाद', मुंबई द्वारा दिनांक 27 सितम्बर, 2018 को आयोजित 27वें आशीर्वाद राजभाषा पुरस्कार समारोह-2018 में 'राजभाषा रत्न' पुरस्कार से हमारे अध्यक्ष और अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक श्री केवल हांडा जी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया. साथ ही राष्ट्रीयकृत बैंक श्रेणी में वर्ष 2017-18 के दौरान श्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन हेतु हमारे बैंक को द्वितीय पुरस्कार तथा बैंक की हिन्दी पत्रिका 'यूनियन सृजन' को 'श्रेष्ठ गृह-पत्रिका पुरस्कार' से सम्मानित किया गया. बैंक की ओर से श्री केवल हांडा, अध्यक्ष और अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के साथ श्री डी. चिरंजीवी, उप महाप्रबंधक (कार्मिक), डॉ. सुलभा कोरे, मुख्य प्रबंधक (राजभाषा) एवं संपादक, यूनियन सृजन तथा श्री रामजीत सिंह, मुख्य प्रबन्धक (राभा) ने डॉ. सत्यनारायण जटिया, माननीय सांसद एवं उपाध्यक्ष, संसदीय राजभाषा समिति के करकमलों से पुरस्कार ग्रहण किया.

## केंद्रीकृत समाचार




Shri Rajkiran Rai G, our Managing Director & CEO,flanked by Shri R.K.Verma & Shri A.K.Goel, our Executive Directors, at the Press Conference held in Mumbai on the occasion of announcement of the Q-1 Financial Results for the quarter ended June 30, 2018.



Our Bank partnered with A.TReDS LIMITED (invoicemart.com) as a TReDS (Trade Receivable Discounting System) partner for discounting invoice of MSMEs on digital platform. Mr. A.K. Goel, our ED, along with Mr Kalyan Basu, MD&CEO, A.TReDS LTD.(invoicemart.com), Mr V.V.Shenoy, our GM(LCV) & Mr P.S.Rajan, our GM(CP&MSME), at the formal agreement signing ceremony held on 18.07.2018 at the Bank's Corporate Office in Mumbai.



दिनांक 15.08.2018 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई के प्रांगण में ध्वजारोहण करते हुए, श्री राजकिरन रै जी, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ; श्री राजकमल वर्मा, कार्यपालक निदेशक; श्री अतुल कुमार गोयल, कार्यपालक निदेशक; श्री ब्रजेश्वर शर्मा, महाप्रबंधक (मासं); ब्रिगेडियर आशुतोष सीरौठिया (सेना मैडल), मुख्य सुरक्षा अधिकारी एवं अन्य गणमान्य. इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों तथा उनके बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया था. स्टाफ सदस्यों द्वारा देशभक्ति पर गीतों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने 15 अगस्त की सुबह का समां बांध दिया.




Our 'UNI-th-On- Walk Mile -Fitso Health' Mobile App went live on 01.08.2018.





ग्राम स्वराज अभियान-2 के दौरान वाराणसी जिले के ग्राम प्रधानों हेतु आयोजित बैठक में हमारे बैंक द्वारा लगाया गया स्टॉल तथा इस स्टॉल का अवलोकन करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य के मुख्य मंत्री माननीय योगी आदित्य नाथ.




स्वयं सहायता समूह, शिल्पकारों तथा कृषक उत्पादक संगठनों के उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नाबार्ड द्वारा एक राष्ट्रस्तरीय प्रदर्शनी-सह-बिक्री मेले का आयोजन दिनांक 27 सितंबर से 02 अक्टूबर 2018 तक 'भोपाल हाट' में किया गया, जिसका समापन दिनांक 02.10.2018 को मध्य प्रदेश की माननीय राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया. इस अवसर पर श्री राजेश कुमार, मुख्य महाप्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक; श्री योगेंद्र सिंह, महाप्रबंधक, यूनियन बैंक आफ इंडिया; श्री जे एस चौहान, प्रबंध निदेशक, भोपाल हाट, नाबार्ड के महाप्रबन्धक श्रीमती एम खेस, डॉक्टर दुष्यंत सिंह चौहान तथा शासन व अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे.



वाराणसी में आयोजित कृषि जागरूकता शिविर में यूनियन कृषि मंत्री श्री राधा मोहन सिंह के साथ चर्चा करते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक, श्री मिथिलेश कुमार.




दिनांक 25 जून से 19 जुलाई 2018 तक स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्र, भोपाल में नवनियुक्त परिवीक्षाधीन अधिकारियों हेतु प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. उद्घाटन एवं समापन सत्र को अंचल प्रमुख श्री योगेंद्र सिंह जी ने संबोधित किया.



स्वच्छता पखवाड़ा 2018 के दौरान दिनांक 15.09.2018 को क्षे.का., जबलपुर द्वारा चन्दन वन (पार्क) की सफाई एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र प्रमुख श्री अरुण कुमार एवं क्षेत्रीय कार्यालय तथा क्षेत्र की विभिन्न शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया.



दिनांक 17.08.2018 को जबलपुर क्षेत्र के नरसिंहपुर जिले में 'यूनियन समृद्धि' केंद्र एवं 'ई लॉबी' का शुभारंभ किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षे.म.प्र. श्री योगेंद्र सिंह (भोपाल) एवं क्षेत्र प्रमुख श्री अरुण कुमार ने उद्घाटन किया. इस अवसर पर शाखा के शाखा प्रबन्धक एवं स्टाफ सदस्यों ने उपस्थित रह कर. नरसिंहपुर जिले में ऋण शिविर भी लगाया.



दिनांक 17.08.2018 को जबलपुर क्षेत्र के नरसिंहपुर जिले में आयोजित ऋण शिविर के दौरान लाभार्थी को वाहन की चाभी सौंपते हुए श्री योगेंद्र सिंह, क्षेत्र महाप्रबंधक, भोपाल अंचल.



दिनांक 15.09.2018 को क्षे.का. इंदौर द्वारा ग्राहक सेवा समिति की बैठक, श्री रवींद्र कश्यप, महाप्रबंधक (पीबीओडी), केंद्रीय कार्यालय की उपस्थिति में आयोजित की गयी. इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख, श्री राजेश कुमार भी उपस्थित थे.



दिनांक 29.08.2018 को लुधियाना क्षेत्र की सरल, शाखा का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए श्री संजय शर्मा. साथ में हैं, क्षेत्र महा प्रबन्धक(दिल्ली), श्री एच. एस. संधु, क्षेत्र प्रमुख, श्री प्रकाश चंद्र पति, उप क्षेत्र प्रमुख, लुधियाना.



श्री प्रकाश चंद्र पति, उप क्षेत्र प्रमुख की अध्यक्षता में पंजाब मंडी बोर्ड, मोहाली द्वारा दिनांक 01.10.2018 को स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजना किया गया. इस अवसर पर श्रीमती सीमा रानी, पंजाब मंडी बोर्ड, मोहाली, शाखा प्रमुख और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.



On 6th & 7th Sept., 2018, the officials from R.O., Meerut and its branches carried out peaceful demonstations outside the houses/business establishments of those NPA borrowers who despite having sufficient means are not willing to repay the Bank's dues.



दिनांक 01.09.2018 से 15.09.2018 तक स्वच्छता पखवाड़े के संदर्भ में क्षे.का., लुधियाना द्वारा जीटीबीएच चैरिटेबल विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया. विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वेस्ट मटिरियल से घर संजाने के लिए उपयोगी वस्तु बनाने तथा चित्रांकन प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री एच. एस. संधु, क्षेत्र प्रमुख द्वारा की गयी.



क्षे.का., रायपुर में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान क्षेत्र प्रमुख श्री एम.पी. सिंह की अध्यक्षता में दिनांक 14.09.2018 को क्षेत्रीय कार्यालय के परिसर में साफ-सफाई की गई.



दिनांक 20.07.2018 को रीवा क्षेत्र में टाउन हॉल मीटिंग का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन श्री महेन्द्र श्रीवास्तव, क्षेत्र प्रमुख, रीवा द्वारा किया गया एवं मुख्य अतिथि, श्री योगेंद्र सिंह, क्षेत्र महाप्रबंधक, भोपाल ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की.








During his visit to Lucknow Shri Raj Kiran Rai G., MD & CEO visited FGMO & R.O. Lucknow on 07-08-2018. Grand Vriksha Bhandara was also organised during his visit, our MD & CEO participated in the Bhandara and distributed plants to customers and public. He also inaugurated First Mid-Corporate Branch at Lucknow and also addressed Town Hall Meeting at Lucknow.



Town Hall Meeting has been conducted at Varanasi on 4th July 2018. Meeting was presided by our Executive Director, Shri Raj Kamal Verma. The other dignitaries GM, Shri Jagmohan Singh and RH Varanasi, Shri A.K.S. Chauhan.



Shri Sanjay Sharma, FGM, New Delhi along with Shri A.K Singh, GM (BPT), C.O. inaugurated SARAL under Karnal Region on 03-07-2018 in presence of Shri Navneet Kumar, Regional Head, Karnal; Shri Akhileshwar Chaudhary, AGM (BPT) & customers of branches .

## समाचार - पूर्व







अपने पटना दौरे के दौरान दिनांक 09.07.2018 को आयोजित टाउन हॉल मिटिंग के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक तथा श्री अतुल कुमार क्षेत्र महाप्रबंधक, रांची. साथ में अन्य गणमान्य अतिथि. इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा सरल लाइट, पटना का फीता काटकर उद्घाटन भी किया गया तथा मेगा ऋण शिविर के अवसर पर लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र भी सौंपे गये.





दि. 20.08.2018 को क्षे.म.प्र.कार्यालय, क्षे.का.कोलकाता एवं क्षे.का.हावड़ा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित टाउन हॉल मीटिंग की दीप प्रज्वलित कर शुरुआत करते हुए, मुख्य अतिथि श्री अतुल कुमार गोयल, कार्यपालक निदेशक; साथ हैं, श्री ईशराक अली खान, अंचल प्रमुख; श्री गिरीश चन्द्र जोशी, उप अंचल प्रमुख; श्री राजीव मिश्रा, क्षे. प्र., कोलकाता एवं श्री कुन्दन लाल, क्षे.प्र., हावड़ा. इस अवसर पर श्री गोयल द्वारा अंचल के प्रथम यूनियन समृद्धि केंद्र, डाकुनी का उद्घाटन भी किया गया.



दि.06.08.2018 को क्षे.का. दुर्गापुर एवं जंगीपुर शाखा द्वारा शुरू की गई एमएसडीआई (मेनेजमेंट एंड स्किल डेवलपमेंट इन्स्टीट्यूशन) संस्था की सक्सेस स्टोरीज़ किताब का विमोचन करते हुए, श्री इशराक अली खान, क्षेत्र महाप्रबंधक, कोलकाता.



दि. 11.08.2018 को असनसोल शाखा के निरीक्षण के पश्चात् शाखा के स्टाफ सदस्यों के साथ श्री इशराक अली खान, क्षेत्र महाप्रबंधक. साथ में है, श्री विपन सिंह क्षेत्र प्रमुख, श्री अखिलेश कुमार सिन्हा, शाखा प्रबन्धक.





दि. 04/08/2018 को हमारी असनसोल शाखा और असनसोल म्युनिसिपल कार्पोरेशन के संयुक्त प्रयास से सीएसआर गतिविधियों के तहत असनसोल इलाके के 300 जरूरतमंदों को मच्छरदानी का वितरण करते हुए श्री विपन सिंह, क्षेत्र प्रमुख, क्षे.का., दुर्गापुर एवं श्री अखिलेश कुमार सिन्हा, शाखा प्रबन्धक, असनसोल शाखा. उसी दिन पीएमजेजेबीवाई योजना के तहत स्व. रीता देवी के नॉमिनी श्री जितेंद्र सिंह को क्षेत्र प्रमुख द्वारा रु. 200000/- का डीडी भी प्रदान किया गया.



दि. 29.07.2018 को रानीगंज मारवाड़ी रिलीफ़ सोसाइटी हेतु जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी वितरित करते श्री विपन सिंह, क्षेत्र प्रमुख, क्षे. का. दुर्गापुर.



दि. 18.07.2018 को बांकुड़ा शाखा में गोल्ड लोन का उद्घाटन करते हुए मयंक सिंह, मुख्य प्रबन्धक, क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्गापुर एवं शुभजीत पांजा, शाखा प्रबन्धक, बांकुड़ा शाखा.



क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी द्वारा चलाये गए स्वच्छता अभियान में क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ सदस्य एवं वरिष्ठ अधिकारी.

## समाचार - दक्षिण



अं.का.बेंगलुरु में दि.15 अगस्त, 2018 को स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर सशस्त्र प्रहरियों द्वारा सलामी के साथ तिरंगा फहराते श्री एस.एन. कौशिक, क्षेत्र महाप्रबंधक, बेंगलुरु. इस अवसर पर श्री आलोक कुमार, क्षेत्र प्रमुख, बेंगलुरु; श्री अजय कुमार, उप अंचल प्रमुख; श्री बी. सुहास, उप क्षेत्र प्रमुख; श्री संजय कुमार रथ, सहायक महाप्रबंधक के साथ विभिन्न शाखाओं से आए स्टाफ व उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.



Refurbishment of Asset Recovery Branch, Chennai and E-Lobby, Chennai Main Branch was inaugurated by Shri S.K. Mohapatra




दिनांक 16 सितंबर, 2018 को क्षेत्रीय कार्यालय, विजयवाड़ा में 'स्वच्छता दिवस' मनाया गया, जिसमें क्षेत्र प्रमुख, उप क्षेत्र प्रमुख, मुख्य प्रबंधक तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारियों ने सहभागिता दी.




अं.का., बेंगलुरु के अंतर्गत दिनांक 20.07.2018 को श्री एस.एन.कौशिक, क्षेत्र महाप्रबंधक, बेंगलुरु; श्री नितेश रंजन, महाप्रबंधक, केका, मुंबई, श्री कल्याण कुमार, प्राचार्य, स्टाफ महाविद्यालय, बेंगलूरु व अंचलीय समस्त क्षेत्र प्रमुखों की गरिमामयी उपस्थिति में होटल रेडिसन ब्लू के सम्मेलन कक्ष में आयोजित 'टाउन हाल मीटिंग' का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए श्री राजकिरण रै जी, निदेशक व सीईओ.



दिनांक 20.07.2018 को क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलुरु के अंतर्गत हिमालय ड्रग कंपनी के परिसर में 24X7 ई-लॉबी का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए हमारे बैंक के प्रबंध निदेशक व सीईओ श्री राजकिरण रै जी. साथ में (बाएँ से) श्री एस.एन.कौशिक, क्षेत्र महाप्रबंधक, बेंगलुरु, श्री फिलिप हैडन, सीईओ, हिमालय ड्रग कंपनी, श्री आलोक कुमार, क्षेत्र प्रमुख, बेंगलुरु व सुश्री जयश्री उलाल, सीएफ़ओ, हिमालय ड्रग कंपनी.



Our honourable MD & CEO Shri Rajkiran Rai G.visited Chennai region on 19th July 2018 and addressed all the unionites in a Town Hall Meeting.



During his visit to Chennai region on 19.07.2018, Our honourable MD & CEO Shri Rajkiran Rai G. inaugurated the new Staff Guest House at Chennai.



चेन्नई क्षेत्र की आवडी शाखा के ग्राहक बीएसएनएल के कर्मचारी श्री नारायणस्वामी की एक सड़क दुर्घटना में हुई. मृत्यु के उपरांत उनके नामिती को दावे की राशि ₹10.00 लाख का चेक प्रदान करते हुए, क्षे.म.प्र., श्री एस के महापात्रा तथा क्षे. प्र.श्री बी एस वेंकटेश. इस अवसर पर उप अंचल प्रमुख श्री बीजू एस, उ.क्षे.प्र., श्री अब्दुल रहमान, आवडी शाखा प्रमुख तथा रेलीगेर के क्षे. प्र., श्री शिव प्रकाश भी उपस्थित थे.



दिनांक 11.09.2018 को क्षेत्रीय कार्यालय, कोट्टयम के अंतर्गत कोट्टयम मुख्य शाखा एवं यूनियन लोन पॉइंट, कोट्टयम शाखा के पुनर्निर्मित परिसर का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए श्री एस.के. मोहपात्रा, क्षेत्र महाप्रबंधक, चेन्नई. साथ है, श्री वी. प्रदीप, क्षेत्र प्रमुख, नो.क्षे.का., कोट्टयम; श्री राजेश पिल्लई, उप क्षेत्र प्रमुख, क्षे.का., कोट्टयम; श्री टी.एस. श्यामसुंदर, मुख्य प्रबंधक, कोट्टयम (मुख्य) शाखा तथा श्री पी.पी. गोपालकृष्णन, शाखा प्रबंधक, यूनियन लोन पॉइंट, कोट्टयम एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण.



दिनांक 12.09.2018 को नो.क्षे.का., एर्णाकुलम की नई शाखा 'लूलू साइबर टावर' का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए श्री एस. के. मोहपात्रा, क्षे.म.प्र, चेन्नई. साथ में है विशेष अतिथि, श्री ए. जे. पाई, निदेशक, लूलू टेक पार्क प्राइवेट लिमिटेड, कोच्चि, श्री ए. कृष्णस्वामी, उ.म.प्र., नो.क्षे.का., एर्णाकुलम तथा श्री प्रवीण लाल, नयी शाखा के शाखा प्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण.



क्षे.का., विजयवाड़ा में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करते हुए डॉ. के. रवीन्द्रनाथ, उप महाप्रबंधक और अन्य स्टाफ सदस्य.



दिनांक 04/07/2018 को ब्रिगेडियर आशुतोष सिरौठिया (सेना मेडल), मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने करेंसी चेस्ट, लक्ष्मीपुरम शाखा, विजयवाड़ा का निरीक्षण किया. इस अवसर पर मुख्य सुरक्षा अधिकारी का पुष्प गुच्छ से स्वागत करते हुए डॉ. के. रवीद्रनाथ, क्षेत्र प्रमुख और श्री जी. जय जीवन, उप क्षेत्र प्रमुख.




नोडल क्षे.का., बेंगलुरु के अंतर्गत दिनांक 16 सितंबर. 2018 को क्राइस्ट डीम्ड विश्वविद्यालय, बेंगलुरु में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रायोजित 'द हिन्दू बिजनेस लाइन' 'सेलिब्रेशन कार्पोरेशन' क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं, श्री आनंद बाबू व श्री मैथ्यू कुरियन को पुरस्कार प्रदान करते हुए क्षेत्र प्रमुख श्री आलोक कुमार, उप महाप्रबंधक (बाएँ से प्रथम), साथ में (दायें) क्विज मास्टर श्री मिराज सी.वोरा.

## समाचार - पश्चिम




दिनांक 20.08.2018 को पुणे महाप्रबंधक श्री एच सी मित्तल का आगमन कोल्हापुर में शाखा प्रबन्धक बैठक हेतु हुआ. चित्र मे (बाएँ से) वरिष्ठ प्रबन्धक, श्री श्रीमंत जगताप; उप क्षेत्र प्रमुख श्री यू.डी. अग्नि; क्षेत्र प्रमुख, श्रीमती सुचित्रा नारकर; महाप्रबंधक, श्री एच.सी. मित्तल; पूर्व शाखा प्रबन्धक, क्रॉस रोड सोलापुर श्री बी.एस. प्याटी एवं सरल प्रमुख श्री सुरेश गंजम.



दिनांक 25.07.2018 को क्षेत्र महाप्रबंधक, अहमदाबाद, श्रीमती मोनिका कालिया द्वारा राणीप शाखा में यूनियन 24x7 कम्फर्ट लॉबी का उद्घाटन किया गया. साथ में हैं, क्षेत्र प्रमुख श्री दीपक कांबले.



दिनांक 02.07.2018 को क्षेत्रीय कार्यालय, बड़ौदा में स्टाफ प्रशिक्षण केंद्र, अहमदाबाद के सहयोग से सब–स्टाफ वर्ग के कर्मचारियों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस अवसर पर श्री राजीव झा, क्षेत्र प्रमुख, बड़ौदा; श्री राजन भावसार, मुख्य प्रबंधक (संकाय), स्टाफ प्रशिक्षण केंद्र, अहमदाबाद उपस्थित थें.



क्षेत्रीय कार्यालय, महेसाणा में दिनांक 1 से 15 सितंबर, 2018 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया. स्वच्छता अभियान के चलते बस अड्डा परिसर की सफाई की गई. इस मौके पर महेसाणा क्षेत्र के क्षेत्र प्रमुख श्री सुभाष शर्मा, उप क्षेत्र प्रमुख श्री पी. सी. जैन, एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे. इसी उपलक्ष्य में यूनियन बैंक द्वारा झाड़ू एवं कूड़ेदान भी भेंट किए गए.



दिनांक 06.09.2018 को क्षेत्रीय कार्यालय, कोल्हापुर में सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा स्वच्छता दिवस मनाया गया.



क्षेत्रीय कार्यालय नासिक के क्षेत्र प्रमुख द्वारा पर्यावरण दिवस के मौके पर नासिक क्षेत्र के देवगिरि परिसर में वृक्षारोपण किया गया.








अपने अहमदाबाद दौरे के दौरान  बैंक के 'यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन' के अंतर्गत अंधजन मंडल, अहमदाबाद में तकनीकी म्यूजियम का उद्घाटन करते हुये प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री राज किरण रै जी. इस दौरे में प्रबंधक निदेशक महोदय द्वारा अहमदाबाद में मिड कॉर्पोरेट शाखा का शुभारंभ भी किया गया तथा दिनांक 24.07.2018 को आयोजित टाउन हाल मीटिंग में स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया गया.



On 26th July 2018, Shri Raj Kamal Verma, our Executive Director, inaugurated the revamped SARAL, Mumbai (North). Dr. K.L. Raju, Field General Manager,Mumbai also graced the occasion.



शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 01.09.2018 को नासिक के आनंदवली स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. सभी विजेताओं को क्षेत्रीय कार्यालय, नासिक के क्षेत्र प्रमुख श्री विनायक टेंभुर्णे द्वारा पुरस्कृत किया गया एवं प्राचार्य तथा उप प्राचार्य महोदय को भी सम्मानित किया गया.



यूनियन बैंक स्पोर्ट्स एवं कल्चरल असोशिएशन, नागपुर द्वारा दिनांक 11 व 12 अगस्त 2018 को बैडमिंटन, चैस, कैरम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता का उद्घाटन नागपुर के क्षेत्र प्रमुख, श्री सुधाकर राव व यूनियन बैंक स्पोर्ट्स एवं कल्चरल असोशिएशन नागपुर क्षेत्र के अध्यक्ष, श्री जगन्नाथ मौदेकर द्वारा किया गया.



बैंक की नागपुर सिविल लाइन्स शाखा परिसर में स्वतंत्र भारत का 72 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, डॉ. देशपांडे, महाराष्ट्र राज्य शिक्षा बोर्ड, नागपुर के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया गया. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्र प्रमुख, श्री सुधाकर राव उपस्थित थे.



क्षेत्रीय कार्यालय, नासिक में केंद्रीय कार्यालय से मुख्य सुरक्षा अधिकारी ब्रिगेडीयर आशुतोष सिरोठीया, (सेना मेडल) दिनांक 03.10.2018 को पधारे.  नासिक क्षेत्र के मुद्रा प्रकोष्ठ के निरीक्षण हेतु उनका सम्मान एवं स्वागत करते हुए नासिक क्षेत्र प्रमुख, श्री विनायक टेंभुर्णे.



दिनांक 17 जुलाई 2018 को क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे द्वारा आयोजित टाउन हाल मीटिंग के दौरान श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया गया. इस अवसर पर श्री एच. सी. मित्तल, क्षेत्र महाप्रबंधक, पुणे; श्री अशोक कुमार दास, क्षेत्र प्रमुख, पुणे; श्री विनायक टेंभुर्णे, क्षेत्र प्रमुख, नासिक; सुश्री सुचित्रा नारकर, क्षेत्र प्रमुख, कोल्हापुर; श्री विकास कुमार, क्षेत्र प्रमुख, गोवा; श्री जी. के.सुधाकर राव, क्षेत्र प्रमुख, नागपुर सहित पुणे क्षेत्र के स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.






Town Hall Meeting organised by FGMO, Mumbai for the staff members of Regional Offices Mumbai (South) & Mumbai (West) along with Central Office was held on 13th July 2018 at Shanmukhananda Auditorium, Mumbai. Shri Kewal Handa, Chairman; Shri Rajkiran Rai G., Managing Director & CEO; Executive Directors Shri Vinod Kathuria, Shri Raj Kamal Verma & Shri Atul Kumar Goel graced the occasion.



दि.17 जुलाई 2018 को माननीय एमडी एवं सीईओ श्री राजकिरण रै जी. द्वारा हमारी आलंदी शाखा के नवीन परिसर एवं 24x7 ई लॉबी का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर अंचल प्रमुख श्री एच सी मित्तल एवं अंचलाधीन सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के क्षेत्र प्रमुख एवं पुणे के स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.



दि.16.07.2018 को क्षे.का., मुंबई (पश्चिम) में रिवैम्प्ड सरल का उद्घाटन, श्री राजकमल वर्मा, कार्यपालक निदेशक के कर कमलों द्वारा किया गया. इस अवसर पर डॉ. के. एल. राजू, क्षेत्र महाप्रबंधक; श्री अमरेन्द्र कुमार झा, क्षेत्र प्रमुख, मुंबई (पश्चिम) तथा श्री पी. के. सोनी, क्षेत्र प्रमुख, मुंबई (दक्षिण) उपस्थित थे.



स्वतंत्रता दिवस समारोह में श्रीमती मोनिका कालिया, क्षेत्र महाप्रबंधक, अहमदाबाद ध्वजारोहण करती हुई.



दि.17.07.2018 को क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे की आलंदी शाखा लॉबी द्वारा आयोजित ऋण शिविर में कुल 44.79 करोड़ के एलसीवी, मुद्रा, एम.एस.एम.ई. एवं खुदरा ऋणं का संवितरण किया गया. इस अवसर पर श्री राजकिरण रै जी, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ एक लाभार्थी को ऑटो रिक्शा की चाभी सौंपते हुये; साथ में हैं, अंचल प्रमुख, श्री एच. सी. मित्तल, उप अंचल प्रमुख श्री अजय श्रीवास्तव, क्षेत्र प्रमुख पुणे श्री अशोक कुमार दाश, अंचलाधीन सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के क्षेत्र प्रमुख, शाखा प्रबन्धक आलंदी-श्री श्रीकांत बांबले एवं पुणे शहर के स्टाफ सदस्य.



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिनांक 15 अगस्त 2018 को क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय, पुणे एवं क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे द्वारा आयोजित ध्वजारोहण समारोह के उपरांत सुरक्षा रक्षकों के साथ श्री एच. सी. मित्तल, अंचल प्रमुख, पुणे.



दि.15.09.2018 को क्षे.का., पुणे द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अवसर पर मूक-बधिर बच्चों के 'अयोध्या चेरीटेबल स्कूल' में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गयी. इस अवसर पर श्री एच.सी. मित्तल, क्षे.म.प्र., पुणे; श्री अशोक कुमार दाश, क्षे.प्र., पुणे सहित क्षे.म.प्र.कार्यालय व क्षे.का.के स्टाफ सदस्यों ने श्रमदान किया.

**Retired but not tired**

# BLACK FOREST AND THE BLUE SKY BEYOND...

What is so special about a Black forest? All the forests are more or less.similar. But some are extremely dark, devoid of sunrays like one found in Germany.- dreadful, gloomy. However, the forest which I am referring has a unique connotation . Its not a jungle tucked away behind a mountain range or at a remote location or in any other continent . It is very close to us rather existent within us, in everyone's life. Life is a long journey very similar to a long tunnel When we are in despair engulfed by gloom, the tunnel appears to be frighteningly dark and grim.. Not even a flicker of light would be visible at the end of tunnel. No window of hope, no open sky..

The situation turns grim precisely like groping in dark, desparately looking for an opening to escape from the black forest. The gloom renders one clueless. In such cases there are only two options. To suffer and perish resigning to fate. Leave every thing unto God or destiny. This is what fatalists would do, waiting for things to happen without taking any concrete measures themselves.

The other option is to volunter with SELF BELIEF. Even if jolted down by circumstances, such people do not lose hope. Momentary gloom will surely engulf them. They lie low for some time, bide their time and continue to take corrective steps with a strong determination to bounce back. Some steps may fail again and again. But without getting frustrated they keep trying till they are out of the woods. Such people reach out to the sky, come out winners and set examples for others. They are the role models and this quality makes them LEGENDS..

I am reminded of the life and work a great Indian Vedic scholar who despite adversities went on to attain the status of a modern day Sage worldwide. At the age of 69 (in 1965) this spiritual scholar ventured to undertake a long and arduous journey with only a coveted vision. He set sail for New York from Calcutta in a steamship "Jaladoot" with a frail health and without any support or definite plan of action, He was not sure how to begin and where to begin. Only had a distant goal. At the behest of his departed Guru to spread the message of our ancient religious, spiritual faith in Western hemisphere, in English, he moved ahead. During the long voyage he suffered heart attack too. By sheer luck one doctor was his co passenger who saved his life with prolonged treatment.

After reaching U.S.A. he had no shelter. As the legend goes, he was lying in open in a hostile weather. Some kind soul took pity and gave him shelter. He started using one shop premises wherein he was allowed to stay at night only after shop's closure for the day. In this premises at night he began his discourses with a motely gathering of curious onlookers. He spoke of Indian philosophy- the Bhakti Cult, the essence of preachings of Krishna to Arjuna and its relevance to the universe. He was not even a great orator but had sincerity and conviction in what he was doing. Gradually, the word of mouth spread and he started attracting many eminent personalities who flocked around to listen to his discourses. In a short span of time, he built a strong disciple base spread over many countries and ultimately accomplished the



unthinkable. Friends, he was none other than Shri Abhay Charan De, from Calcutta widely reverred as A.C. (Abhay Charanavinda) Srila Prabhupad Bhaktivedant Swami, the Founder of worldwide movement of Krishna Consciousness through ISKCON. Within a short span of 12 years the vedic scholar, writer, translator had already established the movement throughout the world with more than 112 temples with his sheer dedication & leadership.

One need not be a believer (in his teachings), or a devotee of ISKCON also. But can any one deny his sheer commitment, achievements, contributions to society. True, every one cannot become like him but in our limited sphere we can practice at least what is relevant to us. Can he or any other great legends be a role model, inspiration for us, so far as self belief and conviction are concerned !!! History is replete with innumerable instances of other exemplary leaders too who through sheer strong will and self belief attained greatness.

It is true, there are no dearth of problems i.e. Black Forests in our lives, but believe me, there are limitless windows of opportunity as well. One must introspect seriously which path I need to take. What contribution I am making to me, my family & the society at large !!!.

Lest's join the movement of crusaders in removing Black Forests from our lives and inspire others to attain their BLUE SKIES..

Be Happy ! 0 Spread Happiness !!!

◆◆◆



**Mihir Patnaik**
Ex-Dy.G.M.(P)



# भारत संघ में विलय होनेवाली अंतिम रियासत थी भोपाल

15 अगस्त 1947 को जब पूरा देश आजादी का जश्न मना रहा था, उस समय भारत की चार रियासतें कश्मीर, हैदराबाद, जूनागढ़ और भोपाल इससे दूर थे. इनमें से कश्मीर, हैदराबाद और जूनागढ़ के भारत संघ में विलय की तो बहुत चर्चा होती है, लेकिन भोपाल विलीनीकरण आंदोलन को लगभग भूला ही दिया गया है. दि. 1 जून 1949 को भारत संघ में विलय होने वाली अंतिम रियासत थी, भोपाल.

स्वतंत्रता के समय, देश भर में बिखरीं 548 रियासतों में से ज्यादातर रियासतें, सरदार पटेल के प्रयासों से भारत का हिस्सा बन चुकी थीं. लेकिन भोपाल, हैदराबाद और त्रावणकोर के कुछ अतिरिक्त हिस्से को मिला कर भारत का मध्य-पश्चिम भाग आजाद भारत का अंग बनने के बजाय अलग रहने की कोशिश कर रहा था. भोपाल के नवाब हमीदुल्ला खां ने जब भारत में विलय से इनकार कर दिया तो भोपाल की जनता ने 'विलीनीकरण आंदोलन' शुरू किया. इस आंदोलन में भाई उद्धवदास मेहता, भाई रतन कुमार, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकरदयाल शर्मा, खान शाकीर अली खान, मास्टर भैरोप्रसाद सक्सेना, मोहिनी देवी, मास्टर लाल सिंह, शांति देवी, बालकृष्ण गुप्ता और प्रोफेसर अक्षय कुमार जैन सहित अनेक देशभक्त सेनानियों ने भाग लिया.

जलियांवाला बाग हत्याकांड की तरह भोपाल रियासत के बोरास में भी हत्याकांड हुआ था. देश की आजादी के पांच महीने बाद 14 जनवरी 1949 को उदयपुरा के समीप नर्मदा तट के गांव बोरास में मेला लगा हुआ था. बोरास के नवयुवकों ने मेले में तिरंगा फहराने का निर्णय लिया. छह युवक तिरंगा फहराने के लिए आए. पुलिस ने उन्हें मना किया लेकिन वे नहीं माने. इसकी जानकारी भोपाल पुलिस के डीआई और प्रधानमंत्री को दी गई. भाई रतनकुमार ने अपने अखबार 'नई राह' में यह पूरी घटना प्रकाशित की थी. 'नई राह' के मुताबिक 16 वर्षीय धन सिंह जब 'वंदेमातरम' गाते हुए तिरंगा फहराने जा रहा था, तो तत्कालीन थानेदार जाफर ने उसे गीत गाने से मना किया. धन सिंह नहीं माने और तिरंगा फहराने के लिए आगे बढ़े, तो उन्हें गोली मार दी गयी. धन सिंह के जमीन पर गिरने से पहले मंगल सिंह नामक किसान ने तिरंगा थाम लिया. मंगल सिंह को गोली मारी गई तब विशाल ने झंडा थाम लिया. विशाल को भी गोली मार दी गई. तिरंगा झंडा तीनों लोगों के खून से लथपथ हो चुका था. विशाल जमीन पर गिरता, इससे पहले उसने डंडे में से झंडा निकालकर अपनी जेब में रख लिया. इसके अलावा तीन और लोगों को भी गोली मार दी गई.

विलीनीकरण के इस आंदोलन में जो भी लोग शामिल हुए उनकी गिरफ्तारी शुरू हो गई. नवाब ने आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज कर उन्हें झूठे केस में फंसाना शुरू कर दिया. 'नई राह' अखबार के दफ्तर पर ताला लगा दिया गया तो प्रो. अक्षय कुमार जैन ने होशंगाबाद से पत्रिका छापना शुरू कर दिया. 40 दिन तक भोपाल के बाजार बंद रहे. आखिरकार भोपाल के नवाब को सुलह करनी पड़ी.

विलीनीकरण आंदोलनकारियों के संघर्ष और सरदार पटेल के प्रयास से भोपाल के नवाब को रियासत के भारत गणराज्य में विलयन के लिए मजबूर होना पड़ा. 30 अप्रैल 1949 को भोपाल विलयन के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर हुए और 1 जून को भोपाल रियासत नवाब की गुलामी से आजाद होकर भारत में शामिल हुई. एक जून को बेनजीर ग्राउंड पर पहली बार तिरंगा फहराया गया. पिछले साल यानी 2017 में पहली बार नगर निगम ने 1 जून को भोपाल विलीनीकरण का जश्न मनाया. ◆◆◆

**संतोष श्रीवास्तव**
सेवानिवृत्त स्टाफ
भोपाल



## प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा कार्यपालक निदेशक क्लब कार्य निष्पादन सम्मान योजना 2017-18

वित्त वर्ष 2017-18 के लिए श्रेष्ठ अंचल/क्षेत्र/शाखाएं/सरल (S-R-L)/यूएलपी के कार्य निष्पादन को पुरस्कृत करने हेतु एमडी एवं सीईओ तथा ईडी क्लब कार्य निष्पादन सम्मान योजना आईसी क्र. 876-2017 दिनांक 20 जून, 2017 के माध्यम से परिचालित की गयी थी.

एमडी एवं सीईओ तथा ईडी क्लब कार्य निष्पादन सम्मान योजना के विजेताओं जिनकी घोषणा आईसी क्र. 4369-2018 दिनांक 30 जून, 2018 के माध्यम से की गयी थी, को सम्मानित करने के लिए कॉर्पोरेट पुरस्कार समारोह चेन्नई मे दिनांक जुलाई 27, 2018 से जुलाई 29, 2018 तक आयोजित किया गया.

इस समारोह मे 48 शाखाओं, 6 यूएलपी तथा सरल के 3 शाखा प्रबन्धकों ने भाग ली, जिन्हें प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा कार्यपालक निदेशकों द्वारा सम्मानित किया गया.

## Winners of Managing Director & CEO Club

Jitendra Singh Kain (Ranip), Ashutosh Anand (Bhavnagar Municipal Corporation), Sunil Kumar Jaiswal (Morvi), N G Shubhavathi (Chandapura), Pallam Ravi Kumar (Kothapet), Kamal Narayan Rai (Dilsukhnagar Hyderabad), Akash Singh (Beohari), Manish Kumar Mishra (Chhindwara), Someshwar Thakur (Sagar), A Vishnu (Chakkaraparambu), T Jayakrishnan (Tripunithura), V. Jayalakshmi (M V C Vepery), Vikrant Thakur (Bhogpur), Akhilesh Kumar Sinha (Asansol), Suresh Kumar Angural (Camac Street Kolkata), Priyanka Priya (Vasundhara), Jagdish Chandra Padhalni (DAV Haldwani), Tankeshwar Khan (Chandganj, Lucknow), Rashmi Shailesh Gokhale (Agarkar Road Dombivli East), Pradip Purshottam Mhatre (Garodia Nagar Ghatkopar (E)), Kabir Bhattacharya (Vashi Turbhe, Mumbai), Amit Ranjan A. Sahay (Rohini Sec 8), Vijender Singh (Siwani), Vikash Kumar (Bawal), Priyam Majumdar (Hinjewadi), Shiv Nath Tripathy (Jaripatka Nagpur), Rama Chandra Sethi (New Osmanpura Colony), Prasant Kumar Mallik (Adityapur), Manjoor Husain Ansari (Singhiaghat), Pankaj Kumar Singh (Mohaddipur), Rituraj Kumar Srivastva (LIC Colony, Allahabad), Rajesh Vasant Bapat (SARAL Indore), M R Rajeev (ULP Ernakulam), Narasimha Reddy Kukkala (ULP Hyderabad – Madhapur), Arun Panwar (ULP Dehradun).









## Winners of Executive Directors' Club

Ganesh Kumar Verma (Tamkuhiraj), Devashish Sarkar (Badhhopur), Ayappa Reddy Sujata Rao-Gwarighat Road (Gorakhpur), Abhishek Gupta (Karmeta, Jabalpur), Dilip Yashwant Barapatre (Kamptee), Gugulothu Srinivas (Kochadai), Bommakanti Peri Sastry (Himayat Nagar), Elizabeth P L (Palarivattom), Sibiraj K.P. (Ooramana), Aswathy K G (Sulthan Bathery), Kamlesh Bargali (Dewas), Sasank Sekhar Mishra (Samata Colony, Raipur), Virangana S. Raj (State Bar Council Highcourt, Jabalpur), Rajesh Anant Trivedi (Vishnupuri, Indore), Vijay Murlidhar Dongarwar (Textile Market, Surat), Bhubaneswar Mohapatra (Nayapalli, Bhubaneshwar), Randhir Kumar (SSI Varanasi), Sudhir Bhaurao Patil (SARAL, Raipur), Ravi Shanker (SARAL, Baroda), Chandrashekhar Shivram Lokhande (ULP Belagavi), Hari Singh (ULP Chandigarh), Rajendra Bhagat (ULP Jabalpur).











## केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में हिन्दी उत्सव 2018

'हिन्दी भाषा' आज हमारे देश में वैचारिक या भावात्मक आदान-प्रदान का माध्यम मात्र नहीं रह गई है, परंतु हर भारतीय के हृदय में राष्ट्रीय एकता का दीप जलाने वाली भाषा हिन्दी, आज जन-मन की वाणी का शृंगार बन गई है. हमारे मन में कहीं-न-कहीं हिन्दी की छवि राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक रूप में विद्यमान है.' हमारे प्रबंध निदेशक एवं सीईओ महोदय ने अपने हिन्दी दिवस संदेश में सभी यूनियनाइट्स को उक्त विचार के माध्यम से राजभाषा हिन्दी के प्रति प्रेरणा प्रदान की.

केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में आयोजित हिन्दी माह के दौरान यूनिकोड से हिन्दी टायपिंग, आर.जे., फिल्मी अंताक्षरी, मुहावरा बनाओ, क्विज़, गायन एवं बैंकिंग/हिन्दी/सामान्य ज्ञान पर वेतनमान IV तक के स्टाफ हेतु तथा वेतनमान IV व उसके ऊपर के कार्यपालकों हेतु ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इन प्रतियोगिताओं में हजारों की संख्या में स्टाफ सदस्यों ने अपनी प्रतिभागिता देकर हिन्दी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी.

दिनांक 24 सितंबर, 2018 को रवीद्र नाट्य मंदिर, प्रभादेवी, मुंबई के ऑडिटोरियम में पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. उक्त कार्यक्रम के उदघाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में 'यूनिवन फाउंडेशन' की चेयरपर्सन श्रीमती सत्यवती रै तथा विशेष अतिथि के रूप में 'यूनिवन फाउंडेशन' की सदस्य श्रीमती मीरा वर्मा एवं श्रीमती पूनम गोयल ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को गरिमामय बनाया.

उद्घाटन अवसर पर श्री ब्रजेश्वर शर्मा, महाप्रबंधक (मा.सं.) ने अपने उद्बोधन में बताया कि हिन्दी भाषा हमारे लिए अपने विचारों, भावनाओं, आत्मा को एक दूसरे से साझा करने का माध्यम है. हम एक दूसरे के दुख में ढांढ़स बंधाते हैं, हम खुशी में खुलकर खिलखिलाते हैं, हम निराशा में प्रेरणा सजाते हैं और देश ही नहीं विदेश में भी, कोई पूछे हमारी अपनी भाषा-तो गर्व से हिन्दी बताते हैं. उन्होने बताया कि वर्ष 2017-18 में राजभाषा के कार्यान्वयन हेतु भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के 33 पुरस्कारों में से 10 पुरस्कार अकेले यूनियन बैंक को प्राप्त हुए हैं तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों से 29 कार्यालयों को पुरस्कार प्राप्त हुए हैं. यह यूनियन बैंक के लिए एक अच्छी उपलब्धि है.

उद्घाटन सत्र में बैंक के राजभाषा प्रमुख/सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) श्री राजेश कुमार ने सभी अतिथियों तथा उपस्थित स्टाफ सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों का हिन्दी उत्सव 2018 में हार्दिक स्वागत किया. सभी स्टाफ सदस्यों से आह्वान किया कि वे अपने शाखा/कार्यालय में दैनिक कामकाज में हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करें.

उद्घाटन अवसर पर मंचासीन अतिथियों के कर कमलों से राजभाषा कार्यान्वयन प्रभाग द्वारा सीसो कार्यालय के सहयोग से प्रकाशित 'सायबर सुरक्षा' विषय पर कार्टून बुक का विमोचन किया गया. साथ ही विभागीय अनेक संदर्भ सामग्रियों का विमोचन किया गया. इस अवसर पर हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेता स्टाफ सदस्यों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा विभागीय राजभाषा शील्ड योजना के अंतर्गत विजेता विभाग प्रमुखों को शील्ड प्रदान की गईं.

इस विशेष कार्यक्रम तथा उत्सव का मुख्य आकर्षण श्री अशोक हांडे की टीम द्वारा प्रस्तुत 'आवाज की दुनिया' कार्यक्रम था. कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुलभा कोरे, मुख्य प्रबन्धक (राभा)/ संपादक, यूनियन धारा एवं श्री रामजीत सिंह, मुख्य प्रबन्धक (राजभाषा) द्वारा किया गया.




# OTS Negotiator

## A tool available in BINet for recovery of NPA

Under the current scenario of increased levels of Non-Performing Assets(NPA), Bank's profitability has got affected. Quick recovery of NPAs is only effective alternative available to regain the Banks position. It will help the Bank in recycling of the funds as well as release of the provisions to improve the bottom line of profitability.

To deal with NPA accounts upto Rs.1.00 Crores, we have various structured schemes such as Flagship scheme- SSS 2018 revised/ modified every year, recently introduced NSS 2018 and LVSSS 2018 for small accounts. All these schemes provide exemplary power to Branch heads, irrespective of scale, to deal with loans outstanding upto Rs.1.00 Crore. While various structured schemes are in place, 'Compromise Settlement' is the only alternate non-legal measure available to tackle loans which won't fit into the Special Settlement Schemes. Therefore, it is the need of the hour; Branches to make use of OTS to reduce the NPA burden.

To support Bank recovery; It is an initiative taken by staff college, Bengaluru to help the field, to assist the field, particularly 'Branch Head' or officers in the Branch,to quicken flawless calculation of compromise settlement amount and recommend it with proper justification for approval.

By giving certain inputs manually, the negotiator gives the amount of dues as per Module, and the amount as per NPV (wherever applicable) and can give a comparative picture in different scenarios of settlement. Thus the OTS negotiator gives a complete picture of the proposal, highlighting the ultimate benefit for the bank with different amounts of settlement which will convince the field functionaries in scouting good number of proposals with better offer.

**BENEFIT OF OTS NEGOTIATOR:**

• Handy at the field : It is particularly meant for use of Branch Head/ officer at the Branch, Where it can be used while negotiating proposal over the counter itself.

• Improves TAT : Since entire calculation part is taken care, Negotiator has only to spend time on justification in accepting the proposal and ultimate gain to the bank. Chances of rejection/ return of proposal due to calculation error is minimised, thus 'Turn Around Time (TAT)' may be improved.

• Facilitates in weigh offer : The negotiator can view the offer in various dimension i.e. Tangible benefit to the Bank, offer from the borrower vis-à-vis security available, Asset Marketability in securitization/recovery, Total relief to the borrower etc.

**FEATURES OF OTS NEGOTIATOR :**

• Customises per Recovery Policy: It is a simple excel sheet customised as per Recovery Management Policy. It is tamper proof and can't be altered.

• All modalities of OTS incorporated : Guidelines of the policy and method of arriving different values or parameters with formulae are incorporated. Hence user has fair idea on the working of the OTS calculations.

• Easy for use of officers, negotiating even first time:As just explained, the first-time negotiators can make use,directions how to use have been incorporated in sheet itself.

• More scope to canvas good number of OTS proposals: Since usage is simple and help the field in quick decision making, there is wider scope for canvasing good number of proposals.

**BASIC INPUTS FOR NEGOTIATOR :**

• Ledger outstanding as on date of NPA, Dummy Interest and other expenses




• Date of NPA

• Latest value of available securities

• Period of realization for NPV calculation

• The recoveries affected in the account after account becomes NPA (date wise to be entered)

• Prevailing 1 year MCLR interest rate

• Means of Borrowers and Guarantors

**RESULTS / OUTPUT :**

• Sacrifice involved : Amount less by the crystallised dues; tell about how much bank is sacrificing on accepting the OTS proposal. This amount is the deciding factor for delegated authority.

• Delegated Authority : The delegated authority prompted in the sheet based on offer amount from the borrower.

• Deviations if any and appropriate D.A. : If there are any deviations with respect to NPV of the securities or Modular dues, system prompt and shows appropriate delegated authority for given deviation. Hence negotiator has fair idea on sanctioning authority of the proposal.


• 'Total Relief' to the borrower:This is reference to borrower. Scope to convince borrower quoting how much benefit get from the offer.

• Provision held in the account : Provision held in the account, it is notional figure arrived based on security available and age of the NPA. This will decide the ultimate benefit to bank after reducing any write-off.

Even we can weigh the offer to the extent of additional provision saved in continuing account in books which may attract higher provision with further downgrading of asset/ ageing of NPA.

• 'Tangible Business Benefit' to the Bank :It gives ultimate benefit to the Bank in settlement of the account. This is the main fulcrum of the any proposal to accept settlement.

Please refer circular letter no: CO : CRD:1505:2018 dated 31/08/2018 to know the utility of the OTS Negotiator.




Screen shot of the UBINetshowing location of 'OTS Negotiator' on webpage

u u u

**N Moh. Ali**
Staff College,
Bengaluru





# सोलर पावर प्लांट गूढ़, रीवा

रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क रीवा जिले के गूढ़ तहसील में 1590 एकड़ में फैला एवं 750 मेगावाट क्षमता का एक सोलर पार्क है. यह सोलर पार्क रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड (आरयूएमएसएल) जो कि इसकी कार्यवाहक संस्था है एवं मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (एमपीयूवीएनएल) और सोलर एनर्जी कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) का संयुक्त उद्यम है. फरवरी 2017 में इस सोलर ऊर्जा के लिए लगाई गई बोली में उस समय की सबसे न्यूनतम टैरिफ ₹2.974/यूनिट की बोली प्राप्त हुई थी. इसकी कुछ मुख्य विशेषताएँ इस प्रकार हैं :

❐ क्लीन टेक्नोलॉजी फंड (सीटीएफ़) से वित्तपोषण प्राप्त करने वाली प्रथम परियोजना है.

❐ किसी भी राज्य द्वारा जारी की गई सबसे बड़ी निविदा (टेंडर) जो कि किसी केंद्रीय उपक्रम के बिना सहयोग से बन रही हो.

❐ किसी भी प्रकार का अनुदान शामिल नहीं है.

❐ वर्ल्ड बैंक द्वारा इस सोलर प्लांट से उत्पादित ऊर्जा के वितरण हेतु 33/220 केवी के पूलिंग सब स्टेशन के निर्माण का वित्तपोषण किया जा रहा है, इस प्रकार यह वर्ल्ड बैंक द्वारा वित्तपोषित भारत का प्रथम सोलर पार्क है.

❐ निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत यह सोलर पार्क विश्व एवं भारत के सबसे बड़े सोलर पार्कों में से एक होगा.

❐ इससे उत्पन्न ऊर्जा का प्रयोग करने वालों में दिल्ली मेट्रो भी शामिल है.

इस पार्क के लिए जिस जगह (1590 एकड़) का प्रयोग किया जा रहा है वह बिल्कुल ही बंजर और पहाड़ी है और ऊँचाई से देखने पर सोलर पैनल ऐसे दिखते हैं जैसे यह पानी का समुद्र हो.

◆◆◆

# सिंगरौली



सिंगरौली, मध्यप्रदेश प्रदेश का वह जिला, जिसे ऊर्जा नगरी के रूप में भी जाना जाता है, रीवा कमिश्नरी के अंतर्गत 2008 में इसे सीधी से अलग करके जिला बनाया गया था. इस जिले का नाम शृंगी ऋषि के नाम से शृंगावली हुआ करता था जो कि बाद में सिंगरौली हुआ, इसका मुख्यालय वैढ़न है. यह जिला पूर्व में इतने घने वनों से ढँका हुआ था कि इसमें आवागमन भी मुश्किल माना जाता था, जिसके कारण रीवा साम्राज्य द्वारा इसे अपराधियों एवं भ्रष्ट अधिकारियों हेतु खुले जेल के रूप में प्रयोग किया जाता था. इस जिले के अंतर्गत रिहन्द नदी पर एक विशाल बांध का निर्माण किया गया, जिसका उद्घाटन प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू जी ने 1962 में किया था, इस जिले में लगभग 2200 वर्ग किलोमीटर में कोयले के खदानों की मौजूदगी का पता एक बनावटी झील के नजदीक लगा, जिससे बिजली का उत्पादन किया जा सकता था. इसके उपरांत इस जिले का स्वरूप ही बदल गया.

कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दन कोलफील्ड इस क्षेत्र में कोयला उत्खनन से जुड़ी प्रमुख कंपनी है. एनसीएल के उत्पादित कोयले से 11000 मेगावाट बिजली का उत्पादन सिर्फ एनटीपीसी द्वारा एवं अन्य अवस्थित पावर प्लांट के माध्यम से कुल 22000 मेगावाट बिजली का उत्पादन या तो किया जा रहा है या इतनी क्षमता के पावर प्लांट का निर्माण किया जा रहा है, इस कारण से इसे ऊर्जा की राजधानी भी कहा जाता है. इसके अंतर्गत निम्न पावर प्लांट कार्यरत हैं:

❐ सिंगरौली सुपर थर्मल पावर स्टेशन-एनटीपीसी-2000 मेगावाट

❐ विंध्याचल थर्मल पावर स्टेशन-एनटीपीसी -4260 मेगावाट

❐ रिहन्द थर्मल पावर स्टेशन-एनटीपीसी-3000 मेगावाट

❐ सासन अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट-रिलायंस पावर-960 मेगावाट

❐ चितरंगी पावर प्रोजेक्ट-रिलायंस पावर-3960 मेगावाट

❐ महान सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट-हिंडाल्को -1200 मेगावाट

❐ महान कैपटिव थर्मल पावर प्लांट-एस्सार ग्रुप-900 मेगावाट

❐ जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट-जेपी -1320 मेगावाट

❐ डीबी पावर एमपी लिमिटेड-दैनिक भास्कर-1320 मेगावाट

इस ऊर्जा नगरी का एक स्याह पक्ष यह भी है कि यह जिला भारत के पिछड़े जिलों में एवं प्रदूषण के मामले में अग्रणी है. यहाँ के पावर प्लांटों से निकलने वाले धुएँ एवं राख़ से लोगों का जीना मुहाल हो गया है एवं गंभीर बीमारियों ने इन्हें जकड़ लिया है, जिसकी कवरेज नेशनल जिओग्राफिक एवं इंडिया टूडे आदि द्वारा भी की गयी है.

◆◆◆



**अखिलेश सिंह**
क्षे. का. रीवा






# ग्वालियर का किला

मध्यप्रदेश के ग्वालियर में मौजूद 'ग्वालियर किले' का निर्माण 8वीं शताब्दी में किया गया था. तीन वर्ग किलोमीटर के दायरे में फैले इस किले की ऊंचाई 35 फीट है. यह किला मध्यकालीन स्थापत्य के अद्भुत नमूनों में से एक है. यह ग्वालियर शहर का प्रमुख स्मारक है, जो गोपांचल नामक छोटी पहाड़ी पर स्थित है. लाल बलुए पत्थर से निर्मित यह किला देश के सबसे बड़े किले में से एक है और इसका भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान है.

**ग्वालियर किले का इतिहास**

इतिहासकारों के दर्ज आंकड़े में इस किले का निर्माण सन 727 ईस्वी में सूर्यसेन नामक एक स्थानीय सरदार ने किया, जो इस किले से 12 किलोमीटर दूर सिंहोनिया गांव का रहने वाला था. इस किले पर कई राजपूत राजाओं ने राज किया है. किले की स्थापना के बाद करीब 989 सालों तक इस पर पाल वंश ने राज किया. इसके बाद इस पर प्रतिहार वंश ने राज किया. 1023 ईस्वी में मोहम्मद गजनी ने इस किले पर आक्रमण किया लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा. 1196 ईस्वी में लंबे घेराबंदी के बाद कुतुबुद्दीन ऐबक ने इस किले को अपने अधीन किया, लेकिन 1211 ईस्वी में उसे हार का सामना करना पड़ा. फिर 1231 ईस्वी में गुलाम वंश के संस्थापक इल्तुतमिश ने इसे अपने अधीन किया.

इसके बाद महाराजा देववरम ने ग्वालियर पर तोमर राज्य की स्थापना की. इस वंश के सबसे प्रसिद्ध राजा थे मानसिंह (1486-1516) जिन्होंने अपनी पत्नी मृगनयनी के लिए गुजारी महल बनवाया. 1398 से 1505 ईस्वी तक इस किले पर तोमर वंश का राज रहा.

मानसिंह ने इस दौरान इब्राहिम लोदी की अधीनता स्वीकार ली थी. लोदी की मौत के बाद जब मानसिंह के बेटे विक्रमादित्य को हुमायू ने दिल्ली दरबार में बुलाया तो उन्होंने आने से इंकार कर दिया. इसके बाद बाबर ने ग्वालियर पर हमला कर इसे अपने कब्जे में लिया और इस पर राज किया. लेकिन शेरशाह सूरी ने बाबर के बेटे हुमायूं को हराकर इस किले को सूरी वंश के अधीन किया. शेरशाह की मौत के बाद 1540 में उनके बेटे इस्लाम शाह ने कुछ समय के लिए अपनी राजधानी दिल्ली से बदलकर ग्वालियर कर दिया. इस्लाम शाह की मौत के बाद उनके उत्तराधिकारी आदिल शाह सूरी ने ग्वालियर की रक्षा का जिम्मा हेम चंद्र विक्रमादित्य (हेमू) को सौंप खुद चुनार चले गए. हेमू ने इसके बाद कई विद्रोहों का दमन करते हुए कुल 1553-56 के बीच 22 लड़ाईयां जीतीं. 1556 में हेमू ने ही पानीपत की दूसरी लड़ाई में आगरा और दिल्ली में अकबर को हराकर हिंदू राज की स्थापना की. इसके बाद हेमू ने अपनी राजधानी बदलकर वापस दिल्ली कर दी और पुराने किले से राज करने लगा.

इसके बाद अकबर ने ग्वालियर के किले पर आक्रमण कर इसे अपने कब्जे में ले लिया और इसे कारागर में तब्दील कर दिया गया. मुगल वंश के बाद इस पर राणा और जाटों का राज रहा फिर इस पर मराठों ने अपनी पताका फहराई.

1736 में जाट राजा महाराजा भीम सिंह राणा ने इस पर अपना आधिपत्य जमाया और 1756 तक इसे अपने अधीन रखा. 1779 में सिंधिया कुल के मराठा छत्रप ने इसे जीता और किले में सेना तैनात कर दी. लेकिन इसे ईस्ट इंडिया कंपनी ने छीन लिया. फिर 1780 में इसका नियंत्रण गौंड राणा छत्तर सिंह के पास गया जिन्होंने मराठों से इसे छीना. इसके बाद 1784 में महादजी सिंधिया ने इसे वापस हासिल किया. 1804 और 1844 के बीच इस किले पर अंग्रेजों और सिंधिया के बीच नियंत्रण बदलता रहा. हालांकि जनवरी 1844 में महाराजपुर की लड़ाई के बाद यह किला अंततः सिंधिया के कब्जे में आ गया.

1 जून 1858 को रानी लक्ष्मीबाई ने मराठा विद्रोहियों के साथ मिलकर इस किले पर कब्जा किया. लेकिन इस जीत के जश्न में व्यस्त विद्रोहियों पर 16 जून को जनरल ह्यूज के नेतृत्व वाली ब्रिटिश सेना ने हमला कर दिया. रानी लक्ष्मीबाई खूब लड़ीं और अंग्रेजों को किले पर कब्जा नहीं करने दिया. लेकिन इस दौरान उन्हें गोली लग गई और अगले दिन (17 जून को) ही उनकी मृत्यु हो गई. भारतीय इतिहास में यह ग्वालियर की लड़ाई के नाम से वर्णित है. लक्ष्मीबाई की मृत्यु के बाद अंग्रेजों ने अगले तीन दिन में ही किले पर कब्जा कर लिया.

**किले के मुख्य आकर्षण**

किला और इसकी चारदीवारी का बहुत अच्छे तरीके से देखभाल किया जा रहा है. इसमें कई ऐतिहासिक स्मारक, बुद्ध और जैन मंदिर, महल (गुजारी महल, मानसिंह महल, जहांगीर महल, करण महल, शाहजहां महल) मौजूद हैं.

किला मुख्यतः दो भाग में बंटा है. मुख्य किला और महल (गुजारी महल और मान मंदिर महल). इन किलों का निर्माण राजा मान सिंह ने करवाया था. गुजारी महल का निर्माण उन्होंने अपनी प्रिय रानी मृगनयनी के लिए करवाया था. अब गुजारी महल को पुरातात्विक संग्रहालय में तब्दील कर दिया गया है. इस संग्रहालय में दुर्लभ मूर्तियां रखी गई हैं जो पहली ईस्वी की हैं. ये मूर्तियां यहीं के आसपास के इलाकों से प्राप्त हुई हैं.

इसके अलावा आप यहां तेली का मंदिर, 10वीं सदी में बना सहस्त्रबाहु मंदिर, भीम सिंह की छतरी और सिंधिया स्कूल देख सकते हैं. ◆◆◆



**नेहा राजपूत**
क्षे.का., ग्वालियर

## हेल्थ टिप्स

# प्रकृति की संजीवनी बूटी 'गेहूं'



गेहूं पूरी दुनिया में नियमित आहार के रूप में काम में लिए जाने वाले प्रमुख अनाजों में से एक है. यह न केवल शरीर को पोषण देता है बल्कि ये अनेक बीमारियों की अकेली दवा भी है. प्रकृति प्रदत्त उपहारों में से एक है गेहूं, जिसका आटा, अंकुरित बीज और ज्वारें इन तीनों रूपों में इस्तेमाल किया जाता है. गेहूं का नियमित रूप से सेवन आपके दिल को स्वस्थ और मजबूत बनाता है. गेहूं के ज्वारों में 13 प्रकार के विटामिन्स और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं. इनमें शुद्ध रक्त बनाने की शक्ति होती है, अतः इसे 'ग्रीन ब्लड' भी कहा जाता है. आईए, जान लेते हैं गेहूं के लाभकारी तत्वों को!

खुजली से निजात पाने के लिये गेहूं के आटे में थोड़ा पानी मिलाकर लेप बनाकर उसे खुजली वाली जगह पर लगाकर 2-3 घंटे के लिये छोड़ देना चाहिये और फिर धो लेना चाहिये. रोज़ाना ऐसा करने से कुछ ही दिनों में खुजली और चमड़ी की जलन ठीक हो जाती है.

100 ग्राम गेहूं, 200 मि.ली. पानी में रातभर भिगो दीजिये. सुबह इस पानी को छान कर फिर इसमें 1 चम्मच शहद अच्छी तरह मिला लीजिये. लगभग एक महीने तक रोज़ाना सुबह खाली पेट इस पानी को पीना चाहिये. इससे रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ती है.

बालों की डैंड्रफ के लिये गेहूं के ज्वारों का रस (wheat grass juice) को बालों में लगाकर करीब 10 मिनट के लिये छोड़ पानी से सिर धो लेना चाहिये.ऐसा कुछ दिनों तक करते रहने से डैंड्रफ ख़त्म हो जाता है.

50 ग्राम गेहूं और 50 ग्राम काला चना, 200 मिली पानी में रातभर भिगों कर सुबह उबाल लीजिये. फिर इस पानी को छान कर ठंडा होने दीजिये. इसे रोज़ाना दिन में एक बार पीने से 1 से 2 महीनों में गुर्दे की पथरी में बहुत फायदा मिलता है.

20 ग्राम गेहूं के दानों में नमक मिलाकर 250 ग्राम जल के साथ उबाल लें और एक तिहाई मात्रा में रहने पर थोड़ा गरम-गरम पी लें. ऐसा लगभग एक सप्ताह करने से खांसी ठीक हो जायेगी.

गेहूं की घास में चीनी व बादाम गिरी का कल्क मिलाकर सेवन करने से मस्तिष्क (दिमाग) की कमजोरी, नपुंसकता तथा छाती में होने वाली पीड़ा शांत हो जाती है.

लगभग 70 ग्राम गेहूं रातभर पानी में भिगोयें और प्रातः उसे पीस लें. स्वाद के लिये थोड़ी-सी मिश्री मिलाकर पिंये. ऐसा करने से शरीर में उत्पन्न दाहकता (गर्मी) शांत हो जाती है. मूत्राशय सम्बन्धी अनेक रोगों से भी मुक्ति मिल जाती है.


थोड़े से गेहूं तवे पर भूनकर पीस लें और शहद मिलाकर कुछ दिनों तक चाटने से अस्थि भंग दूर हो जाता है.

बद या किसी फोड़े के पकाने के लिये गेहूं के आटे की पुल्टिस 7-8 बार बांध देनी चाहिये. इससे फोड़ा पककर बह जायेगा.

गेहूं को हम चाह कर भी नजरअंदाज नहीं कर सकते. इसके गुण जानकर इसका उपयोग करना तो सोने पे सुहागा ही है! u u u




**सुप्रिया नाडकर्णी**
यूनियन धारा,
कें.का.

## चरक का कोना

# गुणकारी दूब घास

'दूर्वा' यानि 'दूब' जिसे 'बरमूडा घास' के नाम से भी जाना जाता है. भारत में इसे पवित्र माना जाता है. ऐसी मान्यता है कि दूब घास 'अमृत' की उत्पत्ति हैं. वर्ष भर पाई जाने वाली दूब घास पशुओं के लिए ही नहीं बल्कि मनुष्यों के लिए भी पूर्ण पौष्टिक आहार है. अनेक औषधीय गुणों की मौजूदगी के कारण आयुर्वेद में इसे 'महाऔषधि' कहा गया है. दूब की जड़ें, तना, पत्तियां सभी का चिकित्सा के क्षेत्र में विशिष्ट महत्व है. दुर्वा घास कैल्शियम, फास्फोरस, फाइबर, पोटेशियम और प्रोटीन से समृद्ध है, जो स्वास्थ्य लाभों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं. यह रक्त स्तम्भन, मूत्रवर्द्धक है तथा एण्टीसैप्टिक है. इसके तीन प्रकार हैं : **हरी दूब** : यह दस्त, वमन (उल्टी), बुखार और रक्त (खून) के विभिन्न रोगों को शान्त करती है. **नीली दूब :** नीली दूब वात, पित्त, बुखार, भ्रम, शंका, प्यास को मिटाती है और लोहे को गलाती है. **सफेद दूब :** सफेद दूब रुचि को बढ़ाती है. यह कड़वी, शीतल, कसैली और मधुर होती है तथा कफ-पित्त, जलन और खांसी को नष्ट करती है.

* दूब घास का नियमित सेवन हमारे रक्त में कोलेस्ट्रॉल घटाने के साथ-साथ दिल के क्रियाकलापों में भी सुधार करती है.

* दूब घास एक प्राकृतिक डिटॉक्सिफायर के रूप में काम शरीर से विषाक्त पदार्थों को नष्ट करने और अम्लता को कम करने में मदद करता है. इससे पाचन में सुधार और आँतों के कार्यों और कब्ज का इलाज के साथ पेट की बीमारियों का खतरा कम हो सकता है. दूब का रस और 1 चम्मच शहद मिलाकर पीने से हिचकी का आना बंद होता है.

* दूब की ग्लाइसेमिक क्षमता शुगर के मरीजों पर हाइपोग्लिसिमिक प्रभाव छोड़ता है.

* नियमित रूप से इस घास का सेवन न केवल तनाव से राहत देता है, बल्कि नर्वसनेस भी ठीक करता है, यह अनिद्रा और सामान्य थकान का इलाज करता है.

* दूब घास एक प्राकृतिक रक्त शोधक के रूप में कार्य करती है और रक्त की क्षारीयता को बनाए रखने में भी मदद करती है. इससे लाल रक्त कोशिकाओं के उत्पादन में वृद्धि होती है जिससे शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है. अतः दूब के रस को 'हरा रक्त' भी कहा जाता है.

* दूब घास शरीर में प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करती हैं. इसमें मौजूद एंटीवायरल और एंटीमाइक्रोबिल गुणों के कारण यह शरीर की किसी भी बीमारी से लड़ने की क्षमता को बढ़ाती है. साथ ही पौष्टिकता से भरपूर होने के कारण यह शरीर को एक्टिव और एनर्जीयुक्त बनाये रखने में बहुत मदद करती है. यह अनिद्रा, थकान, तनाव जैसे रोगों में भी प्रभावकारी है.

* दुर्वा घास स्वस्थ पोषक तत्वों के साथ पाए जाने वाले फ्लेवोनोइड एंटी अल्सर गतिविधि को अंजाम देती है. यह घास न केवल मसूड़ों के रक्तस्राव के उपचार में मदद करती है बल्कि सांसों की बदबू का भी मुकाबला करती है.

* मूत्र पथ के संक्रमण के उपचार में दुर्वा घास प्रभावी पाई गई है. बवासीर से पीड़ित महिलाओं के लिए यह घास दही के साथ लेने से अच्छे परिणाम देती है. पानी में दूब घास को पीसकर एक अच्छे कपड़े के माध्यम से घोल को छान लें और इसमें चीनी मिलाकर रोगी को दें. यह ल्यूकोरिया में फायदेमंद है. u u u




**अनीता भोबे**
यूनियन धारा, कें.का.

# आपकी पाती

## Opinion Gallery




आपके बैंक की गृहपत्रिका 'यूनियन धारा' का जून 2018 अंक प्राप्त हुआ. पत्रिका में प्रकाशित समस्त रचनाओं के रचनाकारों ने एक सशक्त रचनात्मक कौशल का परिचय दिया है. 'यूनियन धारा' का संपादकीय कौशल, फोटोग्राफ का विषय के साथ समन्वय तथा विषय चयन किसी भी पत्रिका के संपादक के लिए अनुकरणीय है.

**डॉ. राजनारायण अवस्थी**
संपादक, ईसीआईएल

"Greetings to the Editor. When I visited our MSM branch recently, I found Union Dhara issue of April-June 18 Which dealt with NPA management. The articles are all on specialized subjects and very useful for all dealing with Banks. As usual, Union Dhara is pleasant to read with good colour combinations and wealth of information. Keep it up."

**KVS Shyamsunder**
Partner, SGCO & LLP (Chartered Accountants

**प्रतियोगिता क्र. 147**

## राजभाषा हिंदी पर कविता लिखें...

हमारी गृहपत्रिका का सितंबर 2018 अंक 'राजभाषा हिंदी' पर कविता प्रतियोगिता की घोषणा करता है.

सभी जानते हैं कि हमारे भारत देश में सांस्कृतिक और भाषिक विविधता का अनोखा संगम दिखाई देता है. आज पूरे देश में हिन्दी ही एक ऐसी भाषा है जो पूरे देश को जोड़ने का काम कर रही है. तमाम बाधाओं को पार कर हिन्दी का परचम फिर से लहराने लगा है. यह नवीनता को सहज ही स्वीकार लेती है. बदलाव के इस लचीलेपन ने हिन्दी को न केवल सहज स्वीकृति दी बल्कि समय की मांग का मूल मंत्र बना दिया है. टाइपराइटर से लेकर स्मार्टफोन के की-पैड तक हिन्दी इस देश की प्रगति और विकास के हर कदम की साक्ष्यी है. हिन्दी की 'जन-जन की भाषा' से 'राजभाषा' तक की इस यात्रा के बारे में हम आप सभी के विचार काव्यात्मक रूप में जानना चाहेंगे. आपके कुछ अलग अंदाज को बयां करती हुई आपकी कविताओं को प्राप्त कर हमें खुशी होगी. कृपया, नोट करें कि आपकी कविताएं 20 पंक्तियों से बड़ी न हों. कृपया, इन कविताओं को 'संपादक, यूनियन धारा, 11वीं मंजिल, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई' को प्रेषित करें या इनकी सॉफ्ट कापी uniondhara@unionbankofindia.com पर मेल कर दें. जल्दी करें, प्रविष्टियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि है 30 दिसंबर, 2018!

**-संपादक**

**Contest No. 147**

## Compose A Poem on 'Rajbhasha Hindi'

September 2018 issue of our House Magazine is carrying a Poetry Contest on 'Rajbhasha Hindi'.


All of us know that there is a unique confluence of cultural and linguistic diversity in our country, India. Today, Hindi is the only language in the country that is connecting the whole country. Crossing all the barriers, Hindi is heading forward in leaps and bounds. It easily accepts innovations. This flexibility to change has not only given Hindi the ingenious approval but also made it the mantra of the demand of time. From typewriters to the key-pads of the smart phones, Hindi is witness to every step of progress and development of this country. We would like to know your thoughts in poetical form about this journey of Hindi from 'a layman's language' to 'the official language'. Please note that your poems should not exceed the limit of 20 lines. We shall be happy to receive your poetic masterpieces (a soft copy or a hard print) at 'The Editor, Union Dhara, 11th floor, Central Office, Mumbai' or by e-mailing your entry to 'uniondhara@unionbankofindia.com' immediately. Hurry up, the last date is 30th December, 2018!

**-Editor**

Union Dhara, R.N.27989/76

हम सदियों से खोजते रहे और हमें पता ही नहीं चला,
लेकिन यहाँ पत्थरों से महकता रहा तन मन का मिलन
मूर्तियों से छलकता रहा कला औ' प्रणय का निवेदन
यहां उपजी कला के तौर तरीकों को विश्व ने अपनाया
शिव एवं शक्ति का यह मिलन हमारी थाती बन गया।।

**डॉ सुलभा कोरे**
केंद्रीय कार्यालय, मुंबई



**छायाचित्र: अर्पण विश्वकर्मा**
छतरपुर शाखा, ग्वालियर

Printed and Published by Dr. Sulabha Shrikant Kore, on behalf of Union Bank of India and Printed at Jayant Printery LLP, 352/354, Murlidhar Temple Compund, Near Thakurdwar Post Office, J.S.S. Road, Mumbai - 400 002 and Published at Union Bank of India, 239, Union Bank Bhavan, Vidhan Bhavan Marg, Nariman Point, Mumbai - 400 021. Editor - Dr. Sulabha Kore.